सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-179 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 08 दिसम्बर 2023
22 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



2024 के लिए पीएम मोदी ने भाजपा सांसदों को दी नसीहत

# मोदी जी बुलाकर जनता से न करें दूर

- चुनावी जीत का श्रेय पीएम ने टीम वर्क को दिया
- मुझे लोगों से दूर ना करें, मोदी जी नहीं सिर्फ मोदी कहे



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की बंपर जीत को लेकर आज पार्टी के सांसदों ने पीएम मोदी का स्वागत किया।

भाजपा के संसदीय दल की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल समेत भाजपा के केंद्रीय मंत्री और सांसद पहुंचे। इस दौरान जब पीएम मोदी बैठक के लिए पहुंचे तो सांसदों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान सांसदों ने मोदीजी का स्वागत है के नारे भी लगाए।भाजपा के संसदीय दल की बैठक के दौरान पीएम मोदी ने तीन राज्यों की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि यह पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा था कि भाजपा को विजयी मिली। पीएम ने कहा कि सभी सांसदों को 22 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलने वाली विकास भारत संकल्प यात्रा में हिस्सा लेना है। तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर मोदी ने कहा कि यह जीत किसी की निजी जीत नहीं, बल्कि संगठन की जीत है। पीएम ने कहा कि मुझे मोदीजी बुलाकर जनता से दूर न किया जाए। मैं मोदी हूं। उन्होंने कहा कि आइए एक और विश्लेषण देखें। कांग्रेस लगातार दो बार सरकार में थी और फिर चुनाव में जाने का मौका आया, कांग्रेस को यह मौका केवल 7 बार मिला, जिसमें वे सिर्फ एक बार तीसरे कार्यकाल के लिए चुने गए। भाजपा लगातार दो बार सरकार में रही और फिर भाजपा को 17 बार चुनाव में जाने का मौका मिला और भाजपा 10 बार जीती। हमने गुजरात जैसे राज्य में सात बार जीत हासिल की है।

### राज्य स्तर पर कमजोर होने के दावे गलत

प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव नतीजे बेहतरीन रहे और मिजोरम में भी हमारी ताकत दोगुनी हो गई। तेलंगाना में हमारी ताकत कई गुना बढ़ गई है। अफवाह फैलाई जा रही है कि भाजपा केंद्र में अच्छी है, लेकिन राज्यों में उसके पास कुछ नहीं है। राज्य स्तर पर कमजोर होने के दावे गलत हैं।

# चेन्नई बेसिन परियोजना को केंद्र ने दी मंजूरी

- बाढ़ प्रबंधन को लेकर भारत की है पहली परियोजना



**चेन्नई।** चेन्नई को बाढ़ प्रतिरोधी बनाने में मदद करने के लिए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण निधि (एनडीएमएफ) के तहत चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियों के लिए 561.29 करोड़ रुपये की पहली शहरी बाढ़ शमन परियोजना को मंजूरी दे दी।

चेन्नई, एक बार फिर बाढ़ के विनाशकारी प्रभावों से जूझ रहा है, जो एक दशक से भी कम समय में महानगर को घेरने वाली तीसरी ऐसी आपदा है। चरम मौसम की घटनाओं के साथ शहर के संघर्ष ने भारत के शहरी परिदृश्य में अत्यधिक वर्षा के कारण अचानक और गंभीर बाढ़ की बढ़ती संवेदनशीलता को प्रकाश में लाया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह शहरी बाढ़ शमन प्रयासों की श्रृंखला में पहला है और शहरी बाढ़ प्रबंधन के लिए एक व्यापक ढांचा विकसित करने में मदद करेगा। शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा कि चेन्नई भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है, पिछले आठ वर्षों में यह तीसरी बाढ़ है। हम महानगरीय शहरों में अत्यधिक वर्षा होने के कारण अचानक बाढ़ आने के अधिक उदाहरण देख रहे हैं। एक सक्रिय दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण निधि के तहत चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियों के लिए 561.29 करोड़ रुपये की पहली शहरी बाढ़ शमन परियोजना को मंजूरी दे दी है।



## पीएम मोदी से मिले सीएम योगी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार दोपहर दिल्ली पहुंचे। यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार के कयासों के बीच योगी आदित्यनाथ की इस दिल्ली यात्रा को अहम माना जा रहा है। सीएम योगी ने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस दौरान मंत्रिमंडल विस्तार समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सीएम योगी ने उन्हें अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण पत्र भी सौंपा। सीएम योगी ने बुधवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से जब मुलाकात की थी, तो उसी के बाद कैबिनेट विस्तार की खबरों ने जोर पकड़ा था। मंत्रिमंडल में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख ओपी राजभर का नाम तो तय माना जा रहा है। इसके अलावा घोसी विधानसभा सीट से उपचुनाव हारे दारा सिंह चौहान पर भी मुहर लग सकती है।

# तेलंगाना के नए सीएम बने रेवंत रेड्डी

## ताजपोशीः तेलंगाना में कांग्रेस की छह गारंटी पर रेड्डी की मुहर

- महिलाओं-किसानों को कैश मदद
- 200 यूनिट फ्री बिजली
- बेघरों को जमीन देगी सरकार



> तेलंगाना में कांग्रेस की जीत के बाद 5 दिसंबर को दिल्ली में पार्टी नेताओं की बैठक हुई थी। इसमें राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित कई सीनियर नेता मौजूद थे। बैठक में राहुल गांधी ने रेवंत रेड्डी के नाम पर मुहर लगाई थी। रेवंत तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं।

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने 7 दिसंबर को तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भट्टी विक्रमार्क डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। उनके साथ 11 मंत्रियों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम एलबी स्टेडियम में हुआ। इसमें सोनिया गांधी, राहुल, प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। रेवंत ने शपथ लेने के तुरंत बाद दो फाइलों पर दस्तखत किए। पहली फाइल चुनाव से पहले कांग्रेस की तरफ से दी गई 6 गारंटियों की थी। दूसरी फाइल में एक दिव्यांग महिला को नौकरी देने का वादा किया गया। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय प्रगति भवन के बाहर लगी फेंस को हटवा दिया, जिसकी वजह से कई साल से लोगों को ट्रैफिक जाम की परेशानी हो रही थी। तेलंगाना का गठन 2014 में हुआ था। तब से लेकर 2023 तक दो बार भारत राष्ट्र समिति के के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) मुख्यमंत्री रहे। इस साल हुए विधानसभा चुनाव में केसीआर को हार मिली और रेवंत रेड्डी के रूप में राज्य को दूसरा (कार्यकाल के हिसाब से तीसरा) सीएम मिला। **तेलंगाना की जनता को कांग्रेस की 6 गारंटी-** महालक्ष्मी स्कीम- महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए और 500 रुपए में गैस सिलेंडर। साथ ही राज्य परिवहन टीएसआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा की घोषणा। राज्य के सभी किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता और कृषि मजदूरों को 12 हजार रुपए देने का वादा। ज्योति योजना के तहत हर परिवार को 200 यूनिट बिजली फ्री। इंदिरम्मा इंदलु स्कीम- उन परिवारों को घर के लिए जमीन और 5 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देंगे, जिनके पास खुद का घर नहीं है। युवा विकासम योजना- छात्रों को 5 लाख की सहायता, इसका उपयोग वे कॉलेज की फीस जमा करने में कर सकेंगे। चेयुथा स्कीम- बुजुर्गों और कमजोर वर्ग के लोगों को 4 हजार रुपए की पेंशन दी जाएगी।

# एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही

- अगले तीन दिन सांसों पर संकट बरकरार



**नोएडा।** राजधानी में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने से एक बार फिर आबोहवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंची गई है। अधिकतर इलाकों में हवा का स्तर बेहद खराब है।

गुरुवार को एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 320 दर्ज किया गया जो बेहद खराब श्रेणी है। बुधवार के मुकाबले 34 सूचकांक अधिक दर्ज किया गया। सीपीसीबी के अनुसार, फरीदाबाद में 285, गाजियाबाद में 284, नोएडा में 279, ग्रेटर नोएडा में 288 व गुरुग्राम में 235 एक्यूआई दर्ज किया गया। गुरुवार को सुबह से ही धुंध के साथ कोहरा देखने को मिला। पूरे दिन धूप अच्छी तरह नहीं खिली। 24 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। नौ इलाकों में हवा खराब श्रेणी में रही। हवा समग्र रूप से बेहद खराब श्रेणी में बनी रही। कमोबेश यही स्थिति रविवार तक बने रहने का अनुमान है। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक गुरुवार को हवा दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पश्चिम से दिशा की ओर से चली। शुक्रवार को सुबह के समय धुंध व कोहरा छाने की आशंका है। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, दिल्ली में गुरुवार को 24 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई।

### भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने मांगी माफी

**नई दिल्ली।** अमरोहा सांसद दानिश अली पर विवादित टिप्पणी के मामले में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने माफी मांगी है। गुरुवार को लोकसभा विशेषाधिकार समिति की बैठक में सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा के दानिश अली के खिलाफ अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए खेद व्यक्त किया है। इस दौरान समिति के सामने दानिश अली भी मौजूद रहे। घटना को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। संसद में कार्यवाही के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी चंद्रयान-3 मिशन और इसरो की सफलता पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की सरकार की तारीफ की थी। जिस पर बसपा सांसद कुंवर दानिश अली ने रमेश बिधूड़ी के संबोधन के बीच उठकर कुछ सवाल उठाए थे। इसके बाद भाजपा सांसद ने अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हुए इस पर अपनी नाराजगी जताई थी। घटना के दूसरे दिन सांसद दानिश अली ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि उनके खिलाफ सदन में जैसी आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई, उससे वह बेहद आहत हैं।

विपक्ष के आरोपों पर संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा

# भारत तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था

- पिछले पांच साल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से आए बाहर
- बीते 9 साल में 16.9 करोड़ एलपीजी कनेक्शन बढ़े



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और इसने सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

विपक्ष के आरोपों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा देश की अर्थव्यवस्था पर चर्चा कराने से सरकार कभी नहीं हिचकती। दरअसल, वित्त मंत्री 'देश में आर्थिक स्थिति' पर राज्यसभा में हुए अल्पकालिक चर्चा का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि जुलाई-सितंबर में जीडीपी की दर उच्च थी हमने सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था की गति लगातार कायम रखी है। सीतारमण ने कहा कि सभी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधि अच्छी रही है; सभी क्षेत्र उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना जैसे विभिन्न उपायों की वजह से विनिर्माण क्षेत्र अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत पिछले आठ वर्षों में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और विकास सभी क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है और केवल एक तक सीमित नहीं है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान, भारत की जीडीपी में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि दुनिया की तीसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में इस अवधि के दौरान संकुचन हुआ। वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि मेक इन इंडिया कायक्रम और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसे सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों के कारण विनिर्माण क्षेत्र ने भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मंत्री ने भारत को दुनिया में दूसरा सबसे अधिक मांग वाला विनिर्माण गंतव्य बताया। करों के संबंध में, उन्होंने कहा, इस साल 9 नवंबर तक प्रत्यक्ष कर संग्रह में 21.82 प्रतिशत की वृद्धि हुई और आर्थिक विकास के संकेत में मासिक जीएसटी संग्रह 1.6 लाख करोड़ रुपये पर स्थिर हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में लगभग 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं।

# कतर में मौत की सजा पाए नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों से मिले भारतीय राजदूत

- पन्नू की धमकी के मामले में दिया जवाब
- पाकिस्तान में आतंकियों की हत्या पर नहीं बोले बागची



> पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा आतंकवादियों के मारे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। कहा कि मैं पाकिस्तान में हो रहे घटनाक्रम पर टिप्पणी नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग भारत में आपराधिक और आतंकवादी गतिविधियों के लिए न्याय का सामना करना चाहते हैं।

**नई दिल्ली।** कतर में नेवी के आठ पूर्व अधिकारियों को मौत की सजा के मामले में भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में हमने हमने उनके परिवारों की ओर से एक अपील दायर की थी। इसके अलावा, बंदियों की भी एक अपील है। तबसे इसमें दो सुनवाई हो चुकी हैं। हम मामले पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और सभी कानूनी और कांसुलर सहायता प्रदान की जा रही है। इस बीच, हमारे राजदूत ने तीन दिसंबर को जेल में उन सभी 8 लोगों से मिले थे। यह एक संवेदनशील मुद्दा है। इस मामले में हम जो कुछ भी हम कर सकते हैं, हम करेंगे। साथ ही, सिख फॉर जस्टिस प्रमुख पन्नू की संसद पर हमला करने की धमकी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हम इन धमकियों को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं उन चरमपंथियों की खोज के लिए बहुत अधिक विश्वसनीयता नहीं बढ़ाना चाहता, इससे धमकी देने वालों को बहुत कवरेज मिलती है। हमने अमेरिका और कनाडाई अधिकारियों के सामने इस मामले को रखा है। आतंकवादियों की प्रवृत्ति होती है कि वे किसी मुद्दे पर मीडिया कवरेज चाहते हैं। एयर इंडिया को धमकी पर उन्होंने कहा कि हम ऐसी किसी भी धमकी की निंदा करते हैं।

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की तारीखों का एलान

- 100 केंद्रों की जारी हो चुकी अंतिम सूची
- 70793 परीक्षार्थी होंगे शामिल
- 22 फरवरी को पहला पेपर



**लखनऊ।** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं कराने के लिए यूपी बोर्ड ने तिथियां घोषित कर दी है। बोर्ड परीक्षाएं 22 फरवरी से नौ मार्च तक कराई जाएंगी। इस बार 70793 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे।

बोर्ड की ओर से अभी तक 100 परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी की गई है। नवंबर के आखिरी सप्ताह में बोर्ड परीक्षा कराने के लिए 100 केंद्रों की अनंतिम सूची जारी की गई थी। इन सेंटरों पर आपत्तियां मांगने के साथ ही उनके निस्तारण की प्रक्रिया चल रही थी।

डीएम ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों के परीक्षा केंद्रों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। घोषित स्कीम में प्रथम पाली की परीक्षाएं सुबह 8.30 से 11.45 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षाएं दोपहर दो से शाम 5.15 बजे तक होंगी। 22 फरवरी को प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी और दूसरी पाली में वाणिज्य विषय की परीक्षा होगी। वहीं इंटर के सैन्य विज्ञान की परीक्षा प्रथम पाली और हिंदी की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। नौ मार्च को परीक्षाएं समाप्त होंगी। ओमकार राणा, डीआइओएस ने कहा कि बोर्ड की ओर से परीक्षा की तिथियां घोषित की गई हैं। 22 फरवरी से नौ मार्च तक परीक्षाएं कराई जाएंगी।

### अग्नि-1 मिसाइल का हुआ सफल ट्रेनिंग लॉन्च

**भुवनेश्वर।** मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का ट्रेनिंग लॉन्च गुरुवार को सफलतापूर्वक किया गया। रक्षा मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का प्रशिक्षण प्रक्षेपण सफलता से किया गया। मंत्रालय ने यह भी बताया कि सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किए गए इस ट्रेनिंग लॉन्च ने सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया। बता दें अग्नि 1 मिसाइल की मारक क्षमता 700 किलोमीटर तक की है। इस मिसाइल का भार 12 टन है और यह 1,000 किलो के परमाणु हथियार को अपने साथ ले जा सकती है। अग्नि 1 मिसाइल को उन्नत सिस्टम प्रयोगशाला ने रक्षा अनुसंधान विकास प्रयोगशाला और रिसर्च सेंटर इमरात के साथ मिलकर विकसित किया है। मिसाइल को हैदराबाद स्थित भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने पूरा किया है।

**याचिका** पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने दिए निर्देश

# बांग्लादेशी अप्रवासियों को नागरिकता देने का डेटा उपलब्ध कराए केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** असम में भारतीय नागरिकता पाने वाले बांग्लादेशी अप्रवासियों के बारे में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से डेटा उपलब्ध कराने को कहा है।



गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र सरकार को यह निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने यह निर्देश असम में अवैध अप्रवासियों से संबंधित नागरिकता अधिनियम की धारा 6 ए की संवैधानिक वैधता की जांच करने के लिए 17 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। शीर्ष कोर्ट की संविधान पीठ ने इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि केंद्र सरकार एक जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 के बीच असम में भारतीय नागरिकता पाने वाले बांग्लादेशी अप्रवासियों की संख्या का डेटा उपलब्ध कराये। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार से डेटा प्रदान करने को कहा है। बता दें संविधान पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज की

सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर द्वारा लगाए गए इंटरनेट शटडाउन पर उसके द्वारा जारी 2020 दिशानिर्देशों को लागू करने की मांग करने वाली एक अर्जी गुरुवार को खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के पास दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए अन्य उपाय उपलब्ध हैं। बता दें कि 10 जनवरी, 2020 को शीर्ष अदालत ने कहा था कि बोलने की स्वतंत्रता और इंटरनेट पर व्यापार करने की स्वतंत्रता संविधान के तहत संरक्षित है, क्योंकि इसने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को प्रतिबंध आदेशों की तुरंत समीक्षा करने का निर्देश दिया था।

**11** दिसंबर तक हलफनामा दाखिल करें केंद्र

## बाइकों की टक्कर से एक अधेड़ की मौत, तीन लोग गंभीर घायल

**लखीमपुर खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र में गोला मोहम्मदी रोड पर कंजा के पास बाइकों की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई, जबकि उसके साथी सहित तीन लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी लाया गया।बुधवार की देर शाम हैदराबाद थाना क्षेत्र में स्टेट हाईवे गोला शाहजहांपुर रोड पर गांव कंजा के पास गांव मूडा भाई निवासी रामकुमार (55) पुत्र चंद्रिका प्रसाद अपने 45 वर्षीय साथी के साथ बाइक से मुक्ता प्रसाद के साथ घर जा रहे थे। तभी सामने से बाइक आ गई। बाइक पर थाना क्षेत्र के ही गांव रोशननगर निवासी सुलेमान (28) अपनी मौसी नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद निवासी परमिदा बेगम (42) को लेकर आ रहे थे। जहां दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। सभी घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने रामकुमार को मृत घोषित कर दिया। घायल मुक्ता प्रसाद, सुलेमान और परमिदा की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल लेकर कर दिया गया। मृतक की पत्नी रेनू देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक रामकुमार मुक्ता प्रसाद के साथ रिश्तेदारी में मदनिया गांव गए थे। जहां से वापस आ रहे थे।

# खीरी में मनाया गया सशस्त्र सेना झंडा दिवस



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से भेंटकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस का प्रतीक ध्वज लगाया एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस दौरान उन्होंने इस स्मारिका का विमोचन भी किया। डीएम ने सैनिक कल्याण के लिए सहयोग राशि भी प्रदान की। इसके बाद डीएम ने कलेक्ट्रेट स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय स्थित शहीद स्मारक में देश की सुरक्षा की खातिर शहीद हुए कारगिल शहीदों को पुष्पचक्र चढ़ाकर नमन किया गया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने भारतीय सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर वीर जवानों और उनके परिजनों को हृदय से प्रणाम करते हुए कहा कि देश-देशवासियों की रक्षा के लिए अपने प्राणों को उत्सर्ग करने वाले वीरों के परिवारों के कल्याण के लिए सहयोग करने का यह दिन है। मां भारती के गौरव एवं सम्मान की रक्षा करते हुए प्राणोत्सर्ग करने वाले शहीदों के आश्रितों एवं परिजनों तथा दिव्यांग सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के कल्याण के इस पुनीत कार्य में हम सभी योगदान दें। देश के वीर जवानों और उनके परिजनों को प्रणाम करता हूं।जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने बताया कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के कारण कर्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं।

इन सैनिकों को स्मरण करने, सम्मान देने तथा देश के नागरिकों द्वारा सैनिकों के प्रति सम्मान भाव प्रकट करने के लिए प्रतिवर्ष 07 दिसंबर सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है।उन्होंने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर मोटर वाहनों में लगने वाले कार ध्वज तथा प्रतीक ध्वज वितरित किए जाते हैं। वितरण द्वारा संग्रहित राशि से शहीद सैनिकों के आश्रित परिजनों, दिव्यांग सैनिकों, पूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण व पुनर्वास से संबंधित आर्थिक सहायता योजनाएं संचालित की जाती हैं।

## जिला कारागार के कैदियों की होगी जाचें

**लखीमपुर खीरी।** जिला कारागार के कैदियों की टीबी, सिफीलिस, एचआईवी और हेपेटाइटिस की जांच होगी। इसके लिए अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान की शुरुआत बुधवार से हुई। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने इसका उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ जेल अधीक्षक और जेलर भी मौजूद रहे। एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देश पर जेल में बंद सभी कैदियों की अब सिफीलिस, एचआईवी और हेपेटाइटिस की जांच की जाएगी। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की एक टीम बनाकर सभी कैदियो की जांचकराई जाएगी। इस अभियान को बुधवार से एक कार्यक्रम के माध्यम से शुरू कराया गया। जिला जेल में बंद इन सभी बंदियों की जांच स्वास्थ्य टीम करेगी। जांच की रिपोर्ट उच्चअधिकारियों के साथ शासन को भेजी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएमओ अमित सिंह सहित जेल चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर शुभेच्छा अमरीश, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर दिशा, ओएसटी क्लीनिक के कर्मचारी काउंसलर एवं लैब टेक्नीशियन यूपी सैक काउंसलर एवं लैब टेक्नीशियन व टीबी क्लीनिक से डीपीसी सुपरवाइजर, लैब टेक्नीशियन मौजूद रहे।

## 1 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त वीर कुमार गुप्ता पुत्र परमानन्द गुप्ता नि0ग्राम वृन्दावन कालोनी थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी सम्बन्धित अपील नं0 114/2023 थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को न्यायालय भेजा जा रहा है।

## सिंगाही मेला देखकर लौट रहे लोगों से बाइक सवार बदमाशों ने की लूटपाट

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सिंगाही मेला देखकर लौट रहे लोगों से बाइक सवार बदमाशों ने दो जगह लूटपाट की। बेलरायां चौराहे और डांगा रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने इनमें से रिश्ते केदेवर-भाभी को ओवरटेक कर लूटपाट करते समय महिला ने विरोध करने पर तमंचे से फायरकर दहशत फैला दी और भाग निकले।सिंगाही थाने के तकियापुरवा निवासी नाजिम मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे अपनी बाइक से सिंगाही मेला देखने जा रहा था। बेलरायां चौराहे के आगे स्प्लेंडः बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक करके उसको रोक लिया। एक बदमाश ने तमंचा लगाकर उसकी जेब में रखे बारह सौ रुपए और मोबाइल छीनकर डांगा रोड की तरफ भाग निकले। वहीं तिकुनियां कोतवाली के डांगा गांव के कुलदीप यादव ने बताया कि वह पड़ोस में रहने वाली अपनी रिश्ते की भाभी सुनीता मौर्य को साथ लेकर सिंगाही में रामलीला मेला देखने गया था। देर शाम बाइक से घर वापस आते समय रात करीब आठ बजे डांगा रोड पर एसएसबी कैंप से कुछ दूरी पर धोबनियां पुल के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक करके उसकी बाइक के सामने अपनी बाइक रोक दी। बाइक से उतरे और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल, बाइक की चाबी, पैसे और दो थैले लूट लिए। सुनीता का बैग छीनने के दौरान सुनीता के विरोध करने पर एक बदमाश ने गोली चलाकर दहशत फैला दी।

## कहने के लिए होमगार्ड है लेकिन काम सिपाही से कम नही करते



**रायबरेली। (अवधनामा संवाददाता)** किला बाजार चौकी में एक बार फिर से होमगार्ड नवीन बाजपेई की वापसी के बाद से चौकी क्षेत्र के अपराधियो में दहशत का माहौल साफ दिखाई देने लगा है और इसका कारण ये है कि क्षेत्र की सबसे ज्यादा जानकारी नवीन बाजपेई को है जिसके कारण अपराधियो में दहशत का माहौल दिखाई दे रहा है और फिर से उनको यहां से दूसरी जगह ट्रांसफर कराने के लिए इधर उधर भागते दिखाई दे रहे है अब आपको बताते है कि नवीन बाजपेई क्षेत्र की जनता के सबसे चहेते होमगार्ड है उनका मिलनसार रवैया क्षेत्र की जनता को पसंद है लेकिन क्षेत्र के अपराधियों को ये बात पसंद नही आती क्योंकि किला बाजार क्षेत्र के चप्पे चप्पे से नवीन बाजपेई वाकिफ है कौन कहा मिलेगा या कौन अपराधी है या कौन घटना को अंजाम दे सकता है और अपने इसी काम की वजह से चौकी प्रभारी के साथ लग कर घटनाओं का खुलासा कराने में अहम भूमिका अदा करते है अब देखना है कि अपराधियों के लिए सर दर्द बने रहने वाले नवीन बाजपेई के आने के बाद क्या किला बाजार चौकी क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगेगी या नही ये आने वाला समय बतायेगा।

## दो युवक गंभीर रूप से घायल

**महराजगंज,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के चंदापुर रोड पर आज दिन में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की बाइक सामने से आ रहे टेंपो से टकरा गई। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। सीएचसी में दोनों युवकों का प्राथमिक उपचार कर उनकी हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है आपको बता दें कि, प्राप्त विवरण के मुताबिक डोमापुर गांव के रहने वाले धीरज कुमार साहू (22) अपने साथ गांव के ही आशू (23) को लेकर महराजगंज बाजार आ रहे थे, जबकि वसालत नगर के पास विपरीत दिशा से आ रहे टेंपो से जोरदार टक्कर हो गई। दोनों युवक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी पहुंचाया।

## खाद की मूल्य वृद्धि को वापिस लेने की मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** डीएपी खाद के दामों में की गई वृद्धि वापस लिये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। आज कांग्रेस जिलाध्यक्ष चौ.मुजफ्फर अली व महानगर अध्यक्ष वरूण शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचे और खाद के मूल्य मे वृद्धि को वापिस लिये जाने और सुचारू आपूर्ति करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष चौ.मुजफ्फर अली ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए बताया कि प्रदेश के किसानों को डी.ए.पी. खाद की कमी व सरकार द्वारा डी.ए.पी. के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी ने प्रदेश के गरीब किसानों की समस्याओं को बढ़ाने का काम किया है और आज किसान दिन प्रतिदिन खाद की कमी व कालाबाजारी के कारण दर-दर भटकने को मजबूर है और कालाबाजारी करने वाले दलालों के चंगुल में फंस रहा है। उन्होंने प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में डी.ए.पी. खाद की मूल्य दरों में की गई बढ़ोत्तरी को तुरंत वापस लेने के लिए सरकार को आदेशित किए जाने की मांग की।

# निराश्रित गोवंशों के विशेष संरक्षण के लिए गोशाला अनुश्रवण समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** निराश्रित गोवंशों को शत-प्रतिशत संरक्षित किये जाने हेतु जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने गोशाला अनुश्रवण समीक्षा समिति की बैठक बचत भवन में की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन गो आश्रय स्थलों के संबंध में जानकारी लेते हुए विद्युत, कृषि, नगरपालिका, पूर्ति, विकास, जल एवं मनरेगा विभागों को निर्देश दिया कि नई बनाई जा रही गो आश्रय स्थलों को शीघ्र बनवा लिया जाए। आश्रय स्थलों को बनाते समय चरहि, नाद, पानी, चारे, चिकित्सा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए। सभी आश्रय स्थलों पर वृक्षारोपड़ अवश्य कराया जाए। इन स्थलों पर चारागाह भी विकसित किया जाए। चारे की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित कराया जाए जिससे कि पशु भूखे ना रहे । सभी आश्रय स्थलों पर केअर टेकर नियुक्त किये जायें। साथ ही इन स्थलों पर कम्पोस्ट खाद बनाने के लिए भी प्रयास किये जायें। बृहद और कान्हा गोशालाओ पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मुख्य- मुख्य गोशालाओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। गोवंशों को ठंड से बचाने के पर्याप्त उपाय किये जायें। पशुओ को पौष्टिक आहार दिया जाए। चारे का पंद्रह दिन का स्टॉक हर गोशाला में रखा जाए।

बैठक में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव,जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार,जिला अर्थ एवं सांख्यकीय अधिकारी पन्नालाल के अतिरिक्त सभी खंड विकास अधिकारी और पशुचिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुए शामिल

**महराजगंज, रायबरेली।** उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने महराजगंज ब्लॉक के अटरा और घुरौना में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए।

उद्यान मंत्री ने उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति या समूह संबंधित विभाग से संपर्क करके इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं । इसके पश्चात उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों के बारे में जानकारी दी। उपस्थित लोगों ने इस अवसर पर पंच प्रण की शपथ भी ली। उद्यान मंत्री ने कहा कि सरकार प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश चंद्रा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, ग्राम प्रधान अटरा सुखनंदन ,ग्राम प्रधान घुरौना भारत लाल, ग्राम प्रधान सुल्तानपुर संतलाल लोधी सहित हजारों की तादाद में अन्य लोग मौजूद रहे।

## नगर निगम के सुधार कार्यों की सर्वत्र सराहना

# नगर आयुक्त ने द्वारा गौशाला व नंदीशाला का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** (अहमद रज़ा) गौशाला को आत्म निर्भर करने के



लिए गौ उत्पादों को और बेहतर तरीके से विकसित व उनका संवर्धन कर बड़े पैमाने पर उनका उत्पादन करने के लिए एक गौ उत्पाद ट्रैनिंग सेंटर नगर निगम द्वारा गौशाला परिसर में बनाया जायेगा। नगरायुक्त मैडम ग़ज़ल भारद्वाज ने गौशाला व नंदीशाला का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को ट्रेनिंग सेंटर बनाने हेतु तुरन्त इस मकसद को पूरा करने हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त मैडम ग़ज़ल भारद्वाज ने आज दोपहर निगम अधिकारियों के साथ गौशाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गौवंश को सर्दी से बचाव के लिए बदली जा रही तिरपाल का कार्य दो दिन में पूरा करने तथा गौशाला की साफ सफाई और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह को गौशाला व नंदीशाला का भव्य द्वार बनाने का आगणन प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने गौशाला की आय बढ़ाकर उसे आत्म निर्भर बनाने की दिशा में तेजी से काम करते हुए गौ उत्पादों की बिक्री पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि गौ उत्पादों को और अन्य डिजाइनों के साथ विकसित तथा उनकी गुणवत्ता में सुधार के लिए एक ट्रेनिंग सेंटर और एक हाल बनाया जाना चाहिए। उन्होंने इसके लिए भी मुख्य अभियंता निर्माण को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने मुख्य मार्ग से नंदीशाला तक बनायी गयी सड़क को ठीक कराने तथा नंदीशाला के विस्तार की आवश्यकता जताते हुए उस दिशा में भी कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने निगम द्वारा गोबर से पेंट बनाने वाली फैक्ट्री की प्रगति की जानकारी ली और फैक्ट्री के सामने की भूमि का सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव, एस के तिवारी, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा, अवर अभियंता निर्माण विपुल शर्मा आदि मौजूद रहे। नगरायुक्त ने कल ब्रहस्पतिवार को नगर निगम द्वारा गलीरा चौक पर आयोजित किये जा रहे 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की तैयारियां का भी जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डीएम मनीष कुमार वर्मा ने पुष्पमाला अर्पण कर दी श्रद्धांजलि

**गौतमबुद्धनगर।** भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट के सभागार में डीएम मनीष कुमार वर्मा ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर फूलमाला अर्पण करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव तथा कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी गण व कर्मचारियों ने भी डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर फूल माला अर्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाधिकारी ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें बाबा साहब के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए कि दृढ़ संकल्प से विपरीत परिस्थितियों में भी उच्च शिक्षा प्राप्त की जा सकती है।

## तीन राज्यों के चुनाव परिणाम से विपक्षी पार्टी की एकजुटता में दरार

*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** आज रीता देवल ने खुशी व्यक्त किया कि मोदी जी की कुशल नेतृत्व की वजह से बीजेपी की तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत से जीत हुई। आगे रीता देओल ने खुशी व्यक्त किया और कहा की विपक्षी पार्टी के नेता जो एकजुट हो कर पार्टी बना रहे थे वह अधर पर है आज तीन राज्यों के चुनाव परिणाम से विपक्षी दलों में खलबली मच गई हैं संयुक्त पार्टी बनाकर चुनाव लडने के बारे में पुनर विचार कर रहे हैं। जब इंडिया क्रिकेट मैच में हारी थी तो विपक्षी नेता ने टोल किए थे । उन्होने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम देश का गौरव है।राजनेता घटिया कमेंट करके अपनी बीमार मानसिकता का प्रदर्शन किया था। अभी टी 20में ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह से युवा टीम ने हराया। आज देश में खुशी का माहोल है। टी 20 क्रिकेट में वर्ल्ड कप की हार का बदला हमारी टीम ने आस्ट्रेलिया से ले लिया है । सभी विपक्षी दलों को मोदी पर टोल करना भारी पड़ रहा हैं। कुछ दिन



पहले विश्व कप हार जाने पर गम का माहौल था। लेकिन विपक्षी दल के नेता टोल मोदी पर करी। जबकि क्रिकेट विश्व चैंपियनशिप में भारत ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपना स्थान बनाया।लेकिन फाइनल में इंडिया औरऑस्ट्रेलिया के मैच में इंडिया टीम की हार हुई।जिसके कारण खिलाड़ियों और जनता में दुःख है। वही पर ऐसे समय में जब खिलाड़ियों की हिम्मत बढ़ानी थी तब कुछ राजनेताओं ने इसमें भी पॉलिटिक्स करते हुए भारतीय टीम की मेहनत पर सवाल उठाए। भारतीय टीम विश्व कप विजेता भले ही नही बन पाई लेकिन लोगो के दिल की विजेता आज भी है। खेल में हार जीत तो होती ही है।एक मैच हारने पर हम भारतीय टीम के पूरे मैच के बेहतर प्रदर्शन को नकार नहीं सकते। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को भी बहुत दुख है कि वो अंतिम चरण में हार गए।इस वक्त देश की जनता को उनका हौसला बढ़ाना चाहिए न की उन पर तंज कसने चाहिए।और ऐसे में जो राजनेता मोदी जी को निशाना बना कर जिस तरह से भारतीय टीम का हौसला तोड़ने का प्रयास कर रहे है वो बेहद शर्मनाक है।

जिस तरह इस वक्त देश के प्रधानमंत्री खिलाड़ियों के साथ खड़े होकर उन्हें हिम्मत दे रहे है।बाकी लोगो को इनसे सीखना चाहिए।वो इस वक्त ऐसी बाते करके सिर्फ भारतीय टीम का अपमान नही कर रहे बल्कि देश को जनता की भावनाओ को भी ठेस पहुंचा रहे है जिनकी भावनाएं भारतीय टीम के साथ है। क्रिकेट खेल है कभी हारते है कभी जीतते हैं।

## भारतीय सेना के शौर्य का इतिहास सबके लिए प्रेरणा: शीतल टण्डन

**सहारनपुर।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जिला इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों ने शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन किया और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल विवेक मिश्रा का तिरंगे वस्त्र से स्वागत किया। आज रोडवेज बस स्टैण्ड के समीप स्थित जिला सैनिक एवं पुनर्वास कार्यालय में व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन के नेतृत्व में व्यापार मण्डल के पदाधिकारी शहीद स्मारक पहुंचे और पुष्प अर्पित कर शहीदों को भावपूर्ण नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों से झण्डा दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक धनराशि देने की अपील की। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र सिंह तथा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के आहवान पर व्यापार मण्डल की सभी व्यापारिक इकाईयां इस झण्डा दिवस पर स्वेच्छा से यथासंभव सहयोग करेंगी। इस श्रृंखला में आज व्यापारी प्रतिनिधियों द्वारा विभाग से भेजे गये धन संग्रह गुल्लक को लेकर व्यापक जनसम्पर्क अभियान चलाया गया और बड़ी संख्या में व्यापारी प्रतिनिधियों ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर धनराशि देकर सहयोग किया और ये लगातार जारी रहेगा। श्री टण्डन ने कहा कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर एकत्रित धनराशि का उपयोग सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों के कल्याणार्थ किया जाता है। मुख्य संरक्षक मेजर एस.के.सूरी ने कहा कि हम सबका राष्ट्रीय कर्तव्य भी है कि हम राष्ट्रीय झण्डा दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक दान देकर इस दिवस को सफल बनायें। इस अवसर पर जिला सैनिक अधिकारी कर्नल विवेक मिश्रा द्वारा जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन, मेजर एस.के.सूरी, मुरली खन्ना, कर्नल संजय मिडढा, अशोक कुमार मक्कड़, संजीव सचदेवा, कृष्ण लाल मक्कड़, अंकुश कर्णवाल आदि सदस्यों द्वारा झंडा दिवस पर अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की गयी।

# एसएसपी ने की पुलिस टीम को 25 हजार रूपये देने की घोषणा

## फाइनेंस पर मंहगे मोबाइल हड़पने वाले पांच जालसाज गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** फर्जी आईडी व प्रपत्रों के आधार पर धोखाधड़ी कर फाइनेंस पर मंहगे मोबाइल फोन हडप कर बेचने वाले गिरोह के पांच शातिर सदस्यों को थाना सदर बाजार पुलिस एंव सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 21 कीमती एण्ड्राईड मोबाईल, 01 लैपटाप, फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड की 12 छाया प्रतियां बरामद हुयी है। बरामद किए गए मोबाइल की कीमत लगभग 30 लाख रूपये आंकी गयी है। एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रूपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।



पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 11 अक्टूबर को आशू जेटली पुत्र अनूप जैटली डिस्ट्रीब्यूटर सैमसंग मोबाईल फोन जगदम्बा ट्रैडर्स लक्ष्मीनगर अम्बाला रोड ने 17 नफर के विरूद्ध फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड जमा कर अलग-अलग दुकानों से कुल 22 कीमती मोबाइल फोन लोन व फाईनेन्स पर ले जाकर कूटरचित दस्तावेजो के आधार पर धोखा धड़ी करने के संम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया था, जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक धीरज सिह ने प्रारम्भ की। एसएसपी डॉ.विपिन ताडा के निर्देश पर थाना सदर प्रभारी निरीक्षक प्रवेश सिह के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम एवं सर्विलांस टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर रेलवे रोड निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास से 05 शातिर अभियुक्तों अंकित पुत्र कृष्णपाल निवासी निवासी यमुनोत्री इन्कलेव फेज 2 सेवालकला चन्द्रबनी रोड थाना पटेल नगर देहरादून उत्तराखण्ड, जोनी पुत्र बलवन्त निवासी यमुनोत्री इन्कलेव फेज 2 सेवालकला चन्द्रबनी रोड थाना पटेल नगर देहरादून मूल निवासीी ग्राम ककराला थाना नकुड जनपद सहारनपुर, अविश पुत्र मनीष अरोडा निवासी गंगा इंकलेव सहसधारा रोड देहरादून, उम्मेर पुत्र यूसुफ खान निवासी मौहल्ला मुत्रीवान थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर व अंकित पुत्र केशव सिह निवासी जेएमएस रोड शिमला बाईपास थाना पटेल नगर देहरादून को 21 कीमती मोबाइल फोन सैमसंग कम्पनी कीमत करीब 30 लाख रूपये, फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड तैयार करने वाले लैपटाप, 06 फर्जी आधार कार्ड व 06 पैन कार्ड छाया प्रति सहित गिरफ्तार किया। जिनमे से उक्त अभियोग से सम्बन्धित 12 कीमती मोबाईल फोन व थाना देवबन्द से संम्बन्धित 02 कीमती मोबाइल फोन एवं अन्य स्थानो से छोखाधडी कर लिये गये 07 मोबाइल फोन बरामद हुए है। अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जो योजना बद्ध तरीके से अच्छी सिविल वाले लोगो के आधार कार्ड व पैन कार्ड संकलित कर उन पर फोटो बदलकर कूटरचित आधार कार्ड व पैन कार्ड तैयार करते थे तथा अलग-अलग दुकानो से एक लाख से डेढ लाख कीमत के सैमसंग कम्पनी के मोबाइल फोन लोन पर प्राप्त कर धोखाधडी कर बेचने हेतु प्रयासरत थे। आज वह सारे मोबाइल बेचने की फिराक में थे कि पुलिस ने उन्हें रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया।

## तहसील दादरी के सभागार में महिलाओं के लिये आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर

*अवधनामा संवाददाता*

**गौतमबुद्धनगर।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र के दिशानिर्देशानुसार व अवनीश सक्सेना माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में तथा ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में आज गौतमबुद्धनगर के प्रागण में महिला के हितों के संरक्षण हेतु महिला अधिकारों से सम्बन्धित महिला केन्द्रित कार्यक्रम पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं का उनके अधिकारों एवं पारिवारिक विधिक-विवाह, विवाह-विच्छेद, भरण-पोषण, सम्पत्ति के संबंध में महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा संबंधी प्राविधानों, दहेज-मृत्यु, ऐसिड अटैक, अपहरण, रेप, लैगिंक हिंसा, पाक्सों एक्ट संबंधी, कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न, मातृत्व अवकाश के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इसके अतिरिक्त महिलाओं का समान पारिश्रमिक का अधिकार-समान पारिश्रमिक अधिनियम के अनुसार, अगर बात वेतन या मजदूरी की हो तो लिंग के आधार पर किसी के साथ भी भेदभाव, कार्यस्थल पर छेड़छाड़/यौन उत्पीड़न से संरक्षण का अधिकार, घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकार, कन्या भ्रुण हत्या के खिलाफ अधिकार, मुफ्त कानूनी सहायता का अधिकार, गरिमा एवं शालीनता से जीने का अधिकार, संपत्ति में बराबर का अधिकार आदि के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करायी गयी। शिविर में ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर, अनिल कुमार अपर खण्ड विकास अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता दीपा जैन, कविता नागर, पीएलवीगण बालचन्द नागर, राजीव सिंह अकेला व महिलाये तथा अन्य लोग उपस्थत रहे।

# बीजेपी को मिली जीत ने राजनीतिक समीकरण बिगाड़ दिए: वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बीजेपी को मिली जीत ने राजनीतिक समीकरण बिगाड़ दिए हैं। बहुत सारे कयास और दावे धरे के धरे रह गए। यह भी साफ हुआ कि इन तीनों रियासतों में मोदी लहर ही चली। तीनों में मोदी ने अपने चेहरे और नाम पर चुनाव लड़ा।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ में बीजेपी ने किसी लीडर को प्रोजेक्ट नहीं किया था मध्य प्रदेश में चार बार के वजीर-ए-आला शिवराज सिंह चौहान का नाम पीछे रखा। आखिर के इसी तरह राजस्थान में वसुंधरा समेत किसी को बीजेपी का चेहरा नहीं बनाया गया। इन तीन रियासतों की जीत के साथ ही मोदी लोक सभा एलक्शन की मुहिम शुरू कर दी है। तेलंगाना में ओवैसी की पार्टी सीटें बचाने में कामयाब रही लेकिन ओवैसी के गढ़ गोशामहल की सीट बीजेपी के टी राजा सिंह ने बाइस हजार वोटों से ज्यादा के फर्क से जीत ली। कांग्रेस ने अजहरउद्दीन और मोहम्मद अली शब्बीर समेत छः मुसलमानों को मैदान में उतारा था सभी हार गए बीआरएस ने एक मुसलमान उतारा था वह भी हार गया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस नहीं जीत रही यह बात तो शुरू से ही सभी कह रहे थे लेकिन छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पार्टी इतनी बुरी तरह हारेगी ऐसा अंदाजा किसी को नहीं था। एलक्शन से छः महीने पहले तक मध्य प्रदेश से तमाम ऐसी रिपोर्टें थी कि बीजेपी साठ से सत्तर सीटें जीत पाएगी, एलक्शन शुरू होने तक यही सूरतेहाल थी लेकिन बीजेपी ने सारे रिकार्ड तोड़कर एक सौ सीटें जीत लीं। कांग्रेस की शिकस्त की वजह कमलनाथ के गुरूर, एरोगेंस, साफ्ट हिन्दुत्व और फिरकापरस्त जेहन को बताया जा रहा है। कांग्रेस आला कमान ने सबकुछ उन्हीं पर छोड़ दिया था उन्होंने टिकटों में पूरी तरह मनमानी दिखाई। उन्होंने सिर्फ दो मुसलमानों को टिकट दिए वह दोनों आरिफ मसूद और आतिफ अकील जीत गए यानी मुसलमानों की कामयाबी सदफीसद, भोपाल की नरेला सीट पर बयालीस फीसद मुसलमान हैं दूसरी मुस्लिम सीट सिरोज और तीसरी बुरहानपुर है कमलनाथ ने इन सीटों पर मुसलमानों को टिकट नहीं दिया। कमलनाथ ने खुद ही साफ्ट हिन्दुत्व पर चलने का काम नहीं किया। मुसलमानों को कांग्रेस ने दलित से बदत्तर भी बनाया और हिस्सेदारी भी शून्य रखा।

## वैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिले के समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया बाद में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को दिए ज्ञापन में कहा है कि वैलट पेपर पर चुनाव कराने के संबंध में ज्ञापन दिया है जिसमे उनका कहना है कि विश्व में सर्वाधिक विकसित देश अपने यहां पर वैलट पेपर पर चुनाव करते हैं क्योंकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और भारत में इस समय केंद्र में चुने हुए राजनीतिक दल के अलावा जितने भी समाजवादी पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दल हैं वह भी भारत में वैलट पेपर पर चुनाव कराने के लिए प्रयासरत है जिससे प्रसिद्ध होता है कि वैलड पेपर पर चुनाव कराने के लिए भारत का अत्यधिक जनादेश नहीं स्वीकृत देता है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए बैलट पेपर पर चुनाव होना अनिवार्य है इस मौके पर महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी राघव दत्त मिश्रा आदित्य मिश्रा सत्यम स्वास्थ्य कुर्सी अहमद बॉबी खान पंकज यादव रजत क्रांतिकारी सत्यम वर्मा रवि कुमार अन्य समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डॉ रामाशीष सिंह के शहीद दिवस को पेंशन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में गुरुवार को तहसील/ब्लाक नौगढ़ द्वारा पेंशन शहीद डॉ रामाशीष सिंह के शहीद दिवस को पेंशन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। बताते चलें कि पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा के सौजन्य से 7 दिसंबर 2016 को लखनऊ विधानसभा के सामने प्रदेश के तमाम शिक्षक एवं कर्मचारियों द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया जा रहा था, इसी दौरान पुलिस लाठी चार्ज के कारण शिक्षक डॉ राम आशीष सिंह जी शहीद हुए जिनके शहादत को प्रतिवर्ष अटेवा द्वारा प्रदेश के हर जिला मुख्यालय पर कैंडल मार्च व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज 7 दिसंबर को अटेवा सिद्धार्थनगर द्वारा प्रदेश संयुक्त मंत्री जनार्दन शुक्ल, प्रदेश आई टी सेल सह प्रभारी वीरेन्द्र सक्सेना, मंडल अध्यक्ष अटेवा बस्ती बलवंत चौधरी के निर्देशन व जिला अध्यक्ष बृजेश द्विवेदी, जिला महामंत्री संजय कर पाठक, जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण चौधरी के नेतृत्व में भारत माता चौक नौगढ़ सिद्धार्थनगर पर सायं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में, जिला संयोजिका अटेवा कल्पना, जिला अध्यक्ष फार्मासिस्ट एसोसिएशन योगेन्द्र प्रसाद यादव, महामंत्री गोविंद ओझा, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष सुजीत जायसवाल, महामंत्री राजेश मिश्रा, शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामकरन गुप्ता, अटेवा एकजुट के जिला अध्यक्ष अमित कुमार ने पेंशन शहीद डॉ रामाशीष सिंह के चित्र पर पुष्पार्पण कर व कैंडल जलाकर यह संकल्प लिया कि हम अपने अमर शहीद के बलिदान को बेकार नहीं जाने देंगे। हम सभी एकजुट होकर पूरे देश में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल होने तक संघर्ष करते रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में जिला प्रवक्ता अटेवा आलोक त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री शेषनाथ गुप्ता, जिला संगठन मंत्री फूलचंद गौड़, संगठन मंत्री सोभनाथ गुप्ता, प्रधानाचार्य मनोज कुमार गौतम, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र नाथ मिश्र,सर्वेश उपाध्याय, हृदय नारायण मिश्रा, राम पूजन वर्मा, अंबरीश मिश्रा, जिला मंत्री एकजुट राजीव कुमार सिंह, आराम पंकज यादव महेंद्र पाल शैलेंद्र कुमार शैलेंद्र कुमार अदालत पटेल, रमेश कुमार, सुधीर वर्मा प्रेमचंद, रामसागर, राजेश कुमार,शेषमणि गुप्ता ब्लॉक अध्यक्ष जोगिया उत्कर्ष श्रीवास्तव सहित, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अटेवा विष्णु त्रिपाठी, सैकड़ों शिक्षक कर्मचारियों ने उपस्थित होकर पेंशन शहीद डॉ रामाशीष सिंह जी को पुष्प अर्पित कर व कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## संदिग्धों की तलाश में इटावा

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** संदिग्ध व अपराधियों की तलाश में जनपद जालौन की रामपुरा थाना पुलिस एवं इटावा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से वाहनों की चेकिंग कर आने जाने वाले लोगों पूछताछ की गई। रामपुरा थाना अंतर्गत पंचनद (कंजौसा) के निकट जालौन से इटावा को जोड़ने वाले पुल पर जनपद जालौन के रामपुरा थाना पुलिस एवं जनपद इटावा के चकरनगर क्षेत्राधिकारी द्वारा वाहनों की चेकिंग कर आने जाने वाले लोगों से पूछताछ की गई। क्षेत्राधिकारी चकरनगर (इटावा) राकेश वशिष्ठ एवं एसएचओ रामपुरा इंस्पेक्टर भीमसेन पोनिया, उप निरीक्षक रामकिशोर सिंह चौकी प्रभारी सिद्धपुरा मय हमराही एवं जगम्मनपुर पुलिस चौकी स्टाफ ने जनपद जालौन व इटावा की सीमा में आने जाने वाली वाहनों की चेकिंग कर उसमें बैठे लोगों का परिचय पूछते हुए आने आने जाने वाले गंतव्य स्थलों के बारे में जाना। इस संदर्भ में चकरनगर क्षेत्राधिकारी श्री वशिष्ठ ने पूछने पर उन्होने बताया कि संदिग्ध लोगों की तलाश में एवं जन सुरक्षा की दृष्टि से संयुक्त चेकिंग की जा रही है।

# 31वें जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह का रंगारंग आगाज





अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को 31वें जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह का रंगारंग आगाज हुआ।

तीन दिन तक चलने वाले समारोह में तहसीलवार बच्चे विभिन्न खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। मुख्य अतिथि कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही व विशिष्ट अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने समारोह का औपचारिक शुभारंभ बच्चों से मार्च पास्ट की सलामी लेकर व गुब्बारे हवा में छोड़कर किया। अतिथियों ने शांति के प्रतीक कबूतरों को उड़ाया। गत वर्ष की चैम्पियन कंपोजिट टडिया नीतू राजभर ने मशाल लेकर मैदान का एक चक्कर लगाया और सभी को क्रीड़ा शपथ दिलाया। बढ़नी के प्राथमिक विद्यालय हलौरा व दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को खूब सराहना मिली। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में प्रतिभा की कमी नहीं है। भाजपा सरकार ने बेसिक शिक्षा की बेहतरी के लिए विशेष प्रयास किए हैं। विधायक विनय वर्मा ने भव्य आयोजन के लिए बीएसए की प्रशंसा किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने प्रतिभागी बच्चों एवं टीमों को सफलता की शुभकामनाएं दिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्रनाथ उपाध्याय, समस्त बीईओ व जिला समन्वयक सहित सीएमओ डा. एनके वाजपेयी, राधेरमण त्रिपाठी, आदित्य शुक्ला, इंद्रसेन सिंह जीशान खलील, सुधाकर मिश्र, नसीम अहमद, कलीमुल्लाह, महेश कुमार, गुलाम हुसैन, महेश कुमार, सत्येंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### प्रथम दिन ये हुई प्रतियोगिताएं

जिला स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह के प्रथम दिन प्राथमिक स्तर में बालक वर्ग के 50 मीटर दौड़ में इटवा के अखिलेश प्रथम व डुमरियागंज के सेराज द्वितीय रहे। 100 मीटर में नौगढ़ के व्यास प्रथम व शोहरतगढ़ के किशन द्वितीय रहे। बालिका वर्ग के 50 मीटर दौड़ में शोहरतगढ़ की रूपा प्रथम व इटवा की रागिनी द्वितीय ,100 मीटर में नौगढ़ की वंदना प्रथम व नेहा द्वितीय रही। जूनियर 100 मीटर बालक वर्ग में इटवा के रवि प्रथम व नौगढ़ के कृष्णा द्वितीय रहे जबकि बालिका वर्ग में इटवा की नैंसी प्रथम व बांसी की सोनी द्वितीय रही। 400 मीटर में शोहरतगढ़ के रामजीत प्रथम व नौगढ़ के आमोद द्वितीय रहे जबकि बालिका वर्ग में नौगढ़ की प्रीति प्रथम व शोहरतगढ़ की निधि द्वितीय रही।

# कम्प्यूटर प्रश्नमंच प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल ने बाजी मारी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह-2023 के अन्तर्गत गुरुवार को कम्प्यूटर प्रश्नमंच (प्रथम से चतुर्थ वर्ग) प्रतियोगिता, बास्केटबाल प्रतियोगिता, बालीबाल प्रतियोगिता, श्रीमद्भगवद्गीता प्रतियोगिता एवं संस्कृत भाषण (कनिष्ठ, माध्यमिक एवं वरिष्ठ वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षा परिषद् के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में सम्पन्न हुई। आज सम्पन्न होने वाले कम्प्यूटर प्रश्नमंच प्रतियोगिता (प्रथम वर्ग) के अन्तर्गत आर्मी पब्लिक स्कूल, कूड़ाघाट गोरखपुर ने प्रथम, द पिलर्स पब्लिक स्कूल सिविल लाइन्स, गोरखपुर ने द्वितीय तथा एन.एस.चिल्ड्रेन एकेडमी माधोपुर, गोरखपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कम्प्यूटर प्रश्नमंच (द्वितीय वर्ग) की प्रतियोगिता के अन्तर्गत द पिलर्स पब्लिक स्कूल सिविल लाइन्स, गोरखपुर प्रथम, आर्मी पब्लिक स्कूल, कूड़ाघाट गोरखपुर ने द्वितीय तथा एन.एस.चिल्ड्रेन एकेडमी माधोपुर, गोरखपुर तृतीय स्थान पर रहा। तृतीय वर्ग (स्नातक से स्नातकोत्तर) के अन्तर्गत महाराणा प्रताप पी.जी.कालेज जंगल धूसड़, गोरखपुर प्रथम स्थान पर रहा, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय द्वितीय तथा महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय रामदत्तपुर, गोरखपुर तृतीय स्थान पर रहा। इसी क्रम में चतुर्थ (बी.एड.एवं एम.एड.) वर्ग के अन्तर्गत चन्द्रकान्ति रमावति देवी आर्य महिला पी.जी. कालेज, गोरखपुर ने प्रथम, महाराणा प्रताप पी.जी.कालेज जंगल धूसड, गोरखपुर ने द्वितीय तथा दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, गोरखपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन समिति द्वारा कुछ अन्य प्रतियोगिताओं के भी परिणाम आज जारी किये गये। अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप इण्टर कालेज, गोरखपुर की टीम विजेता तथा महाराणा प्रताप सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल मंगला देवी मन्दिर बेतियाहाता, गोरखपुर की टीम उपविजेता रही। वहीं अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता (कनिष्ठ वर्ग) के अन्तर्गत सेंट जेवियर्स स्कूल आजाद चौक, गोरखपुर के कक्षा 5 की विद्यार्थी समीरा खातून ने प्रथम, जी.एन.नेशनल पब्लिक गोरखनाथ, गोरखपुर के कक्षा 5 की छात्रा आराध्या यादव ने द्वितीय एवं आर्मी पब्लिक स्कूल कूड़ाघाट, गोरखपुर के कक्षा 5 के विद्यार्थी प्रियम सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में माध्यमिक वर्ग (कक्षा 6-8) के अन्तर्गत सेंट जेवियर्स स्कूल आजाद चौक, गोरखपुर के कक्षा 8 की छात्रा मेघना सिंह ने प्रथम, विद्या पब्लिक स्कूल कूड़ाघाट, गोरखपुर के कक्षा 7 की छात्रा अनुष्का सिंह ने द्वितीय तथा महाराणा प्रताप चिल्ड्रेन एकेडमी सिविल लाइन्स, गोरखपुर के कक्षा 7 की छात्रा प्रतीक्षा त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही दूसरी ओर हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता (कक्षा 1-5 वर्ग) वर्ग के अन्तर्गत द पिलर्स पब्लिक स्कूल सिविल लाइन्स, गोरखपुर, के कक्षा 4 की छात्रा नव्या सिंह को प्रथम, जी.एन.नेशनल पब्लिक स्कूल के कक्षा 5 के छात्र ओम पंकज को द्वितीय तथा सरस्वती बालिका विद्यालय सूर्यकुण्ड, गोरखपुर के कक्षा 5 की छात्रा आराध्या यादव को तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## करणी सेना के दर्जनों लोगों ने किया प्रदर्शन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या के विरोध में करणी सेना के दर्जनों लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया बाद में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भेंट किया। आज गुरुवार को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना जिलाध्यक्ष कुंवर प्रमेन्द्र सेंगर (वीरू लौना) के नेतृत्व में शनि सेंगर शेखपुर, मनोज चौहान बुंदेलखंड प्रभारी, जयप्रकाश सिंह, राघवेन्द्र सिंह राजावत, प्रवीण सिंह सेंगर, जोगेन्द्र सिंह राठौर, जगरूप सिंह, पवन सिंह चौहान, गौरव सिंह सेंगर, महेन्द्र सिंह तोमर, मोंटू सिंह, विक्रांत राजावत, कपिल तोमर, इंद्रवीर सिंह, कपिल चौहान आदि ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन भेंट करते हुए कहा कि श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या से समाज में आक्रोश देखा जा रहा है इस लिए क्षत्रिय समाज दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग करता है इसके साथ ही घटना की सीबीआई से निष्पक्ष जांच की मांग करता है। करणी सेना के पदाधिकारियों का कहना था कि यह अंतरराष्ट्रीय साजिश के तहत हत्या की गयी है इसकी भी जांच करवाई जाये। उन्होंने कहा कि अगर जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो क्षत्रिय समाज सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

## क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला लगा




**लखनऊ अवधनामा ब्यूरो।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ परिसर में आज रोजगार मेले का आयोजन किया गया इस रोजगार मेले में तीन कंपनियों ने प्रतिभाग किया जिसमे 165 अभ्यार्थी उपस्थित हुए,और इन अभ्यर्थियों में से 41 का चयन किया गया। इस अवसर पर श्री एके प्रजापति सहायक निदेशक (सेवायोजन) ने नियोजकों एव आगंतुकों का स्वागत करते हुए बताया कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार/स्वरोजगार से जोड़कर आत्म निर्भर भारत अभियान को सफल बनाने तथा हर हाथ को काम सरकार की प्राथिमिकताओ में है। कार्यालय के समस्त अधिकारी एव कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर रोज़गार मेले में पूर्ण सहयोग दिया।

## 31 दिसम्बर की रात्रि तक धारा-144

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** अपर जिला मजिस्ट्रेट राम जी मिश्र ने बताया कि माह दिसम्बर में आई.टी.आई. परीक्षाएं तथा क्रिसमस-डे का त्योहार मनाया जायेगा, उपरोक्त परीक्षा एवं त्योहार के दृष्टिगत असामाजिक एवं अराजक तत्वों के साथ-साथ कतिपय संगठन अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति करने के लिए विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों, वर्गों एवं जन सामान्य के मध्य वैमनस्य, द्वेष व दुर्भावना का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास कर लोक परिशान्ति विक्षुब्ध करने में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संलिप्त हो सकते हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये जनशांति, जनसुरक्षा को बनाये रखने हेतु जनपद की सीमान्तर्गत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए धारा-144 द.प्र.सं. लागू की जाती है। उन्होने बताया कि यह आदेश सम्पूर्ण जनपद में दि. 31 दिसम्बर की रात्रि तक प्रभावी रहेगा, जब तक कि इसे बीच में वापस न ले लिया जाये, इस आदेश की किसी भी धारा या अनुच्छेद का उल्लघंन धारा-188 आई.पी.सी. व अन्य के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

# खनन माफियाओं ने चोरी से बेच डाली कर्बला की मिट्टी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बरावन कला गांव के बाहर सरकारी ज़मीन पर खनन माफियाओ ने संबन्धित अधिकारियो कि मिली भगत से बड़े पैमाने पर तालाब से मिट्टी निकाल ली गई।

स्थानीय लोगो की जानकारी के मुताबिक मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया की उस जगह पर मोहर्रम के महीने में ताजिया दफ़न किया जाता है। मुस्लिम समुदाय की भावनाओ को दरकिनार करते हुए खनन माफियाओ ने खनन अधिकारियो के साठ गांठ से करीब 20 डंपर मिट्टी खोद कर बेंच दिया गया है। गांव के लोगों ने थाने पर लिखित तहरीर दे कर कार्यवाही कि मांग कि है। क्षेत्रीय लोगो ने बताया शनिवार की रात के अंधेरे में खनन किया गया तीन से चार दिन बाद तक किसी पर कार्यवाही नहीं कि गई है। गांव के किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एसडीएम सदर को सुचना दी गई। जिस पर मामला बढ़ता देख एसडीएम सदर ने तत्काल क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेज कर पैमाइस कराई गई। लेखपाल ने जांच कर जानकारी देते हुए बताया कि 35 मीटर लम्बा, 6 मीटर चौड़ा वा ढाई मीटर गहरी मिट्टी खोद कर टकरीबन 480 घन मीटर मिट्टी कि खुदाई कि गई है। लेखपाल ने कहा जांचोंपरान्त आला अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दिया जायेगा।

गांव वालों कि तहरीर पर अभी तक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। वही थाना प्रभारी अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर आई है जांच कर आगे कि कार्यवाही कि जायेंगी।

## चोरों के हौसले बुलंद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में चोरों ने घर को अपना निशाना बनाकर नगदी एवं जेवरात पर हांथ साफ कर दिया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले को पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दिया। पीड़ित प्रसादी लाल निवासी निवासी ग्राम कटौली थाना दुबग्गा ने पुलिस दी तहरीर में बताया बीती देर रात अज्ञात चोरों ने घर के कमरे में क़ीमती जेवरात समेत बीस हज़ार रुपए की नगदी चोरी कर मौके से फरार हो गए। सुबह देखा घर के सारे ताले टूटे हुए हैं एवं अलमारी के अंदर रखा हुआ सारा सामान गायब है। प्रार्थी ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले को पंजीकृत कर छानबीन में जुट गई। वहीं प्रभारी निरीक्षक दुबग्गा अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन की जा रही है।

## अटेवियंस ने मनाया शहादत दिवस



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड भादर स्थित कम्पोजिट विद्यालय भादर-1 में गुरुवार को अटेवा की ओर से शहादत दिवस का आयोजन किया गया।अटेवियन्स ने पेंशन पुरुष शहीद रामाशीष सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पुरानी पेंशन बहाली की मांग दोहराते हुए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। जिला संयोजक मंजीत यादव ने कहा कि एन पी एस सरकार की निजीकरण की नीतियों का हिस्सा है। पुरानी पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है और हमें सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देती है। संघर्ष का सफर चाहे जितना लम्बा हो जब पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती हमारा आन्दोलन जारी रहेगा। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार भारती ने कहा कि निजीकरण की नीति हमारी संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत है। देश में पेंशन के दो विधान नहीं चलने चाहिए। कर्मचारियों की पेंशन बंद होने के पहले राजनेताओं की पेंशन बंद होनी चाहिए।देश के लिए जी डी पी के निर्माण में सरकारी सेवकों का बहुत बड़ा योगदान है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि जिस देश का कर्मचारी दुखी हो समान काम के लिए समान वेतन न हो उसे विकसित राष्ट्र की संज्ञा देना बेईमानी है। पूर्व मा शि संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कपिलेश यादव ने कहा शहीद रामाशीष सिंह की शहादत बेकार नहीं जाएगी। आज नहीं तो कल पुरानी पेंशन जरूर बहाल होगी। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष देवांशु सिंह ने किया। इस मौके पर जामवंत मौर्य अखिलेश कुमार सिंह प्रमोद सिंह रोहित प्रताप सिंह सुशील यादव रंजीत कुमार यादव मो रऊफ मनु श्रीवास्तव सलिल मिश्र बजरंग बली सचिन कुमार सतीश शर्मा विजय प्रताप यादव रिपु मौर्य आदि मौजूद रहे।

## सैनिकों के कल्याणार्थ स्मारिका का हुआ विमोचन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी राजेश कुमार ने अवगत कराया है कि आज सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के शुभ अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय अमेठी के कर्नल राजेश कुमार द्वारा जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र को प्रतीक झण्डा लगाया गया तथा निदेशक सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास उप्र लखनऊ द्वारा सैनिकों के कल्याणार्थ प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी जिलाधिकारी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों एवं कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित जनसमूहों से अपील करते हुए सेना झण्डा दिवस के अवसर पर शहीद सैनिकों के आश्रितों एवं पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ धन संग्रह किये जाने हेतु दिल खोलकर दान करने की बात कही गयी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि कार्यालय जिलाधिकारी के अंकित कुमार व प्रदीप कुमार सिंह द्वारा उपस्थित समस्त व्यक्तियों को प्रतीक झण्डा लगवाते हुए दान पात्र में धनराशि संग्रहीत करायी गयी तथा इस अवसर पर कार्यालय के कर्मचारी क्लर्क रवीन्द्र नारायण ऐयाज अहमद एवं पूर्व सैनिकों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।



## मिनी आईटीआई परीक्षा 20 व 21 को

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रभात कुमार ने बताया कि उ प्र मदरसा वोकेशनल ट्रेनिंग लखनऊ द्वारा संचालित मिनी आईटीआई वर्ष 2022 की परीक्षा 20 दिसम्बर 2023 व 21 दिसम्बर 2023 को दो पालियों में सम्पन्न करायी जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि मिनी आईटीआई परीक्षा हेतु अर्ह जनपद के समस्त परीक्षार्थी अपने सम्बन्धित मदरसे में उपस्थित होकर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर लें।

# उत्कृष्ट कार्यो के लिए समाज सेवी महिलाओ का मंच से हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** कानपुर रोड एलडीए कालोनी के स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की आठवीं सांस्कृतिक संध्या पर बृहस्पतिवार को मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा कार्यकत्री अपर्णा यादव कार्यक्रम में उपस्थित हो महिला सशक्तिकरण की परिभाषा को प्रस्तुत करते हुए सांस्कृतिक संध्या की मंच से समाज में उत्कृष्ट कार्यो को करने वाली करीब तीन दर्जन से अधिक समाजसेवी महिलाओ को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया इस दौरान महिला सम्मान समारोह में मुख्यातिथि संग महोत्सव समिति के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह गुंजन वर्मा उपस्थित रहे। सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित चेयरमैन इंडो अमेरिकन चेंबर ऑफ़ कामर्स मुकेश बहादुर सिंह एवं महोत्सव समिति के आयोजकों ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक संध्या पर आशियाना क्षेत्र में स्थित एसएन मांटेसरी स्कूल के प्रतिभावान छात्र छात्राओं द्वारा माँ तुझे सलाम ... एवं वो देश मेरे ...... देशभक्ति गीत पर डांस प्रस्तुत कर दर्शको में जोश भर दिया इस क्रम में मंच भक्तिमय शिव तांडव स्त्रोतम पर श्रेया सिंह द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। इस दौरान संस्था संरक्षक समीर शेख व महोत्सव समिति के मनोज सिंह चौहान, हेमू चौरसिया, सचिन गुप्ता, नीरज यादव , उपस्थित रहे। महोत्सव के आठवें दिन रंगमंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवं रॉकी गिल ने किया। सांस्कृतिक संध्या प्रभारी विजय गुप्ता ने रंगमंच को संभाला।

# लूट की फर्जी सूचना पर रात भर हलकान रही पुलिस


अवधनामा संवाददाता

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगांव चौकी क्षेत्र स्थित देवगांव पूरे झाऊ निवासी शिव प्रसाद द्वारा 112 नंबर डायल कर अपने साथ हुई लूट की घटना की जानकारी दिए जाने के बाद कुमारगंज पुलिस हरकत में आई और लूट की घटना को खंगालने में पूरी रात जुटी रही। किंतु रात भर हुई पुलिसिया छानबीन में कथित लूट की घटना फर्जी निकली। इसके बाद कुमारगंज पुलिस हरकत में आ गई और लूट की घटना को अंजाम देने की सूचना देने वाले व्यक्ति सहित आरोपियों को भी पुलिस थाने ले आई, जहां उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक देवगांव पूरे झाऊ निवासी शिव प्रसाद द्वारा बीती रात करीब 1:00 बजे 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी गई कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंडरपास पुल के नीचे डसके पास मौजूद दो लोगों ने एक लाख 35 हजार रुपए लूट लिए हैं। लूट की घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह थाने के कई उपनिरीक्षकों सहित भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना की जांच पड़ताल के दौरान शिवप्रसाद ने अपने साथ लूट करने वाले मैं अपने साले रमेश और युवक नेतराम के शामिल होने की बात बताई। इसके बाद पुलिस दोनों युवकों की तलाश में जुट गई। पुलिस ने तीनों लोगों को इकट्ठा कर कड़ाई से पूछता की तब पता चला कि तीनों लोगों ने शराब पी रखी थी और आपस में पर्स की छीना झपटी कर रहे थे। पुलिस तीनों लोगों को थाने ले आई और उनके खिलाफ झूठी सूचना देने का मुकदमा दर्ज करते हुए विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि कथित लूट की घटना की सूचना पूरी तरह से भ्रामक एवं फर्जी थी। हालांकि शराबी लोगों की करतूतों के चलते रात भर पुलिस को हैरान होना पड़ गया।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 8 से 10 दिसम्बर के बीच प्रधानमंत्री आवासों का भूमि पूजन

**अयोध्या।** योगी सरकार द्वारा गरीबों और वंचितों को अपना घर मुहैया कराने के लिए 8 से 10 दिसम्बर के बीच प्रधानमंत्री आवासों का भूमि पूजन करने जा रही है। यह भूमि पूजन अभियान 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत चलाया जाएगा। अयोध्या जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण बीएलसी घटक के अंतर्गत अनारम्भ की भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजन क्रमशः 8 ,9 ,10 दिसंबर 2023 को जनपद के समस्त नगर निकायों में किया जाएगा इस अवसर पर सांसद लल्लू सिंह सहित सभी विधायक गण महापौर नगर पंचायत अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष पार्षदों एवं सभासद गणों की उपस्थिति तथा नगर आयुक्त परियोजना निदेशक व जिला अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा अयोध्या के निर्देशन में संपन्न होगा 8 दिसंबर दोपहर 12:00 बजे नगर पालिका रुदौली बाबू कल्याण सिंह वार्ड में भूमि पूजन का कार्यक्रम 8 दिसंबर दोपहर 2:00 नगर पालिका कामाख्या कार्यक्रम स्थल मां कामाख्या मंदिर प्रांगण में 9 दिसंबर नगर निगम अयोध्या वार्ड हनुमान कुंड अयोध्या में 9 दिसंबर दोपहर 2:00 बजे नगर पालिका/ पंचायत सुचितागंज बीकापुर भरतकुंड भदरसा 10 दिसंबर नगर पंचायत कुमारगंज के अकमा वार्ड में भूमि पूजन आयोजित किया जाएगा जिसमें सभी जनप्रतिनिधि सहित लाभार्थी भी मौजूद रहेंगे यह जानकारी पी ओ डूडा अधिकारी यामिनी रंजन ने दी।



# जिलाधिकारी ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2023 का किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता


**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार को प्रतीक ध्वज लगाकर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले0 कर्नल संजीव कुमार ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस- 2023 का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि के दानपात्र में सैनिकों के कल्याणार्थ योगदान किया और जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों/संस्था प्रभारियों एवं नागरिकों से सैनिकों के प्रति आदर, सम्मान एवं अपनत्व प्रदर्शित करते हुये सेवारत सैनिकों भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के कल्याणार्थ उदारतापूर्वक धन संग्रह अभियान में अपना सकिय सहयोग प्रदान करने हेतु अपील किया। धन संग्रह अभियान में उत्कृष्ट योगदान हेतु सरकारी सेवकों की गोपनीय प्रविष्टियों में प्रसंशात्मक प्रविष्टि करने का भी प्रावधान है। गत वर्ष सर्वाधिक धन संग्रह करने वाले 10 विभागाध्यक्षों संस्थानों के प्रभारियों को उत्कृष्ट योगदान हेतु कमशः विनोद कुमार प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, विमल कुमार जोशी प्रधानाचार्य, जे0बी0 एकेडमी हौसिला नगर डॉ अमृता जायसवाल, उप निबंधक बीकापुर, इं0 डी0सी0 दीक्षित, अजय कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य बाबूलाल परागदेयी पटेल गायत्री इं0का0 अलीगंज, श्रीमती नीलम गुप्ता, प्रधानाचार्या, बापू बालिका इंटर कालेज, श्रीमती तारा सिंह, प्रधानाचार्या, आर्य कन्या इंटर कालेज, श्रीमती कुसुमलता प्रधानाचार्या, राजकीय बालिका इ0का0, डा सुरेन्द्र नाथ तिवारी, प्रधानाचार्य राजकीय इं0का0 अतुल चन्द्र द्विवेदी, जिला आबकारी अधिकारी, एवं सतीश सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक, अयोध्या मण्डल अयोध्या को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले0 कर्नल संजीव कुमार ने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस भारतीय सैन्य बलों के प्रति देश के नागरिकों द्वारा सम्मान तथा कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अवसर है, जो प्रतिवर्ष 07 दिसम्बर को मनाया जाता है।




# गोसाईगंज नगर जाम की भीषण समस्या से कराह रहा

अवधनामा संवाददाता

**गोसाईगंज- अयोध्या।** सड़क चौड़ी होने के बाद भी गोसाईगंज नगर इस समय जाम की भीषण समस्या से कराह रहा है। जिससे दूर तक आगमन करने वाले फोर व्हीलर यात्रियो और मरीजो को को जिला मुख्यालय पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि गोसाईगंज नगर की सड़क के इस समय चौड़ी हो गई है परंतु सहालग और मिलो पर गन्ने से लदी ट्रालिया ले जाने से जाम की समस्या और भी बढ़ गई है। उस समय जाम की समस्या और भी विकराल रूप लेती है जब रामबली इंटर कॉलेज गोसाईगंज के छात्र छात्राएं छूटते हैं और पूर्वी तथा पश्चिमी रेलवे क्रॉसिंग बंद हो जाती है, ऐसे में जाम में घंटो लोगों को फंसे रहना पड़ता है। जाम हटाने के लिए किसी ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था भी अभी तक यहां नहीं। हालांकि क्षेत्रीय पुलिस जाम हटाने के लिए घंटो जूझती है, तब जाकर जाम की समस्या से निजात मिल पाता है। हालांकि नगर के बाहर बाईपास निर्माणाधीन अवस्था में है परंतु बाईपास का निर्माण कब पूरा होगा यह कोई जानता नही है।



## गोशाईगंज पुलिस के कृत्यों से तंग आकर पीड़िता ने मुकदमा दर्ज करने की दी अर्जी

अवधनामा संवाददाता

**गोशाईगंज-अयोध्या।** जिले के थाना गोशाईगंज पुलिस के कृत्यों से तंग आकर पीड़िता ने अयोध्या जिला एवं सत्र न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के यहां कई पुलिस वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने हेतु दिया अर्जी। पीड़िता के मुताबिक दिनांक 13 जनवरी 2023 को पीड़िता के पुत्र को निज निवास स्थान से मध्य रात्रि को उपनिरीक्षक देवेन्द्र राय,हेड कांस्टेबल बृजेश सिंह,आरक्षी चंदन यादव एवं जय बिंद ने जबरन घर का ताला खोलवाकर पीड़िता के निर्दोष पुत्र बृजेश कुमार को पूछताछ के लिए गोशाईगंज थाना में लेकर आये। 14 जनवरी 2023 को पीड़िता एवं पीड़िता की बहू अपने निर्दोष पुत्र बृजेश से मिलने के लिए थाने गई तो थाने के पुलिस वालों ने 50000 रुपए की मांग किया पुलिस वालों ने कहा कि रुपए दे दो तब तुम्हारे पुत्र को छोड़ देंगे नहीं तो फर्जी मुकदमे में जेल भेजें देंगे। पीड़िता की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण पुलिस द्वारा मांगे गए रुपए देने में असमर्थ रही। इसलिए पीड़िता के निर्दोष पुत्र बृजेश उर्फ सुरेन्द्र कुमार को गोसाईगंज थाने की पुलिस पांच मुकदमों में वांछित करके तीन दिन थाने में बैठाने के बाद 16 जनवरी 2023 को जिला कारागार भेज दिया।


जबकि 13 जनवरी 2023 के पहले पीड़िता के पुत्र का ना तो कोई आपराधिक इतिहास है और ना ही कोई मुकदमा था। तब पीड़िता ने जिले स्तर से लेकर पुलिस के उच्च अधिकारियों से न्याय पाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जब पीड़िता ने मानवाधिकार आयोग लखनऊ को न्याय पाने हेतु शिकायती प्रार्थना पत्र दिया तब पुलिस वालों ने पीड़िता को धमकी दिया की शिकायत वापस ले लो नहीं तो तुम्हारे पुत्र के ऊपर गैंग्स्टर लगा देंगे जेल सड़ जायेगा। पीड़िता ने न्याय न मिलता देख पीड़िता ने गोसाईगंज थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी अक्षय कुमार, अमित सिंह आरक्षी निवर्तमान गौतम कुमार आरक्षी निवर्तमान,नवीन कुमार आरक्षी निवर्तमान गोशाईगंज थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह निवर्तमान तथा उपनिरीक्षक जवाहर पाल वर्तमान के विरुद्ध जिला सत्र न्यायालय में न्याय पाने हेतु पीड़िता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डी.आर.यादव, अशोक तिवारी एवं कृष्ण कुमार यादव तथा सत्य प्रकाश मौर्य एडवोकेट ने न्यायालय के समक्ष अर्जी दिया।

## प्रो0 फर्रूख जमाल बनाये गए जैव रसायन के विभागाध्यक्ष

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जैव रसायन विज्ञान विभाग के प्रो0 फर्रूख जमाल विभागाध्यक्ष बनाये गए। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के आदेश के अनुपालन में शैक्षिक विभागों में चक्रानुक्रम में प्रो0 नीलम पाठक के कार्यकाल समाप्त होने के उपरांत प्रो0 जमाल को कार्यभार ग्रहण करने के तिथि से तीन वर्ष के लिए अथवा इस सम्बन्ध में अन्य कोई आदेश निर्गत होने की तिथि तक जैव रसायन विज्ञान विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया।प्रो0 फर्रूख जमाल वर्तमान में रूसा के समन्वयक का दायित्व सम्भाल रहे है। इससे पहले विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी, इण्टरनेशनल अफेयर्स एवं इन्क्यूबेटर के निदेशक के पद पर कार्यरत रहे है। इसके अतिरिक्त यूजीसी सेल के समन्वयक भी रहे है। प्रो0 जमाल के 70 से अधिक अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके है। उनकी दो पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी है। प्रो0 फर्रूख ने शोध-पत्र के अलावा कई अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कांफ्रेंस में हिस्सा लिया है। उनके द्वारा पांच से अधिक शोध परियोजना पर भी कार्य किया गया है। कुलपति प्रो0 गोयल द्वारा जैव रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष बनाये जाने पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों ने बधाई दी।

## सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचानाः शिवेंद्र सिंह

**पूरा बाजार- अयोध्या।** ग्राम चरेरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने कहा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना पहुंचने के लिए प्रत्येक गांव में कार्यक्रम का आयोजन कर लाभार्थियों को आवास, किसान सम्मन निधि, कुकिंग गैस, आयुष्मान कार्ड



आदि सुविधाएं उपलब्ध कराना ही सरकार का उद्देश्य है ।उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही दो दर्जन जन कल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला इस अवसर पर मुख्य मंत्री आवास योजना के तहत शारदा देवी को आवास की चाभी दी गई तथा शैलेश मौर्य, अमर बहादुर ,रामनारायन, झिन्कू मौर्य शालिकराम को किसान सम्मन निधि का प्रमाण पत्र तथा अन्य सामग्री वितरित की गई कार्यक्रम में महानगर महामंत्री शैलेंद्र कोरी मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी सिंह एडियो समाज कल्याण विवेक सिंह एडियो आईएसबी आशीष मिश्रा एडियो कोऑपरेटिव संजय सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी नीरज सिंह ग्राम प्रधान उषा देवी अच्छे लाल निषाद अनिल मौर्य ने भी वितरण में मुख्य अतिथि का सहयोग किया ग्राम प्रधान उषा देवी ने अतिथियों ग्रामीण तथा लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया ।

# सड़क हादसों में एक छात्र समेत दो लोगों की मौत, परिजनों में कोहराम

अवधनामा संवाददाता

**रामसनेहीघाट/कोठी बाराबंकी।** दो थाना क्षेत्रों में गुरुवार की सुबह हुए अलग अलग सड़क हादसों में एक छात्र समेत दो लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनो में रोना पिटना मच गया। घटना की वजह बन चालक वाहनों को लेकर भाग खड़े हुए। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत शोभापुर गांव निवासी दिनेश कुमार का 16 वर्षीय से पुत्र नीरज कुमार सुमेरगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 11 में पढ़ता था। प्रतिदिन की तरह गुरुवार की सुबह वह साइकिल से विद्यालय जाने के लिए निकला। दरियाबाद भिटरिया मार्ग पर बेलहा चौराहे के निकट पहले से खड़ी एक ट्रक के चालक ने अचानक ट्रक की खिड़की खोल दी, जिसकी चपेट में पीछे से आ रहा साइकिल सवार छात्र आ गया। छात्र खिड़की के दरवाजे से टकराकर सड़क पर गिर गया। इसी बीच दरियाबाद की ओर से आ रही ए गिर गया। इसी बीच दरियाबाद की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उसे रौद दिया. जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना देख जब तक लोग दौड़ते तब तक दोनों ट्रक चालक अपने-अपने ट्रक लेकर मौके से फरार हो गए। आसपास के दुकानदारों ने पुलिस के साथ विद्यालय प्रबंधन को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव को सड़क से हटवा कर रास्ता खुलवा दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। कोठी प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी पंकज कुमार वर्मा (22) पुत्र कमलेश वर्मा जैदपुर थाना क्षेत्र के अहिरनपुरवा गांव में किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने बाइक से जा रहा था। पंकज बाइक से जैदपुर भानमऊ संपर्क मार्ग स्थित भानमऊ शराब के ठेके के समीप पहुंचा था इस दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक समेत युवक सड़क पर उछलकर दूर जा गिरा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## डीएपी की उपलब्धता को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**बाराबंकी।** प्रदेश सरकार कालाबाजारी पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। रबी की फसल अच्छी हो इसके लिये अन्नदाता डीएपी की खाद के लिए परेशान है। उसे खाद नहीं मिल पा रही है लेकिन खाद की कालाबाजारी करने वाले 1350 रुपए की डीएपी की बोरी 1500 तक बेच रहे हैं। जनपद सहित प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद नहीं है सरकार प्रदेश के जनपदों में डीएपी की खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करे और कालाबाजारी करके अधिक दाम पर खाद बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उक्त आशय की मांग आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन व नगर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा फोटोवाला की अगवाई में कांग्रेसजनो ने आज एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को भेज कर सरकार को तत्काल रबी की फसल के लिए प्रदेश के जनपदो में डीएपी की खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए जाने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजन्द्र वर्मा फोटोवाला, इरफान कुरैशी, केसी श्रीवास्तव, वीरेंद्र प्रताप यादव, अजीत वर्मा, रामचंद्र वर्मा, सुरेश शर्मा टप्पू, अमित मिश्रा, रजनीश, राम हरख रावत, सचिन त्रिपाठी, अखिलेश वर्मा, दिलशाद वारसी, अरशद अहमद, कौशल किशोर कृतार्थ पांडेय, मोहम्मद आरिफ, रामकुमार लोधी, जय कुमार वर्मा रंजीत यादव, तस्लीमन खान, सहित दर्जनो की संख्या में कांग्रेसजन थे।

### अयोध्या से आये कलाक़ारो ने किया रामलीला का मंचन, उमड़ी भीड़

**मसौली बाराबंकी।** कस्बा मसौली के मोहल्ला कटरा स्थित राम चबूतरा पर रामलीला कमेटी के तत्वावधान में हो रही चार दिवसीय रामलीला (धनुष्ययज्ञ) शुरूवात हुई। प्रथम दिन ताड़का वध की लीला का भव्य मंचन अयोध्या से आये कलाक़ारो द्वारा किया गया। रामलीला को देखने के लिए क्षेत्र की भारी भीड़ रही। रामलीला के प्रथम दिन ताड़का वध कार्यक्रम मे वन में असुरों के अत्याचार से परेशान महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ से राम-लक्ष्मण को मांगने जाते हैं। राजा दशरथ बहुत अनमने ढंग से राम-लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ भेजते है।

## बाबा साहेब का जीवन व सन्देश धारण कर बने सुशिक्षित नागरिक- राकेश

**निन्दूरा बाराबंकी।** संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर शोक सभा कर श्रद्धांजलि व्यक्त की गई। नेताजी सुभाष सेवा संस्थान के ग्राम छोटीपुरवा स्थित शिविर कार्यालय में संस्थान संरक्षक राकेश कुमार की अध्यक्षता में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में राकेश कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा पर जोर दिया था जो कि आज की परिपेक्ष में परम आवश्यक है। हम बेटे बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे करके उन्हें सुशिक्षित नागरिक बनाने का काम करें, जिससे वह कर्मठ नागरिक बनकर देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकें। संस्थान के सचिव डॉक्टर ओम प्रकाश प्रकाश ने कहा कि हम सभी को डॉक्टर अंबेडकर के जीवन व संदेश से प्रेरणा लेकर देश कि अपने बेहतर भविष्य के निर्माण में लग जाना चाहिए।

# कर्तव्यो के प्रति जागरूकता विकसित भारत बनाने के लिए आवश्यक

अवधनामा संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने मे देश के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यो के प्रति जागरूक होना जरूरी है जिसके लिये हमारी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उक्त बाते गुरवार को ग्राम पंचायत नसीरनगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंदनपुर मे आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मे उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मौर्य ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्र एव प्रदेश मे जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से देश व प्रदेश निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर है। कृषि विभाग द्वारा ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। खण्ड विकास अधिकारी डा संस्कृता मिश्रा ने कार्यक्रम मे मौजूद विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि सरकार को योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाया जाय तथा वँचित लोगो को योजनाओं से जोड़ा जाय। उन्होंने बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई कराई। शिक्षक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के संचालन मे आयोजित कार्यक्रम मे स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा मे जियो यादव पुत्र ऋषि कुमार को प्रथम, जुगुल पुत्री पुत्तीलाल को द्वितीय व लवी पुत्री राजवीर को तृतीय पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता अमित वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा, पर्यावरण प्रेमी आशीष वर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम, सीडीपीओ सुलेखा यादव, अवर अभियंता एम आई अनिल कुमार व्यास, ग्राम प्रधान संतोष कुमारी, पंचायत सचिव शौम्या सिंह, मो आकिब जमाल, कमलेश् यादव, संजीव सिंह, प्रताप नारायण, जितेन्द्र पटेल, प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत वर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



# परीक्षण शिविर में लगा रहा लाभार्थियों का तांता, 300 का हुआ चिन्हांकन

अवधनामा संवाददाता

**महाराजगंज।** दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाने हेतु जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और एलिम्को द्वारा एडिप परीक्षण शिविर का आयोजन विकास खंड घुघली में किया गया। शिविर में सवेरे से ही दिव्यांग आवेदकों का सहायक उपकरण/कृत्रिम अंग के लिए चिन्हांकन हेतु तांता लगा रहा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को लगभग 350 से अधिक दिव्यांग परीक्षण हेतु आए जिनमें सायं 5:00 बजे तक 300 लाभार्थियों का परीक्षण कर उन्हें कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण हेतु चिन्हित कर लिया गया था। इसके अलावा 70 यूडीआइडी कार्ड भी जारी किए गए हैं। अबतक शिविर के माध्यम से सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग वितरण हेतु 1300 से अधिक लाभार्थी चिन्हित कर लिए गए हैं, जिन्हे जल्द ही एलिम्को के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार अधिकतम दिव्यांगों को चिन्हित करते हुए उनका यूडीआईडी कार्ड बनवाया जा रहा है और कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण हेतु उनका पंजीकरण का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। आशा है कि एक अभियान के अंतर्गत इस बार 2000 से अधिक दिव्यांगों को लाभान्वित किया जाएगा, जो अबतक की सर्वाधिक संख्या होगी। उन्होंने बताया कि शिविर का आयोजन खंड विकास अधिकारी के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमे आने वाले दिव्यांग की सहायता हेतु पीआरडी जवान और स्काउट व गाइड के वालंटियरों को लगाया है। सभी के लिए शिविर में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी ब्लॉक द्वारा सुनिश्चित की गई है। लाभार्थियों का परीक्षण दिव्यांग बोर्ड के चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।



# तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय स्टर्लिंग पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिसवा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरजेश जायसवाल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व धावक को मशाल सौंपकर किया। खिलाड़ियों ने मशाल के साथ मैदान का चक्कर लगाकर प्रतियोगिता का आगाज किया। गिरजेश जायसवाल ने कहा कि छात्रों के जीवन में पुस्तकीय परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने के साथ खेलकूद भी महत्वपूर्ण है। जिसके माध्यम से बच्चों में प्रतिस्पर्धा के साथ ही स्वास्थ्य का लाभ होता है। प्रबन्धक एन0वी0 पाल ने बच्चों को जीवन में शिक्षा के साथ ही खेल प्रतियोगिताओं में भी सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने की प्रेरणा दी। तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता में दौड़, शार्ट पुट, लम्बीकूद, ऊंची कूद, रिले रेस, कबड्डी, खो-खो, रसाकस्सी, वालीबाल, चेस आदि प्रतियोगिताओं में विद्यालय के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का समापन 09 दिसम्बर को 12:30 बजे होगा। इस अवसर पर स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल के संरक्षक शकुंतला पाल, निदेशक चन्द्रशेखर पाल, प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह, कोच आलोक मिश्रा, संजय सिंह, शिवकुमार, अफजल खान, अमित, संतोष, भारती, भुवनेश्वरी, सत्या उपाध्याय, वेदिका सिंह, प्रिया, उमेश यादव, विनोद सिंह अवधेश चौबे एवं आर पी आई सी के प्रधानाचार्य नीरज तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# शिकायत पर जांच में मिली क्लीन चिट, पुनः जांच की मांग

अवधनामा संवाददाता

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** विकास खंड कराए गए 18 विकास कार्यों मे अनियमितता की शिकायत पर टी एस सी जांच में क्लीन चिट मिलने बाद शिकायत कर्ता व्दारा पुनर्जांच की मांग किया गया है ।राजनीतिक वर्चस्व की प्रतिद्वंतता को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता एवं भूमि विकास लिमिटेड बैंक के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धीरू एवं इनके ही पाटीदार भारतीय जनता पार्टी के जिला स्तरीय पदाधिकारी बैजनाथ सिंह के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौरा जारी है। इस क्रम में पिछले दिनों 18 विकास कार्यों में अनिमित बढ़ते जाने की शिकायत बैजनाथ सिंह द्वारा किया गया था। इस मामले में टी एस सी जांच में क्लीन चिट दिए जाने के बाद एक प्रेसवार्ता में भाजपा कार्यकर्ता बैजनाथ सिंह ने कहा है कि पशु शेड, इंटरलॉकिंग व खड़ंजा सहित 18 बिंदुओं पर उच्चधिकारियो से शिकायत की गई थी। जिस पर विभाग द्वारा 29 नवंबर को मण्डलीय प्राविधिक परीक्षक के नेतृत्व मे टीएसी जांचा कराई गई।

शिकायतकर्ता का कहना है कि जांच टीम ने बिना मेरा साक्ष्य व कार्यों के अभिलेख लिये जांच कर रिपोर्ट दे दिया। जबकि जांच अधिकारी ही अपने रिपोर्ट मे लिखे हैं कि वर्तमान मे भुजौली गांव नगर पालिका परिषद मे सम्मलित होने के कारण संबंधित डेटा एमआईएस पोर्टल से डिलीट हो गया है। ऐसे में जांच निष्पक्ष व विश्वसनीय नही है जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री से करने के बाद पुनः जांच कराई जायेगी। इस मामले में क्षेत्र पंचायत प्रमुख धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री को ही की गई शिकायत की जांच के उपरंत टी एस सी ने क्लीन चिट दिया है । जिस पर दुबारा सवाल उठाने का औचित ही नहीं है।

# 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने का लिया गया संकल्प



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया। जिसकी देख रेख बरवा ग्राम प्रधान उर्मिला देवी ने किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में बाल विकास स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का स्टाल लगाकर जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही। प्रधान प्रतिनिधि रिंकू तिवारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार गांव में जा कर विभाग के लोग कर रहे है ताकि पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे। उन्होंने ने कहा की आज हमारे गांव में आप सबकी समस्याओं को सुनने के लिए तथा योजनाओं को बताने के लिए जिले व ब्लाक के अधिकारी आये है। सचिव रविन्द्र कुमार जाटव ने कहा की आप लोग शपथ ले की भारत देश को 2047 तक विकसित करना है। उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाया। बरवा में विकसित भारत यात्रा में स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सचिव रविन्द्र कुमार जाटव, प्रधान उर्मिला देवी, डा प्रियंका त्रिपाठी डा दिपक जयसवाल, मो आरीफ, ऋषि केश पटेल, रिंकू तिवारी, जल निगम निवेदन शुक्ला, हेड मासटर फिरोजी, रजा अब्बास, कमल चन्द साजिद अली, कोटेदार राधेरमण मिश्र, रोजगार सेवक जयप्रकाश यादव, सफाई कर्मी परवेज आलम, आरो फाउंडेशन निजाम जिलानी, आरबीएस के टीम डा प्रियंका त्रिपाठी, फार्माशिष्ट राजन मिश्रा, एल टी प्रवीन दुबे सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# जाति धर्म से उठकर 2024 चुनाव में सभी को सरकार को बदलने की आवश्यकताः यासिर

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** रोजगार, मंहगाई, युवाओं को नौकरी, गरीबों को आर्थिक भागीदारी, कानून व्यवस्था,नफरत के माहौल को सरकार का मौन समर्थन आदि जैसे गंभीर मुद्दों पर समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव यासिर हयात ने अपने एक प्रेस नोट में कहा कि 2024 आम चुनाव में इंडियन गठबंधन या पीडीए के नारे से सिर्फ सरकार नहीं बदलेगी अब ज़रूरत इस बात की है कि जाति धर्म की सीमाओं से ऊपर उठ कर जनता को मौजूदा सरकार के खिलाफ एकजुट होना होगा तभी हमारे बच्चों की शिक्षा नौकरी बेरोजगारी मंहगाई लोकतंत्र व संविधान बचाओ आदि मामलों में हमको राहत मिलेगी और मुख्य रूप से विपक्षी दलों के नेताओं को जनता के बीच जाना होगा और गांव गांव चौपाल आदि कार्यक्रम लगाकर जनता को बेरोजगारी मंहगाई नौकरी आदि तमाम मुद्दों को जनता के बीच रखना होगा तब जनता इनके राशन , किसान निधि आदि योजनाएं के बारे में जान सकेंगे कि सरकार सिर्फ लालीपाप देकर हमारी नौकरियां हमारा आरक्षण



हमारी भागीदारी सब हमसे छीन रही है ऐसे लगातार कार्यक्रम समाजवादी पार्टी कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों को चलाना होगा तब पूरे देश में एक बड़ा इंकलाब खड़ा हो जायेगा और निश्चित ही केंद्र में इंडियन गठबंधन की एक जनहित सरकार बनेगी इसके लिए विपक्षी दलों को लगातार ज़मीनी स्तर पर कड़ी मेहनत करनी होगी और चापलूस नेताओं कार्यकर्ताओं को हाशिए पर करना होगा तब जाकर पार्टी का जनाधार भी काफी बढ़ेगा और केंद्र और राज्य में सत्ता परिवर्तन भी होगा उक्त विचार पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ने रखते हुए कहा कि हम इस सम्बन्ध में जल्द ही पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष व माननीय प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर इस मसले पर गंभीरता से बात करेंगे।

# सांसद खेल महाकुंभ गावा क्षेत्र के युवाओं के लिए हो रहा वरदान साबितः अभिषेक

अवधनामा संवाददाता

**कुदरहा, बस्ती।** कस्बे में स्थापित राघव राम बचन शिवा सरस्वती विद्यापीठ परिसर में चल रही ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महाकुंभ-3 के

**कबड्डी फाइनल प्रतियोगिता में ब्लैक पैंथर इजरगढ़ विजेता और आर्यन पब्लिक स्कूल उपविजेता रही**



पांचवे दिन गुरूवार को दौड, कबड्डी, क्रिकेट, खो खो के खिलाडियों ने जोर अजमाया और अगले रांउड में स्थान बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता अभिषेक दुबे शनी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ गावा क्षेत्र के युवाओं के लिए बरदान साबित हो रहा है। जिससे युवाओं को दिखाने का अवसर मिल रहा है।

800 मीटर जूनियर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में गोलू प्रथम, अंकुर यादव द्वितीय और रजनीश तृतीय, 800 मीटर जूनियर बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में माधुरी गौतम प्रथम, संगीता द्वितीय व सुधा तृतीय हासिल की। कबड्डी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग सेमीफाइनल में ब्लैक पैंथर इजरगढ़, जनता इंटर कॉलेज गायघाट और आर्यन पब्लिक स्कूल विजेता रही। वही कबड्डी फाइनल प्रतियोगिता में ब्लैक पैंथर इजरगढ़ विजेता और आर्यन पब्लिक स्कूल उपविजेता रही। क्रिकेट प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में 12 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमे 6 टीमों ने अगले चरण में जगह बनाया। कार्यक्रम का संचालन श्रीकृष्ण त्रिपाठी शिबलू व आलोक त्रिपाठी ने किया। निर्णायक की भूमिका, दुर्गा प्रसाद, संजय कुमार, राम अवध, अवनीश, संदीप कुमार, आदित्य उपाध्याय, दिलीप कुमार, राम अवध, प्रवेश कुमार ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम में ब्रजेश उपाध्याय, सच्चिदानंद यादव, ओमकार चौधरी, विजय शंकर मिश्र, रवि पांडेय, प्रवीण त्रिपाठी, कृष्णा त्रिपाठी, अखिलेश माही, गोपाल चौधरी, सत्यम यादव, संतोष दुबे, बंटी दुबे सहित तमाम शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## खेलकूद आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखरती है: मुकेश



**पौली संतकबीरनगर अवधनामा संवाददाता।** बृहस्पतिवार को पौली में ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खुली खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन श्री चंद्रभान सिंह इंटर कॉलेज शंकरपुर में किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर, सब जूनियर तथा सीनियर वर्गों की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। दर्शकों द्वारा लगातार खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया जा रहा था एथलेटिक्स तथा बालीवाल कबड्डी कुश्ती आदि प्रतिभाओ में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काट कर किया गया कार्यक्रम में पहले कबड्डी खेली गई जिसमें कुड़वा की टीम ने दूल्हा पार की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा लंबी कूद में रिजवान ने बाजी मारी वही 100 मीटर दौड़ में नीरज कुमार अव्वल रहे कुश्ती में रविंद्र यादव ने अपने विरोधी चंदन को हराकर जीत अपने नाम हासिल किया। इस मौके पर रामअधीन पाण्डेय,अरबिन्द सिंह,रामनेवाश यादव, श्यामू पासवान, सीताराम यादव, शिवेंद्र कुमार, तिवारी जी,श्री प्रसाद, मौजूद रहे।

# पेंशन संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी स्वर्गीय राम आशीष की पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र के परिसर में बृहस्पतिवार को शाम को स्व. डा राम आशीष सिंह की पुण्यतिथि पेंशन संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षकों ने हाथों में मोमबत्ती लेकर श्रद्धांजलि दिया और संकल्प लिया कि अटेवा के बैनर तले पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संघर्ष जारी रहेगा।

अटेवा पेंशन बचाओ मंच के प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम मे प्रदेश के सभी जनपदों में स्व. डा राम अशीष सिंह की पुण्यतिथि को संकल्प दिवस के रूप मे मनाया गया। डुमरियागंज में कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे ब्लॉक अध्यक्ष अमृतलाल ने कहा कि जिला मुख्यालय सहित सभी ब्लॉक मुख्यालयो पर श्रद्धांजलि सभा



**पुरानी पेंशन बहाली तक जारी रहेगा अटेवा का संघर्षः ब्लॉक अध्यक्ष**

आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया तथा स्वर्गीय राम आशीष सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया गया। उन्होंने आगे कहा कि स्व. डा राम अशीष सिंह 7 दिसम्बर 2016 को लखनऊ मे पुरानी पेंशन बहाली हेतु आयोजित आन्दोलन मे विधान सभा घेराव के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में शहीद हो गए थे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि पेंशन संकल्प दिवस के रूप में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पुरानी पेंशन की लड़ाई में सभी शिक्षक एकजुटता का परिचय दें। भनवापुर ब्लाक अध्यक्ष हिमांशु यादव ने कहा कि अटेवा की लड़ाई में कई अन्य संगठनों का साथ मिल रहा है पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है इसे हम लेकर ही रहेंगे। अंत में सभी शिक्षकों ने हाथों में मोमबत्ती लेकर संकल्प लेते हुए स्वर्गीय राम आशीष सिंह को याद किया। इस मौके पर विवेक द्विवेदी, लवकुश, प्रेमचंद, आफताब आलम, शेषराम यादव, प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार, नवरत्न, लाल बहादुर, मारुति पांडेय, राम बहादुर चौधरी, शिवम पाठक, बृजेश अग्रहरी, प्रशांत मणि त्रिपाठी, सुधीर गुप्ता, राम मिलन, सुजीत कुमार, सुषमा यादव, संगम प्रजापति, शालिनी, सिमरन, गीतांजलि, राधिका आदि उपस्थित रहे।

# भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है



**कुदरहा अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा ब्लाक के ग्राम पंचायत डेल्हवा में मोदी की गारंटी वाले वाहन को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कुदरहा ब्लॉक प्रमुख अनिल दूबे ने उपस्थित लाभार्थियों से उनका हाल-चाल जाना। तत्पश्चात उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उहोंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजना चल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है और लोगों का जैसा प्यार मिल रहा है। अगर इस तरह से लोगों का प्यार मिलता रहा तो उसके पहले ही देश विकसित देश कहलाएगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ने उपस्थित लोगों को भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं की जानकारी के साथ इस योजनाओं से कितने लोग लाभान्वित हुए इसका आंकड़ा जुटाया गया और लाभार्थियों से बातचीत की गई। इस मौके पर राधा गुप्ता,ग्राम प्रधान गीता वर्मा ग्राम पंचायत सचिव घनश्याम यादव शालिनी साहू विजय शंकर मिश्रा संजय पांडे पंकज पांडे शाहिद सैकड़ो की संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# एनसीसी छात्राओं ने पकवान को लेकर लगाये स्टाल



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मुलायम सिंह यादव महिला महाविद्यालय जलालपुर के एनसीसी की छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के तहत मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए मोटे अनाज से स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन बना कर विभिन्न पकवानों के स्टाल लगाये। एनसीसी विभाग की सीटीओ हर्षिता गुप्ता के निर्देशन में कुल 34 कैडेट्स ने मक्के की कचौड़ी,सावां की खीर,रागी का लड्डू व बाजरे का टोस्ट समेत आधा दर्जन मोटे अनाज से बने पकवान को बना कर न सिर्फ अपने हुनर का प्रदर्शन किया बल्कि इस से होने वाले फायदों पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान बतौर मुख्यअतिथि कालेज के प्रबन्धक फूलचंद यादव ने शिरकत की। प्रबन्धक ने आधुनिक जीवन में रोगों से बचाव को लेकर मोटे अनाज की उपयोगिता की जानकारी छात्राओं को दी और कहा कि मोटे अनाज सिर्फ प्रोटीन व फाइबर ही नहीं देते बल्कि खाने वाले के शरीर मे उत्पन्न हो रहे रोगों का निदान भी करते हैं। सीटीओ हर्षिता गुप्ता ने कहा कि अब समय आगया है कि हम मोटे अनाज का सेवन अपने भोजन में करें और निरोग रहें। कालेज परिवार के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने मोटे अनाज से बने पकवान का लुत्फ उठाते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

# माँ तिलेसरा देवी महाविद्यालय में संविधान निर्माता के परिनिर्वाण दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** सामाजिक परिवर्तन की प्रतिमूर्ति डॉ भीमराव आंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज भसड़ा,टांडा अंबेडकर नगर के सेमिनार हाल में आज दिनांक 6 दिसंबर 2023 को भारतीय संविधान के शिल्पकार, विद्वता की पराकाष्ठा के प्रतीक,सामाजिक परिवर्तन के जनक बोधिसत्व भारत रत्न डॉ0भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को मनाया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव, मुख्य नियंता डॉ0 सुशील कुमार, बी0एड् विभागाध्यक्ष डॉ0अश्वनी कुमार, कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव( प्रथम इकाई ) , डॉ0 अभिषेक पांडेय( द्वितीय इकाई ) तथा श्रीमती आशा मौर्या,सुश्री एकता सिंह ,श्रीमती चंद्रकला, सुश्री सुनीता, श्री अर्जुन प्रसाद, श्री राम जी प्रजापति आदि के द्वारा डॉ0भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर हुआ। एम0एससी0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अंजना मौर्या और संचिता प्रजापति ने गीत के माध्यम से बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित किया ।बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दीपाली,गरिमा, नीलम चौरसिया, आभा, सोनम,अनामिका व एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र विशाल तथा अन्य छात्र/छात्राओं ने अपने-अपने गीत व भाषण के माध्यम से विचार प्रस्तुत किया ।हिंदी विभागाध्यक्ष श्री रवि कुमार ने डॉ0आंबेडकर के महापरिनिर्वाण पर विस्तृत रूप से अपना विचार प्रस्तुत किया एवं उनके पंच तत्व में विलीनता पर भी प्रकाश डाला। बी0एड्0 विभागाध्यक्ष डॉ0 अश्वनी कुमार जी ने डॉ0 आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए उनके द्वारा किए गए संघर्षो और ज्ञान प्राप्ति के समय के अनुभव पर प्रकाश डालने का प्रयास किया ।कार्यक्रम का सफल एवं जीवंत संचालन गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका सुश्री एकता सिंह ने किया।

# छह दिवसीय सिकरी मेले का सदर विधायक ने किया उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के सिकरी बाजार का छ दिवसीय विशाल ऐतिहासिक भव्य वार्षिक मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि सिकरी बाजार में काफी पुराना मेला है यहा मेले का आयोजन काफी वर्षा से होते चला आ रहा है क्षेत्र के बच्चे सिकरी मेले का इंतजार करते है। हिंदू धर्म संस्कृति की मान सम्मान बढ़ाने का काम पूर्व से होते आ रहा है और उसी श्रंखला में हिन्दू समाज के लोग रामलीला का आयोजन करके समरसता कायम करने का काम कर रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राम के उन आर्दशों को प्रर्दशित करते हैं उससे समाज में एक संदेश जाता है।और समरसता कायम होता है। इस लिए मेला का आयोजन निरंतर गांव स्तर से लेकर बाजार में लग रहा है। इस दौरान ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नरायन सिंह, राम नेवास यादव, मेला प्रभारी रामसहाय धर दूबे, मेला समिति अध्यक्ष योगेंद्र मौर्या उर्फ टाईगर, पननी प्रधान फूल चन्द कन्नौजिया, संदीप मद्धेशिया, प्रधान सुग्रीव भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष बृजबिहारी मिश्रा, प्रधान कमलेश चौरसिया, प्रधान सुनील कुमार सिंह, मुसे सिंह, वजीहुदीन, मणिकांत शुक्ला, रमेश पाण्डेय, शफीउल्लाह उर्फ बब्बू, कृष्ण दत्त त्रिपाठी, राम बेलास मौर्य, रामनाथ मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अशरफपुर के वार्ड नम्बर 13 में हो रहे नाली निर्माण में जमकर हो रही मनमानी

**किछौछा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत अशरफपुर



किछौछा वार्ड न 13 दरगाह रसूलपुर में नाली निर्माण कराया जा रहा है जो की वीडियो में साफ दिख रहा है दोयम दर्जे की ईट और बालू सीमेंट से निर्माण कराया जा रहा है। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा दरगाह रसूलपुर में अजब गजब का खेल शुरू हो गया नगर पंचायत अध्यक्ष का वादा कहां गया ना खाऊंगा ना खाने दूंगा आखिर ऐसे घटिया निर्माण कार्य में जनता क्या समझेगी नगर पंचायत अध्यक्ष ने बड़े-बड़े वादे किए थे नायक की रोल अदा कर रहे थे अभी तक लेकिन अब तो यह दिख रहा है खलनायक का रोल अदा हो रहा है किसी को नहीं दूंगा सब खा जाऊंगा ठेकेदार अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अध्यक्ष की नजर क्यों नहीं पड़ी ऐसे घटिया निर्माण की तरफ नगर पंचायत में आप समझ सकते हैं की सरकारी धन का बंदर बांट की वजह घटिया निर्माण कराया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष के वादों में असलियत सामने आने लगी आगे चलकर नगर पंचायत की विकास कैसे होगा यह आप समझ सकते हैं।

# परिषदीय विद्यालयों के हाईटेक एजूकेशन सिस्टम में कहीं कोई चूक तो नहीं

**अमेठी।** सूबे की सरकार पिछले काफी समय से परिषदीय विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारने की कवायद में जुटी हुई है। इन दिनों हाईटेक एजुकेशन सिस्टम लागू किया गया है जहां शुरुआती कक्षाओं में शिक्षक शिक्षिकाओं को क्या पढ़ाना है इसका निर्धारण ऊपर से किया जा रहा है अर्थात राज्य मुख्यालय से प्रतिदिन एक गाइडलाइन जारी होती है कि आज इन कक्षाओं में यह पढ़ाया जाएगा। मतलब स्पष्ट है कि शिक्षक अपने मन से उन कक्षाओं में नहीं पढ़ा सकते हैं कि कक्षा के किस बच्चे को क्या पढ़ने की जरूरत है उसका बौद्धिक स्तर क्या है कहां वह कमजोर है इन सब चीजों को जानने के बावजूद शिक्षक या शिक्षिका अपने हिसाब से न पढ़ा कर जारी निर्देश के अनुरूप ही पढ़ने को मजबूर हैं।इस संबंध में कुछ शिक्षकों से संवाद स्थापित करके यह जानने का प्रयास किया गया कि सरकार का हाईटेक एजुकेशन सिस्टम क्या है इनका अनुकूल और प्रतिकूल प्रभाव क्या पड़ रहा है इस सिस्टम में कहीं कोई बड़ी चूक तो नहीं है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगा कई विभागों का स्टाल, लोगों को दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी अंतर्गत ग्राम पंचायत पचौध प्राथमिक विद्यालय परिसर में भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित विकसित भारत संकल्प यात्रा का अयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजू मौर्य ने कार्यक्रम आयोजकों समेत वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया। एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में उपस्थित लोगों को विकसित राष्ट्र व पीएम के संकल्प को साकार करने को लेकर लोगों को शपथ भी दिलाई गयी। इस दौरान उन्होंने एलईडी प्रोग्राम के माध्यम से चलाए जाने वाले पीएम के संदेश को सुना और पीएम रिकार्डिंग संबोधन के बाद लोगों ने तालियां बजने लगे एवं समाज सेवी अनिल अग्रहरि ने अधिकारी व कर्मचारियों से कार्यक्रम को शासन की मंशा अनुरूप धरातल पर उतारने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में लगे पीएम आवास, समाज कल्याण विभाग से संबंधित पेंशन योजनायें, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना स्टाल, स्वास्थ्य शिविर कैम्प, आयुष्मान कार्ड, टीवी एवं क्षय रोग की जाँच, स्वच्छ भारत मिशन स्टालों का निरीक्षण कर कमियां दूर करने की बात कही। संकल्प यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि राजू मौर्य ने कहां कि पी एम मोदी के आने के बाद से लालटेन युग का अंत हो गया पहले लोग बैंक में खाता तक



नहीं खुलवा पाते थे, चूल्हे पे खाना बनाते बनाते लोग खांसी और अन्य बीमारियों का शिकार हो जाते थे आज सबके घरों में गैस सिलिंडर पर खाना बनता है किसानों को किसानी के लिए शाहूकारों के मकड़ जाल से बचाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड देकर उन्हें बचाया।किसान सम्मान निधि देकर किसानों को सहारा दिया आज समाज के हर वर्ग को सरकार की नीतियों का लाभ मिल रहा है 2014 से आप जो बदलाव देख रहे हैं वह मोदी जी की देन है आप सब एक बार फिर मोदी जी को आने वाले चुनाव में जिताकर एक बार और प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठाने का काम करें। इस दौरान नर्वदेश्वर माणी, भाजपा मण्डल महामंत्री राधेश्याम तिवारी, विनीत कमलापुरी, प्रधान प्रतिनिधि अशतोश पाण्डेय, ग्राम पंचायत सचिव संजय कुमार, नोडल अधिकारी मुकेश कुमार गालोत, जे ई राकेश कुमार, राजेश सिंह, स्वास्थ्य कर्मी, आंगनबाड़ी आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिले को 9 के सापेक्ष प्राप्त हुआ 102 नम्बर की 6 एम्बुलेंस



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उप्र0 द्वारा जनपद को 102 नम्बर की 9 एम्बुलेंस में से 6 एम्बुलेस प्राप्त हुई है। गुरुवार को विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा व जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा जिला स्टेडियम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना गया है। इस दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि यह एम्बुलेस जिन स्वास्थ्य केन्द्रो पर भेजी जा रही है वहां पर मरीजो को लाने एवं ले जाने में सुविधा होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा नरेन्द्र कुमार वाजपेयी ने बताया कि एम्बुलेंस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलौली, सिरसिया, जीवा, शोहरतगढ़, खुनियावं तथा जोगिया भेजी जा रही है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा नरेन्द्र कुमार वाजपेयी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा डीके चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी एम्बुलेंस सेवा डा एस.बी.गौतम तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत विकास खण्ड बढ़नी के ग्राम पंचायत धनौरा बुजुर्ग में नोडल अधिकारी संतोष कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केंद्र एवं प्रदेश सरकार की ओर से जन कल्याण में चलाए गए विभिन्न योजनाओं का प्रसारण दिखाते हुए ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। गुरुवार को ग्राम पंचायत धनौरा बुजुर्ग में आयोजित कार्यक्रम के मुख्या तिथि रहे भाजपा नेता राजीव मौर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, गरीब कल्याण योजना, शौचालय, उज्जवला आदि विभिन्न योजनाएं चलाकर सरकार जन उत्थान को बल दे रही है। इसका लाभ भी निरंतर लोगों तक पहुंच रहा है। कहा कि देश और समाज का सर्वांगीण विकास ही सरकार की प्राथमिकता है। पहले की अपेक्षा आज भारत का नाम देश ही नहीं बल्कि दुनिया में चमक रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सफलता का परिणाम है कि आज देश विभिन्न क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी नेतृत्व की क्षमता का शानदार प्रदर्शन कर रहा है। इस प्रधान प्रतिनिधि अलीमुल्ला, सचिव शकील अहमद, तुलसीराम विश्वकर्मा, रोजगार सेवक संजय गौतम, डा तैयबा गुलफाम, स्वेता सिंह सीएचओ, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, समूह की महिलाओं सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## 12 लाख दीया का चन्द्रहार

मोदी जी और योगी जी राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, सरोकारों के साथ धार्मिक और संस्कृत सरोकारो के प्रति भी जागरूक है। तमाम व्यस्तताओं के बावजूद इन कार्यो के लिये समय निकाल रहे है। खुद भी उपस्थित हो रहे है और विदेशी में मेहमानो को भी लाकर उन्हें आश्चर्यचकित कर रहे है। योगी ने प्रधानमंत्री के बारे में कहा उनकी वजह से काशी ही नहीं देश दुनियां का आध्यात्मिक अवसर का पर्व बन गया। योगी सरकार ने इस साल से दीप दीपावली को प्रान्तीय मेले का दर्जा दे चुके है। मुख्यमंत्री ने नमो घाट पर दीप जला कर उत्सव की शुरूआत की। इनकी वजह से देव दीपावली राममय दिखी भगवान शंकर की चहेती काशी के साथ भगवान शंकर का जुड़ाव वेदो पुराणों रामायण में भी मिलता है। कहते है काशी में जिसकी मृत्यु होती है उसकी आत्मा को शंकर जी की कृपा से अनायास स्वर्ग लोक मिल जाता है। इसीलिये बनारस आदिकाल से कुछ लोग मरने के लिये ही आते है। उन्हें विश्वास है भोलेनाथ की कृपा से उन्हें स्वर्गलोक मिल जाता है। बनारस में तीर्थ यात्रियों का आना जाना रात भर चलता रहता है। कहते है बनारस शहर और स्टेशन कभी सोता नहीं है। मोदी के सांसद बन जाने के बाद से बनारस शहर, विश्वनाथ मन्दिर, बनारस की गलियों और गंगा तट का कायाकल्प हो गया। जो पहले देखे बनारस के बाद अब यहां आते है तो यहां के घाट देख कर आश्चर्य चकित हो जाते है लोगो का सर प्रधानमंत्री के आदर में श्रद्धा से स्वम् झुक जाते है।

दो साल पहले प्रधानमंत्री खुद देव दीपावली में सहभागी बने थे। योगी के नमो घाट पर दिया जलाते ही तट पर सारे दीप जल उठे देखते ही देखते घाट जैसे दूसरा लोक दिखने लगा। हर तरफ प्रकाश ही प्रकाश इस प्रकाश में नमोघाट पर मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ, केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री एवम् प्राकृतिक गैस तथा आवास एवम् शहरी कार्य मंत्री हरदीप पुरी सत्तर देशो के राजदूत और एक सौ पचास विदेशी प्रतिनिधियों के साथ उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ दीप जलाकर देव दिपावली का श्री गणेश किया। यह कार्तिक पूर्णिमा को गोघूली बेला में किया गया। देखते ही देखते गंगाघाट घनुषाकार हो गया। उसके किनारो पर 12 लाख दिये जल उठे जो चन्द्रहार के आकार में सजाये गये थे। बाहर से आये मेहमानों, राजदूतों, प्रतिनिधियों को दिखाने के लिये खास इन्तजाम किया गया था। मुख्यमंत्री केन्द्रीय मंत्री और विदेशी मेहमान तथा राजदूत विवेकानन्द क्रुज पर सवार हो कर घाटो पर जगमाते दीपमालाओं के दृश्य के देख आनन्द विभोर दिख रहे थे। आश्चर्य से उनकी आंखे फैली हुई थी और आनन्द की चमक उनको चेहरो को दीपो के साथ प्रज्जवलित हो रही थी।

घाट और दीपमाला को रोचक बना रहे थे घाटो पर बनाये गये तरह तरह की दीप रंगोली तरह की झांकियां पेश की गयी थी। किसी घाट पर श्रीराम की चरण पादुका तो कही राम दरबार की झांकी रंगोली द्वारा पेश की गई थी। कही मर्यादा पुरूषोतम राम की छवि भी उकेरी गयी थी। काशी विश्वनाथ धाम भी पूरा इस अवसर पर सजा हुआ था।

## 5जी के दौर में भी नेटवर्क की सुविधा से वंचित गांव


सुनीता जोशी

भारत दुनिया के उन चंद देशों में शामिल होने वाला है जो जल्द ही 6जी नेटवर्क को अपनाने वाले हैं। दरअसल न केवल अर्थव्यवस्था बल्कि विज्ञान और तकनीक के मामले में भी भारत दुनिया का सिरमौर बनता जा रहा है। एक ओर जहां ज़मीन से ऊपर चांद और सूरज को छू रहा है तो वहीं धरती पर टेक्नोलॉजी के मामले में इसने अपने झंडे गाड़ दिए हैं। हालांकि एक ओर जहां भारत का शहर तेज़ी से विकसित हो रहा है तो वहीं इसका दूर दराज़ ग्रामीण इलाका आज भी विकास की लौ से बहुत दूर है। भले ही आज भारत फ़ास्ट नेटवर्क उपलब्ध कराने वाले दुनिया के गिने चुने देशों में शामिल है, लेकिन देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां लोगों को मामूली नेटवर्क तक उपलब्ध नहीं हो पाता है। उन्हें इंटरनेट स्पीड मिलना तो दूर की बात है, अपनों से फोन पर भी बात करने के लिए गांव से कई किमी दूर चलकर नेटवर्क एरिया में आना पड़ता है।

पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के कई दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्रों की आज यही स्थिति है, जहां सड़क और नेटवर्क का पहुंचना काफी मुश्किल और दुर्गम है। इन्हीं में एक बागेश्वर जिला स्थित कपकोट ब्लॉक का जगथाना गांव भी है। ब्लॉक कपकोट से करीब 20 किमी दूर इस गांव में नेटवर्क की सुविधा रास्तों से भी कहीं अधिक दुर्गम है। आधुनिक युग नेटवर्क का युग है। अब हर चीज़ इंटरनेट पर उपलब्ध है। लेकिन जगथाना गांव के लोगों के लिए इसी इंटरनेट के लिए नेटवर्क प्राप्त करना दुर्लभ है। गांव के लोगों को अपने परिजनों से बात करनी हो, युवाओं को रोज़गार से संबंधित जानकारियां प्राप्त करनी हो, छात्र-छात्राओं को शिक्षा से संबंधित पठन पाठन सर्च करनी हो अथवा किसी ज़रूरतमंद को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सूचनाएं एकत्र करनी हो, सभी के लिए इंटरनेट तक सुलभ पहुंच ज़रूरी है। जिसे चलाने के लिए नेटवर्क की सुविधा का होना आवश्यक है। जिसका इस गांव में नितांत अभाव है।

नेटवर्क की कमी के कारण इंटरनेट की सुविधा नहीं होने का खामियाज़ा यहां के स्कूली छात्र/छात्राओं को भी भुगतनी पड़ती है। इस संबंध में गांव की एक 17 वर्षीय किशोरी दिशा दानू कहती है कि कई बार शिक्षक स्कूल ख़त्म होने के बाद व्हाट्सप्प पर होमवर्क भेजते हैं, जिसे नेटवर्क नहीं होने के कारण हम देख नहीं पाते हैं। जबकि अन्य छात्र/छात्राएं उसे पूरा करके लाते हैं। जिसकी वजह से हमें अगले दिन क्लास में शर्मिंदा होना पड़ता है। वहीं 12वीं में पढ़ने वाली दिशा की बड़ी बहन सोनिया दानू कहती है कि वह बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रही है, ऐसे में विषय से संबंधित अपडेट रहने की ज़रूरत पड़ती है। लेकिन इंटरनेट की सुविधा नहीं होने के कारण वह इससे वंचित है और उसे केवल पुस्तकों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। वह कहती है कि अगर हमारे गांव में इंटरनेट की सुविधा होती तो हमें दूर जंगलों में जाकर इंटरनेट चलाने की जरूरत नहीं पड़ती। वहां जाना हमारी मजबूरी हो जाती है।

नेटवर्क की कमी से जहां युवा और विद्यार्थी परेशान हैं तो वहीं गांव के आम लोग भी इस सुविधा की कमी से परेशान हाल हैं। 52 वर्षीय केदार दानू कहते हैं कि मैं एक दैनिक मज़दूर हूँ। काम की तलाश में अक्सर शहर चला जाता हूं और दो-तीन दिन बाद वापस आता हूं। इस बीच घर की चिंता लगी रहती हैं। लेकिन नेटवर्क नहीं होने के कारण न तो मैं घर वालों का और न ही घर वाले मेरा हालचाल जान पाते हैं। वह बताते हैं कि कई बार दूसरे गांव में रहने वाले रिश्तेदारों के घर किसी की मौत भी हो जाती है तो हमें इसकी सूचना दो या तीन दिन बाद मिलती है। जिससे हम समय पर वहां पहुंच नहीं पाते हैं। केदार दानू कहते हैं कि सरकार लोगों के दुःख दर्द को दूर करने की बात तो बहुत करती हैं लेकिन शायद नेटवर्क नहीं होने के कारण सरकार के कानों तक हमारी तकलीफ की आवाज़ नहीं पहुंच रही है। अगर गांव में नेटवर्क की समस्या दूर कर दी जाए तो गांव वालों की आधी तकलीफ दूर हो जाएगी। इस संबंध में गांव की एक महिला बताती है कि नेटवर्क की समस्या के कारण गांव में एम्बुलेंस की सुविधा नहीं पहुंच पाती है। प्रसव या अन्य इमरजेंसी के लिए सरकार ने फ्री एम्बुलेंस सर्विस मुहैया करवाया है। जिसके लिए एम्बुलेंस को केवल एक कॉल करने की ज़रूरत है, लेकिन यह ज़रूरत उस वक़्त पूरी हो सकती है जब एम्बुलेंस वालों से बात करने के लिए नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध हो। गांव में नेटवर्क की सबसे बड़ी समस्या को स्वीकार करते हुए ग्राम प्रधान बिशन सिंह कहते हैं कि इसके बिना गांव का विकास ठप पड़ जाता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

इंडी गठबंधन की दूसरी बैठक के बाद ही ममता बनर्जी ने जो तेवर दिखाया था, उससे पता चल गया था कि गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके बाद बैठक में शामिल होने से इनकार कर ममता बनर्जी ने अपनी नाराजगी प्रगट कर दी है। हालांकि उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि बैठक कब और कहां हो रही है इसके बारे में उन्हें कोई जनकारी नहीं थी। किसी ने मुझे बैठक के बारे में नहीं बताया था और ना ही कोई फोन आया था। अगर उन्हें पता होता तो बैठक में चली जाती है। इसके विपरीत कांग्रेस की तरफ से कहा जा रहा है कि सभी नेताओं को बैठक की सूचना दे दी गई थी।

# कांग्रेस की तंगदिली से बिखरने लगा इंडिया गठबंधन


आशीष वशिष्ठ

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। देशभर फिलवक्त चर्चा हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की जीत की है। बीजेपी मध्य प्रदेश में सरकार बचाने में सफल रही और पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को हराकर बीजेपी सत्ता में लौट आई है। वहीं राजस्थान में हर चुनाव में सरकार बदलने का रिवाज बदलना चाह रही कांग्रेस नाकामी हाथ लगी है. उसे सिर्फ दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना में ही सफलता मिली है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी की प्रचंड जीत ने चुनावी पंडितों को हैरान कर दिया है, वहीं तेलंगाना और मिजरोम में बीजेपी के बढ़ते जनाधार ने इंडी गठबंधन में खलबली मचा दी है।

कांग्रेस के लचर और निराशाजनक प्रदर्शन का असर इंडी गठबंधन की एकजुटता पर भी दिखाई देने लगा है। सवाल उठ रहे हैं कि इन नतीजों का इस गठबंधन और इसके भविष्य पर क्या असर पड़ेगा। ऐसा इसलिए भी, क्योंकि नतीजों के बाद इंडिया के घटक दलों ने कांग्रेस के रवैए पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडी गठबंधन की बैठक बुलाई थी। लेकिन बैठक से ठीक एक दिन पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरने, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया। कांग्रेस की तरफ से सफाई दी गई है कि बारिश की वजह से चेन्नई एयरपोर्ट बंद है, ऐसे में स्टालिन भी शामिल नहीं हो पा रहे हैं। वहीं नीतीश कुमार की तबीयत ठीक नहीं हैं, जबकि ममता बनर्जी कार्यक्रम में व्यस्त है। गठबंधन के कई सहयोगियों के इनकार के बाद इंडी गठबंधन की बैठक को टालना पड़ गया है। अब कांग्रेस के सामने अपने कुनबे को बचाये रखने की चुनौती है।

कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन से इंडी गठबंधन के घटक दलों को प्रेशर पॉलिटिक्स करने का मौका मिल गया। इंडी गठबंधन में शामिल दल अब कांग्रेस को गठबंधन धर्म पालन नहीं करने की याद दिला रहे है। साथ ही बता रहे हैं कि गठबंधन न करने का खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा है। ऐसे में घटक दल कांग्रेस की आपदा में अपना अवसर तलाश रहे हैं। अपनी शर्तो पर कांग्रेस से समझौता करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने बैठक से दूरी बनाकर कांग्रेस को स्पष्ट संदेश दे दिया है। इंडी गठबंधन की दूसरी बैठक के बाद ही ममता बनर्जी ने जो तेवर दिखाया था, उससे पता चल गया था कि गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके बाद बैठक में शामिल होने से इनकार कर ममता बनर्जी ने अपनी नाराजगी प्रगट कर दी है। हालांकि उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि बैठक कब और कहां हो रही है इसके बारे में उन्हें कोई जनकारी नहीं थी। किसी ने मुझे बैठक के बारे में नहीं बताया था और ना ही कोई फोन आया था।



अगर उन्हें पता होता तो बैठक में चली जाती है। इसके विपरीत कांग्रेस की तरफ से कहा जा रहा है कि सभी नेताओं को बैठक की सूचना दे दी गई थी। ममता बनर्जी की सफाई और कांग्रेस के बचाव ने गठबंधन की पोल खोलकर रख दी है। इससे पहले कांग्रेस की हार पर ममता बनर्जी से सवाल किया गया तो उन्होंने दो टूक कहा कि ये जनता की नहीं कांग्रेस की हार है। कांग्रेस की हार 'ज़मींदारी एटीट्यूड' की वजह से हुई है। वहीं जनता दल युनाईटेड का कहना है कि कांग्रेस के 'घमंड' की वजह से हार मिली है।

वास्तव में पांच राज्यों में चुनाव से पहले कांग्रेस हसीन सपने देख रही थी। उसे चुनाव में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। इसके माध्यम से वो अपनी बार्गेनिंग पावर बढ़ाने और इंडी गठबंधन की ड्राइविंग सीट पर मजबूती के साथ बैठकर मनमाना फैसले लेने की सोच रही थी। लेकिन खराब प्रदर्शन ने उसके उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। अब बाजी पूरी तरह पलट गई है। अब कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। और उसे इंडी गठबंधन के घटक दलों की नसीहत, शर्तें और बार्गेनिंग से जुझना पड़ रहा है। आने वाले समय में घटक दलों के दबाव और हमलों और बढ़ेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इंडिया गठबंधन और कांग्रेस ने इन चुनावों में एक मौक़ा गंवाया है। इन चुनावों में विपक्षी दलों को साथ लेने और एक राजनीतिक बदलाव की पहल कांग्रेस कर सकती थी, जिससे इंडिया गंठबंधन की भावना को मज़बूती मिलती। छोटी पार्टियों को अपने साथ लेने से कांग्रेस को जो फ़ायदा मिल सकता था, उसमें उसने चूक की है। गठबंधन बनने से जो राजनीतिक शक्ल बदलती है, वह विधानसभा चुनाव में नहीं बदली। जैसे तेलंगाना में कांग्रेस ने सीपीआई के साथ गठबंधन किया था, लेकिन सीपीएम के साथ नहीं किया था। तो इस तरह से बाक़ी जगह भी छोटे दलों को साथ लाने का फ़ायदा वे नहीं ले पाए। छत्तीसगढ़ में अजीत जोगी की पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ का वोट बीजेपी को ट्रांसफ़र हो गया।

इसी तरह कांग्रेस राजस्थान में भारत आदिवासी पार्टी यानी बीएपी के साथ गठबंधन कर सकती थी। अखिलेश यादव की पार्टी समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ना चाहती थी तो एक-दो सीटें उन्हें दी जा सकती थी। कुछ सीटें वामदलों को कांग्रेस दे देती तो नई राजनीति ला सकते थे। लेकिन कांग्रेस भी साफ्ट-हिंदुत्व के फेर में पड़ गई। लेकिन कांग्रेस ने न हिंदुत्व को चुनौती दी, न ही उस पर खेल पाई। और कांग्रेस की इन तमाम चूकों का नतीजा अब सबके सामने है। राजनीतिक विषेलेषकों के अनुसार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अगर छोटे दलों को साथ लिया जाता तो फ़ायदा होता। जैसे समाजवादी पार्टी को मध्य प्रदेश में मौक़ा दिया जाता, तो बिहार और यूपी के स्ट्रक्चर को आगे बढ़ाने और स्वीकार्यता बनाने का अवसर मिलता। लेकिन अभी इसके लिए लंबी लड़ाई की ज़रूरत पड़ेगी, क्योंकि वहां पर ऐसा स्ट्रक्चर खड़ा ही नहीं था।

वास्तव में, इंडिया गठबंधन पहले ही दिन से कई चुनौतियों से जूझ रहा है। जैसे इसके घटक दल कई राज्यों में एक दूसरे के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी हैं और वे एक-दूसरे के विरूद्ध चुनाव भी लड़ते रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न मुद्दों और विषयों पर उनकी राय और स्टैंड भी अलग है। मध्य प्रदेश चुनाव में गठबंधन नहीं होने से अखिलेश यादव पहले ही मोर्चा खोल चुके हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी पहले ही कांग्रेस और लेफ्ट से सीट शेयरिंग को लेकर अपना रूख साफ कर दिया है। नीतीश भी समय समय पर आंखें दिखाते रहते हैं। ऐसे में कांग्रेस अब घटक दलों के सामने पूरी तरह बेबस और लाचार हो चुकी है। वहीं यह भी ज़रूरी नहीं कि जो विधानसभा चुनाव में हुआ, वैसा ही लोकसभा में होगा. लेकिन जो चाहते हैं कि सत्ता में बदलाव हो, उनका काम मुश्किल जरूर हो गया है। केंद्र से बीजेपी को हटाना है तो उसे गुजरात से लेकर बिहार तक हराना ज़रूरी है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस के पास ले-देकर अभी तीन से चार ही लोकसभा सीटें हैं। यहां पर कांग्रेस के लिए कुछ सीटें जीतना ज़रूरी होगा, लेकिन ये संभावना आज के बाद मुश्किल हो गई है। अगर विधानसभा चुनावों में कांग्रेस चालबाजी, पैंतरेबाजी और चालाकी करने की बजाय बड़ा दिल दिखाती तो उसे ये आज ये दिन देखने नहीं पड़ते।

# ड्रोन के जरिए पाकिस्तान की नापाक हरकतें

बीती 19 नवंबर को भी पाकिस्तानी ड्रोन ने बी.ओ.पी. चंदू वडाला की भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की। जिस पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने फायरिंग कर उसे वापस भेज दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बी.एस.एफ की चंदू वडाला 27 बटालियन पोस्ट के जवानों ने भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग की और उसे वापस भेज दिया। बीएसएफ अधिकारियों के मुताबिक, जवानों ने दोपहर करीब ढाई बजे ड्रोन की आवाज सुनी।


संतोष कुमार भार्गव

सीमा सुरक्षा बल ने एक बार फिर भारत में अराजकता फैलाने के पाकिस्तान के नापाक मंसूबों का खुलासा किया है। इस बार यह मामला ड्रोनों से जुड़ा है। सीमा पर एक साल में 90 ड्रोन पकड़े गए या फिर नष्ट कर दिए गए हैं। इनके साथ आए नशीले पदार्थ और हथियार भी जब्त कर लिए गए। पंजाब से सटी सीमा पर 81 व राजस्थान से सटी सीमा पर पाकिस्तान से आए 9 ड्रोन गिराए गए हैं। ड्रोन के जरिए ड्रग्स और हथियारों को भारत की सीमा में भेजने से पाकिस्तान के इरादों का साफ पता चलता है। जाहिर है पाकिस्तान भारत में अराजकता फैलाना चाहता है। साथ ही लोगों, विशेषकर युवाओं को नशे के दलदल में फंसाकर भारत के विरुद्ध उनका इस्तेमाल करना चाहता है। जनवरी से लेकर अब तक बीएसएफ ने पंजाब की 553 किमी लंबी सीमा पर 60 से ज्यादा ड्रोन को गिरा चुका है।

बीती मई में बीएसएफ ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन को उड़ते देखा। बीएसएफने जोरदार फायरिंग कर एक ड्रोन को गिरा दिया। जब टीम ने ड्रोन को चेक किया हैरान रह गए। ये पाकिसइन ड्रोन में पैकेट भरकर जहरीली ड्रग्स सीमा के उस पार से आ रही थी। श्रीगंगानगर जिले के निमिचंद पोस्ट पर इस ड्रग्स को डाला गया था। इसी तरह सीमा पर एक अन्य जगह पर भी ड्रग्स पैकेट बरामद हुए है। दो अलग-अलग जगहों पर करीब 15 किलो हेरोइन सीमा पार से हमारे देश में फेंकी गई थी। एक किलो हेरोइन की कीमत करीब 7 करोड़ रुपये है और इसके मुताबिक सीमा पार से करीब 35 करोड़ की हेरोइन मंगवाई गई थी।

अब सवाल ये है कि कौन हैं देश को गद्दार जो सीमापार से इस सफेद जहर को देश में मंगवा रहे हैं। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है, लेकिन पहले भी पाकिस्तान से ड्रग सप्लाई के कई मामले सामने आते रहे हैं। बड़ी मात्रा में ड्रग की खेप ड्रोन के जरिए भारत में फेंकी जाती है। देश के अंदर बैठे लोग पाकिस्तान के ड्रग माफियाओं से डील करते हैं और फिर देश के युवाओं को बर्बाद करने के लिए इस सफेद जहर को उन तक पहुंचाया जाता है। बीती 23 अगस्त को पंजाब के तरनतारन में पाकिस्तान ने ड्रोन के जरिए एक बार फिर से होरोइन भेजने की नापाक कोशिश की लेकिन पंजाब पुलिस के द्वारा उसे विफल कर दिया था। तरनतारन पुलिस ने पाकिस्तान द्वारा भेजे गए ड्रोन समेत 3 तस्करों को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से 3 किलो 290 ग्राम हेरोइन 30 लाख की ड्रग मनी एक पिस्टल के अलावा एक वरना कार और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

बीती 1 अक्टूबर को बीएसएफ को राजस्थान के श्रीकरणपुर में अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के नजदीक पाकिस्तानी ड्रोन मिला था। बीएसएफ के जवानों ने इस ड्रोन को अपने कब्जे में लिया था। इस ड्रोन में दो पैकेट अटैच किए गए थे, जिसमें से एक पैकेट में आठ राउंड सहित एक पिस्टल और मैगजीन मिली थी। जबकि दूसरे पैकेट में ड्रग्स




होने की आशंका जताई गई थी। ड्रोन मिलने के बाद बीएसफ और पुलिस के जरिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है। बताया गया है कि ये अभियान हेरोइन की डिलीवरी लेने आए तस्करों के संदेह में चलाया जा रहा है।

बीती 19 नवंबर को भी पाकिस्तानी ड्रोन ने बी.ओ.पी. चंदू वडाला की भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की। जिस पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने फायरिंग कर उसे वापस भेज दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बी.एस.एफ की चंदू वडाला 27 बटालियन पोस्ट के जवानों ने भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग की और उसे वापस भेज दिया। बीएसएफ अधिकारियों के मुताबिक, जवानों ने दोपहर करीब ढाई बजे ड्रोन की आवाज सुनी। इसके बाद उन्होंने तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचना दी और फिर जवानों की ओर से राउंड फायरिंग की गई। जानकारी के मुताबिक, जवानों की ओर से कुल 5 राउंड फायरिंग के बाद ड्रोन आखिरकार पाकिस्तान लौट गया। यह छिपा हुआ तथ्य नहीं है कि पंजाब में नशे की लत के कारण युवा पीढ़ी के बर्बाद होने की जिस समस्या का विकराल रूप देखा गया, उसके पीछे भी पाकिस्तान का ही हाथ रहा है। पाकिस्तानी तस्कर अब हथियारों और ड्रग्स की सप्लाई के लिए ड्रोन का सहारा ले रहे हैं। पाकिस्तानियों की ओर से आए दिन ड्रोन के जरिए नापाक हरकतों को अंजाम देने की कोशिश की जा रही है, लेकिन सीमा सुरक्षा बल के जवान हर वक्त इन पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। भारतीय सीमा पर आने वाले ड्रोन को कभी मार गिराया जाता है तो कभी वापस भागने पर मजबूर किया जाता है।

ड्रग्स सप्लाई में सबसे बड़ा नाम हाजी अली का है। हाजी अली पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का एजेंट है। लंबे समय से ये अलग-अलग तरह से ड्रग्स को भारत तक भिजवा रहा है। इस तरह ड्रग्स की सप्लाई करके आईएसआई अरबों रुपये कमा रही और साथ ही भारतीय युवाओं के जीवन के साथ भी खिलवाड़ कर रही है। भारतीय खुफिया एजेंसियां हाजी अली को लेकर पहले ही सतर्क हो चुकी है। कुछ समय पहले भी अरब सागर से 1200 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद की गई थी। नौसेना को खबर मिली थी ड्रग्स की एक बड़ी खेप तट पर आ रही है। नौसेना ने एनसीबी के साथ मिलकर कार्रवाई की और 2600 किलो ड्रग बरामद की। पाकिस्तान का कोई भी कदम अप्रत्याशित नहीं माना जा सकता। वह भारत में अस्थिरता और हिंसा के बीज बोने के लिए हर समय तैयार रहता है। इसके लिए वह नए-नए रास्ते खोजता है। कभी आतंकी हमलों के जरिए, तो कभी हथियारों और ड्रग्स की तस्करी के रूप में उसकी कारस्तानियां सामने आती रहती हैं। कभी वह भारत के ही नागरिकों को बरगला कर भारत के खिलाफ इस्तेमाल करता नजर आता है, तो कभी अपने आतंकियों की भारत में घुसपैठ करवाता है। इन आतंकियों की मदद के लिए वह अपने सैनिकों तक को आगे करने से भी परहेज नहीं करता है। यह अलग बात है कि ये आतंकी हरकतें उसके लिए भी मुश्किलें पैदा कर रही हैं। उसकी आर्थिक स्थिति इतनी बदहाल हो गई है कि वहां नागरिकों के खाने तक के लाले पड़े हुए हैं। अब तो वह खुद आतंकी हमले झेल रहा है। इसके बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत ने हर बार पाकिस्तान को मात दी है। इसके बावजूद सजगता और सतर्कता की जरूरत है। वह खालिस्तानी अलगाववादियों को खुला प्रश्रय दे रहा है। कश्मीर में हिंसा फैलाने के लिए तो वह नए-नए तरीके इस्तेमाल करता ही रहता है। राजस्थान, पंजाब से लेकर जम्मू-कश्मीर तक भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगातार पाकिस्तानी ड्रोन पकड़े जा रहे हैं। बीएसएफ को लगातार इन ड्रोन्स पर नजर रखनी पड़ रही है, ताकि ये भारतीय सुरक्षा के लिए खतरा न बन जाएं। पाकिस्तानी ड्रोन के पकड़े जाने के सबसे ज्यादा मामले पंजाब में सामने आ रहे हैं।

# इतनी नफ़रत इतना ज़हर?

उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले के बलवा गांव के साम्या माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस यज्ञ के मुख्य आयोजक पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला थे जिन्होंने यज्ञ में स्थानीय समाजवादी पार्टी विधायक सैय्यदा ख़ातून को यज्ञ आयोजन की मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था। हालांकि यह आयोजन पूरी श्रद्धा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और विधायक सैय्यदा ख़ातून ने भी इसमें पूरी श्रद्धा व सम्मान के साथ शिरकत की। परन्तु आयोजन समाप्ति के एक दिन बाद नियोजित तरीक़े से इसी आयोजन में नफ़रत का एंगल साम्प्रदायिकता वादियों द्वारा ढूंढ कर इसे विवादित बना दिया गया।


तनवीर जाफ़री

हमारे भारतीय समाज में धार्मिक सद्भावना की जड़ें इतनी गहरी हैं कि दुनिया भारत के इस सद्भावना पूर्ण इतिहास की मिसालें पेश करती है। भारत को 'अनेकता में एकता' रखने वाले देश के रूप में जाना जाता है। जिस देश में हिन्दू देवी देवताओं के प्रशंसक कवि रहीम, रसखान और जायसी जैसे अनेक कवि हों, जिस देश में अकबर के सेनापति मान सिंह और महाराणा प्रताप के सेनापति हाकिम ख़ान सूर रहे हों, जिस देश में छत्रपति शिवजी महाराज के कई सेनापति, नेवल कमाण्डर से लेकर उनके गुप्त दस्तावेज़ पढ़ने व उसका जवाब देने वाले मुस्लिम रहे हों, जिस देश की आज़ादी की लड़ाई में कुर्बान होने वाले लाखों हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई शहीदों के नाम से पोर्ट ब्लेयर जेल की दीवारें तथा नई दिल्ली के इण्डिया गेट की शिलायें पटी पड़ी हों,जिस देश की सेना में शहीद होकर ब्रिगेडियर उस्मान व वीर अब्दुल हमीद जैसे हज़ारों शहीदों ने अपनी राष्ट्रभक्ति व कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की हो। जिस देश की मिसाइल व परमाणु सुरक्षा प्रणाली का जनक भारत रत्न मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम जैसा महान वैज्ञानिक हो, उसी देश में नफ़रत और ज़हर से भरा हुआ संकीर्ण मानसिकता रखने वालों का एक छोटा सा वर्ग ऐसा भी है जो न केवल उपरोक्त तथ्यों को नज़र अंदाज़ करने की कोशिश करता रहता है बल्कि इसके विपरीत साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने तथा नफ़रत के प्रचार प्रसार के काम में भी व्यस्त रहता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि इन स्वयंभू राष्ट्रवादियों के पुरखों का न तो देश के स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान है न ही देश की आज़ादी के लिये लाठियां-गोलियां खाने वालों में इनका कोई ज़िक्र है। परन्तु दुर्भाग्यवश अंग्रेज़ों की जी हुज़ूरी करने वाले इसी मानसिकता के लोग नफ़रत और साम्प्रदायिक दुर्भावना के सहारे, ख़ासकर देश में हिन्दू-मुस्लिम के मध्य खाई गहरी कर सत्ता में ज़रूर आ गए हैं। और सत्ता में आते ही इनको यह एहसास हो गया है कि चूंकि हमारी सत्ता का आधार ही साम्प्रदायिकता है लिहाज़ा इसे निरंतर 'धार' देते रहना सत्ता में बने रहने के लिये ज़रूरी है। इसी मक़सद के तहत कहीं ज़िलों,शहरों, क़स्बों व स्टेशन्स के नाम बदले जा रहे हैं, मदरसों के ख़िलाफ़ कार्रवाइयां हो रही हैं, हलाल का मुद्दा उठाया जा रहा है,जिहाद, लव जिहाद, अज़ान और हिजाब जैसे विषय उछाले जाते हैं, इतिहास बदले जा रहे हैं। नये इतिहास गढ़े जा रहे हैं। हद तो यह है कि धार्मिक पहचान देखकर मॉब लिंचिंग की जाती है, ट्रेन में धर्म विशेष के यात्रियों को गोली मार दी जाती है, संतों जैसे दिखाई देने वाले व्यक्ति द्वारा मुस्लिम महिलाओं का बलात्कार करने की धमकी लाऊड स्पीकर पर दी जाती है।

पिछले दिनों ऐसी ही रुग्ण मानसिकता के मुट्ठी भर लोगों ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले के साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के



बाद अपनी नफ़रती हरकतों से विवाद खड़ा कर दिया। दरअसल उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले के बलवा गांव के साम्या माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस यज्ञ के मुख्य आयोजक पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला थे जिन्होंने यज्ञ में स्थानीय समाजवादी पार्टी विधायक सैय्यदा खातून को यज्ञ आयोजन की मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था। हालांकि यह आयोजन पूरी श्रद्धा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और विधायक सैय्यदा ख़ातून ने भी इसमें पूरी श्रद्धा व सम्मान के साथ शिरकत की। परन्तु आयोजन समाप्ति के एक दिन बाद नियोजित तरीक़े से इसी आयोजन में नफ़रत का एंगल साम्प्रदायिकता वादियों द्वारा ढूंढ कर इसे विवादित बना दिया गया। एक स्थानीय छुटभैय्ये भाजपा नेता द्वारा अपनी पार्टी व हिंदू संगठन के अपने चंद साथियों के साथ उसी साम्या माता मंदिर में पहुंचकर मंदिर को गंगाजल से धुलवाया गया। नफ़रत के इन सौदागरों का कहना था कि विधायक सैय्यदा ख़ातून और उनके समाज को जब मंदिर से कुछ लेना-देना नहीं हैं तो फिर वह हमारे धार्मिक स्थल पर क्या करने आई थीं? हम लोग हर मंगलवार यहां पर पूजा करते हैं। वो लोग मांस खाने वाले हैं, पता नहीं क्या खाकर यहां आए और मंदिर को अपवित्र कर गए?

जबकि साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के मुख्य आयोजक और मंदिर प्रमुख पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला का इस विषय पर कहना है कि वह मंदिर मेरा है, और आज से नहीं सदियों से हिंदू और मुसलमान इस मंदिर में आते जाते थे। अलग-अलग धर्म के लोग आज भी मंदिर में जाते हैं। ये विवाद किस बात को लेकर फैला रहे हैं हम? वे सवाल उठाते हैं, अगर एक मुसलमान के मंदिर जाने पर मंदिर अपवित्र हो जाता है तो हिंदू भी तो मुसलमानों के तीर्थ स्थानों पर जाते हैं। तो उन्हें भी उनके स्थलों पर नहीं जाना चाहिए? पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला कहते हैं, हमारे लिए कोई अपवित्र नहीं है। ग्रन्थों में भी यही लिखा है कि मंदिर में जात-पात का कोई भेदभाव नहीं होता है। मंदिर तो धार्मिक स्थल है, वहां कोई भी जाकर के अपना शीश झुका सकता है। सपा विधायक के निमंत्रण पर कृष्णदत्त शुक्ला ने बताया कि जब मंदिर में हमने शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया तो हमारे डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में जितने भी प्रत्याशी थे हमने सभी को न्यौता दिया था। सबको न्यौता देने के बाद जो हमारे पास आया उसका हमने स्वागत किया। पंडित शुक्ला ने स्पष्ट कहा कि -मंदिर हमारा है, हमारा था और हमारा ही रहेगा। वहां आने वालों में हिंदू और मुसलमान का कोई भेदभाव नहीं है। पहले भी जैसे लोग मंदिर आते-जाते थे, आगे भी वैसे ही आएंगे। उधर विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश उपाध्याय का इस पूरे मामले पर कहना था कि साम्या माता के शतचंडी यज्ञ में विधायक को न्यौता दिया गया था। विधायक वहां गईं, वहां के पुजारियों ने विधायक का स्वागत सत्कार किया। फिर वहां कुछ दान करके वह वापस चली आईं। जबकि विधायक सैय्यदा ख़ातून इस विषय पर कहती हैं कि विवाद खड़ा करने वालों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। सोशल मीडिया में और क्षेत्र की जनता के बीच शोहरत पाने के लिए वह ऐसा करते हैं। इन जैसे लोगों की बातों और काम पर मैं ध्यान नहीं देती। ऐसे लोगों को ज़्यादा तवज्जो देने की ज़रूरत नहीं है। विधायक ने कहा कि अगर मेरे क्षेत्र की जनता मुझे बुलाएगी तो मैं ज़रूर जाऊंगी। मेरे लिए मंदिर और मस्जिद, सब खुदा के घर हैं। ऐसे साम्प्रदायिकता वादियों और समाज में ज़हर घोलने वाले नफ़रत के सौदागरों को उनके इस छिछोरेपन का जवाब देने के लिये बातें तो बहुत की जा सकती हैं। परन्तु क्या यह बता सकते हैं कि 6 नवंबर 2005 को देश के सबसे बड़े मंदिरों में से एक दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन जिस समय अक्षरधाम मंदिर के प्रमुख द्वारा देश के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम द्वारा कराया गया था उस समय यह नफ़रत के सौदागर कहां मुंह छुपाये बैठे थे?

# जीबीसी के प्रथम फेज की तैयारी

## यूपी में 10 कंपनियां करेंगी 1.11 लाख करोड़ का निवेश



- डेटा सेंटर पार्क में 30 हजार करोड़ का निवेश
- जालौन में सौर ऊर्जा पार्क का होगा निर्माण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश में प्रदेश सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के प्रथम फेज की तैयारी में जुटी हुई है। फरवरी में हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स के बाद अब तक यूपी को 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। वहीं जीबीसी के पहले फेज में सरकार और उद्यमी 13 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार हैं। प्रथम फेज में निवेश के मामले में जिन टॉप 10 कंपनियों की चर्चा हो रही है उनमें टाटा, हीरानंदानी, टस्को, ग्रीनको जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं। ये कंपनियां प्रदेश के अंदर डेटा सेंटर, रिटेल मार्ट, स्किल डेवलपमेंट और ऊर्जा जैसे सेक्टर में निवेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

जीबीसी के प्रथम फेज में प्रदेश में होने जा रहे सबसे बड़े निवेश की बात करें तो यह एनआईडीपी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (हीरानंदानी) ग्रुप की ओर से गौतमबुद्ध नगर में डेटा सेंटर पार्क के निर्माण में होने जा रहा है। 30 हजार करोड़ का ये निवेश यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में स्थापित करने की तैयारी है। वहीं 27 हजार करोड़ से अधिक का निवेश एनटीपीसी लिमिटेड की ओर से किया जाना है। एनटीपीसी प्रदेश में ऊर्जा सेक्टर में दो संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार है। इनमें एक झांसी में और दूसरा सोनभद्र में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सोनभद्र के ओबरा में सुपर थर्मल पॉवर प्लांट की स्थापना के लिए यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. बोर्ड से अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है। इसके साथ ही 17 हजार करोड़ से अधिक की परियोजना ग्रीनको कंपनी की ओर से सोनभद्र में स्थापित होने जा रही है। ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी प्रकार 8 हजार करोड़ की परियोजना सिफी इनफिनिट स्पेस लिमिटेड की ओर से धरातल पर उतारी जा रही है। ये प्रोजेक्ट आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में है, जिसे नोएडा में डेटा सेंटर की स्थापना हो रही है। ये परियोजना निर्माणाधीन है।

इसके अतिरिक्त 7500 करोड़ की परियोजना एम3एम इंडिया प्रा लिमिटेड की ओर से नोएडा में लगने जा रही है। ये रियल स्टेट की परियोजना है। इसके लिए नोएडा के सेक्टर-94 में 52 हजार वर्ग मीटर भूमि आवंटित की जा चुकी है। साथ ही रेरा से अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है। इसी प्रकार टस्को लिमिटेड की ओर से एक हजार मेगावाट की माताटीला फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना 6500 करोड़ की भी धरातल पर उतरने को तैयार है।

बुंदेलखंड के ललितपुर जिले में इस पार्क की स्थापना होने जा रही है, जिसके लिए सभी अनुमतियां मिल चुकी हैं तथा परियोजना का कार्यान्वयन प्रगति पर है। वहीं बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड की ओर से 6 हजार करोड़ की परियोजना जालौन में धरातल पर उतरने जा रही है। इस परियोजना को भी भारत सरकार की एमएनआरई राष्ट्रीय सौर पार्क योजना के अंतर्गत अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर योगी सरकार की बड़ी तैयारी

**लखनऊ।** अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य श्रीराम मंदिर के उद्घाटन और रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा की तिथि को इतिहास में अमर बनाने में जुटी योगी सरकार इस अभूतपूर्व आयोजन के जरिए प्रदेश के नौनिहालों में भी श्रीराम के आदर्शों को उतारने के लिए संकल्पित है। इस कड़ी में स्कूलों में रामायण से जुड़े प्रसंगों पर चित्रकला, लेखन, वेशभूषा व रामायण गायन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करना है। प्रदेश के सभी बेसिक व माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यही नहीं अयोध्या के विभिन्न घाटों व स्थलों पर रामायण से जुड़ी कलाकृतियों की स्थापना भी की जाएगी। इन कलाकृतियों की आधुनिक रूप से साज-सज्जा प्रस्तावित है। कलाकृतियों के निर्माण का कार्य उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा कराया जाएगा।

# अब पांच साल बाद नए सिरे से बनाई जा सकेगी हर सड़क



- रखरखाव की जिम्मेदारी निर्माण फर्म की होगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब सभी श्रेणियों की सड़कों का पांच साल बाद नवीनीकरण हो सकेगा। पांच साल की अवधि में सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी निर्माण करने वाली फर्म की होगी। इसके लिए उसे सड़क की लागत का 2.5 से 25 प्रतिशत तक अतिरिक्त भुगतान करना होगा।

पीडब्ल्यूडी ने इन बदलावों के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इसे शीघ्र कैबिनेट में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। अभी लागू व्यवस्था में राज्यमार्गों का नवीनीकरण 4, प्रमुख व अन्य जिला मार्गों का 5 और ग्रामीण मार्गों का नवीनीकरण 8 वर्ष बाद किया जाता है। वहीं, राज्य मार्गों, प्रमुख व अन्य जिला मार्गों के लिए दोष निवारण अवधि एक वर्ष और ग्रामीण मार्गों के लिए दो वर्ष लागू है।

प्रस्तावित व्यवस्था में कहा गया है कि सभी श्रेणियों की सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए दीर्घकालिक दोष निवारण अवधि को 5 वर्ष किया जाएगा। इसके लिए ठेकेदार को निश्चित राशि का भुगतान भी होगा।

उच्च श्रेणी के मार्गों यानी राज्य मार्ग, प्रमुख जिला मार्ग, अन्य जिला मार्ग, शहरी मार्ग व बाईपास के मामले में रखरखाव राशि निर्माण लागत की 2.5 प्रतिशत होगी। ग्रामीण मार्गों के मामले में यह लागत की 7.5 प्रतिशत होगी। यह अवधि सड़क का निर्माण पूरा होने पर प्रारंभ मानी जाएगी।

## नाबालिग से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

**औरैया।** औरैया जिले में एरवाकटरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिग बच्ची को दावत खिलाने के बहाने ले जाकर पड़ोस के युवक की ओर से दुष्कर्म करने का सामने आया है। इस मामले में पीड़ित पिता की तहरीर पर थाना पुलिस ने नामजद के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह मजदूरी का काम करता है। उसकी पत्नी का स्वर्गवास हो चुका है। पिता ने आरोप लगाया कि 28 नवंबर की शाम लगभग आठ बजे उसकी नाबालिग पुत्री घर के बाहर लघुशंका करने गई थी। तभी पड़ोस का रहने वाला अंशू जाटव उसे पास में हो रही दावत में खाना खिलाने का बहाना करके बाइक पर बैठा ले गया। यहां आरोपी ने गुरुकुल स्कूल के पास से नगला निवी जाने वाली सड़क के किनारे एक खेत में नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। यही नहीं आरोपी ने पीड़िता को किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

## सीएमएस में तीन दिवसीय 'इसरो स्पेस प्रदर्शनी' का उद्घाटन

# प्रदर्शनी से छात्रों में वैज्ञानिक प्रतिभा निखरेगी : ब्रजेश

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय इसरो स्पेस प्रदर्शनी 'विक्रम साराभाई स्पेस साइन्स प्रदर्शनी' का उद्घाटन आज मुख्य अतिथि श्री ब्रजेश पाठक, उप-मुख्यमंत्री, उ.प्र., ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री नीलेश एम देसाई, डायरेक्टर, एस.ए.सी/इसरो, अहमदाबाद, श्री एन. जे. भट्ट, हेड, वी.एस.एस.ई., अहमदाबाद, श्री एस. पी. व्यास एवं सुश्री रचना पटनायक समेत कई अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिकों व गणमान्य हस्तियों ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया। उद्घाटन समारोह में सी.एम.एस. छात्रों ने देश भर से पधारे गणमान्य अतिथियों के सम्मान में रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। विदित हो कि इस तीन दिवसीय इसरो स्पेस प्रदर्शनी कर आयोजन सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस एवं स्पेस एप्लीकेशन सेन्टर, इसरो, अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 7 से 9 दिसम्बर तक किया जा रहा है। असेम्प्शन समुत्प्रकर्ण स्कूल, थाईलैंड समेत देश भर से भारी संख्या में पधारे छात्र व शिक्षक इस ऐतिहासिक प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं।

इसरो स्पेस प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि छात्रों को वैज्ञानिक सोच व वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करने में यह प्रदर्शनी कामयाब हो रही है, जो कि विज्ञान के क्षेत्र में देश की प्रगति को दर्शाने के साथ ही भावी पीढ़ी की वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारने में अहम साबित होगी। विशिष्ट अतिथि नीलेश एम देसाई, डायरेक्टर, एस.ए.सी, इसरो, अहमदाबाद ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को स्पेस एजेन्सी के बारे में अधिक से अधिक जानने का प्रयास करना चाहिए। सवाल पूछने से विज्ञान की उत्पत्ति होती है। श्री एन. जे. भट्ट, हेड, वी.एस.एस.ई., अहमदाबाद ने कहा कि पहली बार हमने किसी शिक्षण संस्थान के साथ मिलकर प्रदर्शनी लगाई है और हमें बड़ी खुशी है कि छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों में इस प्रदर्शनी को लेकर बहुत उत्साह है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि यह प्रदर्शनी सिर्फ मनोरंजन के लिए ही नहीं अपितु शिक्षा का अभिन्न अंग है, जो सभी छात्रों व जनमानस को अन्तरिक्ष विज्ञान की जानकारियों से रूबरू करायेगी। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि यह प्रदर्शनी देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों से जनमानस को रूबरू कराने की अनूठी पहल है।

## बीबी फातिमा फॉउंडेशन ने गरीब ज़रूरतमंदों को बांटे कंबल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सर्दी का आगमन हो गया लेकिन बहुत से ऐसे गरीब हैं जिनके पास ओढ़ने के लिए कंबल नहीं है। डॉक्टर गुंचा खान ने गरीबों की मजबूरी को बखूबी महसूस किया। गरीबों को इस मुश्किल हालात से निजात दिलाने के लिए कार में कम्बल लादकर विकास नगर में गरीबों की बस्ती का रूख किया। महिलाओं, बच्चों, मोहताज, विधवा इत्यादि के लिए गुंचा खान बहुत ही गंभीरता से काम करती है । डॉक्टर गुंचा खान के नेतृत्व में बीबी फातिमा फॉउंडेशन की टीम ने विकास नगर की गरीब बस्ती पहुंचकर 30 गरीब जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये। कम्बल वितरित करने वाली टीम में डॉक्टर गुंचा खान, मोहम्मद अमन खान और रफत खान मौजूद रहे। इस मौके पर अपने बेहद संक्षिप्त संबोधन में डॉक्टर गुंचा खान ने कहा कि हज़रत मुहम्मद (सअव) ने फरमाया कि लोगों के लिए आसानी पैदा करो, उनके लिए मुश्किलें खड़ी न करो। कहा, ऊपर हिसाब पैसों का नहीं कर्मों का होगा। कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। कम्बल पाने वाले जरूरतमंदों ने दोनों हाथ उठाकर डॉक्टर गुंचा खान और उनकी टीम मेम्बर्स की तरक्की की दुआएं मांगीं।

## साइबर अपराधों से बचने के उपाय सीखें

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल लखनऊ ने समग्र शिक्षा और सांस्कृतिक विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव मनाया। स्कूल के 31वें संस्थापक दिवस पर यह विशेष आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई और छात्रों को अपने ज्ञानवर्धक विचारों से प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध लेखक और पत्रकार गुरचरण दासजी, अंजलि जयपुरिया, उपाध्यक्ष, इंटीग्रल एजुकेशन सोसाइटी, कनक गुप्ता, निदेशक, सेठ एम. आर. जयपुरिया सोसाइटी और उदय आर्य, सह-संस्थापक, ब्लू फाउंडर्स वेंचर्स जैसे गणमान्य लोग मौजूद थे। उद्घाटन के बाद पूरे दिन कई कार्यक्रम हुए। इनमें एक मास्टरशेफ एक्टिविटी के तहत छात्रों और अभिभावकों ने बिना आग खाना पकाने की एक्टिविटी में भागीदारी की और फिर एआई और साइबर सुरक्षा पर एक ज्ञानवर्धक सत्र भी आयोजित किया गया। इस सत्र में छात्रों ने इंटरनेट पर सर्फिंग करते हुए सावधानी बरतने का महत्व और साइबर अपराधों से बचने के उपाय सीखे।

इसके अतिरिक्त स्कूल के मित्रा प्रांगण में 11वीं कक्षा के छात्रों ने सड़क सुरक्षा पर एक नुक्कड़ नाटक किया। अतिथि प्रत्येक क्लब देखने गए और साइंस मॉडलिंग क्लब (जूनियर और सीनियर), बायो क्लब और फिजिक्स क्लब के छात्रों के मॉडलों से काफी प्रभावित हुए। उद्घाटन के दिन पूरे स्कूल में कई संगीत कार्यक्रम भी हुए जैसे कि ऑर्केस्ट्रा, कवि सम्मेलन, गायन संगीत और रॉक बैंड आदि। इसके अलावा, छात्रों की गणित प्रश्नोत्तरी, स्क्रैबल, डंब चारेड्स जैसी कई रोमांचक गतिविधियां दिखीं। प्रोमिनी चोपड़ा, प्रिंसिपल, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल ने कहा, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल लखनऊ के 31वें संस्थापक दिवस समारोह के माध्यम से हम ने समग्र शिक्षा और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शिक्षा देने की हमारी प्रतिबद्धता दिखाई है।

## 10 थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले, तीन इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

- गाजीपुर इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह को विभूतिखंड थाने का प्रभार

**लखनऊ।** कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने एवं शहर में समय पूरा कर चुके इंस्पेक्टरों की रवानगी के मद्देनजर बुधवार को पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर ने बड़ा फेरबदल किया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अनिल कुमार सिंह, बीबीडी इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह और निगोहां थाने के इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव को लाइन हाजिर कर दिया।

वहीं, 10 थाना प्राभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है, जबकि तीन दारोगाओं को थानाध्यक्ष बनाया गया है। पारा थाने के इंस्पेक्टर श्रीकांत राय को ठाकुरगंज थाना प्रभारी, ठाकुरगंज इंस्पेक्टर विकास राय को इंस्पेक्टर गाजीपुर बनाया है।

गाजीपुर इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह को विभूतिखंड थाने का प्रभार दिया है। इंस्पेक्टर अलीगंज नागेश उपाध्याय को प्रभारी निरीक्षक चौक, नगराम इंस्पेक्टर रहे विनोद तिवारी को इंस्पेक्टर अलीगंज, सआदतगंज इंस्पेक्टर अंजनी मिश्र को थाना प्रभारी सुशांत गोल्फ सिटी बनाया है। काकोरी इंस्पेक्टर प्रवीण सिंह को सआदतगंज थाना प्रभारी, विकासनगर थाना प्रभारी वीरेंद्र त्रिपाठी को मोहनलालगंज का चार्ज दिया है। मोहनलालगंज इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य को बाजारखाला कोतवाली प्रभारी, बाजारखाला इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह को बीबीडी का प्रभारी बनाया है।

वहीं, इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा को पारा इंस्पेक्टर, नवाब अहमद को इंस्पेक्टर काकोरी, इंस्पेक्टर सुरेश सिंह को मलिहाबाद कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है। दारोगा विवेक चौधरी को नगराम थानाध्यक्ष, दारोगा विपिन सिंह को विकासनगर थानाध्यक्ष व दारोगा अनुज तिवारी को निगोहां थानाध्यक्ष बनाया है।

# जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत की दरकार

अवधनामा संवाददाता

- टीएमयू मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन और एल्युमिनाई रिलेशन सेल-एआरसी की ओर से आयोजित एल्युमिनाई टाक

**लखनऊ।** जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के संग-संग मेहनत की भी दरकार है, क्योंकि वास्तविक सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। अतः सभी छात्र सरकारी सेवाओं के लिए परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। टीएमयू का बीएससी बीएड का पाठ्यक्रम इस प्रकार से व्यवस्थित है कि टीजीटी के लिए अलग से किसी विशेष तैयारी की आवश्यकता नहीं होगी। टीजीटी के पूरे पाठ्यक्रम का अध्ययन बीएससी बीएड में ही हो जाता है। बाद में केवल अभ्यास की आवश्यकता रहती है। यह मानना है, गवर्नमेंट बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नई दिल्ली में टीजीटी गणित के पद पर नियुक्त एल्युमिना श्री शुभम सागर का। एल्युमिना श्री शुभम तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन और एल्युमिनाई रिलेशन सेल की ओर से आयोजित ऑनलाइन एल्युमिनाई टाक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक छात्र कल्याण प्रो. एमपी सिंह, एल्युमिनाई रिलेशन सेल के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी, बीएससी बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार जैन, बीए बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार लखेरा आदि ने संयुक्त रूप से किया।

प्रो. एमपी सिंह ने बताया, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में एकीकृत अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम को अनिवार्यता दी गई है। एकीकृत शिक्षक शिक्षा का पाठ्यक्रम एनसीटीई ने घोषित किया है। टीएमयू एकीकृत शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम के अंतर्गत बीएससी बीएड और बीए बीएड के एकीकृत पाठ्यक्रम को संचालित कर रही है। भविष्य के शिक्षकों के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रो. सिंह ने कहा, एल्युमिनाई छात्र वर्तमान छात्रों के लिए आदर्श एवं प्रेरणा के स्रोत होते हैं, जिसके कारण उनमें अध्ययन और प्रशिक्षण के प्रति उत्साह का संचार होता है। ज्वाइंट रजिस्ट्रार एआसी प्रो. निखिल रस्तोगी ने एल्युमिनाई को छात्रों का मार्गदर्शक बताते हुए कहा, छात्र सफलता के लिए एल्युमिनाई के बताए पथ का अनुसरण करें। डॉ. विनोद कुमार जैन और डॉ. अशोक कुमार लखेरा बोले, पहले बीएससी बीएड एकीकृत शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम के बारे में जागरूकता की कमी थी, किंतु अब यह अनिवार्य पाठ्यक्रम होने की वजह से जागरूकता की श्रेणी में आ गया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे पीएम

अवधनामा संवाददाता

### प्रधानमंत्री नौ को करेंगे वुर्चअल बातचीत




**लखनऊ।** उतर प्रदेश के 10 जिलों में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे केंद्रीय मंत्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 दिसम्बर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे।

चंदौली में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडे, अमेठी में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, स्मृति जूबिन ईरानी, खीरी में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा, गाजियाबाद में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी. के. सिंह, फतेहपुर में ग्रामीण विकास और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री, साध्वी निरंजन ज्योति व लखनऊ (मोहनलालगंज) में आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर, आगरा में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, जालौन में केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, मिर्जापुर में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री, अनुप्रिया पटेल, मुज्जफरनगर में मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान आदि उपस्थित रहेंगे।

सरकार की प्रमुख योजनाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। महिलाओं के नेतृत्व में विकास सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री का निरंतर प्रयास रहा है।

# 15 जनवरी को लखनऊ में होगी सेना दिवस परेड

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय सेना की सूर्या कमान अगले वर्ष 15 जनवरी को सेना दिवस 2024 की मेजबानी करेगा। लखनऊ में सेना दिवस 2024 के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे एक प्रभावशाली परेड, अलंकरण समारोह, एक सैन्य प्रदर्शन (शौर्य संध्या) और एक भव्य बैंड डिस्प्ले कार्यक्रम। सेना दिवस 2024 और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह सूर्या कमान में आयोजित किया जा रहा है, जो भारत के सुरक्षा मैट्रिक्स में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसकी एक समृद्ध सैन्य विरासत है।

भारतीय सेना की मध्य कमान जिसे सूर्या कमान के नाम से भी जाना जाता है, उसका मुख्यालय लखनऊ में स्थित है। भौगोलिक रूप से इस कमान में 8 राज्यों के क्षेत्र शामिल हैं -उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश का कुछ हिस्सा। यह देश के 31 फीसदी भूमि क्षेत्र को कवर करता है। यह देश के 62 फीसदी सैन्य स्टेशनों और छावनियों का घर है। इसकी स्थापना 1962 के युद्ध के बाद 01 मई 1963 को की गई थी। यह कमान बड़ी संख्या में प्रशिक्षण केंद्रों और बाकी सेना के लिए रसद सहायता प्रणाली का घर है।

इस कमान की उत्तराखंड में तिब्बत की भारत से 540 किलोमीटर लंबी सीमा की रक्षा करने में भी एक परिचालन भूमिका है, जो वर्तमान में चीनी कब्जे में है। यह नेपाल के साथ 1300 किमी लंबी सीमा भी साझा करता है। ये सीमाएँ कमांड थिएटर के रणनीतिक महत्व को दर्शाती हैं। कमांड थिएटर का भूगोल ऐसा है कि इसमें बहुत सारी नदियाँ, पर्वत और बंगाल की खाड़ी के समुद्री तट भी हैं। ये विशेषताएं इस क्षेत्र को प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के लिए प्रवण बनाती हैं।

मध्य कमान थिएटर सैन्य विरासत की समृद्ध विरासत का घर है। प्राचीन काल से कुछ महान सैन्य नवाचारों, जैसे भगवान परशु राम द्वारा फार्सा का अविष्कार, गुप्त राजवंश के स्कंद गुप्त द्वारा घुड़सवार सेना के लिए स्टिरप और कई अन्य, का मूल इस क्षेत्र में है। दरअसल, आजादी की पहली लड़ाई भी मेरठ से ही शुरू हुई थी जो इसी कमान थिएटर का हिस्सा है। यह सबसे बहादुर वीरों की भूमि है क्योंकि चार परमवीर चक्र विजेताओं के अलावा बड़ी संख्या में अन्य वीरता पुरस्कार विजेता भी इसी भूमि से रहे हैं। यह बड़े गर्व की बात है कि पहला सैन्य सम्मान, 1839 में प्रदान किया गया इंडियन ऑर्डर ऑफ मेरिट उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र के एक योग्य पुत्र, बंगाल इंजीनियर्स के सूबेदार देवी सिंह, को दिया गया था।

मध्य कमान भारतीय सेना में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। कमांड में 17 प्रशिक्षण केंद्र हैं, जहां भारतीय सेना के 30 फीसदी सैनिकों को प्रशिक्षित किया जाता है। इसमें आर्मी वॉर कॉलेज, महू, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज, लखनऊ, ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गया और ऐतिहासिक भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून जैसे प्रशिक्षण प्रतिष्ठान भी शामिल हैं, जो हमारे देश की सामूहिक स्मृति में एक प्रतीक के रूप में अंकित हैं।

## अज़मत फ़ातमा को गोल्ड मेडल मिलने पर दी बधाई

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** 66वें दीक्षान्त समारोह 2023 का आयोजन समारोह में नवाबज़ादा सैयद मासूम रज़ा, एडवोकेट और उनकी बेगम नसीमा रज़ा अपनी भतीजी अज़मत फ़ातमा के साथ गार्डियन के तौर पर इस कन्वोकेशन में शामिल हुई। अज़मत फ़ातमा को आनंदीबेन पटेल, राजपाल उत्तर प्रदेश एवं कुलाधिपति, लखनऊ के हाथों गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट से नवाज़ गया। नवाबज़ादा रज़ा और उनकी बेगम ने अज़मत फ़ातमा को दिली मुबारकबाद दी और उनकी लंबी उम्र की दुआएँ दी। मेडल पाने के बाद अज़मत फ़ातमा ने अपनी ख़ुशी का इज़हार किया और आगे कहा कि वह अपनी सफलता का श्रेय अपने मां बाप को देती हैं। उन्हें पढ़ने के लिए उनके माता पिता ने कभी कोई कमी नही की। गोल्ड मेडल मिलने पर वह उनके माता पिता और सभी रिश्तेदार बेहद खुश हैं। अज़मत फ़ातमा ने आगे कहा कि वह आईएएस बनना चाहती हैं और इसके लिए अधिक से अधिक मेहनत कर इस मुकाम को हासिल करना चाहूँगी। अज़मत ने आगे कहा कि गोल्ड मेडल जीतने के बाद मेरी जिम्मेदारी अब और भी बढ़ गई है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम विकास खण्ड पिहानी के ग्राम ऐठाखेडा व पतरास में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रजनी तिवारी द्वारा दोनो ग्रामों में यात्रा कार्यकम की आगवानी की गई। जिसमें ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेयी ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी भी उपस्थिति रहे। विकास खण्ड टडियावां में ग्राम रावल में मुख्य अतिथि विधायक श्याम प्रकाश, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम अयारी में ब्लाक प्रमुख रवि प्रकाश, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम कसमण्डी में विधायक प्रभाष कुमार, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, अहिरोरी विकास खण्ड के ग्राम करीमनगर सैदापुर में भाजपा मण्डल अध्यक्ष अर्जुन सिंह चन्देल, विकास खण्ड सुरसा के ग्राम सुगंवा में समाज सेवी धंनजय मिश्रा ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, सुरसा विकास खण्ड के ही ग्राम हुसियापुर में भाजपा मण्डल अध्यक्ष रजनीश कुमार, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड बिलग्राम के ग्राम कुतुआपुर में ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र कुमार सिंह, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड साण्डी के ग्राम सेमरिया में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम बरनई चतरखा में ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड बावन की



ग्राम रामपुर जटौली व ऐजा में भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम पहतोईया व उत्तरकौध में भाजपा मण्डल अध्यक्ष, ग्राम प्रधान एवं खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड भरावन के ग्राम पीपरगांव में जिला पंचायत सदस्य ओम प्रकाश अर्कवंशी, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी व रूदौले नेवादा में समाज सेबी, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी भी मौजूद रहे। विकास खण्ड मल्लावां के ग्राम मझियाजफरपुर में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड माधौगंज के ग्राम शाहपुर बसुदेव व सरायऊद में भजपा मण्डल अध्यक्ष रत्नेश सिंह, ग्राम प्रधान एवं खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड भरखनी के ग्राम भाभरकेशवेंपुर में श्याम सिंह, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम मैकपुर में ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड शाहाबाद में ग्राम कचूरा व गदाईपुर में ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। मुख्य अतिथि जन प्रतिनिधियों द्वारा ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुये बताया कि यह कार्यकम समस्त योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को संतृप्त करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस हेतु सभी अधिकारी व कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से कार्य कर समस्त योजनओं के पात्र लाभार्थी को लाभान्वित करें।

# 66वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने छात्रा को स्वर्ण पदक देकर किया सम्मानित

■ हरदोई की बेटी ने सम्पूर्ण प्रदेश में जनपद का नाम रोशन किया है: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** की बेटी नेहा पुत्री कैलाश नाथ निवासी ग्राम सेलापुर ब्लाक माधौगंज को 66वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान छात्रा को वर्ष 2023 में मास्टर डिग्री के विषय गणित में पूरे विश्वविद्यालय लखनऊ कैंपस में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रदान किया गया। छात्रा नेहा वर्मा ने कहा इस पदक का मकसद तभी पूर्ण होगा, जब हम ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को



शिक्षा क्षेत्र मे मुख्य धारा में जोड़कर बराबरी का दर्जा दे सके। नेहा वर्मा के पिता एक मध्यमवर्गीय किसान है। सीमित संसाधनों के साथ दृढ़ इच्छा शक्ति व कठिन परिश्रम से नेहा ने यह उपलब्धि हासिल की। स्नातक के बाद उन्होंने एम0ए0की परीक्षा उत्तीर्थ कर शिक्षा को जारी रखा। वह इस सफलता से काफी उत्साहित है। उनका लक्ष्य प्रशासनिक सेवा में पहुंचकर महिलाओं के हक अधिकार की आवाज बनकर न्याय दिलाना है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने नेहा की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि हरदोई की बेटी नेहा ने सम्पूर्ण प्रदेश में जनपद का नाम रोशन किया है। वह जनपद की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री राज्य रजनी तिवारी, पद्मश्री बलराम भार्गव, पूर्व डीजीपी योगेंद्र उपाध्याय आदि प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# अतिवीर सिंह यादव को बेहतर शिक्षा देने के लिए किया गया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** इटावा में एमनीव ग्रुप के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहे है। यहां उनके द्वारा माउंट लिट्रा जी स्कूल का संचालन किया जा रहा है। उनके इन कार्यो को देखते हुए कानपुर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार की वाणिज्यकर मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उन्हें सम्मानित किया। इटावा शहर में अतिवीर सिंह यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में पिछले वर्षो में बेहतरीन कार्य करके एक बड़ा मुकाम हासिल किया है और शिक्षा जगत में उनका नाम काफी प्रमुखता से लिया जाता है।



उनके विद्यालय से शिक्षित हुए बच्चों ने उम्दा प्रदर्शन से अपनी एक पहचान बनाई है और विभिन्न क्षेत्रों में कामयाबी भी हासिल कर रहे हैं। यह अतिवीर सिंह यादव की बड़ी सफलता है। इसके बाद भी वे लगातार शिक्षा के क्षेत्र में अपना बेहतर से बेहतर देने के लिए कार्य कर रहे हैं उनकी इस योग्यता क्षमता और लगनशीलता को एचडी मीडिया ने आंका और उन्हें सम्मानित कराया गया। अतिवीर सिंह यादव ने बताया कि वे लगन निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपना कार्य कर रहे है। बच्चों का भविष्य संवार कर उन्हें राष्ट्र के लिए एक बेहतर नागरिक बनाने की प्रयास में जुटे हुए हैं उन्होंने कहा कि माउंट लिट्रा जी स्कूल में बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा दी जा रही है ताकि वह भविष्य में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें। उनका विद्यालय बच्चों के सपनो को साकार करने का एक प्लेटफार्म बन गया है। खास बात यह है कि यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं और यह संस्कारित बच्चे विकसित भारत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान करेंगे।

# मोटे अनाज के लिए जन जागरूकता रैली निकाली

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** किशोरी रमन स्नातकोत्तर महाविद्यालय मथुरा में 11 उत्तर प्रदेश वाहिनी एन सी सी मथुरा के कमान अधिकारी कर्नल रजत पांडे के निर्देशन में मोटे अनाज के लिए जन जागरूकता रेली निकली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ( डॉ) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर मोटे अनाज के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि यह अनाज स्वादिष्ट होने के साथ साथ शरीर के लिए लाभदायक भी होते हैं। इनमे कई प्रकार के पोशक तत्व जैसे फाइबर, प्रोटीन, आयरन और अमीनो एसिड होते हैं। इसलिए इन अनाजों का हमें अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। एनसीसी इंचार्ज लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक ने बताया कि मोटे अनाज एंटी एजिंग गुणों से भी भरपूर होते है। जीसीआई गायत्री सोरो ने कहा कि मोटे अनाज की फसल को कम सिंचाई वाले क्षेत्र में भी आसानी से उगाया जा सकता है। नायब सूबेदार हरदीप सिंह ने रैली के दौरान कैडेटों का उत्साहवर्धन करते हुए मोटे अनाज के महत्व के संबंधित नारे लगवाए। यह रैली भैंस बहोरा, डैंपियर नगर, पंजाबी पेचे, कैलाश नगर आदि स्थानों से होते हुए महाविद्यालय में आकर संपन्न हुई । जिसमे एनसीसी के लगभग 90 कैडेटों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। एनएसएस अधिकारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ अजय कुमार उपाध्याय ने रैली की व्यवस्था को संभाला।

## करोड़ों की सरकारी जमीन पर भू माफियाओं का अवैध कब्जा

**मथुरा।** मथुरा वृन्दावन नगर निगम के अंतर्गत वार्ड सं0- 55 का गोविन्द नगर डी सेक्टर का है। गोविन्द नगर डी सेक्टर जलकल कम्पाउण्ड व कृष्ण नगर स्थित नवीन नगर निगम कार्यालय (निमार्णाधीन) के पीछे नाले के विपरीत दिशा में है। गोविन्द नगर डी सेक्टर में नाले से लगी बेहद कीमती नगर निगम की जमीन पड़ी हुई है उक्त जमीन पर भूमाफियों द्वारा विगत 13 वर्षो से कब्जे के निरंतर अनेकानेक प्रयास किए गए। लेकिन कोलॉनिवासियों के संघर्ष एवं असीम प्रयास के परिणामस्वरूप भूमाफिया कब्जा करने में विफल रहे। वर्ष 2016 में तत्कालीन नगरपालिका परिषद, मथुरा की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा गुप्ता द्वारा उक्त जमीन को पार्क घोषित करते हुए अधिशासी अधिकारी व सहायक अभियंता (निर्माण) को निर्देशित करते हुए पार्क आगणन तैयार कराया । परंतु नगर निगम बनते ही उक्त प्रकरण ठण्डे बस्ते में चला गया। वर्तमान में भी उक्त नगर निगम की जमीन को कब्जाने की सम्भावना यथावत है। स्वच्छ वातावरण के लिए पेड़ पौधे,हरियाली जनमानस की मूलभूत आवश्यकता है कोलोनीवासियों को अभी भी अपने पार्क का इंतजार है।

हम आपको अवगत करा दें कि उक्त प्रकरण कई बार कॉलोनीवासियों और युवा समाजसेवी कौशल किशोर गौतम ने मथुरा वृंदावन नगर निगम प्रशासन व जिला प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष समय - समय पर उठाया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रमुख चौराहे पर रोज लग रहा जाम

**हरदोई।** बिलग्राम नगर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधर नहीं रही है। प्रमुख सड़कों से लेकर बाजार में रोज जाम लग रहा है। शाम 4:30 बजे चौराहे पर आधे घंटे से ज्यादा देर तक जाम लगा। इससे लोग परेशान हुए।बिलग्राम चौराहे पर जाम लगने से बजार रोड सांडी रोड, हरदोई रोड कानपुर रोड तरफ वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। शाम 4:30 से 5:00 बजे तक सैकड़ों वाहन चालक, राहगीर परेशान हुए। यहां जाम लगना आम बात हो गई है। नियमों का पालन नहीं होने से जाम लग रहा है। रोड पर कुछ फोर व्हीलर स्थायी रूप से खड़े रहते हैं। जिससे जाम लगता है।

### प्रभारी निरीक्षक ने वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था देखी




**बिलग्राम हरदोई।** नगर क्षेत्र में पुलिस ने भ्रमण कर वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था देखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने नगर में पुलिस बल के साथ खुद भ्रमण किया और भीड़भाड़ वाली जगहों पर लोगों से बात की इसके अलावा उन्होंने वित्तीय संस्थान जैसे बैंक एटीएम को भी चेक किया नगर के केनरा बैंक में लगे एटीएम में एक साथ कयी लोगों को पाया तो उन्होंने फटकार लगाई साथ ही सब को बाहर निकालकर एक एक व्यक्ति को अंदर जाने की सलाह दी, उन्होंने लोगों को समझाते हुए कहा कि एक साथ कयी लोगों के एटीएम कक्ष में प्रवेश करने से उसके एटीएम कार्ड के पिन की गोपनीयता भंग हो सकती है। इसलिए एक बार में सिर्फ एक ही व्यक्ति एटीएम कक्ष के अंदर जाये। इसके अलावा वहां लगे सीसीटीवी कैमरों और सायरन को भी चेक किया।

### सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल महामंत्री धर्मेंद्र जैन जिला संगठन मंत्री रजीत सिंह यादव के नेतृत्व में लक्ष्मीपुरम कॉलोनी के निवासियों ने जल भराव की समस्या को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा लक्ष्मीपुरम कॉलोनी गेट नंबर 1 पचौरी वाली गली पूरी तरह से गली में नाली का गंदा पानी भरा हुआ है गंदा पानी निकालने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है गंदा पानी भरे होने के कारण संक्रमित बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। स्कूल जाने वाले बच्चे आए दिन पानी में गिरते हैं लक्ष्मीपुरम कॉलोनी की गली का खारिंजा नाली बनवाए जाने की मांग की।ज्ञापन देने वालों में युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा सभासद मीरा देवी राम खिलाड़ी ओम सिंह योगेंद्र सिंह यतेंद्र अनिल कुमार शिवराज सिंह हरकेश बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

### भाभी ने खाया जहर देवर ने लगाई फांसी, दोनों की मौत

**मथुरा।** कोसीकलां थाना क्षेत्र की चौकी गोपाल बाग के अंतर्गत आने वाले गांव राजा गाड़ी में विवाहिता गौरी पत्नी कृष्णा ने मंगलवार की रात गृह क्लेश के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसके बाद मौके पर मौजूद परिजनों में हड़कंप मच गया। आननफानन में परिजन विवाहिता महिला को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस दौरान बुधवार को उपचार के दौरान गौरी की मौत हो गई जैसे ही भाभी की मौत की सूचना देवर को मिली तभी उसने भी अपने ही घर मे गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों घटनाओं से पूरे परिवार सहित गाँव मे हड़कंप मच गया। मृतकों के घर पर गांव के लोगो का जमावड़ा लग गया। मोके पर स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर युवक के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी ओर एक पुलिस टीम को मृतका के शव को लेने फरीदाबाद स्थित अस्पताल में भेजा है।

# दरगाह वारसी पर आयोजित उर्स में हुए विभिन्न कार्यक्रम

वहाज अली निहाल

■ ग़ुस्ल, मेहफिले सिमा के बाद हुई चादर व गागरें पेश

**इटावा।** दरगाह हज़रत अबुल हसन शाह वारसी कटरा शहाब खां में 99 वें सालाना उर्स के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उर्स मुबारक में बाहरी जनपदों सहित जिले के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दरगाह हज़रत अबुल हसन शाह वारसी की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया कि दरगाह वारसी पर आयोजित उर्स के दूसरे दिन बाद नमाजे फज्र कुरान ख्वानी का आयोजन किया गया शाम 4:00 बजे नजर मोलाए कायनात हुई, रात 1:10 पर कुल शरीफ हजरत सैयद अबुल हसन शाह वारसी का हुआ जिसमे रामपुर से आये कव्वाल दानिश मूनिस, बरेली से आये कव्वाल फैजान जीशान व देवा शरीफ से आये कव्वाल अफ्फान ने बेहतरीन कलाम पेश किए। कार्यक्रम में बाहरी जनपदों सहित स्थानीय महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर शिरकत



कर मुल्क में अमनचैन की अल्लाह से दुआ की। मुम्बई से आये पारसी परिवार ने दरगाह पर सन्दल शरीफ के साथ चादरें पेश की। कलकत्ता से आये हाजी अली वारसी के पुत्र शब्बीर अली और भतीजे शहजी वारसी की तरफ से नजर पेश की गई साथ ही इन्ही की देखरेख में दरगाह वारसी में कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। शेख अमीर हसन की ओर से दरगाह पर शानोशौकत के साथ गागर शरीफ पेश की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की।

# अलका उपमन्यु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मथुरा पोक्सो कोर्ट की स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु एडवोकेट को विशेष प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार के अभियोजन निदेशालय के अपर पुलिस महानिदेशक दिपेश जुनेजा द्वारा जारी किए प्रशस्ति पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही 2 वर्षीय कार्य योजना के दौरान 25 मार्च 2020 से 31 जुलाई 2023 के मध्य पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत वादों का कुशल एवं दक्ष अभियोजन करते हुए आप द्वारा तीन मामलों में अभियुक्तगणों को मृत्यु दंड से दंडित कराया गया। यह अभियोजन के प्रति आपकी उत्कृष्ट समर्पण कार्य दक्षता और उच्च कोटि के विधिक ज्ञान को प्रदर्शित करता है और इस कार्य के लिए आपकी भूरी भूरी प्रशंसा की जाती है। उत्तर प्रदेश अभियोजन निदेशालय द्वारा जारी किए गए इस प्रशस्ति पत्र को आज जिला मुख्यालय पर संयुक्त निदेशक अभियोजन श्री चंद्र प्रकाश चौधरी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर चौधरी ने कहा अलका उपमन्यु स्पेशल डीजीसी पोक्सो कोर्ट के द्वारा जिले में उच्च स्तरीय विधिक कार्य किया गया है।

## 17 दिसम्बर को पेंशनर दिवस मनाया जायेगा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वरिष्ठ कोषाधिकारी मुन्ना लाल शुक्ल ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन के वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 के शासनादेश के द्वारा राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण हेतु प्रतिवर्ष 17 दिसम्बर को एक बार पेंशनर दिवस पूरे प्रदेश में सभी जनपदों में आयोजित किये जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। पेंशनर दिवस में जनपद के प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष भी प्रतिभाग करेंगे, ताकि पेंशनरों की ऐसी समस्याऐं, जिनका निराकरण कार्यालयध्यक्षों द्वारा किया जाना है की सुनवाई हो सके एवं उन पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

# शब्दाक्षर साहित्योत्सव में शायर योगेश कुमार बेखुद और सोनी शर्मा सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** गत दिवस हरिद्वार में राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शब्दाक्षर साहित्योत्सव 2023 में मथुरा से शायर योगेश कुमार बेखुद और सोनी शर्मा को भी संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में देशभर के विभिन्न राज्यों के 164 जिलों से साहित्यकारो का समागम हुआ। शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह ने साहित्योत्सव सफल आयोजन के लिए देशभर से आये हुए साहित्यकारो का आभार व्यक्त किया । इस मौके पर बृहद कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमे विभिन्न राज्यों के दर्जनों कवियों ने कविता पाठ कर वाहवाही लूटी।

कवि सम्मेलन में रवि प्रताप सिंह, दया शंकर मिश्र,अनामिका सिंह, डा. कुमारी रश्मि प्रियदर्शिनी, सागर शर्मा आजाद अजय श्रीवास्तव मदहोश , अक्षय राज शर्मा, निशांत सिंह गुलशन, डा. आदर्श प्रकाश, साधना प्रकाश,पदम सिंह चौधरी, नीता श्रीवास्तव, मधु सक्सेना, मीना शर्मा, नीलिमा मिश्र, श्यामल मजूमदार, डा. संजय त्रिपाठी, सुमन सुरभि,विनोद कुमार सिंह, योगेश कुमार बेखुद , सोनी शर्मा, सपना पांडे, शशि कांत मिश्र शशि,संत कुमार वाजपेई संत,राजकुमार प्रतापगढ़िया, कृष्णा राजपुरोहित, डा. स्मृति कुलश्रेष्ठ, प्रो . नूतन शर्मा, मनोज हिंदुस्तानी, कुसुम सोनी अग्नि , मधु पारख, बलवान सिंह मानव , राजीव खरे, लखन अनजान, सविता बांगड़, हाकम भारद्वाज,सुधा मिश्रा द्विवेदी, केवल कोठारी, लिंगम चिरंजीव राव, अमन शुक्ला शशांक अरविंद दुबे, राजकुमारी थर्रान, आशा साहनी, डा. कुशवाहा आदि कवि कवियित्रियों ने सुमधुर स्वर में अपनी कवितायें पढ़ीं।

# मौलाना आसिम बिहारी की पुण्यतिथि पर 'पसमांदा जनचेतना संवाद का आयोजन'

सोची समझी साजिश के तहत मुस्लिम दलित आरक्षण पर प्रेडेंशियल रोक लगाई गई: मुख्तार

■ हमें मौलाना आसिम बिहारी के संघर्ष को आगे ले जाने की जरूरत: नूरूल हक

अवधनामा संवाददाता



**वाराणसी।** पिछड़े मुसलमानों के लिये संघर्षरत सामाजिक संगठन ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने पसमांदा जननायक मौलाना आसिम बिहारी की 70वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संगठन ने 'पसमांदा जनचेतना सम्मेलन का आयोजन वाराणसी स्थित लोहता में किया। जिसकी अध्यक्षता नूरुलहक ने करते हुए कहा पसमांदा मुसलमानों को जागरुक करने के लिये हमें और मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें मौलाना आसिम बिहारी के संघर्ष को आगे ले जाने की जरूरत है।

महानगर अध्यक्ष नूर आलम अंसारी ने कमेटी मजबूत करने की बात कही उन्होंने कहा हमें पढ़े-लिखे लोगों को जोड़कर उसकी लिस्ट प्रदेश कार्यालय लखनऊ में जल्द जमा करनी है। उन्होंने बुनकरों की हालत पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि एक ज़माना था की वाराणसी साड़ी पूरे देश में बनारस की पहचान होती थी।

मगर अब वह पहचाना खोती सी जा रही है, आज बुनकर बिजली की संकट से जूझ रहा है, उन्होंने कहा कि हमारा संगठन आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज का एक प्रतिनिधिमंडल बुनकरों के हित में मंत्री दानिश आजाद से मिल चुका है, उन्होंने आश्वासन भी दिया है कि इस समस्या का समाधान जल्द होगा। हम जल्द ही विद्युत मंत्री ए.के. शर्मा जी से भी मिलेंगे और इस समस्या का समाधान करके ही रहेंगे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता अमीन अंसारी ने कहा कि आजतक राजनीतिक पार्टियों ने हमारे भले की बात कर हमारे वोट लेते रहे मगर किसी ने हमारे समाज का भला नहीं किया। उत्तर प्रदेश के प्रवक्ता मुख्तार अंसारी ने संविधान के अधिकार की बात कही, उन्होंने कहा कि सोची समझी साजिश के तहत आर्टिकल 341 के पैरा 3 को 10 अगस्त, 1950 में मुस्लिम दलित आरक्षण पर प्रेडेंशियल आदेश के तहत रोक लगाई गई, जिससे कि पसमांदा मुसलमानों की हालत बद से बत्तर हो गई, आजादी के 76 साल बाद भी उच्च वर्ग के मुसलमानों ने जिनकी हिस्सेदारी राजनीति, शिक्षा आदि में सर्वोच्च है, उन्होंने कभी आर्टिकल 341 के पैरा 3 पर सरकार से बात नहीं की। इस अवसर पर सगीर अंसारी, कलीमुद्दीन सरदार, नियाज सलमानी, राजू हाफिज जी, हनीफ सलमानी, कादिर महतो, सरदार इलियास, शमशू अंसारी, सुल्तान अंसारी, रियासुद्दीन इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# धड़ल्ले से चल रहा हरे पेड़ों पर आरा वन विभाग बना बैठा दृष्टिहीन

अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम।** तहसील कार्यालय से महज कुछ दूरी पर स्थित वन विभाग कार्यालय है। जिसमें अधिकारी व अधीनस्थों सहित अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी रहती है। वेतन भी हर माह सरकार से प्राप्त करते हैं। जिसके बदले में तहसील की रेंज में पेड़ों की सुरक्षा व वृक्षारोपण की जिम्मेदारी भी इन्हीं कर्मचारियों की ही बनती है।लेकिन यह सब कार्य कागजों पर निपटाने की पुरानी परंपरा आज भी बदस्तूर जारी है। कभी रात के अंधेरे में तो कभी दिनदहाड़े हरे पेड़ों पर लोगों द्वारा आरे चलवाने के कारण वृक्षारोपण अभियान को पलीता लगाते हुए लकड़ी ठेकेदार दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं।लेकिन तहसील मुख्यालय पर काबिज अधिकारी को अवैध रूप से प्रतिबंधित लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राली व लोडर नहीं दिखलाई पड़ते।जो बेहद चिन्तनीय व विचारणीय प्रश्न है। जिसका उत्तर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी भले ही न दे सकें लेकिन विश्वत सूत्रों से जो प्राप्त होता है उसके अनुसार विभाग द्वारा प्रतिबंधित वृक्षों के कटान की सुविधा निष्प्रयोज्य पेड़ घोषित करने के साथ लोगों को चढ़ावे के साथ प्रदान की जाती है।अगर कोई बाग नष्ट करने का इरादा हो तो विभागीय मिलीभगत से पांच पेड़ो पर आरा चलवाने की छूट मिलती है। फिर इसी प्रकार उनकी जड़ खोदकर पुनः पांच पेड़ काटते हुए क्रमशः यही कार्य चलता रहता है। फिर यदि पुलिस लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली,पिकअप डाला पकड़ने की कोशिश करे तो अनुमति पत्र दिखा कर मामले को रफा दफा कर देते हैं। अगर लोगों की बातों व आरोपों को गहनता से सोंचें तो शायद ही वन विभाग के पास वृक्षों की गिनती और रेंज के अंदर वनों का हिसाब हो।हां इतना जरूर हो सकता है कि क्षेत्र में किस दिन कितना अवैध कटान करवाकर लाभ होगा जिससे जेभें भरी जाएं।कुछ इसी प्रकार के आरोप लोग उस समय लगाते हैं जब बड़ी संख्या में हरे पेड़ों को काटकर लकड़ी लदे हुए वाहन बड़े आराम से नगर व चौराहा से गुजरते जहां हर समय पुलिस मौजूद रहती है।

# हज पर जाने के लिये करें 20 दिसम्बर तक आवेदन

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया है कि हज पर जाने वाले इच्छुक आवेदन करने वाले यात्रियों को आनलाइन हज कमेटी आफ इण्डिया की बेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर 20 दिसम्बर 2023 तक भरे जाने के लिये दिशा-निर्देश उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति लखनऊ द्वारा जारी किये गये है। उन्होंने बताया कि हज-2024 आवेदक की निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व भारतीय अन्तराष्ट्रीय पासपोर्ट जारी होना व उसकी वैधता 31 जनवरी 2025 तक होना आवश्यक है। आवेदन करते समय कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं करना होगा केवल चयनित आवेदको को प्रोसेसिंग शुल्क रू0 300.00 मात्र जमा करना होगा। एक कवर में एक परिवार के अधिकतम पाँच एवं न्यूनतम एक व्यस्क व दो इंफेण्ट आवेदन कर सकेंगे। 70 वर्ष से ऊपर के कवर में केवल चार व्यस्क आवेदन कर सकते है जिनमें दो 70 वर्ष के व दो सहयोगी के रूप में आवेदन कर सकते है। बिना महरम श्रेणी की महिलायें जिनकी आयु आवेदन के समय 45 वर्ष से कम न हो वह महिलाएं अकेले अथवा अधिकतम पाँच महिलाओं के ग्रुप में आवेदन कर सकती है। उन्हे Ladies without mehrum कैटेगिरी में रखा जायेगा। जिन हज आवेदक की आयु 03 दिसम्बर 2023 को 70 वर्ष या उससे अधिक होगी उन्हे एक सहयोगी के साथ जिसकी आयु 70 वर्ष से कम हो आवेदन की सुविधा है सहयोगी के रूप में केवल पति/पत्नी, भाई/ बहन, लड़का/लड़की, पोता/ पोती, नवासा/नवासी, दमाद/बहु, भांजा /भांजी, भतीजा/ भतीजी मान्य है। 70 वर्ष से अधिक है आयु का कोई आवेदक अकेले रिजर्व श्रेणी में आवेदन नहीं कर सकेगा। यदि पति/पत्नी दोनो 70 वर्ष से अधिक है तो वह अपने साथ दो सहयोगी ले जा सकते है। हज-2023 में लखनऊ से जाने वाले यात्रियों को रू0 3,60,348/- व दिल्ली से रू0 3,44,867/- जमा करना पड़ा था। हज-2024 हेतु अभी अंतिम रूप से कुल खर्च का निर्धारण नहीं हुआ है। केवल दो किस्तो की सूचना हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा दी गयी है जिसमे प्रथम किस्त रू0 81,500/- व द्वितीय किस्त के रूप मे रू0 1,70000/- है। दूसरी व अंतिम किस्त की सूचना बाद में दी जायेगी। आवेदन में किसी प्रकार की कठिनाई आने पर हज कमेटी आफ इण्डिया, मुम्बई के हेल्पलाइन नं0 पर सम्पर्क किया जा सकता है अथवा उ0प्र0 राज्य हज समिति अथवा जिला स्तर पर स्थापित किये गये हज-ई सुविधा केन्द्र /हज फैसिलीटेशन सेंटर मदरसा हामिदुल मदारिस, पिहानी, मदरसा जामिया सैय्यदुल अबरार, शाहाबाद, मदरसा अलहुदा कन्हई पुरवा, मदरसा जामिया फुरकानिया काजियाना सण्डीला एवं मदरसा अशरफुल मदारिस सिनेमा रोड के मदरसों में स्थापित किये गये है। इसलिए कृपया ऊपर बताई गई समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

# आमिर खान को बिलकुल नहीं पसंद है एनिमल जैसी फिल्में

## हिंसा और सेक्स का इस्तेमाल करने वाले कहानीकारों को कहा घटिया



फिल्मों में हिंसा और सेक्स का इस्तेमाल करने वाले घटिया कहानीकारों के बारे में आमिर खान का पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। आमिर का ये वीडियो देखकर नेटिज़न्स उन्हें गजनी की याद दिलाई है। संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी है। एनिमल की

सफलता : फिल्मों में हिंसा और सेक्स का इस्तेमाल करने वाले घटिया कहानीकारों के बारे में आमिर खान का पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। आमिर का ये वीडियो देखकर नेटिज़न्स उन्हें गजनी की याद दिलाई है। संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी है। प्रशंसक रणबीर कपूर के प्रदर्शन से आश्चर्यचकित हैं, और दर्शक फिल्म के महाकाव्य दृश्यों के बारे में बात कर रहे हैं। हालाँकि, संदीप रेड्डी वांगा को अपनी फिल्मों में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के लिए आलोचकों की भारी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। जिन दृश्यों में रणबीर कपूर ने रश्मिका मंदाना का गला दबाया था, वहीं तृप्ति डिमरी को जूते चाटने के लिए कहा था, जिससे नारीवादी नाराज हो गए हैं। दूसरों को लगा कि रणबीर कपूर और तृप्ति डिमरी का नग्न दृश्य अनुचित था। कई लोगों का मानना है कि यह समाज के लिए चिंताजनक है कि एनिमल जैसे जहरीले मर्दाना किरदारों से भरी फिल्म को बड़ी संख्या में लोग आकर्षित कर रहे हैं।आमिर खान ने एक बार एक इंटरव्यू दिया था जिसमें उन्होंने कहा था कि फिल्म निर्माता जो अक्षम कहानीकार हैं, वे कहानियां कहने के लिए बहुत अधिक सेक्स और हिंसा का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि सेक्स का उपयोग उत्तेजना के साधन के रूप में किया जाता है और यह शोषणकारी है। 1990 के दशक का पुराना वीडियो हर तरफ वायरल हो रहा है. लेकिन नेटिज़न्स ने उन्हें याद दिलाया है कि फिल्म निर्माण और कहानी कहने का तरीका काफी बदल गया है। उन्होंने कहा कि फिल्में हकीकत के ज्यादा करीब होती हैं। अन्य लोगों ने उन्हें बताया कि उन्होंने सबसे हिंसक भारतीय फिल्मों में से एक गजनी में काम किया था, और उन्होंने देल्ही बेली का भी निर्माण किया था जो कि व्यंग्य और गालियों से भरी थी। प्रशंसकों ने उन्हें मार्टिन स्कोर्सेसे और क्वेंटिन टारनटिनो जैसे महान फिल्म निर्माताओं की भी याद दिलाई, जिन्होंने ऐसी क्लासिक फिल्में बनाई थीं जिनमें सेक्स और हिंसा दोनों की प्रचुरता थी। दरअसल, शाहरुख खान के उस पुराने वीडियो को भी काफी ट्रोल किया जा रहा है जिसमें वह महिलाओं के साथ सही व्यवहार करने वाली फिल्में करने की बात करते हैं।



द आर्चीज़ के स्क्रीनिंग पर मैरून डीप नैक गाउन में दिखी सुहाना खान

## तारक मेहता का उल्टा चश्मा को मिली नई मिसेज सोढ़ी

छोटी पर्दे का मशहूर कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा बीते काफी समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो के एक-एक किरदार और इसकी कहानी दर्शकों को बेहद पसंद आती है। यह वजह है कि इतने साल बाद भी इस शो का क्रेज लोगों के बीच अब भी बना हुआ है। इस सीरियल के सभी कलाकार अपने किरदार में इस तरह डूब चुके हैं कि दर्शक इन्हें उनके असली नाम से नहीं बल्कि इनके किरदारों के नाम से जानता है। शो के इन्हीं किरदारों में से एक मिसेज सोढी उर्फ जेनिफर मिस्त्री भी बीते 15 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रही थीं। हालांकि, पिछले दिनों जेनिफर ने %तारक मेहता% के निर्माता असित मोदी पर यौण शोषण के गंभीर आरोप लगाते हुए इसे छोड़ दिया। शो से उनके जाने के बाद से ही हर कोई निराश था, लेकिन इस बीच अब तारक मेहता का उल्टा चश्मा में नई मिसेज रोशन की एंट्री हो गई है। पिछले काफी दिनों से तारक मेहता का उल्टा चश्मा विवादों में घिरा हुआ है। शो से अचानक पुराने तारक मेहता यानी शैलेश लोढ़ा का चले जाना हो या फिर जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल के असित मोदी पर लगाए गए आरोप।

# अयोध्या की गलियों से निकली दत्तक पुत्र की कहानी

अजरूरी नहीं कि खून के ही रिश्ते ही अच्छे होते हैं। कभी -कभी खून के रिश्ते अपने परिवार के साथ मुसीबत में खड़े नहीं होते हैं। किसी भी रिश्ते की बुनियाद मन की भावनाओं पर टिकी होती है। फिल्म दत्तक पुत्र की कहानी एक ऐसे पिता पुत्र की भावनात्मक रिश्ते पर आधरित है। पुत्र पिता की अहमियत को समझ जाता है,आसमान उसके कदमों में उतर आता है। श्रीराम की नगरी अयोध्या की पृष्ठभूमि पर बनी भोजपुरी फिल्म दत्तक पुत्र का ट्रेलर आज लांच हुआ।

### ट्रेलर में दिखा पिता पुत्र का रिश्ता

फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत शंखनाद से होती है। बैक ग्राउंड में एक स्लोगन चलता है कि जो पिता की अहमियत को समझ जाता है, आसमान उसके कदमों में उतर आता है। बाप कहता है, पूरा अयोध्या सुन ले राजा हमार मुखाग्नि देइ, राजा हमार पुत्र हव, पुत्र से भी बढ़कर बढ़कर हमार दत्तक पुत्र हव। हीरो की एंट्री होती हैं और अपने बाबू जी के बैठने के स्थान को नमन करते हुए कहता है. इ स्थान हमरे बाबूजी क हव, बाबू जी क सेवा करब। ट्रेलर में एक गाना शुरू होता है और फिल्म की नायिका गाती हैं, सिया संग आओ राम। ट्रेलर के अगले सीन में दिखाया गया है कि नायक नायिका से कहता है, लइका और लइकी में दोस्ती ना होला मैडम, लइका और लइकी में सिर्फ प्यार होला। ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि फिल्म का नायक दरोगा से कहता, हम काहे कोर्ट जाई, जब कुछ कईलही नइखे। दरोगा कहता हैं, एफआईआर भइल बा। नायक पर हत्या की कोशिश, जबरन वसूली, जबरन कब्जा के आरोप में फंसा दिया जाता है। तभी विलेन की एंट्री होती है और वह कहता है, हम त खाली ड्रामा कइले रहली, इ नाटक क असली डायरेक्टर त इ प्रधान जी हव। नायक को रेप और हत्या के आरोप में भी फंसा दिया जाता है। नायक कहता है, ना हम रेप कइले बाटी ना ही हत्या। नायक के बाबू जी नायक से कहते हैं, खून के रिश्ता से भी बढ़कर होला मन क रिश्ता, राजा के साथे हमार मर्यादा अउर मन क रिश्ता बा। बाबू जी की मृत्यु के बाद नायक को उनका अंतिम संस्कार नहीं करने दिया जाता है। नायक कहता है, आज हम अपने बाबू जी के चिता क राख के कसम खा के आईल बाटी, अपने बाबू जी के अपराधियन के पुलिस चौकी के अंदर ही जलाके राख कर देब। तभी उसे उनके बाबू जी की बात याद आती है, इ मर्यादा पुरुषोत्तम राम क नगरी है हव, यहां सत्य क जीत होता सत्य के।



# नशे में धुत वायरल वीडियो पर सनी देओल ने तोड़ी चुप्पी, खुद बताई पूरी सच्चाई



अभिनेता सनी देओल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जबर्दस्त तरीके से वायरल हुआ है। इसमें वे नशे की हालत में बीच सड़क पर घूमते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ठीक से चल भी नहीं पा रहे, ऐसे में एक ऑटोचालक उन्हें सहारा देता नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद अभिनेता को जमकर ट्रोल किया गया। अब इस वीडियो को लेकर सनी देओल की प्रतिक्रिया आई है। बता दें कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें सनी देओल नशे की हालत में ऑटो की सवारी करते दिख रहे हैं। अभिनेता से ठीक से चला तक नहीं जा रहा। वीडियो देख यूजर्स तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ यूजर्स कह रहे हैं कि दस साल में एक हिट दी है और अब खुद को बर्बाद कर रहे हैं।

इस वीडियो को लेकर अब खुद सनी देओल ने सफाई पेश की है। अभिनेता अपना ये वीडियो देख हैरान हैं और अपनी हंसी नहीं रोक पा रहे हैं। उन्होंने इसे लेकर कहा कि ये कोई मसला ही नहीं है। अभिनेता ने कहा, ये एक शूट की वीडियो रिकॉर्डिंग है। ये वास्तविक नहीं है। इसलिए सभी लोग परेशान न हों, रिलैक्स रहें। एक्टर ने कहा, अगर मैं ड्रिंक करना चाहता तो क्या इस तरह रोड पर या ऑटो रिक्शा में होता? एक्टर ने आगे कहा, सच्चाई तो ये है कि मैं ड्रिंक नहीं करता और ये वास्तविक वीडियो नहीं है, बल्कि एक फिल्म की शूटिंग की रिकॉर्डिंग है। बता दें कि इससे पहले एक शो के दौरान भी सनी देओल ने खुलासा किया था कि वे अल्कोहल को छूते तक नही हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेता इस साल फिल्म गदर 2 में नजर आए थे, जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

# एनिमल एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी एक्टिंग के साथ घुमक्कड़ भी खूब हैं, ट्रिप पर करती एडवेंचर


**एनिमल एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने फिल्म में अपने अभिनय से कई लोगों को प्रभावित किया है। यहां उनके यात्रा ब्लॉगों से उनकी कुछ स्पष्ट तस्वीरें देख रहे हैं। रणबीर कपूर की नई फिल्म एनिमल कई कारणों से सुर्खियों में बनी हुई है।**



एनिमल एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने फिल्म में अपने अभिनय से कई लोगों को प्रभावित किया है। यहां उनके यात्रा ब्लॉगों से उनकी कुछ स्पष्ट तस्वीरें देख रहे हैं। रणबीर कपूर की नई फिल्म एनिमल कई कारणों से सुर्खियों में बनी हुई है। उनके ट्रांसफॉर्मेशन से लेकर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन तक, प्रशंसक एनिमल के दीवाने हैं। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और अन्य प्रमुख सितारों के अलावा, अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने भी बहुत ध्यान आकर्षित किया है। फिल्म में उनकी एक्टिंग और बोल्ड सीन चर्चा का विषय बन गए हैं। जैसा कि अभिनेत्री सुर्खियों में रहती है, यहां उनकी यात्रा डायरी से उनकी कुछ खूबसूरत तस्वीरें देखें जो आपको भटकने के लिए प्रेरित करेंगी। तृप्ति डिमरी के इंस्टाग्राम पेज पर स्क्रॉल करें और आपको कुछ बहुत सुंदर यात्रा तस्वीरें दिखाई देंगी। ऐसा लगता है कि वह एक ट्रैकिंग प्रेमी है क्योंकि पहाड़ों के ऊपर से, तंबू में आराम करते हुए और भी बहुत कुछ उसकी कई तस्वीरें हैं। ग्रीस को यात्रा प्रेमियों के लिए सबसे पसंदीदा छुट्टियाँ बिताने की जगहों में से एक माना जाता है। यहां तृप्ति आपके अगले ग्रीस अवकाश के लिए कुछ फैशन लक्ष्य निर्धारित कर रही है। ऐसा लगता है कि तृप्ति डिमरी को यूरोप के अल्बानिया में सबसे ज्यादा आनंद आया जहां वह खूबसूरत समुद्र में नौकायन करने गई। वह भव्य पृष्ठभूमि की तरह ही सुंदर दिखती है। एनिमल अभिनेत्री निश्चित रूप से जानती है कि समुद्र तट पर छुट्टियों के लिए कैसे बेहतरीन कपड़े पहनने हैं। वह इस हाई-स्लिट ड्रेस में तापमान बढ़ा रही है। तृप्ति डिमरी के यात्रा ब्लॉगों की सभी तस्वीरें बताती हैं कि वह एक प्रकृति प्रेमी हैं और प्राकृतिक सुंदरता से घिरे रहने पर सबसे ज्यादा खुश रहती हैं। यह तस्वीर 2017 की है जब तृप्ति डिमरी गुलमर्ग में छुट्टियां मनाने गई थीं। बर्फ़ में होने पर, स्नोमोबाइल पर यात्रा अवश्य करनी चाहिए। किसी पहाड़ के ऊपर बैठकर खूबसूरत सूर्यास्त का आनंद लेने से बेहतर कोई सुख नहीं है। तस्वीर निश्चित तौर पर हैरान कर देगी।

# शाहरुख खान अपने फैंस को तैयार है एक रोलरकोस्टर सवारी कराने के लिए

**मशहूर कहानीकार और निर्देशक राजकुमार हिरानी द्वारा तैयार की गई इस फिल्म में बेहद चहेते शाहरुख खान ने अभिनय किया है, जो तापसी पन्नू, बोमन ईरानी, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर जैसे शानदार कलाकारों की टोली का हिस्सा होंगे।**



साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। अब उसकी एक झलक पेश हो चुकी है। मास्टर कहानीकार और निर्देशक, राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में प्रिय शाहरुख खान के साथ-साथ तापसी पन्नू, बोमन ईरानी, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर जैसे शानदार कलाकार शामिल हैं।

दर्शकों को साल की सबसे दिल छू लेने वाली फिल्म की बहुप्रतीक्षित झलक देती है। मशहूर कहानीकार और निर्देशक राजकुमार हिरानी द्वारा तैयार की गई इस फिल्म में बेहद चहेते शाहरुख खान ने अभिनय किया है, जो तापसी पन्नू, बोमन ईरानी, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर जैसे शानदार कलाकारों की टोली का हिस्सा होंगे। ट्रेलर रेसिंग ट्रैक पर दौड़ रहे हार्डी के पुराने संस्करण के एक असेंबल के साथ समाप्त होता है। यह एक ऐसी कहानी है जिसे उन्होंने शुरू किया था और वही इसे ख़त्म भी करेंगे। हमें यह देखने के लिए 21 दिसंबर तक इंतजार करना होगा कि हार्डी अपना वादा पूरा करते हैं या नहीं। यह वीडियो राजकुमार हिरानी की प्यारी दुनिया की एक झलक पेश करता है। ट्रेन में शाहरुख के साथ शुरुआत, आगे आने वाले रोमांच के लिए माहौल तैयार करती है। वीडियो यूनिट में शाहरुख द्वारा निभाए गए हार्डी से शुरू होने वाले अद्भुत सनकी पात्रों का परिचय दिया गया है, जो पंजाब के एक सुरम्य गांव में प्रवेश करता है

# रणबीर हमारे पास मौजूद सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है: कुमुद मिश्रा



कुमुद मिश्रा, जिन्हें हाल ही में %टाइगर 3%, %मिशन रानीगंज% और %द ग्रेट इंडियन फैमिली% में देखा गया था, ने पहली बार प्रसिद्धि का स्वाद चखा जब वह इम्तियाज अली की %रॉकस्टार% में एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई दिए। फिल्म में कुमुद ने खटाना का किरदार निभाया था जो रणबीर कपूर की भूमिका जॉर्डन के लिए गुरु की तरह थे। हाल ही में एक इंटरव्यू में कुमुद ने रणबीर के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा कि रणबीर के काम करने के तरीके में सहजता है। यह कहते हुए कि वह रणबीर के बहुत बड़े प्रशंसक हैं, कुमुद ने साझा किया कि रणबीर आपको अपनी प्रक्रिया का बोझ महसूस नहीं कराते हैं, और यह उनके अभिनय के बारे में एक सराहनीय बात है। कुमुद मिश्रा ने कहा, %मुझे लगता है कि वह हमारे पास मौजूद सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है। मैं बड़ा प्रशंसक हूं। वह एक अद्भुत अभिनेता हैं। वह एक ईमानदार अभिनेता हैं। वह उन अभिनेताओं में से एक हैं...आप उनकी प्रक्रिया को समझ नहीं सकते। एक अभिनेता के रूप में, कभी-कभी जब हम किरदार निभाते हैं, तो हमारी तैयारी का बोझ हमारे प्रदर्शन में सामने आता है। मुझे नहीं लगता कि तैयारी की वह यात्रा देखना महत्वपूर्ण है। संदेश पहुंचना चाहिए। मुझे लगता है कि रणबीर उनमें से एक हैं। कुमुद ने हाल ही में सलमान के साथ %टाइगर 3% में भी काम किया था। उन्होंने पहले %भारत%, %सुल्तान% और कई अन्य फिल्मों में स्टार के साथ काम किया है और जब सलमान के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछा गया, तो कुमुद ने कहा कि दर्शकों को स्क्रीन पर सलमान के बारे में जो देखने को मिलता है, वह उनका असली रूप है। उन्होंने कहा कि उनके बारे में कुछ भी नकली नहीं था। कुमद मिश्रा ने सलमान खान की तारीफ करते हुए कहा, %वह अद्भुत हैं। यह उनकी पसंद है कि वह दुनिया को क्या देना चाहते हैं। एक निश्चित सच्चाई है जिसे आप उनकी आंखों में देख सकते हैं। स्क्रीन पर जो दिखता है वही सच है। यह नकली नहीं है। काम के मोर्चे पर कुमुद मिश्रा हाल ही में वेब सीरीज %टीवीएफ ट्रिपलिंग% के तीसरे सीजन में नजर आए थे। %टीवीएफ ट्रिपलिंग% में अपने शानदार अभिनय से अभिनेता ने एक बार फिर खूब तारीफें बटोरीं। इसके अलावा %लस्ट स्टोरीज 2% में काजोल के साथ उनके काम को भी काफी सराहना मिली।

# बॉबी देओल का नया गाना जमाल कुडू जारी

किसी फिल्म के लीड अभिनेता-अभिनेत्री की तुलना में कम स्क्रीन टाइम के बावजूद कोई सहायक किरदार दर्शकों पर अपना जादू चला पाने में कम ही बार कामयाब हो पाते हैं। लेकिन, हाल ही में आई फिल्म एनिमल इस मामले में एक नया उदाहरण पेश करती है। रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना इस फिल्म में प्रमुख किरदार में नजर आए हैं। वहीं, बॉबी देओल फिल्म में सपोर्टिंग रोल में दिखे हैं। बेशक उनकी भूमिका छोटी है, लेकिन दर्शकों का उन्हें बेशुमार प्यार मिल रहा है। एनिमल फिल्म में बॉबी देओल के किरदार का नाम अबरार है। फिल्म में जब अबरार के किरदार की एंट्री होती है तब एक गाने का मुखड़ा प्ले होता है, %जमाल कुडू%। जब से फिल्म एनिमल रिलीज हुई है, तब से बॉबी देओल को चाहने वालों में इस गाने को लेकर एक अलग लेवल का उत्साह बना हुआ था। लोग जानना चाहते थे कि आखिर ये पूरा गाना कैसा है ? लेकिन फिल्म में इस पूरे गाने को फिल्म के साथ रिलीज नहीं किया गया था। दर्शक अलग-अलग सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म पर बॉबी देओल से इस गाने के बारे में पूछ रहे थे। और आज ये पूरा गाना रिलीज हो गया है।

एनिमल के मेकर्स ने जब आज %जमाल कुडू% गाने के ऑडियो को रिलीज किया तो लॉर्ड बॉबी के फैंस में उत्साह की लहर दौड़ गई है। गाने का ऑडियो सभी सोशल मिडिया साइट पर वायरल हो रहा है। बॉबी देओल को चाहने वाले उस गाने पर रील्स बना कर पोस्ट कर रहे हैं। %जमाल कुडू% ऑलरेडी यूथ ऑडियंस में %वाईब% करने लगा है। उधर अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से बॉबी देओल ने %जमाल कुडू% गाने के ऑडियो के साथ एक मोशन पोस्टर शेयर किया है। इसमें वे अपने सिर पर एक ग्लास लिए बैठे दिख रहे हैं। साथ ही साथ उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा है, %इस गाने पर इतना प्यार लुटाने के लिए शुक्रिया। आपने कहा और हमने सुना, आज आप सबके लिए इस गाने को रिलीज कर रहे हैं%। आपको बता दें कि %जमाल कुडू% हिंदी नहीं, बल्कि ईरानी गाना है। एनिमल में इसे हर्षवर्धन ने कंपोज किया है। प्रशंसकों ने उन्हें मार्टिन स्कोर्सेसे और क्वेंटिन टारनटिनो जैसे महान फिल्म निर्माताओं की भी याद दिलाई, जिन्होंने ऐसी क्लासिक फिल्में बनाई थीं जिनमें सेक्स और हिंसा दोनों की प्रचुरता थी। दरअसल, शाहरुख खान के उस पुराने वीडियो को भी काफी ट्रोल किया जा रहा है जिसमें वह महिलाओं के साथ सही व्यवहार करने वाली फिल्में करने की बात करते हैं। आखिरकार, उनके पास अंजाम और डर जैसी फ़िल्में हैं।

एनिमल में रणबीर कपूर एक उपेक्षित बेटे की भूमिका में हैं जिसका अपने पिता बलबीर (अनिल कपूर) के प्रति प्यार पागलपन की हद तक पहुँच जाता है। जब उसके पिता को किसी ने गोली मार दी, तो उसने आदर्श पुत्र बनने और सभी दुश्मनों को खत्म करने का फैसला किया।



## द फीलांसर द कन्क्लूजन का ट्रेलर रिलीज

मोहित रैना अभिनीत %द फ्रीलांसर~ द कन्क्लूजन% का ट्रेलर रिलीज के बाद से ही यूट्यूब पर छाया हुआ है। यह सीरीज शिरीष थोराट की पुस्तक- %ए टिकट टू सीरिया% पर आधारित है। इसका निर्देशन नीरज पांडे और भाव धुलिया ने किया है। सीरीज फ्राइडे स्टोरीटेलर्स द्वारा निर्मित है, शोरनर नीरज पांडे द्वारा बनाई गई है। इसकी स्ट्रीमिंग की तारीख से भी पर्दा उठ चुका है, जिसे लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। द फ्रीलांसर~ द कन्क्लूजन% में कश्मीरा परदेशी के साथ अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर भी हैं। सीरीज में सुशांत सिंह, जॉन कोकेन, गौरी बालाजी और नवनीत मलिक, मंजिरी फडनिस, सारा जेन डायस जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी शामिल हैं। ट्रेलर से साफ हो रहा है कि इसमें मोहित रैना सीरिया में आईएसआईएस से भिड़ते नजर आएंगे। मोहित रैना आईएसआईएस के कब्जे में फंसी एक लड़की को छुड़ाते देखे जाएंगे। इमोशन्स और सस्पेंस से भरी रेस्क्यू मिशन स्टोरी %द फ्रीलांसर% के ट्रेलर को खूब पसंद किया जा रहा है। सीरीज 15 दिसंबर, 2023 को डिज्नी+हॉटस्टार पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# रेवंत रेड्डी के साथ 11 और मंत्रियों के शपथ लेने की है संभावना

## कई चेहरों को लेकर हो रही चर्चा

**अधिकृत**

**4 दिसंबर को नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में एआईसीसी अध्यक्ष खड़गे को सीएलपी नेता का नाम तय करने के लिए अधिकृत किया गया था।**



**हैदराबाद।** वरिष्ठ नेता सी. दामोदर राजनरसिम्हा, उत्तम कुमार रेड्डी और मल्लू भट्टी विक्रमार्क तेलंगाना में 11 नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों में से हैं, जो ए. रेवंत रेड्डी के साथ आज दोपहर मंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं। कोमाती रेड्डी, वेंकट रेड्डी, दानसारी अनसूया सीताक्का, पोन्नम प्रभाकर, श्रीधर बाबू, तुम्मला नागेश्वर राव, कोंडा सुरेखा, जुपल्ली कृष्णा राव और पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी अन्य नेता हैं जिनके मंत्री पद की शपथ लेने की संभावना है। ऐसी सूचना है कि रेवंत रेड्डी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से फोन पर मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने की जानकारी दी है। बुधवार को नई दिल्ली में एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य प्रमुख नेताओं के साथ रेड्डी की कई बैठकों के दौरान नाम तय किए गए। मल्लू भट्टी विक्रमार्क, जो भंग विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता थे, को उपमुख्यमंत्री नियुक्त किए जाने की संभावना है। उन्हें और उत्तम कुमार रेड्डी को मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन नेतृत्व ने रेवंत रेड्डी के साथ जाने का फैसला किया, जिन्होंने पार्टी के चुनाव अभियान का नेतृत्व किया था। 4 दिसंबर को नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में एआईसीसी अध्यक्ष खड़गे को सीएलपी नेता का नाम तय करने के लिए अधिकृत किया गया था। बाद में नेतृत्व ने उत्तम कुमार रेड्डी और विक्रमार्क को दिल्ली तलब किया था। कुछ प्रमुख केंद्रीय नेताओं के साथ उनकी बैठकों के बाद, पार्टी ने रेवंत रेड्डी को सीएलपी नेता घोषित किया।

### एनआईए उजागर करेगा आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का सच, अगले हफ्ते भारत आ रहे एफबीआई के निदेशक




**नई दिल्ली।** खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में जांच के लिए अमेरिकी अधिकारी भारत आने वाले हैं। अमेरिका ने दावा किया कि एक भारतीय नागरिक ने आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या करने की साजिश रची। वहीं, भारत सरकार के किसी अज्ञात अधिकारी के शामिल होने का आरोप भी लगाया। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक क्रिस्टोफर रे के अगले सप्ताह भारत दौरे पर आने की उम्मीद है। इस मामले को लेकर भारत ने भी कमर कस ली है। सूत्रों के मुताबिक, भारत की ओर से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) इस मुद्दे को उठाने वाली है। सूत्रों ने कहा कि उम्मीद है कि रे अपनी भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और एनआईए दोनों के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

रत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने बुधवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम में एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे की अगले सप्ताह यात्रा की पुष्टि की।

गुरपतवंत सिंह पन्नू एक अमेरिकी कनाडाई नागरिक है। वह आए दिन न्यूयॉर्क में रहकर भारत के खिलाफ जहर उगलते रहता है। पन्नू के खिलाफ साल 2019 में एनआईए ने पहला मुकदमा दर्ज किया था। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू को लेकर अमेरिका के आरोप का भारत ने सम्मान किया है। भारत ने एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। भारत के इस फैसला का व्हाइट हाउस ने भी सराहना की है।

### घर के कलह ने पैदा की सनसनी, पति से गुस्साई पत्नी ने फैलाई फर्जी बम की अफवाह



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में पति और पत्नी के बीच झगड़ा हुआ, जिसमें पति ने पत्नी का फोन तोड़ दिया। पत्नी इस बात से नाराज हो गईं और इसका बदला लेने के लिए पति के मोबाइल नंबर से एक पुलिस अधिकारी को फर्जी बम की धमकी भरा संदेश भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने अब 32 वर्षीय महिला (पत्नी) के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, पति को अपनी पत्नी के सोशल मीडिया वाले दोस्तों के बारे में पता चला। इस पर पति ने आपत्ति जताई और पत्नी का फोन तोड़ दिया। इससे महिला नाराज हो गई और उसने बदला लेने की ठानी।

महिला ने ये बात बिहार के रहने वाले पुरुष मित्र को बताई, तो महिला के मित्र ने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर महिला के पति को फंसाने की योजना बनाई। इसी बीच महिला को अपने पति का फोन मिला तो उसके दोस्त ने महिला को एक बम की धमकी भरा संदेश भेजने की योजना बताई, जिसके बाद महिला ने ऐसा ही किया।

महिला ने अपने दोस्त के कहने पर तीन दिसंबर को अपने पति के फोन से एक पुलिस अधिकारी को बम की झूठी धमकी भेज दी, जिसमें दावा किया गया कि शहर में कई सारे आरडीएक्स बम धमाके किए जाएंगे। इसके बाद पत्नी ने अपने पति के नंबर से मैसेज हिस्ट्री को डिलीट कर दी, ताकि पति को पता नहीं चल सके।

इस मामले में पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लिया और पूछताछ में महिला ने पूरी बात दी। महिला ने कबूल किया कि उसने अपने पति से उसका फोन तोड़ने का बदला लेने के लिए धमकी भरा संदेश भेजा था। इस मामले में पुलिस ने महिला और उसके दोस्तों पर आईपीसी के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच चल रही है।

### बीएमडब्ल्यू, गोल्ड और जमीन... दहेज की डिमांड पूरी ना कर सकी तो महिला डॉक्टर ने दे दी जान

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम में महिला डॉक्टर की खुदकुशी के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में पता चला है कि दहेज ना मिलने के कारण 26 वर्षीय



डॉक्टर ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस मामले में राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने जांच के आदेश दिए हैं। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक को तिरुवनंतपुरम मेडिकल कॉलेज में एक पुरुष डॉक्टर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के आरोपों पर एक जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया गया है। मृतक डॉक्टर का नाम शहाना था। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, शहाना तिरुवनंतपुरम मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में पीजी की छात्रा थी। पुलिस ने बताया कि शहाना मंगलवार सुबह मेडिकल कॉलेज के पास अपने किराए के अपार्टमेंट में मृत पाई गईं।

बता दें कि शहाना और उसका प्रेमी आपस में शादी करना चाहते थे, लेकिन अचानक उसके प्रेमी ने शादी से इनकार कर दिया। शादी रद्द होने से आहत शहाना ने खुदकुशी कर ली थी। शहाना के परिजनों ने उसके प्रेमी पर दहेज मांगने का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक, उससे गोल्ड, जमीन और बीएमडब्ल्यू कार की मांग की थी। दहेज की मांग पूरी ना कर पाने पर उसने शादी से इनकार कर दिया। बता दें कि आरोपी डॉक्टर मेडिकल पीजी डॉक्टर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि था। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि डॉक्टर पर लगे आरोपों के बाद संगठन की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था। उधर, केरल महिला आयोग की अध्यक्ष सतीदेवी ने पैनल के अन्य सदस्यों के साथ बुधवार को शहाना के परिवार से मुलाकात की।

## मिचौंग चक्रवात के कारण चेन्नई में आई भीषण बाढ़

### पीएम मोदी ने 561.29 रुपये की शमन परियोजना को दी मंजूरी

**तूफान**

**अमित शाह ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि भीषण चक्रवाती तूफान मिचौंग ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश को प्रभावित किया है।**



**नई दिल्ली।** मिचौंग चक्रवात के कारण चेन्नई में भीषण बाढ़ आई हुई है। जिसके कारण कई लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों को विस्थापित भी किया जा चुका है। वहीं, अब तक चक्रवात मिचौंग के कारण कई लोगों की मौत भी हुई है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया जिसमें उन्होंने लिखा, चेन्नई भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है, पिछले 8 सालों में यह तीसरी बाढ़ है। हम महानगरीय शहरों में अत्यधिक वर्षा होने के कारण अचानक बाढ़ आने के अधिक उदाहरण देख रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 561.29 रुपये की पहली शहरी बाढ़ शमन परियोजना को मंजूरी दे दी है। राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण निधि (एनडीएमएफ) के तहत चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियों के लिए 561.29 करोड़ रुपये, जिसमें 500 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता भी शामिल है। शाह ने कहा कि यह शमन परियोजना चेन्नई को बाढ़ प्रतिरोधी बनाने में मदद करेगी। यह शहरी बाढ़ शमन प्रयासों की श्रृंखला में पहला है और शहरी बाढ़ प्रबंधन के लिए एक व्यापक ढांचा विकसित करने में मदद करेगा। अमित शाह ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि भीषण चक्रवाती तूफान मिचौंग ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश को प्रभावित किया है। हालाँकि क्षति की सीमा अलग-अलग है, इन राज्यों के कई क्षेत्र जलमग्न हैं, जिससे खड़ी फसलें प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि चक्रवाती तूफान से आवश्यक राहत प्रबंधन में राज्य सरकारों की मदद करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्रालय (एमएचए) को एसडीआरएफ की दूसरी किस्त की केंद्रीय हिस्सेदारी 493.60 करोड़ रुपये आंध्र प्रदेश को और तमिलनाडु को 450 करोड़ रुपए अग्रिम रूप से जारी करने का निर्देश दिया है। मैं प्रभावित सभी लोगों की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। हम इस महत्वपूर्ण घड़ी में उनके साथ खड़े हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थिति जल्द से जल्द सामान्य हो जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, मिचौंग के प्रभाव से 194 गांवों और दो कस्बों के लगभग 40 लाख लोग प्रभावित हुए, जिनमें 25 गांवों में बाढ़ भी शामिल है।

### खतरनाक बीमारी, इसके खिलाफ कानून बनना चाहिए, लोकसभा में बीजेपी सांसद की मांग



**नई दिल्ली।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ से भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह ने शीतकालीन सत्र में गुरुवार को लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने लिव-इन रिलेशनशिप को एक खतरनाक बीमारी बताया और इसे समाज से खत्म करने की जरूरत बताया। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से इसके खिलाफ कानून बनाने का भी आग्रह किया।

धर्मबीर सिंह ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि प्रेम विवाह में तलाक की दर अधिक है। इसलिए ऐसे रिश्तों के लिए दूल्हा और दुल्हन के माता-पिता की सहमति अनिवार्य बनाई जानी चाहिए। भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद ने कहा, ÷मैं सरकार और संसद के ध्यान में एक बहुत ही गंभीर मुद्दा लाना चाहता हूं। भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम और भाईचारे के दर्शन के लिए जानी जाती है। हमारा सामाजिक ताना-बाना दुनिया में दूसरों से अलग है। पूरी दुनिया हमारी विविधता में एकता से प्रभावित है। भारत में व्यवस्थित विवाह की लंबी परंपरा को लेकर बात करते हुए उन्होंने कहा, समाज का एक बड़ा वर्ग आज भी माता-पिता या रिश्तेदारों द्वारा तय विवाह को प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा, इसमें दूल्हा-दुल्हन की सहमति होती है। विवाह में सामाजिक और व्यक्तिगत मूल्यों और पसंद के साथ-साथ पारिवारिक पृष्ठभूमि जैसे कई सामान्य चीजों को देखा जाता है।

उन्होंने कहा, ÷शादी को एक पवित्र रिश्ता माना जाता है जो सात पीढ़ियों तक चलता है। भारत में तलाक की दर लगभग 1.1 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका में यह दर लगभग 40 प्रतिशत है।

# गोलीबारी से फिर दहला अमेरिका

**लास वेगास।** अमेरिका के लास वेगास में गोलीबारी की घटना सामने आई है। नेवादा विश्वविद्यालय परिसर में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की



मौत हो गई। वहीं, व्हाइट हाउस ने कहा कि वह लास वेगास में हुई गोलीबारी की घटना पर नजर रख रहा है।

वहीं, लास वेगास पुलिस ने बताया कि संदिग्ध हमलावार की भी मौत हो गई है। लास वेगास पुलिस विभाग ने बयान में कहा कि तीन लोग मारे गए हैं। जबकि गोली लगने से एक व्यक्ति घायल हुआ है, जिसकी हालत गंभीर है। हालांकि, पुलिस मृतकों की पहचान नहीं की है। साथ ही पुलिस ने यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि संदिग्ध ने खुद आत्महत्या की है या फिर पुलिस ने उसे गोली मारी।

स्कूल के प्रोफेसर विंसेंट पेरेज ने बताया कि उन्होंने कैंपस में बहुत सारी गोलियों की आवाज सुनी थी। उन्होंने कहा कि जैसे ही हमने फायरिंग की आवाज सुनी, जिसके बाद वहां मौजूद लोग अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित जगहों की तरफ भागे।

पुलिस के प्रवक्ता एडम गार्सिया ने ब्रीफिंग में बताया कि कैंपस में एक शूटर की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शूटर को घेर लिया था। उन्होंने कहा कि संदिग्ध की मौत हो चुकी है। लास वेगास मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग के शेरिफ केविन मैकमाहिल ने कहा कि लोगों के लिए अब कोई खतरा नहीं है।

शेरिफ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इस गोलीबारी से परिसर में मौजूद छात्र बुरी तरह सहम गए थे। उन्होंने कहा कि साल 2017 में भी इस तरह की घटना सामने आई थी। जब एक बंदूकधारी ने लास वेगास में एक म्यूजित फेस्टिवल में होटल की खिड़की से गोलीबारी की थी। सामूहिक गोलीबारी में साठ लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए थे।

### यूक्रेन केवल मित्र देशों की सैन्य सहायता पर निर्भर नहीं, जंग के बीच जेलेंस्की का बयान

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि कीव भागीदारों के सहयोग से घरेलू सैन्य उत्पादन बढ़ रहा है क्योंकि इसका लक्ष्य अपनी रक्षा क्षमताओं की गारंटी देना और सुरक्षा का दाता बनना है। एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, उन्होंने संयुक्त यूक्रेन-यू.एस. में प्रतिभागियों से कहा कियूक्रेन केवल साझेदारों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। यूक्रेन का लक्ष्य है और वह वास्तव में हमारे सभी पड़ोसियों के लिए सुरक्षा का दाता बन सकता है, जब वह अपनी सुरक्षा की गारंटी दे सकता है। जेलेंस्की की ये टिप्पणी राष्ट्रपति की वेबसाइट पर पोस्ट की गई। मैं सभी अमेरिकी रक्षा कंपनियों को यूक्रेन के साथ सहयोग करने के लिए आमंत्रित करता हूं। मुझे विश्वास है कि हम मिलकर स्वतंत्रता का एक नया और शक्तिशाली शस्त्रागार बना सकते हैं, जो दुनिया के सभी स्वतंत्र देशों के लिए एक विश्वसनीय सहायक होगा।

# कराची के एक शॉपिंग मॉल में लगी भीषण आग, चार लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के कराची शहर में एक शॉपिंग और आवासीय मॉल में आग लगने से बुधवार शाम को चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए।

कराची के मेयर मुर्तजा वहाब ने पुष्टि की है कि आयशा मंजिल इलाके में स्थित इमारत से तीन जले हुए शव बरामद किए गए हैं। हालांकि, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि चार शवों को सिविल अस्पताल भेजा गया है, जबकि दो लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

दमकल विभाग के अधिकारी हुमायूं खान ने बताया कि आग ग्राउंड फ्लोर पर लगी और तेजी से तीन अन्य मंजिलों में फैल गई। उन्होंने कहा कि ग्राउंड फ्लोर में लगभग 200 दुकानें हैं जबकि आवासीय अपार्टमेंट के साथ चार

**बरामद**

**कराची के मेयर मुर्तजा वहाब ने पुष्टि की है कि आयशा मंजिल इलाके में स्थित इमारत से तीन जले हुए शव बरामद किए गए हैं।**

और मंजिलें हैं।उन्होंने कहा कि जैसे ही दमकल की गाड़ियां और चालक दल मौके पर पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों की मदद से सबसे पहले सभी आवासीय अपार्टमेंटों को खाली कराया और लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। उन्होंने कहा कि आग अभी भी बुझाई जा रही है और इमारत में शव व घायलों के फंसे होने की आशंका है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अफजल पेचियो




ने कहा कि घटना के बाद से लोगों ने इमारत को खाली कराने में एक-दूसरे की मदद की। वहीं, आग बुझाने के लिए छह दमकल गाड़ियों को मौके पर तैनात किया गया है। बता दें कि 12 दिनों में किसी मॉल में भीषण आग लगने की यह दूसरी घटना है। 25 नवंबर को शहर के गुलिस्तान-ए-जौहर इलाके में एक छह मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

# रामास्वामी ने निक्की हेली पर लगाए गंभीर आरोप

**वाशिंगटन।** बायोटेक उद्यमी विवेक रामास्वामी ने अपने रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के प्रतिद्वंद्वी

**आरोप**

**जब मॉडरेटर ने आरोपों पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहा तो 51 वर्षीय हेली ने कहा, उन्हें जवाब देना मेरे समय के लायक नहीं है।**

और साथी भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली पर हमला बोला। इस दौरान रामास्वामी ने निक्की हेली को फासीवादी और भ्रष्ट भी कहा।

रिपब्लिकन पार्टी की चौथी राष्ट्रपति बहस के दौरान रामास्वामी ने एरिजोना में दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के खिलाफ कई आरोप लगाए, जिसमें केवल चार उम्मीदवारों ने भाग लिया, अन्य दो न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डिसेंटिस थे। रिपब्लिकन पार्टी के नामांकन के लिए सबसे आगे चल



रहे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक बार फिर बहस में शामिल नहीं हुए और इसके बजाय उन्होंने फ्लोरिडा में एक धन संचयन कार्यक्रम आयोजित किया। बहस में भाग लेते हुए, 38 वर्षीय रामास्वामी ने हेली पर भ्रष्टाचार की समस्या होने का आरोप लगाया और कागज का एक पैड उठाया जिस पर निक्की भ्रष्ट लिखा हुआ था। इसके परिणामस्वरूप दर्शकों की तरफ से प्रशंसा और उत्साह का माहौल था। उन्होंने उसे कठपुतली कहा और उस पर ÷पहचान की राजनीति को बौद्धिक धोखाधड़ी के एक रूप के रूप में उपयोग करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, निक्की, जब आपने यू.एन. छोड़ा तो आप दिवालिया हो गई थीं। यू.एन. छोड़ने के बाद, आप एक सैन्य ठेकेदार बन गईं, उन्होंने अपनी यात्रा शुरू की और आगे के आरोप के साथ समाप्त होने का वर्णन किया- वह गणित नहीं जुड़ता। यह इस तथ्य को जोड़ता है कि आप भ्रष्ट हैं। जब मॉडरेटर ने आरोपों पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहा तो 51 वर्षीय हेली ने कहा, उन्हें जवाब देना मेरे समय के लायक नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया, अब बाइडन (अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन) शासन से अधिक फासीवादी एकमात्र व्यक्ति निक्की हेली हैं, जो सोचती हैं कि सरकार को उन सभी व्यक्तियों की पहचान एक आईडी के साथ करनी चाहिए।

उन्होंने कहा, यह स्वतंत्रता नहीं है, यह फासीवाद है और उसे सत्ता के करीब नहीं आना चाहिए, व्हाइट हाउस की तो बात ही छोड़ दें।

रामास्वामी हेली की हालिया टिप्पणी का जिक्र कर रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को नाम से सत्यापित करने की आवश्यकता है, सोशल मीडिया पर प्रत्येक व्यक्ति को उनके नाम से सत्यापित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यानी, सबसे पहले यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। जब आप ऐसा करते हैं, तो अचानक, लोगों को अपनी बात पर कायम रहना पड़ता है।उन्होंने कहा, मैंने जो कहा वह यह था कि सोशल मीडिया कंपनियों को हमें अपने एल्गोरिदम दिखाने की जरूरत है। मैंने यह भी कहा कि इस समय सोशल मीडिया पर लाखों बॉट हैं। वे विदेशी हैं, वे चीनी हैं, वे ईरानी हैं। मैं अमेरिकियों के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए हमेशा लड़ता रहूंगा। हमें रूसियों, ईरानियों और हमास के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आवश्यकता नहीं है। हमें सोशल मीडिया कंपनियों की जरूरत है कि वे आगे बढ़ें और इन सभी बॉटों से लड़ें जो घटित हो रहे हैं। हेली ने कहा, एक मां के रूप में, क्या मुझे लगता है कि अगर हम सोशल मीडिया पर जाएं और उसके आगे लोगों के नाम रखें तो यह अधिक सभ्य होगा? हां, मुझे ऐसा लगता है, क्योंकि मुझे लगता है कि हमारे यहां साइबर के माध्यम से धमकी देने की आदत बहुत ज्यादा है। रॉन डिसेंटिस ने कहा, जब भी वामपंथी उनके पीछे आते हैं, जब भी मीडिया उनके पीछे आता है, वह चुप हो जाती हैं।

# पुतिन को जीतने नहीं दे सकते, राष्ट्रपति बाइडन ने दी चेतावनी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बार फिर यूक्रेन को सैन्य सहायता देने के लिए अनुरोध किया है। बाइडन ने कहा कि यूक्रेन पर रूस की जीत अमेरिकी सैनिकों को युद्ध में लाकर खड़ा कर सकती है।

बाइडन ने कहा कि अगर पुतिन यूक्रेन पर जीत हासिल कर लेते हैं तो वे यहीं तक नहीं रुकेंगे। बाइडन ने कहा कि पुतिन नाटो के सहयोगी देशों पर हमला करेंगे। उन्होंने भविष्यवाणी की और फिर हम कुछ ऐसा करेंगे, जो हम नहीं करना चाहते है। उन्होंने कहा कि हम पुतिन को जीतने नहीं दे सकते।

बात दें कि रिपब्लिकन सीनेटरों ने बुधवार को डेमोक्रेटिक समर्थित कानून को अवरुद्ध कर दिया है। जिसमें यूक्रेन और इजरायल के लिए अरबों डॉलर की नई सुरक्षा सहायता प्रदान करने की मांग की गई थी।व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय



सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि अमेरिका लंबे समय से रूस के साथ बातचीत में यूक्रेन पर दबाव नहीं बनाने की अपनी स्थिति पर कायम है। सुलिवन ने कहा कि यह उन पर निर्भर करेगा। हम इस पैसे को सुरक्षित करने की कोशिश करने के लिए दिन-प्रतिदिन लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि इस समय यूक्रेन से दूर जाना अमेरिका के लिए एक ऐतिहासिक गलती होगी और हमारा मानना है कि तर्क अंततः प्रवेश और प्रबल होगा।

# गंगा पूजन कर किया माघ मेला के सकुशल संपन्न होने की कामना

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** संगम नगरी में आयोजित होने वाला माघ मेला सकुशल संपन्न हो इसके लिए बृहस्पतिवार को साधु-संत और अफसर संगम नोज पर जुटे थे। पतित पावनी गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम के पावन तट पर प्रयागराज मंडल के कमिश्नर विजय विश्वास पंत, मेलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने धर्माचार्यों एवं अन्य पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोचार के साथ गंगा पूजन किया।

मां गंगा से माघ मेला को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने की कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के इस

**जुटे साधु-संत, वैदिक विधि विधान से हुआ पूजन**

आयोजन में साधु-संतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन कराया। हर-हर गंगे से गंगा, यमुना का संगम तट गुंजायमान हो उठा। प्रयागराज में संगम की रेती पर प्रति वर्ष एक माह का माघ मेला आयोजित होता है। तंबुओं के शहर में दूर-दूर से कल्पवासी यहां आकर एक महीने तक कल्पवास करते हैं। लाखों लोग संगम में डुबकी लगाने पहुंचते हैं। इसके लिए प्रयागराज जिला प्रशासन व मेला प्रशासन यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का हर प्रबंध करता है। एक माह के माघ मेला की



तैयारियां शुरू होने के बाद प्रति वर्ष गंगा पूजन कर मेला सकुशल संपन्न होने की कामना की जाती है। इसी क्रम में आज गंगा पूजन को विशिष्टजन संगम तट पर जुटे।

इस बार के माघ मेला का क्षेत्रफल पिछले वर्ष की अपेक्षा मेला प्रशासन ने बढ़ाएगा। इसके साथ ही यात्री सुविधाएं भी बढ़ाए जाने की भी तैयारी है। हालांकि इस बार माघ मेला की तैयारियां देर से शुरू होने के कारण प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती भी है। इस बार प्रयागराज माघ मेला क्षेत्र 6 सेक्टरों में बसेगा। गंगा नदी पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पांच पीपे के पुल बनाए जाएंगे। प्रयागराज मेला प्राधिकरण संगम के निकट दो पुल व त्रिवेणी मार्ग व काली मार्ग पर भी पांटून पुल बनाएगा। मेला क्षेत्र के अंतिम छोर पर पीपे का पुल नागवासुकि मंदिर के निकट बनाया जाएगा। 16 स्नान घाट भी बनेंगे। पिछली बार से दो घाट अधिक होंगे। पानी की आपूर्ति 20 नलकूपों से होगी। मेला क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाई जाएगी।माघ मेला क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। 20 अस्थायी विद्युत उपकेंद्रों से सप्लाई होगी। मेला क्षेत्र के 16 मुख्य द्वारों पर भव्य लाइटिंग की जाएगी। 14 हजार से अधिक एलईडी लाइट मेला क्षेत्र में लगाई जाएंगी। संगम के सरकुलेटिंग एरिया में हाईमास्ट के साथ ही विशेष रोशनी की व्यवस्था होगी। विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए 18 बड़े जेनरेटर उपकेंद्रों की व्यवस्था होगी। मुख्य चौराहों पर रंगीन एलईडी लाइट की व्यवस्था रहेगी।

## बारिश से टले सेमीफ़ाइनल मुकाबले

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** 67वीं विद्यालयीय अंडर-17 एवं अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को होने वाले दोनों वर्गों के सेमीफ़ाइनल मुकाबले बारिश के कारण नहीं खेले जा सके।

अंडर-17 में सीएवी व एमआईसी मैदान और अंडर-19 में केपी कॉलेज व डीएवी मैदान पर पिच गीली होने के कारण मैच को टालना पड़ा। अब शुक्रवार को सुबह आठ बजे से ईश्वर शरण इंटर कॉलेज, डीएवी मैदान, एमआईसी और सीएवी कॉलेज पर पहले सेमीफ़ाइनल होंगे। इसके बाद फाइनल होंगे। फाइनल में सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद दिब्यकांत शुक्ल मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी आयोजन सचिव डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव ने दी है।

# शिप्रा बनी यूपी अंडर-19 टीम की कप्तान

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** बीसीसीआई द्वारा मुंबई में होनी वाली अंडर-23 वूमेन टी-20 ट्रॉफी के लिए शहर की शिप्रा गिरी को उत्तर प्रदेश टीम का कप्तान बनाया गया है। स्पोर्ट्स टैलेंट क्रिकेट अकादमी एवं शिप्रा के कोच अजय यादव ने बताया कि यूपी टीम अपना पहला मुकाबला 10 दिसंबर को गुजरात के खिलाफ खेलेगी। खुल्दाबाद निवासी शिप्रा के अलावा यूपी की इस टीम में स्पोर्ट्स टैलेंट क्रिकेट अकादमी की फ़लक नाज़ भी शामिल हैं। दोनों क्रिकेटर डब्ल्यूपीएल के लिए नौ दिसंबर को



होने वाली नीलामी प्रक्रिया में भी शामिल हैं। शिप्रा और फलक अकादमी के संरक्षक महेंद्र कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह, एसीए के निदेशक आरपी भटनागर, डॉ. सुरेश द्विवेदी, डॉ. जूली ओझा, डॉ. हरिश्चंद्र पटेल, जिला क्रीड़ा सचिव बृजेश चंद्र श्रीवास्तव, हसबीन अहमद, अजय कुशवाहा, सचिन प्रकाश सिंह, खुर्शीद अहमद राईन, राजीव कुशवाहा, मो. नबी, शिशिर मेहरोत्रा, अश्विनी यादव, आनंद सोनकर, राहुल निषाद, पवन वर्मा आदि ने बधाई दी है।

# हाई कोर्ट ने डीजीपी से पूछा कितने पुलिस अधिकारियों पर चल रही आपराधिक कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई में दिखाई जा रही नरमी पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक से कहा है कि किसी वरिष्ठ अधिकारी को नियुक्त कर पता करें कि यूपी में कितने पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जा रही है। अगली सुनवाई पर पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अगली सुनवाई 10 जनवरी 2024 को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ ने जौनपुर के रूपेश कुमार सिंह की ओर से आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने डीजीपी से कहा है कि ऐसे पुलिस अधिकारियों की जिलेवार सूची रिकॉर्ड में लाते हुए एक शपथ पत्र दाखिल किया जाए, जो किसी आपराधिक मामले में शामिल हैं। उनके खिलाफ समन, जमानती वारंट या गैर-जमानती वारंट जारी किए गए हैं लेकिन उन समन/वारंट की समय पर तामील नहीं की गई है और मुकदमे की कार्यवाही में देरी हो रही है।

कोर्ट ने आदेश का अनुपालन कराने के लिए रजिस्ट्रार को निर्देशित भी किया है। कहा है कि कोर्ट द्वारा इस मामले में पारित आदेश और पूर्व में पारित आदेश की जानकारी 48 घंटे में डीजीपी को मुहैया कराई जाए। इसके पहले कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर असंतुष्टि जताई। न्यायालय ने कहा कि अक्सर इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं जिसमें पुलिस अधिकारी आपराधिक मामलों में आरोपी हैं और उनके खिलाफ बार-बार समन, जमानती वारंट और गैर-जमानती वारंट जारी की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन, वे संबंधित अदालत को जवाब नहीं दे रहे हैं। अदालत यह समझने में विफल है कि ऐसे पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जारी समन या वारंट की प्रक्रिया समय पर क्यों नहीं पहुंचाई जा रही है। जबकि वे अपने आधिकारिक कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। वेतन प्राप्त कर रहे हैं। ज्ञात हो कि याची रूपेश कुमार सिंह सहित चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ 28 जून 2008 की एक घटना के मामले में भ्रष्टाचार निवारण संगठन वाराणसी की ओर से 10 सितंबर 2010 को जौनपुर के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## 22 फरवरी से शुरू होगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं, 9 मार्च को होगी समाप्त

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। 22 फरवरी से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होंगी। 9 मार्च तक परीक्षाएं संपन्न होंगी। इस बार 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 29 लाख 47 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं 12वीं की परीक्षा में 25 लाख 60 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं की परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 8.30 बजे से 11.45 तक होगी। द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5.15 बजे तक होगी। 22 फरवरी को गुरुवार को 10वीं की परीक्षा की शुरुआत हिंदी के पेपर से होगी, जबकि दूसरी पाली में वाणिज्य का पेपर होगा। इंटर की परीक्षा की शुरुआत सैन्य विज्ञान से होगी, जबकि दूसरी पाली में सामान्य हिंदी और हिंदी का पेपर होगा।

# प्रयागराज में सिटी-ट्रांसपोर्ट का कायाकल्प कर रही है योगी सरकार

**सिटी ट्रांसपोर्ट को सुगम बनाने के लिए ई-बसों की संख्या होगी तीन गुना**

अवधनामा संवादददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक जन-समागम महाकुंभ को भव्य बनाने के लिए तैयारियां गति पकड़ रही हैं। देश और प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से प्रयागराज की कनेक्टिविटी स्थापित करने के अलावा शहर के अन्दर के सभी आन्तरिक संपर्क मार्गों को इलेक्ट्रिक- बस सेवा से आच्छादित करने की योजना पर भी तेजी से कार्य शुरू हो चुका है।

योगी सरकार द्वारा प्रदेश के प्रमुख शहरों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा बेहतर बनाने के लिए ई-बसों का संचालन शुरू किया गया। सिटी ट्रांसपोर्ट सेवा स्थानीय आवागमन की जीवन रेखा है। प्रयागराज में महाकुम्भ के आयोजन के समय बाहरी आगंतुकों की वजह से इस पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक एमके त्रिवेदी बताते हैं कि सरकार से महाकुंभ के लिए प्रयागराज को 300 इलेक्ट्रिक बसें मिलनी हैं। जिसमे 100 बसें प्रधानमंत्री इलेक्ट्रिक बस योजना के तहत आनी हैं, जबकि 200 बसों का आवंटन नगरीय सेवा के तहत होना है। महाकुंभ से पहले ये बसें प्रयागराज को मिलने की संभावना है। इसके अलावा परिवहन निगम 1000 नई बसें भी महाकुंभ से पहले प्रयागराज भेजेगा। इनमें से 100 से अधिक बसें प्रयागराज में स्थानीय तौर पर सुविधा उपलब्ध कराएंगी जबकि अन्य बसों का महाकुंभ के बाद आबंटन अन्य रोडवेज परिक्षेत्रों में हो जाएगा। इससे पहले महानगर बस सेवा के रूप में शहर में 119 बसों का संचालन हो रहा था। इन बसों को फरवरी 2023 में बंद कर दिया गया था। इससे शहर के 22 रूट खाली हो गए हैं, इन पर यात्रियों को अब बस सुविधा नहीं मिल पा रही है। परिवहन निगम इन पर अपनी रोडवेज बसों संचालन करेगा।

प्रयागराज शहर में पिछले 5 वर्षों में दो पहिया और चार पहिया वाहनों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। हर वर्ष 17 फीसदी की दर दो पहिया और चार पहिया वाहनों की वृद्धि से शहर में वायु प्रदूषण की स्थिति भी बिगड़ रही है। पहले शहर में ई-रिक्शो के संचालन को प्रोत्साहन दिया गया और अब शहर में सभी मार्गों में ई -बस सेवा उपलब्ध होने से शहर के अंदर वायु प्रदूषण की स्थिति भी सुधरेगी।

### जन-प्रतिनिधि तय करेंगे बसों के रूट

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर में महाकुंभ के पहले 200 अतिरिक्त ई-बसों का संचालन का शुरू हो जाएगा। यूपी रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक एम के त्रिवेदी ने बताया है कि इन बसों के लिए नगरीय सीमा के अंदर संभावित रूट भी तैयार किए जा रहे हैं। नगरीय सीमा से लगे ग्रामीण अंचलों में इनके रूट तय करने में स्थानीय जन- प्रतिनिधियों से प्रस्ताव मांगे जाएंगे। स्थानीय जरूरतों को विधायक और सांसद बेहतर समझते हैं इसलिए इनकी राय रूट निर्धारण में महत्वपूर्ण बन जाती है।

## व्यग्तिगत स्वतंत्रता का हनन किसी दशा में स्वीकार्य नहीं: उच्च न्यायालय

**प्रयागराज।** उच्च न्यायालय ने यौन अपराध शिशु संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत दर्ज मामले को अभिखण्डित कर समाप्त कर दिया है व व्यक्तिगत स्वतंत्रता को व्यक्ति का सबसे महत्वपूर्ण मौलिक अधिकार बताया है। पीड़िता की मां द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी और कानपुर स्थित नारी निकेतन भेजा गया था, जहां महिला ने एक पुत्री को जन्म दिया था।

अभियुक्त पर यह आरोप लगाया गया था कि उसने पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। अभियुक्त के अधिवक्ता कार्तिकेय शुक्ल द्वारा याचिका दाखिल की गई, जिसपर न्यायमूर्ति नीरज तिवारी की एकल पीठ ने संज्ञान लेते हुए पीड़िता और अभियुक्त को उच्च न्यायालय के समक्ष पेश होने का आदेश दिया गया।

न्यायालय ने सतीश कुमार बनाम उत्तर प्रदेश सरकार एवं दो अन्य, 2020 में पारित आदेश के आधार पर पीड़िता एवं शिशु को अभियुक्त( पति ) को सुपुर्द किया और यह कहा कि व्यगतिगत स्वतंत्रता किसी भी दशा में नहीं छीनी जा सकती है तथा महिला के इच्छा के बिना उसे नारी निकेतन में नहीं रखा जा सकता है। न्यायालय ने तथ्यों के आधार पर महिला के वयस्क मानते हुए, उसके पति को सुपुर्द किया और पोस्को एक्ट के तहत दर्ज प्राथमिकी एवं चार्जशीट को अभिखण्डित किया।

# पुरानी पेंशन बहाली ही डॉ. राम आशीष को सच्ची श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच प्रयागराज ने आज पेंशन शहीद डॉ राम आशीष की 8वी पुण्यतिथि को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क पर सैकड़ों अटेवियन्स ने कैंडल जलाकर और श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके सहादत को याद किया।

इस अवसर पर स्वर्गीय डॉ राम आशीष के चित्र पर माल्यार्पण करके पुरानी पेंशन बहाली के संकल्प को दोहराया गया। प्रदेश संगठन मंत्री अशोक कनौजिया ने इस अवसर पर संघर्ष को और मजबूती के साथ



पेंशन बहाली तक डटे रहने का आवाहन किया। राष्ट्रीय आई टी सेल सदस्य संजय पटेल व सैय्यद दानिश ने कहा जब तक हम राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व में पूरे देश में पुरानी पेंशन बहाल नहीं करा लेते तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। पुरानी पेंशन की बहाली ही डॉ राम आशीष सिंह को सच्ची श्रध्दांजलि होगी और अटेवा इस संकल्प को पूरा करके ही रहेगा।

जिला संयोजक जितेन्द्र उर्फ जीतू भाई, जिला महामंत्री आर के यादव, जिला संयोजिका नीलम सिंह व जिला मीडिया प्रभारी रविशंकर मिश्रा ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है और हम इसे लेकर ही रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में एकजुट के प्रदेश संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव, सुरेंद्र प्रताप सिंह, सुरेश यादव, नरेंद्र कुमार, शशिकांता सैनी,पुष्पराज सिंह अनुराग पांडेय, जितेंद्र शर्मा,अमर बहादुर, सुरेश यादव,अरुण कुमार, मो जीशान, पीडब्लूडी से राजेन्द्र बाबू केशरवानी, मुकेश कुमार, संजीत यादव, विजय कुमार मौर्य, तनवीर अली,पुष्पलता सिंह, अंजना सिंह, अंजुला दास, दीपा सिंह, आरती सिंह, धर्मेन्द्र यादव, राजीव यादव, सचिन रावत, संदीप कुशवाहा, दिनेश यादव, रत्नेश सिंह, कमल सिंह, उपेंद्र वर्मा, वीरेंद्र, महेंद्र,दीप्ति गौड़,अनीता सोनकर, प्रिया सिंह,साधना यादव, अंकिता चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# बच्चों को पोलियो ड्राप से आच्छादित करायें: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी सघन पल्स पोलियो अभियान हेतु अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 10 दिसम्बर 2023 से 18 दिसम्बर, 2023 तक पल्स पोलियो अभियान जनपद में संचालित किया जायेगा। जिसमें 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो वैक्सीन कीछ खुराक पिलायी जायेगी, इसके लिये जनपद में 10 दिसम्बर 2023 को पोलियो बूथों पर दवा पिलायी जायेगी, पुनः 11 दिसम्बर, 2023 से 15 दिसम्बर 2023 तक घर-घर पोलियो टीम जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायेगी तथा 18 दिसम्बर, 2023 को बी.टीम एक्टीविटी की जायेगी। जिसमें अभियान के दौरान बाहर चले गये बच्चों को पुन टीम जाकर दवा पिलायेगी। जनपद में कुल 1912 पोलियो बूथ बनायें गये है एवं घर-घर जाने के लिए कुल 1235 पोलियो टीम का गठन किया गया है, साथ ही बस स्टेशन, भीड़-भाड़ वाले चौराहों रेलवे स्टेशन हेतु कुल 100 पोलियो टीम का गठन किया गया है। ईट-भटटों पर दवा पिलाने के लिए कुल 52 पोलियो टीम का गठन किया गया है। जनपद में इस दौरान कुल 0-5 वर्ष के बच्चों-633790 को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है एवं घर-घर जाने वाली टीम जनपद के कुल 744397 परिवारों को भ्रमण कर अगले 5 दिनों में पोलियो खुराक पिलायेगी। जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि इस अभियान में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुये शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो ड्राप से आच्छादित करायें। इस बैठक में सभी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा अधीक्षक एवं डब्लूएचओ के एसएमओ यूनिसेफ डी.एम.सी. यूएन डीपी वैक्सीन मैनेजर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हर वोट है ज़रूरी, कोई भी पात्र मतदाता बनने से न छूटे

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा के निर्देशन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचन साक्षरता क्लब जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर द्वारा डायट परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमय आयोजित किया गया। जिसके माध्यम से लोगों को मतदाता बनाने और लोगों में निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने के लिए जागरुक किया गया। इस अवसर पर डायट प्रशिक्षुओं ने पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से वोटर बनने के लिए लोगों को प्रेरित किया। वोटर जागरुकता हेतु प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत नाटक आकर्षण का केंद्र रहा। इस

**डायट जौनपुर में आयोजित हुआ मतदाता पंजीकरण जागरूकता कार्यक्रम**

अवसर पर उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट डा विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि युवा, भावी पीढ़ी ही इस देश के भविष्य हैं और आप लोगों का एक-एक मत देश का भविष्य निर्धारण करेगा। और आप वोट तभी दे सकते हैं जब वोटर लिस्ट में आपका नाम होगा, इसलिए जिन्होंने भी 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है या 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष के हो जायेगें वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाये। मात्र दो दिन शेष है 9 दिसम्बर 2023 तक ही वोटर बनने हेतु नामांकन का कार्य होगा। हर वोट ज़रुरी है कोई भी पात्र मतदाता बनने से न छूटने पाये। उन्होंने अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि अपने साथ ही परिवार व आसपास के लोगों को भी वोटर बनने के लिए प्रेरित करें। तथा आगामी लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागरुक करते रहे। वरिष्ठ प्रवक्ता डा आर एन यादव ने कहा कि महिला पुरुष, तृतीय लिंग व दिव्यांग सभी पात्र लोगों का मतदाता होना ज़रुरी है विशेषकर युवाओं व महिलाओं को मतदाता बनने के लिए जागरूक करें। मतदाता बनने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 9 दिसम्बर तक ही दावे व आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने छात्र छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कराया जिससे छात्र अन्य लोगों को वोटर बनाने के लिए जागरूक कर सकें।

स्वीप नोडल डायट नवीन सिंह ने लोगों को मतदाता बनने की शपथ दिलाई। संचालन जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता डा शैलेश कुमार, राजकुमार, नीरज मणि त्रिपाठी, विनय कुमार यादव, मंजूलता यादव, किरन त्रिपाठी, अमित कुमार, वरुण कुमार हयूमाना संस्था से डा चन्द्रशेखर आदि सहित डायट के प्रवक्ता व डायट प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## गर्भ से भैंस के मृत बच्चे को निकाला भैंस की जान भी बचाई

**जौनपुर (खेतासराय)** शाहगंज विकासखंड अंतर्गत लखमापुर गाँव में पशुचिकित्साधिकारी सोंधी ने भैंस का सफल ऑपरेशन कर मृत बच्चे को निकाल कर भैंस की जान बचाई। भैंस दो दिन से प्रसव के लिए परेशान थी वही पशुचिकित्साधकारी सोंधी डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि लखमापुर निवासी अजय यादव ने गुरुवार को सम्पर्क कर बताया कि भैंस दो दिन से प्रसव के लिए परेशान है लेकिन अभी डिलवरी नहीं हो पा रही है। जिसका ऑपरेशन कर मृत बच्चे को निकाल कर भैंस की जान बचा ली गई। जिससे भैंस को जीवनदान मिला डॉ. विपिन कुमार ने बताया की पशुपालक ऐसे क्रिटिकल मामले में यदि सही समय पर सूचना हो जाती है तो कम से कम पशुओं की जान बचाई जा सकती है।

# आवारा सांड व छुट्टा पशुओं को बीडीओ के सहयोग से पहुंचाया गया गौशाला

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खुटहन)** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत इमामपुर गांव में सांड के आतंक से ग्रामीण परेशान रहते थे आए दिन ग्रामीणों के खेत को आवारा पशुओं द्रारा चर जाने से ग्रामीण चिंतित हुए थे ग्रामीण ने इसकी सूचना युवा समाजसेवी ब्यूरो चीफ सुजीत वर्मा को दिया तत्काल युवा समाजसेवी द्वारा खुटहन विकासखंड के तेजतर्रार बीडीओ गौरवेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र दे कर व फोन वार्ता द्वारा आवारा पशुओं के निजात दिलाने के लिए निवेदन किया निवेदन पर तेजतर्रार वीडियो ने सेक्रेटरी संजीव कुमार गुप्ता को तत्काल इमामपुर ग्राम से आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचने का आदेश दिए थे आज सुबह सेक्रेटरी संजीव कुमार गुप्ता व युवा समाजसेवी द्वारा ग्रामीण जय हिंद के नेतृत्व में दर्जनों आवारा बछड़े व पशुओं को पड़कर टाली पर लाद कर गौशाला भेज दिए।जैसे ही इसकी खबर ग्रामीणों को लगा ग्रामीणों द्वारा युवा समाजसेवी सहित अन्य अधिकारियों को धन्यवाद अर्पित करते हुए खुशी जाहिर किया इस मौके पर सूबेदार गौतम, चौकीदार फिरतू लाल, सूबेदार कनौजिया, अमरनाथ सोनी, गोबिंद्र गुप्ता, सचिन गौतम, मो गुलशेर सहित अनेक लोग रहे।

# डीएम ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने आज अपने साप्ताहिक भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमबाग आजमगढ़ में चल रहे निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को छोटे-छोटे निर्माण कार्यो को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने फिनिशिंग कार्यो को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निष्प्रयोज्य सामानों को तत्काल साफ कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि वायरिंग एवं अन्य इलेक्ट्रिक कार्यो को पूर्ण किया जाये। उन्होने अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी को विश्वविद्यालय परिसर के अन्दर की सड़कों को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने बन चुके भवनों पर किये जा रहे पेटिंग के कार्य का निरीक्षण किया, उन्होने निर्देश दिया कि पेन्टिंग आदि का कार्य 31 दिसम्बर तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन प्रथम एवं द्वितीय, फैसीलिटी सेन्टर, वीसी ब्लाक, पुलिस चौकी को 31 दिसम्बर तक पूर्ण करने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया। इसी के साथ ही एडमिन अकेडमिक में लिफ्ट का कार्य जो चल रहा है, उसे भी जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने एडमिन बिल्डिंग में स्मोक डिटेक्टर लगाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने इसके पश्चात आजमबाग ग्राम में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था एलसी इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे ओएचटी निर्माण कार्या का निरीक्षण कर निर्धारित समय में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने फायर सर्विस के लिए तत्काल एनओसी अप्लाई करने एवं अधिकारियों को विजिट कराने का निर्देश संबंधित को दिया।

इस अवसर पर एक्सीयन पीडब्ल्यूडी एवं संबंधित अधिकारी तथा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सुखदेव गोगामढ़ी की हत्या के विरोध में ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव गोगामढ़ी, राजस्थान को घर में घुसकर हत्यारों द्वारा निर्मम हत्या किये के विरोध में डीएम0 को ज्ञापन सौपा। गरीब, शोषित, असहाय 36 कौमों की लड़ाई लड़ने वाले राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव गोगामड़ी, राजस्थान की निर्मम हत्या कर दी गई है। जो कि बहुत ही चिंताजनक है इस प्रकार से लगातार जो घटनाक्रम हो रहा है व बहुत ही चिंताजनक है। शासन-प्रशासन को इतना गंभीर घटनाक्रम के बावजूद कोई कठोर कार्यवाही अभी तक नहीं हुई है। हम सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों को कठोर से कठोर दण्ड की कार्यवाही करते हुए श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय प्रमुख नेताओं को अतिशीघ्र सुरक्षा प्रदान की जाए। स्व0 सुखदेव गोगामड़ी के परिवार को 5 करोड की आर्थिक मदद तुरंत प्रदान की जाय। पूर्व में सुखेदव सिंह गोगामड़ी ने शासन से अपनी हत्या होने की आशंका व्यक्त करते हुए शासन - प्रशासन से सुरक्षा की मांग की थी, परन्तु यह जांच का विषय है कि किसके इशारे पर पर उनको सुरक्षा प्रदान नहीं की गई। अगर प्रशासन द्वारा सुरक्षा समय से प्रदान की गई होती तो इस तरह की हृदय विदारक घटना नहीं होती।

# पुलिस ने लूटकाण्ड के दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** देवगांव पुलिस ने लूटकाण्ड के दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के पास एक रिवाल्वर सहित दो तमंचा व कारतूस और लूट के तीन सौ रूपये बरामद किया गया है। पुलिस ने बदमाशों की मोटर सायकिल को अपने कब्जे में ले लिया है। 14 नवम्बर को जियाउल इस्लाम पुत्र मुजीब खाँ निवासी सीधा सुल्तानपुर थाना निजामाबाद ने थाने पर सूचना दिया कि मेरे भाई अयाजुल इस्लाम को उसके किराये के मकान मिर्जाआदमपुर लालगंज देवगाव के पास दो मोटर साईकिल पर सवार पांच व्यक्ति आये तथा मेरे भाई का झोला छिनने लगे, मेरे भाई द्वारा विरोध करने पर उस पर तमंचे



से फायर कर दिया जिससे उसके हाथ व पैर मे गोली लग गई। उक्त बदमाश झोले में रखे कुछ कागजात व बैग में रखे करीब दो चार हजार रुपये को लेकर भाग गये। पुलिस ने उक्त घटना में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। विवेचना व आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर घटना में शामिल अभियुक्त शैलेश यादव पुत्र छोटेलाल उर्फ हिरालाल यादव निवासी पतौरा थाना केराकत जनपद जौनपुर, शमशाद पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम कदहरा थाना केराकत जनपद जौनपुर, मोनू यादव पुत्र प्रेमशंकर यादव उर्फ मुलायम यादव निवासी ग्राम जरासी थाना चन्दवक जौनपुर, विकास यादव उर्फ मुलायम यादव पुत्र रामकृत यादव निवासी ग्राम हौदवा थाना केराकत जनपद जौनपुर, सर्वेस यादव पुत्र रामअवध निवासी ग्राम मीरपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर का नाम प्रकाश में आया। आज 7 दिसम्बर को प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि दो बदमाश कंजहित की तरफ से बसही की तरफ जा रहे हैं।

# देष की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव

## एक्सपोर्ट 762 बिलियन डालर तक पहुँचा

**गोरखपुर।** रेल मंत्रालय, नयी दिल्ली में आयोजित प्रेस कांफ्रेन्स को सम्बोधित करते हुये माननीय रेल,

**ज़रूरतमंद**

- प्रतिमाह औसतन 14 से 15 लाख लोगों को मिल रहा है रोजगार
- मोबाइल फोन की मैन्युफैक्चरिंग होने वाली है लगभग 50 बिलियन डालर

संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार अष्विनी वैष्णव ने कहा कि देष की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है, हम एक ट्रिलियन डालर के एक्सपोर्ट के लक्ष्य को शीघ्र ही प्राप्त कर लेगें। अभी हमारा देष 762 बिलियन डालर का एक्सपोर्ट कर रहा है। इस एक्सपोर्ट के पीछे मुख्य कारण मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के ग्रोथ में तेजी है, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में



तेजी का मुख्य कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जारी मेक इन इंडिया की सफलता है। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में मेक इन इंडिया, डिजाइन इन इंडिया एवं इन्नोवेषन इन इंडिया की सफलता और सीरीज आफ प्रोग्राम्स लाये गये। सीरीज आफ सिंपलीफिकेशंस जो किए गए एक तरीके से यह उसका पूरा रिफ्लेक्शन है। वैष्णव ने कहा कि देष में इकोनॉमिक थॉट - मेक इन इंडिया की सफलता से एक्सपोर्ट ग्रोथ में काफी वृद्धि हुयी है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी जी ने सबसे पहले जो ग्रोथ प्रोग्राम लान्च किया किया था उसमें मेक इन इंडिया प्रमुख था। मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ से ग्रामीण क्षेत्र के इकोनॉमी लेवल उपर उठती है, और वे लो इनकम से मीडिल इनकम की ओर जाते है। मैन्युफैक्चरिंग में तेजी के कारण रोजगार के अवसरों में काफी वृद्धि हुयी है और आज प्रतिमाह औसतन 14 से 15 लाख लोगों को रोजगार मिल रहा है।

वैष्णव ने कहा कि आज निर्यात में पेट्रोलियम उत्पाद नम्बर एक पर, फार्मास्यूटिकल्स दूसरे नम्बर पर, आयरन तथा स्टील तीसरे नम्बर पर और मोबाइल फोन उत्पाद चौथे नम्बर है। उन्होनें कहा कि इस वर्ष मोबाइल फोन की मैन्युफैक्चरिंग लगभग 50 बिलियन डालर की होने वाली है और एक्सपोर्ट 15 बिलियन डालर से अधिक। हम मैन्युफैक्चरिंग इकोनॉमी की तरफ बढ़ रहे हैं उसके कारण रोजगार पैदा हो रहा है और एक्सपोर्ट बढ़ रहा है। पहले खिलौने केवल इम्पोर्ट होते थे और आज इसका एक्सपोर्ट रू. चार हजार करोड़ तक पहुॅच गया है। इस समय भारत दुनिया की पॉचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का देष है।

### सोने में 100 रुपए की तेजी, चांदी 800 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव 100 रुपये की तेजी के साथ 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

हालांकि, इस दौरान चांदी 800 रुपये टूटकर 77,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 78,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। वायदा कारोबार में एमसीएक्स पर सोने का फरवरी अनुबंध 90 रुपये चढ़कर 62,530 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इसके अलावा चांदी के मार्च अनुबंध की कीमत 61 रुपये की तेजी के साथ 74,892 रुपये प्रति किग्रा हो गई।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने फसल बीमा सप्ताह जागरूकता अभियान की घोषणा की

**मुंबई।** भारत की प्रमुख सामान्य बीमा कंपनी, एसबीआई जनरल ने 2023-24 में आगामी रबी मौसम के लिए छठे फसल बीमा सप्ताह जागरूकता अभियान की घोषणा की है। यह साप्ताहिक कार्यक्रम इस फसल बीमा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए तैयार किया गया है। यह किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के बारे में जानकारी देकर फसलों पर उनके निवेश को सुरक्षित रखने में सशक्त बनाता है। इस अभियान के तहत कंपनी, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, ओडिशा, असम और कर्नाटक राज्यों में अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन करेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत इन राज्यों को यह आवंटित किया गया है। किसानों के लिए जागरूकता फैलाने वाली ढेर सारी गतिविधियां, पीएमएफबीवाई की व्?यापक समझ और भागीदारी सुनिश्चित करती है। इसके तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में पीएमएफबीवाई की जानकारी के सीधे प्रसार के लिए वैन अभियान, फसल बीमा पाठशाला (किसान कार्यशाला), बाइक रैलियां, आउटडोर विज्ञापन, बस ब्रांडिंग गतिविधियां, स्कूल और कॉलेजों में शैक्षिक कार्यशालाएं और महिला किसानों के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

किसानों में जागरूकता बढ़ाने के लिए एसबीआई जनरल क्षेत्रीय भाषा में विज्ञापन संबंधी सामग्री का भी वितरण करेगी। इस अभियान में क्रिएटिव, वीडियोज, किसानों के प्रशंसापत्र जैसी चीजें भी शामिल होंगी।

रबी मौसम के लिए जनरल बीमाकर्ता, धान, गेहूं, चना, मूंगफली,फलियों, मक्का, सरसों, ज्वार आदि पर कवरेज उपलब्ध कराएगी।

किशोर कुमार पोलुदासु, एमडी एवं सीईओ, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का कहना है, ÷हमें सप्ताहभर चलने वाले इस अभियान के लॉन्च की घोषणा करके खुशी हो रही है। इसमें फसल का बीमा कराने के महत्व पर जोर दिया गया है। यह पहल देश की कृषि का आधार हमारे किसानों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम सब साथ मिलकर दृढ़ता विकसित करते हैं, खुशियों के बीज बोते हैं और रबी मौसम में भारतीय किसानों के साथ डटकर खड़े रहते हैं। अपने देश का पेट भरने वाले इन हाथों को सुरक्षित करने का यह हार्दिक संकल्प है। इस साझेदारी और जागरूकता के जरिए हमारा लक्ष्य अपने किसानों को एक खुशहाल और सुरक्षित कल देना है। इससे स्थाई तौर पर उनकी समृद्धि और खुशहाली सुनिश्चित हो पाएगी।

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस इस अभियान के जरिये किसानों को सशक्त बनाना चाहता है। इससे सुनिश्चित किया जाता है कि भारतीय कृषि के आधार इन किसानों के लिए रबी सीजन पूरी तरह सुरक्षित तथा खुशहाल हो।

## हमने सबसे तेज आर्थिक वृद्धि की गति बनाए रखी, राज्यसभा में बोलीं वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण ने गुरुवार को राज्यसभा में देश की इकोनॉमी के बारे में अहम जानकारी दी। उन्होंने कहा है कि जुलाई-सितंबर में जीडीपी उच्च स्तर पर थी। हमने लगातार सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने की गति बनाए रखी। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएलआई योजना जैसे विभिन्न उपायों के कारण विनिर्माण क्षेत्र अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में कहा कि इस साल प्रत्यक्ष कर संग्रह 21.82 प्रतिशत बढ़ा। दूसरी ओर, मासिक जीएसटी संग्रह 1.6 लाख करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। इस दौरान सीतारमण वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा कि भारत दुनिया में दूसरा सबसे अधिक मांग वाला विनिर्माण गंतव्य है। वित्त मंत्री ने कहा कि सभी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां अच्छी रही हैं। सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। इससे पहले वित्त मंत्री ने कहा था कि 2024 के चुनावों से पहले मोदी सरकार के आखिरी बजट में किसी बड़ी घोषणा की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। परंपरा को ध्यान में रखते हुए यह अंतरिम बजट होगा क्योंकि अगले साल की शुरुआत में लोकसभा चुनाव होने हैं। वित्त वर्ष 25 का पूर्ण बजट आम चुनाव के बाद नई सरकार के गठन के बाद पेश किया जाएगा।

## विप्रो कंज़्यूमर केयर एंड लाईटिंग ने पर्सनल वॉश ब्रांड्स - ज़ो, डॉय, और बैक्टर शील्ड के साथ अपने 15वें अधिग्रहण की घोषणा

**नई दिल्ली।** विप्रो कंज़्यूमर केयर एंड लाईटिंग ने वीवीएफ (इंडिया) लिमिटेड से ज़ो, डॉय, और बैक्टर शील्ड ब्रांड्स का अधिग्रहण कर अपने 15 वें अधिग्रहण की घोषणा की है। यह पिछले बारह महीनों में कंपनी द्वारा तीसरा अधिग्रहण है। इस अधिग्रहण से विप्रो को पर्सनल वॉश सेगमेंट में रणनीतिक विस्तार करने में मदद मिलेगी। ज़ो टॉयलेट सोप उत्तर, पूर्व और पश्चिमी भारत में एक लोकप्रिय ब्रांड है। डॉय अपनी विशेष पोज़िशनिंग के साथ प्रीमियम सेगमेंट के लिए है, और बैक्टर शील्ड सोप एवं हैंडवॉश की एंटीबैक्टीरियल रेंज प्रदान करता है। इन ब्रांड्स ने वित्तवर्ष 2023 में 2100 मिलियन रुपये से ज्यादा राजस्व अर्जित किया था।

इस अधिग्रहण से उत्साहित, विनीत अग्रवाल, सीईओ, विप्रो कंज़्यूमर केयर एंड लाईटिंग, और मैनेजिंग डायरेक्टर, विप्रो एंटरप्राईज़ेस ने बताया, ''हमें ज़ो, डॉय, और बैक्टरशील्ड जैसे लोकप्रिय पर्सनल वॉश ब्रांड्स को विप्रो के पोर्टफोलियो में शामिल करने की बहुत खुशी है। ब्रांड्स के अपने विस्तृत संग्रह और विप्रो के शक्तिशाली वितरण नेटवर्क के साथ हम बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत कर वृद्धि करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। ये ब्रांड हमारे मौजूदा पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं, जिससे हमें मुख्य बाजारों में और ज्यादा मजबूत स्थिति प्राप्त करने में मदद मिलेगी।''

रुस्तम गोदरेज जोशी, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, वीवीएफ (इंडिया) लिमिटेड ने कहा, ''हमें विप्रो कंज़्यूमर केयर एंड लाईटिंग के साथ जुड़ने की खुशी है। विप्रो द्वारा ज़ो, डॉय, और बैक्टरशील्ड का अधिग्रहण हमारे पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप है, और इन ब्रांड्स का विस्तार एवं विकास करने के लिए विप्रो की क्षमता में हमारे विश्वास को प्रदर्शित करता है। हमारा यह सहयोग ग्राहकों को लाभ पहुँचाने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, और हमारे रणनीतिक व्यापारिक विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है।''

नीरज खत्री, चीफ एग्ज़िक्यूटिव, विप्रो कंज़्यूमर केयर एंड लाईटिंग इंडिया, एवं सार्क बिज़नेस ने कहा, ''हमारे पोर्टफोलियो में ज़ो, डॉय एवं बैक्टर शील्ड के शामिल हो जाने से भारत और सार्क के बाजारों में पर्सनल वॉश की श्रेणी में अपनी पेशकशें बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को बल मिलता है।

### सरकार ने चीनी मिलों को दिया निर्देश, कहा- एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के रस का नहीं करें इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को सभी चीनी मिलों और डिस्टिलरी को निर्देश दिया कि वे एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के रस का इस्तेमाल नहीं करें ताकि घरेलू खपत के लिए चीनी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और कीमतों को नियंत्रण में रखा जा सके। हालांकि, खाद्य मंत्रालय ने सभी चीनी मिलों और डिस्टिलरी के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को लिखे एक पत्र में कहा कि बी-हैवी शीरे से तेल विपणन कंपनियों को इथेनॉल की आपूर्ति जारी रहेगी। सरकार ने चीनी (नियंत्रण) ऑर्डर 1966 के खंड 4 और 5 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सभी चीनी मिलों और डिस्टिलरी को यह निर्देश दिया है कि वे तत्काल प्रभाव से ईएसवाई इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2023-24 में इथेनॉल के लिए गन्ने के रस यानी चीनी सिरप का उपयोग न करें।

## Licious आपके लिए लाया है साल का सबसे स्वादिष्ट महीना Licious Decemmmber



**नई दिल्ली।** पूरे साल भर में यह वह समय है जब उत्सव की बहार होती है और छुट्टियों की खुशियों भरा माहौल होता है। वास्तव में, Decemmmber कोई साधारण महीना नहीं है, यह एक अहसास है, जिसे जी भर कर जिया जाता है। लेकिन इस साल कुछ अलग है, क्योंकि इस साल 'दिसम्बर' नहीं है , बल्कि 'Licious Decemmmber' है, जो आपके लिए लाया है, हर दिन खुशी और मीट के साथ जश्न का माहौल। तो इंतज़ार किस बात का - हो जाएं तैयार हर दिन जश्न मनाने के लिए। इस Decemmmber की शुरुआत हो रही हैं सीज़न स्पेशल्स और बेहतरीन ट्रीट्स की लज़ीज़ और विशाल श्रृंखला के साथ । इस अनुभव को और ज़्यादा बेहतर और 'मीटी' बना देंगी रेड हॉट डील्स। पूरे महीने चलने वाले Licious Decemmmber में हर कोई लिशियस ऐप या वेबसाइट पर जाकर ऑर्डर कर सकता है, अपनी पसंद का यम्मी मीट्स और सीफ़ूड! पूरे Decemmmber माह को Licious द्वारा Licious Decemmmber के रूप में मनाए जाने के बारे में श्री संतोष हेगड़े, वाईस-प्रेसिडेंट, ब्रांड Licious ने कहा, अगर कोई सोचता है कि साल के अंत का जश्न Decemmmber के आखिरी सप्ताह से ही शुरू होता है, तो उसने अभी Licious Decemmmber का स्वाद नहीं चखा है, क्योंकि अब यह केवल 'December' नहीं, बल्कि 'Licious Decemmmber' है। जब आप पूरे माह Licious के कई सारे लज़ीज़ व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। रॉ एंड फ्रेश और रेडी-टू-कुक श्रेणियों में स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद पाकर आप इस Decemmmber का जश्न Licious के साथ मनाते हुए ज़रूर Decemmmber कहेंगे।

## छठे आईपी कॉन्क्लेव एंड इंटीलेक्चुअल प्रॉपर्टी टैलेंट सर्च एक्ज़ामिनेशन (आईपीटीएसई) अवॉर्ड्स में राष्ट्रीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया




**नई दिल्ली।** आईपी कॉन्क्लेव एंड इंटीलेक्चुअल प्रॉपर्टी टैलेंट सर्च एक्ज़ामिनेशन (आईपीटीएसई) अवॉर्ड्स का आयोजन किया गया। देश के सबसे बेहतर आईपी कार्यक्रम की अपनी विरासत को जारी रखते हुए इस कार्यक्रम का समापन आईपीटीएसई 2023 के विजेताओं के सम्मान के साथ हुआ। इन पुरस्कारों से पता चलता है कि देश में शिक्षा जगत के साथ-साथ उद्योग जगत में बौद्धिक संपदा का विकास हो रहा है।

अमिताभ कांत, जी20 शेरपा, भारत सरकार और माननीय न्यायमूर्ति सी हरि शंकर, न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय, मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने स्टूडेंट्स को उनकी सफलता के लिए नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। आईपीटीएसई प्रतिभागियों को स्कूल, यूनिवर्सिटी, फैकल्टी और वर्किंग प्रोफेशनल के आधार पर स्थान दिया गया। आईपीटीएसई के 2023 संस्करण की स्कूल श्रेणी के टॉपर्स में गौर्स इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा के रागी शर्मा (रैंक 1), मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, जेपोर, ओडिशा के अनुराग श्रीराम स्वारो (रैंक 2) और एवरेस्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, भोपाल के हर्ष शर्मा (रैंक 3) शामिल हैं। यूनिवर्सिटी श्रेणी में, तीन सर्वोच्च स्थान पाने वालों में दिल्ली विश्वविद्यालय के कृष्णांशु कपूर, मराठवाड़ा मित्र मंडल के शंकरराव चव्हाण लॉ कॉलेज, पुणे की ईशा परांडे और कमिंस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वुमेन से प्राची मुधोलकर शामिल है। एक्रोपोलिस इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, इंदौर की आकांक्षा द्विवेदी और भुवनेश शर्मा क्रमशः फैकल्टी और वर्किंग प्रोफेशनल श्रेणियों में शीर्ष स्थान पर थे। इस अवसर पर बात करते हुए, श्री अमिताभ कांत, जी20 शेरपा, भारत सरकार, ने कहा, इनोवेशन 2047 तक 35 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने के लिये भारत के विकास का महत्वपूर्ण घटक होगा। इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी (आईपी) राइट्स नए-नए आविष्कारों को बढ़ावा देने के लिये एक देश की योग्यता दिखाते हैं।

## एमएसडीई ने जेंडर पर आधारित हिंसा के खिलाफ अब कोई बहाना नहीं का संकल्प



**नई दिल्ली।** '16 डेजऑफ एक्टिविज्म अगेंस्ट जेंडर बेस्ड वॉइलेंस'वार्षिक कैंपेन के अनुसार, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने आज कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के तहत अपने अधिकारियों के लिए दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम शुरू किया।

उद्घाटन सत्र एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी, मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और संयुक्त राष्ट्र महिला प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर, एमएसडीई के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, आज आयोजित किए जा रहे कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम प्रत्येक अधिकारी को कार्यस्थल पर उचित आचरण करने के लिए जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण हैं। यह आवश्यक है कि सभी कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण कार्यस्थल संस्कृति का हिस्सा बने। उन्होंने इस संबंध में गठित समिति के सदस्यों को समीक्षा बैठकों को नियमित करने और एक्ट की लर्निंग के भाव को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी निर्देश दिया।

कांता सिंह, डिप्टी कंट्री रिप्रेजेंटेटिव, यूएन वूमेन इंडिया ऑफिस, ने मंत्रालय में महिलाओं के लिए सक्षम वातावरण की सुविधा के लिए कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए एमएसडीई के प्रयासों और इसकी समर्पित प्रतिबद्धता की सराहना की। संयुक्त राष्ट्र महिला अधिकारी ने अपने पूरे स्टाफ के लिए व्यापक कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग आयोजित करने वाले पहले मंत्रालयों

## स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग माता पिता बच्चे के संबंधों को पैदा कर रहा तनाव



**नई दिल्ली।** आज के डिजिटल युग में स्मार्टफोन हमारे दैनिक जीवन का एक अनिवार्य साथी बन गया है। हालांकि, इन डिजिटल उपकरणों की सर्वव्यापकता और अत्यधिक उपयोग ने हमारे खूबसूरत रिश्तों की पवित्रता पर ग्रहण लगा दिया है। स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करने और बदले में स्मार्टफोन के साथ लोगों के संबंधों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, विश्वसनीय ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने साइबर मीडिया रिसर्च (सीएमआर) के सहयोग से वीवो स्विच ऑफ रिसर्च के पांचवें एडिशन के निष्कर्षों का अनावरण किया। आज अध्ययन करें. माता-पिता-बच्चे के रिश्ते पर स्मार्टफोन का प्रभाव शीर्षक वाला अध्ययन इस बात पर केंद्रित है कि स्मार्टफोन का अत्यधिक और बिना सोचे-समझे इस्तेमाल माता-पिता और बच्चों के बीच संबंधों में बाधा डाल रहा है। ÷इम्पैक्ट ऑफ स्मार्टफोन ऑन पैरेंट-चाइल्ड रिलेशनशिप'' शीर्षक वाली स्टडी इस बात पर केंद्रित है कि स्मार्टफोन का अत्यधिक और बिना सोचे-समझे इस्तेमाल माता-पिता और बच्चों के बीच संबंधों में बाधा डाल रहा है। स्विच ऑफ कैम्पेन के महत्व को रेखांकित करते हुए, वीवो इंडिया के कॉरपोरेट स्ट्रेटजी हेड, गीताज चन्नना ने कहा, वीवो में, हम टेक्नोलॉजी के सार्थक उपयोग का सपोर्ट करते हैं, अपने प्रियजनों के साथ अधिक समय बिताने के महत्व पर जोर देते हैं। वीवो स्विच ऑफ स्टडी के इनसाइट ने स्मार्टफोन के साथ अपने रिश्तों में कई व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला है। स्विच ऑफ कैम्पेन के 5वें एडिशन माध्यम से हमारा उद्देश्य लोगों को अपने समय और ध्यान पर नियंत्रण हासिल करने के लिए सशक्त बनाना है, जिससे उन्हें प्रियजनों के साथ फिर से जुड़ने और उन्हें प्राथमिकता देने की सुविधा मिल सके।पारंपरिक रिपोर्ट की सीमाओं से परे, वीवो ने 20 दिसंबर को स्विच ऑफ डे के रूप में मनाकर टेक्नोलॉजी के जिम्मेदार तरीके से उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया है। इसके माध्यम से, वीवो भारतीय उपभोक्ताओं से इस आंदोलन में शामिल होने, अपनी डिजिटल स्क्रीन बंद करने और अपने परिवार और प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का आग्रह कर रहा है।

### ईज़मायट्रिप के 'विंटर कार्निवल सेल' में मिलेंगें फ्लाइट, होटल, बस, हॉलिडे, कैब और अन्य चीजों पर शानदार डिस्काउंट

**लखनऊ।** भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म में से एक, ईज़मायट्रिप डॉट कॉम ने दिवाली ट्रैवल सेल यानी 'विंटर कार्निवल सेल% लॉन्च की है, जहाँ ग्राहकों को फ्लाइट, होटल, बस, कैब और हॉलिडे पैकेज पर शानदार बचत का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। यह लिमिटेड टाइम सेल 05 दिसंबर से 09 दिसंबर, 2023 तक जारी रहेगी, यह सेल बेहतरीन कीमतों पर नई दुनिया की खोज करने का गोल्डन टिकट है। विंटर कार्निवल सेल के दौरान, यात्री 09 दिसंबर तक कूपन कोड CARNIVAL का उपयोग करके शानदार छूट का आनंद ले सकते हैं। यहाँ आप घरेलू उड़ानों पर 2,023 रुपये और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 7,500 रुपये तक की एवं घरेलू होटलों पर 5,000 रुपये और अंतरराष्ट्रीय होटलों पर 10,000 रुपये तक की बचत कर सकते हैं। यदि आप बस या कैब से यात्रा करने की योजना बना रहे हैं, तो आप क्रमशः 500 रुपये तक और 2000 रुपये तक की बचत कर सकते हैं। इसके अलावा, जिन्हें एक यादगार छुट्टियाँ मनाने वालों के लिए, पैकेज सिर्फ 11,299/- रुपये से शुरू हो रहे हैं।

आप आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड, बैंक ऑफ बड़ौदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और यस बैंक क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर अतिरिक्त छूट का लाभ उठा सकते हैं। सेल के दौरान, ईज़मायट्रिप के माध्यम से बुकिंग करने वाले सभी उपयोगकर्ताओं को सेलेक्टेड ब्रांड पार्टनर्स से वाउचर प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

ईज़मायट्रिप ने एयर अस्ताना, एयर इंडिया, एयर एक्सपोरेस, एयर फ्रांस, अकासा एयर, ब्रिटिश एयरवेज, बाटिक एयर, गल्फ एयर, आईटीए एयरवेज, जापान एयरलाइंस, केएलएम रॉयल डच एयरलाइंस, केन्या एयरवेज, ओमान एयर, स्पाइसजेट एयरलाइंस, कतर एयरलाइंस, क्वांटास, विस्तारा वर्जिन वर्जिन अटलांटिक सहित प्रसिद्ध एयरलाइनों और विशेष होटलों के चयन के साथ साझेदारी की है।

## युवा भारतीय लेखकों ने पॉकेट एफ एम के साथ अपनी सफलता का मनाया जश्न!

**कानपुर।** ऑडियो सीरीज प्लेटफार्म में अग्रणी ग्लोबल मंच पॉकेट एफएम ने अपने लेखकों के लिए एक मीट-अप सत्र का आयोजन किया , जहां वे अपने प्रतिभाशाली लेखकों के साथ उनकी अनूठी यात्रा साझा करने के लिए एक साथ नज़र आए। इस मीट-अप में पॉकेट एफएम की प्रसिद्ध लेखिका मोनी सिंह, जान्हवी सोनी और काव्या शर्मा की उपस्थिति देखी गई, जिन्होंने अपने अनुभव, प्रेरणाओं और इस रचनात्मक समुदाय का हिस्सा होने की खुशी जताई। ख़ास बात यह है कि इस मीट-अप के दौरान उन्होंने महत्वाकांक्षी लेखकों को भविष्य की ओर एक कदम आगे बढ़ाने की सलाह दी जो न सिर्फ उनके जीवन मन बदलाव लाएगी बल्कि उनके आस पास के लोगों का भीअनुभव बदल सकती है। पॉकेट एफएम न सिर्फ लेखकों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान कर रहा है बल्कि उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता, लाखों श्रोता, मजबूत प्रशंसक और सब से महत्वपूर्ण उन्हें मान्यता और गर्व प्राप्त करने की दिशा में विकसित कर रहा है। पॉकेट एफएम के साथ अपनी लेखन यात्रा पर बात करते हुए लेखिका मोनी सिंह ने कहा, मेरी यात्रा विकास और गौरव से भरी रही




है। मैं अपने परिवार में पहली लेखिका हूं, जो मेरे लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है। मेरी रचना अब दुनिया भर में लाखों लोगों तक पहुंच रही है, इसने मुझे पहचान दी है और मेरे सामाजिक जीवन को गर्व से ऊंचा उठाया है। मेरे दोस्त और सभी परिवार जन अक्सर मेरी कहानियों को एक दूसरे से साझा कर के मेरी सफलता को सराहते हैं, जो कभी-कभी मुझे एक सेलिब्रिटी की तरह महसूस कराते हैं। उत्साहित जान्हवी सोनी ने एक भावनात्मक किस्सा साझा करते हुए कहा, ÷हाल ही में, मेरी माँ एक रिश्तेदार को दिखाने के लिए इंटरनेट पर मेरा नाम खोज रही थीऔर जब एक लेखक केरूप में मेरा नाम सामने आया तो यह उनके लिए गर्व और उपलब्धि का क्षण था। यह एक ऐसा क्षण था जब मुझे लगा कि मैंने अपने माता-पिता को अपनी पेशेवर उपलब्धि पर गर्व महसूस कराया है। मैं पॉकेट एफएम कीआभारी हूं जिसकी मदद से न केवल मुझे वित्तीय स्वतंत्रता मिली बल्कि मेरे परिवार में खुशी लाने वाले गर्व की भावना पैदा करने का भी श्रेय इस मंच को जाता है, जिन्हों ने मुझे यह मौका प्रदान किया। काव्या शर्मा ने कहा, ÷कई लोगों की तरह, महामारी ने मुझे भी नहीं बख्शा था। 6 महीने तक मेरा भी स्वास्थ्य बिगड़ा रहा, लेकिन पॉकेट एफएम मेरे लिए अंधेरे में उम्मीद बन कर उभरा। इसने मुझे एक लेखक के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और मुझे आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। आज मैं पॉकेट एफएम की आभारी हूं कि इस मंच मुझे न केवल अपनी पहचान दी बल्कि मेरे जीवन में वित्तीय स्थिरता भी लाई। मोनी, जान्हवी और काव्या इस बात का जीता -जागता सबूत हैं कि समर्पण और सही मंच के साथ, उभरते लेखक अपने सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं। उनकी सफलता की कहानियाँ देशके हर महत्वाकांक्षी लेखक को प्रेरित करने केलिए बाध्य हैं जो एक लेखक के रूप में अपनी पहचान और जगह बनाना चाहते हैं। पॉकेट एफएम नेअपने इस मंच के ज़रिए नए उभरते युवा लेखकों के सपनों को हकीकत में बदलने और उनकी मदद करने के लिए, देश के कोने-कोने से प्रतिभाओं को खोजने और उनका पोषण करने का अपना मिशन जारी रखा है।

## सैमको म्यूचुअल फंड ने ायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड (डीएएएफ) लॉन्च किया

**कानपुर।** प्रतिष्ठित निवेश प्रबंधन फर्म, सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड (डीएएएफ) को लॉन्च किया है। यह अनूठा फंड निवेशकों को आज के गतिशील बाजार परिवेश में स्थिरता, विकास क्षमता और नकारात्मक पक्ष से सुरक्षा का विशिष्ट मिश्रण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

यह भारत का पहला डीएएएफ है जो कठिन समय में पूरी तरह से ऋण में स्थानांतरित होने की क्षमता के साथ गति मॉडल का पालन करता है। श्रेणी में समान मॉडल मौजूद नहीं है। अधिकांश अन्य हाइब्रिड बीएएफ/डीएएएफ के मॉडल पी/बी, पी/ई आदि पर निर्मित मूल्यांकन मॉडल का पालन करते हैं।

भारत में निवेशकों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों में से एक बाजार की अस्थिरता और गिरावट से जुड़ा डर है। सैमको म्यूचुअल फंड इन चिंताओं को पहचानता है और इसने रिटर्न को अनुकूलित करते हुए अस्थिरता और गिरावट को कम करने पर ध्यान देने के साथ डीएएएफ को तैयार किया है।

सैमको डीएएएफ के साथ, निवेशक ड्रॉडाउन को कम करते हुए और जरूरत पड़ने पर अपनी पूंजी निकालने की लचीलेपन को बनाए रखते हुए इक्विटी निवेश के लाभों का आनंद ले सकते हैं।

सैमको एमएफ का डीएएएफ मालिकाना ट्रांसफार्मर मॉडल पर आधारित नवीन निवेश रणनीति लागू करता है। इस मॉडल से फंड को बाजार के रुझान के आधार पर अपने इक्विटी एक्सपोजर को 0% से 100% तक समायोजित किया जा सकता है। वास्तविक समय में इक्विटी और ऋण निवेश के बीच तेजी से बदलाव करके, फंड जोखिमों को कम करता है और गिरावट को कम करता है, जिससे निवेशकों को सुरक्षा और स्थिरता का अनुभव होता है।

# जिले के समस्त सरकारी कार्यालयों में मना सशस्त्र सेना झंडा दिवस



डीएम को झंडा स्टीकर लगाते भूतपूर्व सैनिक



जिला अति सूचना अधिकारी को झंडा स्टीकर लगाते सैनिक

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी तथा भूतपूर्व सैनिकों द्वारा जनपद स्तरीय अधिकारीगण व विभागाध्यक्षों को झंडा स्टीकर लगाकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया।

**जिला स्तरीय अधिकारियों को झंडा स्टीकर लगाकर मनाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस**

गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समस्त नागरिकों के लिए अपनी सेना में विषम एवं दुर्गम इलाकों में सेवारत सैनिकों, वीर शहीदों के परिवार व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का उत्तम अवसर होता है, जिसमें सभी नागरिक दिल खोलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में बढ़ चढ़कर योगदान दे सकते हैं।

झंडा दिवस की यह राशि घायल सैनिकों के पुनर्वास, शहीद सैनिकों के परिवार को आर्थिक सहायता एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों हेतु कल्याणकारी योजनाओं एवं पुनर्वास में उपयोग की जाती है। राष्ट्र की सशस्त्र सेना और नागरिकों के बीच परस्पर आपसी स्नेह और सम्मान की भावना जागृत करते हुए युद्ध में शहीद भूतपूर्व सैनिक, उनके परिवार तथा सेवारत सैनिकों के कल्याण के प्रति नागरिकों से जुड़ाव व सहयोग प्राप्त करने के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन 1949 से ही किया जाता रहा है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर आलोक सक्सेना ने बताया कि आज पूरे देश में और विदेशों के भारतीय दूतावासों में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जा रहा है। जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि रक्षा मंत्रालय तथा भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन अनुसार सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाते हुए सैनिक कल्याण के लिए वर्ष 2023 हेतु धन संग्रह अभियान भी चलाया जा रहा है। विंग कमांडर ने बताया कि यद्यपि प्रतीक स्वरूप झंडा दिवस 07 दिसंबर 2023 को आयोजित है परंतु विभिन्न आयोजनों द्वारा पूरे वर्ष धन एकत्रीकरण किया जाएगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ एक यात्रा ही नहीं, यह मोदी की गारंटी को पूरा करने वाली वाहन है: विजयलक्ष्मी



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा सलेमपुर के ग्राम पिपरा बांध में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने अपने सम्बोधन में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा' सिर्फ एक यात्रा ही नहीं, यह मोदी जी की गारंटी को पूरा करने वाली वाहन है, जो गरीबों और वंचितों को उनके अधिकार दिलाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया एवम राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम एवम शिशुओं को अन्नप्राशन कार्यक्रम कराया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को योजनाओं की जानकारी देने एवं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए जा रहे है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से जोड़ना और उसे उससे लाभान्वित करना है। उक्त अवसर पर राजीव सिंह, शमशुद्दीन अंसारी, अजय दूबे वत्स, चन्द्रशेखर काण्डपाल, हरेन्द्र कौशिक आदि मौजूद रहे।

## देश के किसानों के हित में डीएपी व यूरिया का दाम कम करें सरकार: रामजी गिरि



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देश व प्रदेश में बढ़े डीएपी ,यूरिया खाद के दाम को कम करने व इनकी पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर जाकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव को सौपा।इस दौरान सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि किसानों के हित में भाजपा सरकार रासायनिक खादों डीएपी व यूरिया के बढ़े हुए दाम कम करे। आज किसान भाइयों के उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, इसी में सरकार ने खादों के दाम बढ़ा कर उन्हें और परेशान कर रही है। आज महंगाई के कारण किसान, छात्र, नौजवान व आम जनता को दो वक्त के भोजन का इंतजाम करना कठिन हो गया है। आज नौजवान अपने रोजगार को लेकर परेशान है। कांग्रेस की सरकार में किसान, नौजवान व आम आदमी परेशान नही था। ज्ञापन सौंपते वालों में आलोक त्रिपाठी, राजन,सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, अवधेश यादव, मार्कण्डेय मिश्र, प्रेमलाल भारती, बदरे आलम, सुनील द्विवेदी, वीरेन्द्र तिवारी, मनोज मणि त्रिपाठी, अब्दुल जब्बार, राशिद अंसारी, राजकुमार यादव आदि शामिल रहे।

## कोटेदारो ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के कोटेदार अपनी मांगों को लेकर काली पट्टी बांध कर विरोध जताया। कोटेदार अपनी मांगों को लेकर कई बार धरना और प्रदर्शन कर चुके है। और सरकार ने इनकी मांगो को लेकर कुछ मुद्दों पर सहमति भी जताई थी। लेकिन अभी तक उस पर अमल नही किया गया है। कोटेदार सरकार से कमीशन और गुजरात,छत्तीसगढ़ सरकार की तर्ज पर 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय देने की मांग कर रहे है। तहसील क्षेत्र के कोटेदार ने काली पट्टी बांधकर सरकार को चेतावनी दी है। इस संदर्भ में तहसील कोटेदार संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी ने बताया की यदि सरकार ने मांगे नहीं मानी तो 1 से 15 जनवरी तक कोटेदार हड़ताल पर रहेंगे। और 16 जनवरी को दिल्ली में धरना प्रदर्शन करेंगे।

## संकल्प विकसित भारत यात्रा का किया गया आयोजन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड पाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिनवा में संकल्प विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया गया संकल्प यात्रा में भारत सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं जैसे आयुष्मान, वृद्धा पेंशन, पीएम आवास योजना, निशुल्क राशन योजना, उज्जवला योजना का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल,नोडल अधिकारी श्रवण यादव, भाजपा नेता रमेंद्र नाथ मिश्रा, ग्राम पंचायत अधिकारी अरविंद कुमार, हरिनाथ यादव, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र चौबे, कमलेश, चंद्रिका, मोलहु, साधना, मंजू के साथ कई लोग मौजूद रहे।

## अधिकारियों ने किया सड़क व नाली का निरीक्षण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पिपरौली बीडीओ कविता अवस्थी के निर्देश पर कस्बा पिपरौली बाजार में एडीओ पंचायत अरविंद कुमार सिंह द्वारा निर्माणाधीन इंटरलॉकिंग सड़क व नाली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत ने निर्देश दिया कि बीच-बीच में कहीं-कहीं ईंट के टुकड़ों की कमी है, काम अधूरा है। मानक के अनुसार जल्द से जल्द कार्य संपन्न कराया जाए। कस्बा पिपरौली बाजार के पश्चिम मोहल्ले कि यह निर्माणाधीन सड़क व नाली अब्बास अली के घर से गडही तक है,जिसकी कुल लंबाई 90 मीटर की है। इंटरलॉकिंग सड़क की लागत राशि 372 000 तथा निर्माण किए जा रहे नाली की लागत रासी 314000 है। ग्रामीणों ने बताया कि विगत 50 वर्षों से कस्बा पिपरौली बाजार के पश्चिम मोहल्ले में इस जगह पर कोई भी सरकारी कार्य जैसे सड़क, नाली इत्यादि का कार्य नहीं किया गया था। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक, ग्राम सचिव प्रतिमा सिंह, आलम, रईस, जावेद, डॉ तारिख सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विजय सैनी बने आरएसएस संघ मोतीचक के खंड कार्यवाह

**मथौली बाजार, कुशीनगर।**



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ देवरिया विभाग के प्रमुख ने मोतीचक विकासखंड के नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की है। जिसके नाम निम्न है। विजय सैनी मोतीचक खंड कार्यवाह, हरीश पांडे खंड संचालक, रामविलास यादव खंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख बनाए गए हैं। विभाग प्रमुख ने सभी नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से समाज के के अंतिम व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रिति और नीतियों के बारे में प्रकाश डालते हुए संगठन की शक्ति का विस्तार करते हुए सामाजिक क्षेत्रो में रचनात्मक कार्य करते हुए अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करने को अपील किया।

# खाद्य पदार्थों के 35 नमूनों में 9 नमूने फेल

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के द्वारा गुरुवार को फूड सेफ्टी ऑन व्हील के माध्यम से खाद्य पदार्थों की जॉच की गई जिसमें कुल खाद्य पदार्थो के 35 नमूने लिए गए जिसमें जांचोपरांत 9 नमूने फेल हो गए। इन कारोबारियों पर जुर्माना लगाया गया। साथ खाद्य पदार्थों के मिलावट के प्रति लोगों को जागरूकता भी किया गया।

खाद्य सुरक्षा से सम्बन्धित हाईजीन, सैनीटेशन, पैक्ड खाद्य पदार्थों मे लेबलिंग तथा न्यूट्रीशन व फोर्टीफिकेशन सम्बन्धित जानकारी खाद्य कारोबारकर्ताओं व आम जनमानस को दी गई। उन्होंने जॉच की गई नमूनों के सम्बन्ध में बताया कि नेबूआ राय गंज, खड्डा-अंतर्गत मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स के 02 नमूने लिए गए जो सभी मानक के अनुरूप सही पाए गए। इसी प्रकार मिठाई और नमकीन के 09 नमूने लिए गए जिसमे 06 मानक के अनुरूप पाए गए एवं 03 मानक के विपरीत पाए गए। स्पाइस के 09 नमूने लिए गए जिसमे 06 सही और 03 मानक के विपरीत पाए गए। इसी प्रकार



फूड ऑन व्हील के माध्यम से खाद्य पदार्थों का नमूना लेती टीम

**फूड सेफ्टी ऑन व्हील के माध्यम से की गई खाद्य पदार्थों की जांच**

सीरियल अनाज के 11 नमूने लिए गए जिसमे 08 सही और 03 मानक के विपरीत पाए गए। ऑयल घी वनस्पति का 01 नमूना लिया गया जो सही पाया गया। अन्य खाद्य पदार्थों के तीन नमूने लिए गए जो सभी सही पाए गए। इस प्रकार कुल 35 नमूने संग्रहित किए गए जिसमें जॉच के दौरान कुल 26 नमूना पास पाए गए, तथा 09 नमूने फेल पाए गए। सहायक आयुक्त खाद्य-।। ने बताया कि फूड सेफ्टी ऑन व्हील वाले सचल खाद्य प्रयोगशाला दिनांक 4 दिसम्बर से 8 दिसम्बर तक प्रत्येक दिन सक्रिय रहकर संपूर्ण जनपद में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम एवं मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच करेगी।

## पुलिस अधीक्षक को सौपा गया ज्ञापन

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष-जनसेवक मंटू बाबू जायसवाल के नेतृत्व मे पुलिस अधीक्षक देवरिया से मिलकर सलेमपुर प्रकरण मे उनसे वार्ता किया। विगत 4 दिसम्बर को सलेमपुर व्यापार मंडल के महामंत्री शिव जी जायसवाल के साथ दबंगो के द्वारा अशोभनीय कृत्य उनके दुकान पर किया गया था और साथ ही अपने दबंगई के बल पर उल्टे ही उनके उपर (एस टी एस सी) मे उनके उपर फर्जी मुकदमे दर्ज करवा दिये थे। साथ ही उनको धमकाया जा रहा था । इन्ही सब कारणो को लेकर आज यह प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक से मिला और सारे घटनाक्रम से अवगत कराया देवरिया के एसपी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया की फर्जी मुकदमे हटा दिया जायेगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष जनसेवक मंटू बाबू जायसवाल ने कहा देवरिया जनपद मे किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नही होने दिया जायेगा।

# गिट्टी लदे टायर फटने से पेड़ से टकराया ट्रक

**अवधनामा ब्यूरो**

**बाल-बाल बचे लोग**

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के सुभाष चौक स्थित रोडवेज बस स्टेशन के पास गिट्टी लदे ट्रक का टायर फट जाने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद एक घर के आगे जाकर किसी तरह रुक गया। यह घटना रात के करीब डेढ़ बजे हुई। संयोग ही था कि वहां जाकर रुक गया और रात का वक्त था, नहीं तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। खुद को खलासी बताने वाले शख्स को पुलिस हिरासत में लेकर कोतवाली चली गई, जबकि चालक भाग निकला। बताया जा रहा है कि गोरखपुर से गिट्टी लादकर चालक और खलासी बिहार के लिए निकले थे। वे कप्तानगंज के रास्ते पडरौना होते हुए बिहार जाने वाले थे। पडरौना के रोडवेज बस स्टेशन के पहले ट्रक का आगे का एक टायर फट गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर गेट पर स्थित पेड़ों से टकराते हुए एक घर के आगे जाकर किसी तरह रुका। यह वह स्थान है, जहां पूरे दिन ठेले पर दुकानें लगती हैं, बसों के इंतजार में यात्री बैठे रहते हैं, लेकिन रात का समय होने के कारण सन्नाटा था। ट्रक घर के दरवाजे पर जाकर रुका था। और आगे बढ़ा होता तो घर भी क्षतिग्रस्त हो सकता था। इस तरह बड़ी अनहोनी टल गई। कोतवाल सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि खुद को ट्रक का खलासी बताने वाले शख्स को हिरासत में लिया गया है। उसका नाम प्रदीप यादव पुत्र संपत यादव है, जो देवरिया जिले के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के इटवा गांव का निवासी है। चालक भाग निकला। उन्होंने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है।

# सुनहरे भविष्य के लिए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना जरूरी

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** पल्स पोलियो अभियान के पूर्व जनजागरूकता के लिए राजकीय इंटर कालेज परिसर से गुरूवार को रैली निकाली गई। रैली को जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने हरी झंडी

**पल्स पोलियो अभियान के पूर्व निकाली गई जन जागरूकता रैली**

दिखाकर रवाना किया। यह रैली राजकीय इंटर कालेज परिसर से कोतवाली रोड, जिलाधिकारी आवास और सिविल लाइन रोड होते हुए कचहरी चौराहा पहुंची। वहां से रोडवेज और महर्षि देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज होते हुए सीएमओ कार्यालय में आकर समाप्त हुई। रैली में विभिन्न स्कूलों के बच्चे, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को 10 दिसंबर को बूथों पर ले जाकर पोलियो से बचाव की दवा अवश्य पिलाएं। इस अभियान में सभी की सहभागिता जरूरी है।जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की सेहतमंद जिदगी व सुनहरे भविष्य के लिए पोलियो की दवा पिलाना जरूरी आवश्यक है। दवा पिलाने से बच्चों के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए सुपरवाइजर, मॉनिटर



सहित अन्य कर्मियों की टीम गठित की गयी है। अभियान के दौरान जिले के पांच साल से कम उम्र के 5 .15 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाने के लिये कुल 944 टीम गठित की गयी हैं। अभियान की सफलता के लिये 115 ट्रांजिट टीम का गठन किया गया है। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिये 326 पर्यवेक्षक कार्य करेंगे। ईंट भट्ठों के आस-पास रहने वाले बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिये 45 मोबाइल टीम का गठन किया गया है। इस अवसर पर डीआईओ डॉ संजय गुप्ता, डीपीओ कृष्णकांत राय, डीटीओ सुरेंद्र चौधरी, डॉ आरपी यादव, डीपीएम पूनम, यूनिसेफ के डीएमसी डॉ अरशद जमाल और एआरओ राकेश चंद प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

**एक टीम को 80 घरों का लक्ष्य:** अर्बन क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता सुनीता मिश्रा ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए अभियान के दौरान एक टीम को प्रतिदिन 80 घरों के बच्चों को पोलियो की दवा पिलानी हैं। सुपरवाइजर को प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट भी देनी है।

## भारत संकल्प यात्रा का हुआ गोरखपुर आगमन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का विकास खण्ड खोराबार के सूबा बाजार में आगमन पर विधायक विपिन सिंह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर डिजिटल वैन के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता से अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विपिन सिंह ने कहा कि भारतवर्ष में 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार आने के बाद पूरे देश में विकास की जो अनवरत श्रृंखला चली उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश सरकार ने इस श्रृंखला को बिना किसी भेदभाव के निरंतर आगे बढ़ने का कार्य किया है। केन्द्र और प्रदेश भाजपा सरकार पूरी तरह गांव, गरीब किसान और नौजवान को समर्पित सरकार है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष अमितेश्वर पाण्डेय, लक्ष्मी नारायण दुबे, अवध बिहारी कसौधन, सुरेश तिवारी, रामकेवल पासवान, आदित्य गुप्ता, रामेश्वर विश्वकर्मा, रामललित पासवान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्वाचक नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण कार्य 9 तक

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार 27 अक्टूबर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जायेगा। विभिन्न संचार माध्यमों के द्वारा समस्त को इस सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है और प्रस्तावित तिथियों के अन्तर्गत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की समाप्ति तक प्रदेश का कोई भी अर्ह व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराने से वंचित न रह जाय। उन्होंने निर्देशित किया है की जनपद स्थित समस्त शासकीय कार्यालयों के सभी अधिकारी और कर्मचारी यह सुनिश्चित कर लें कि उनका एवं उनके परिवार के समस्त अर्ह सदस्यों का नाम निर्धारित अवधि के अन्दर निर्वाचक नामावली में अवश्य सम्मिलित हो जाये।

# एसएमओ ने वी.पी.डी. प्रशिक्षण के तहत बीमारियों के बारे में दी जानकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** सीएचसी मोतीचक में वी.पी.डी के तहत आने वाले बिमारियों के संबंध में गुरुवार को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर (एसएमओ) डॉ ज्योलसना नायर ने इसके तहत आने वाले बीमारियों के बारे में जानकारी दिया। जैसे एएफपी, लकवा, खसरा, गला घोटू, काली खासी, नवजात टेटनस आदि शामिल है। इसके बाद उन्होंने सीएचसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ ही दवा की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी लिया।

प्रशिक्षण में डॉ नायर ने बताया कि ऐसे लक्षण यदि किसी व्यक्ति को बुखार, गले में दर्द या टॉन्सिल का लाल होना या खांसी के साथ आवाज भारी होना, झिल्ली होना गलाघोंटू के लक्षण में आते है। इसी प्रकार पिछले



**प्रशिक्षण में गला घोंटू, खसरा, काली खांसी, नवजात टेटनस आदि के बारे में दी गयी जानकारी**

6 माह से 15 वर्ष तक का कोई भी बच्चा जिसका कोई भी अंग किसी भी कारण से अचानक कमजोर पड़ गया हो वह व्यक्ति लकवा का शिकार हो जाता है। इसी तरह खांसी, नवजात टेटनस आदि के बारे में जानकारी दिया। इसके बाद डॉ नायर ने सीएचसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित पंजिका, लेबर रूम, कोल्ड चैन, वैक्सीन रूम, ओपीडी, लैब व ईटीसी आदि का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर से लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। सभी लोगों अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करें। इस दौरान डॉ .सुधीर तिवारी, डॉ. दिनेश सिंह, ग्यासुद्दीन हुसैन, धर्मेंद्र, अमन, नंदेश तिवारी, डब्लू एचओ मॉनिटर सुनील सिंह, अनुभव मिश्रा, सुनील कुमार, राजेश भारती, राकेश कुमार मद्धेशिया, आदित्य नाथ सिंह, नरेंद्र सिंह के साथ सभी एएनएम उपस्थित थी।

## झंडा दिवस पूर्व सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का देता है अवसर: डीएम



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जनपद में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों द्वारा जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह सहित विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारीगण व विभागाध्यक्षों को झंडा स्टीकर लगाकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समस्त नागरिकों के लिये अपनी सेना में विषम एवं दुर्गम इलाकों में सेवारत् सैनिकों, वीर शहीदों के परिवार व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का उत्तम अवसर होता है, जिसमें सभी नागरिक दिल खोलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में बढ़ चढ़कर योगदान दे सकते हैं। झंडा दिवस की राशि घायल सैनिकों के पुनर्वास, शहीद सैनिकों के परिवार को आर्थिक सहायता एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों हेतु कल्याणकारी योजनाओं एवं पुनर्वास में उपयोग की जाती है। पूर्व सैनिकों ने जिलाधिकारी को निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उत्तर प्रदेश द्वारा प्रकाशित पुस्तक स्मारिका की प्रति भी सौंपी। उक्त पुस्तक में प्रदेश के परमवीर चक्र विजेताओं सहित कई वीर जवानों का जीवन परिचय समाहित है। पूर्व सैनिकों ने एडीएम वित्त राजस्व अरुण कुमार राय, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम सीमा पांडेय सहित विभन्न अधिकारियों को झंडा दिवस का स्टिकर लगाया। इस दौरान कर्नल (सेवा निवृत्त) अरुण प्रकाश पांडेय, ओम प्रकाश सिंह सहित कई पूर्व सैनिक मौजूद थे।

# एक नई आशा संस्था द्वारा महिला बैरेक में महिला बंदियों को कंबल वितरण

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** जिला कारागार के महिला बैरेक में सभी महिला बंदियों को शीतकाल के प्रारंभ में ही कंबल वितरण एवं दैनिक उपयोग में आने वाली हाइजीनिक कीट (साबुन, तेल, क्रीम) इत्यादि एवं ऊनी मोजा आदि का वितरण किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ संस्था की संस्थापक सीमा छापड़िया द्वारा ओम चैटिंग एवं गुरु वंदना कर की गई तदुपरांत महिला बंदियों में से एक महिला बंदी सुमन ने स्वागत गीत की प्रस्तुति की इसी क्रम में महिला बैरक में चल रहे किड्स प्लांट प्ले वे स्कूल के बच्चों द्वारा भी एक गीत की प्रस्तुति की गयी। युक्त प्रस्तुति से उपस्थित एक नई आशा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य अत्यधिक भावमय एवं प्रसन्न हुए। संस्था की अध्यक्ष तन्वी अग्रवाल ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ जेल अधीक्षक दिलीप कुमार पांडे जी ने अपने उद्बोधन



में एक नई आशा संस्था द्वारा महिला बैरक में दिए गए सभी सामग्री की अत्यधिक प्रशंसा की एवं आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई भी सेवा के लिए हमारा पूरा सहयोग रहेगा । विशिष्ट अतिथि जेलर अरुण कुमार कुशवाहा जी कहा कि अपने व्यस्ततम समय से समय निकालकर आप द्वारा महिला बंदियों से मिलना एवं उनके उपयोग की चीज उन तक पहुंचाना सच्ची सेवा है संस्था के संस्थापक आशीष छापड़िया ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया वही गैलेंट समूह की श्यामा अग्रवाल जी ने विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिह्न प्रदान किया। एक नई आशा के मीडिया प्रभारी कनक हरि अग्रवाल ने अतिथियों को श्रीमद्भागवत गीता भेंट की कार्यक्रम के समापन पर सचिव डॉ निशि अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेल सुपरिटेंडेंट दिलीप कुमार पांडे जेलर अरुण कुमार कुशवाहा डिप्टी जेलर कृष्णा, एक नई आशा के संस्थापक आशीष छापड़िया एवं सीमा छापड़िया, अध्यक्ष तन्वी अग्रवाल, सचिव डॉ निशी अग्रवाल, कनक हरि अग्रवाल, श्यामा अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, गीतिका अग्रवाल, प्रीति खेतान एवं पवन चौधरी सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आज कानवेंट स्कूलों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे प्राइमरी स्कूलों के बच्चे: मंजु सिंह

## विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगो को मिल रही सरकार द्वारा चलाई जा रही की योजनाओं की जानकारी

अवधनामा संवाददाता





**बहराइच।** जनपद के विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम रायपुर के पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत मंजु सिंह द्वारा सरस्वती जी की के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम का संचालन एडीओ मंशाराम यादव ने किया तथा प्राइमरी विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया जिसका उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।एडीओ आशुतोष मिश्रा द्वारा बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।इस कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे स्वास्थ्य विभाग, आवास, राशन कार्ड,आधार कार्ड, वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, शिक्षा विभाग की योजनाओं से संबंधित लोगों को मिलने वाली योजनाओं से लाभान्वित करने व उनकी समस्याओं का निदान करने हेतु विभिन्न स्टाल लगाए गए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत मंजु सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना सभी को साथ लेकर सबका साथ और सबका विकास करना अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करके सरकार ने जो कुछ कहा उसको जमीनी स्तर पर करने का प्रयास किया है इस यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से आपको सही जानकारी दिए जाने के उद्देश्य से आप सभी के द्वार द्वार तक लाया जा रहा है उन्होंने अपने संबोधन को आगे बढ़ाते हुए कहा कि सभी को याद होगा भाजपा सरकार से पहले प्राइमरी स्कूलों की दशा और दिशा बहुत खराब थी मगर आज वही सरकारी स्कूल कान्वेंट स्कूलों से बेहतर प्रदर्शन करके देश का नाम रौशन कर रहे हैं। इस दौरान विभागों द्वारा लगाई गई समस्त स्टालों पर भारी भीड़ उपस्थित रही। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों पर जाकर दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी ली इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा लगाई गई स्टॉल पर शिक्षिकाओं द्वारा बनाई गई टी0एल0एम0 आदि की जानकारी लेकर बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत बच्चों को अन्न प्रासन एवं महिलाओं की गोद भराई भी करवाई गई। शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना गीत प्रस्तुत करने पर तालियां बजाकर शिक्षिकाओं का उत्साह वर्धन किया। शिक्षिकाओ द्वारा बनाई गई रंगोली को भी सभी अतिथियों द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर हरिशचंद्र गुप्ता अम्बिका यादव मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह अरविंद सिंह नोडल अधिकारी रायपुर शशिकांत खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चित्तौरा प्रभारी प्रताप गौतम सीडीपीओ चित्तौरा एडीओ पंचायत अशोक श्रीवास्तव एडीओ महिला ज्योति सिंह एडिओ सहकारिता अमर सिंह ग्राम प्रधान राकेश कुमार आशुतोष मिश्रा ओमप्रकाश यादव सऊद इदरीसी शिक्षिकाए श्वेता वर्मा मनीषा शुक्ला सुमन रस्तोगी संगीता तिवारी शालिनी यादव सुमन देवी समीना ममता मौर्य पारुल माहेश्वरी एंव विभिन्न विभागों के अनेकों कर्मचारियों के साथ साथ भारी मात्रा में ग्रामवासी उपस्थित रहे।और ग्रामीणों द्वारा भारी संख्या में सेल्फी प्वॉइंट पर जाकर सेल्फी भी ली गई।

### आया विकलांग प्रमाणपत्र के लिए पैसा मिलते ही गुणगान करने लगा विकलांग



**बहराइच।** आज विकास खण्ड चित्तौरा के ग्रामसभा रायपुर की पंचायत भवन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत मंजु सिंह द्वार जैसे ही संबोधन खत्म किया गया वैसे ही टेपरहा निवासी पैर कटने से विकलांग हो चुका किन्नर कमलेश पहुंच गया उसके बताया कि उसका विकलांग प्रमाणपत्र विभाग द्वारा नही बनाया जा रहा है जिसके कारण समस्या हो रही है अपनी तत्काल अध्यक्ष ने अम्बिका यादव से संबंधित अधिकारी को फोन करके इसकी समस्या का समाधान करने के लिए कहा गया मौके से ही श्री यादव ने संबंधित अधिकारी को बताया कि हर हाल मे सोमवार तक इस गरीब का विकलांग प्रमाणपत्र जारी करवा दे इस दौरान उसकी गरीबी को देखते हुए मंजु सिंह ने अपने पास से पैसों को देकर उस गरीब आदमी को कुछ सहारा देने का प्रयास किया गया जैसे ही पैसा मिला कमलेश श्रीमती सिंह का गुणगान करने के साथ साथ सरकार के इस आयोजन की भी प्रशंसा की।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन तिथि में संशोधन

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत आयोजित होने वाली जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन तिथियों में अपरिहार्य कारणों से बदलाव कर दिया गया है। डीएम ने बताया कि पूर्व में निर्धारित तिथि 16 व 17 दिसम्बर 2023 के स्थान पर अब 22 व 23 दिसम्बर 2023 को इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग के लिए एथलेटिक्स व खो-खो तथा बालकों के लिए कबड्डी व वालीबाल कुल 04 प्रतियोगिताएं सम्पन्न होंगी।

### दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु समय सारिणी निर्धारित

**बहराइच।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूर्वदशम् छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 योजनान्तर्गत जिले के शिक्षण संस्थानों अध्ययनरत सामान्य जाति, अन्य पिछड़े वर्ग एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र/छात्राओं के लिए जारी नवीन समय सारिणी के अनुसार छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 02 निर्धारित है।

## संक्षिप्त समाचार

### गठिया रोग विशेषज्ञ वृहस्पतिवार को सुल्तानपुर में

**सुल्तानपुर।** गठिया रोग विशेषज्ञ की विशेष ओपीडी माह में एक बृहस्पतिवार को सुल्तानपुर जनपद के सुप्रसिद्ध ऑर्थो सर्जन डॉक्टर पी के पांडे की नॉर्मल कंपाउंड परिसर में स्थित ओपीडी में होगी।सुबह 11:00 बजे से 2:00 बजे तक ओपीडी का कार्य चलेगा। बृहस्पतिवार को दिन में 1:00 बजे सुल्तानपुर मे आपसे विशेष वार्ता की गई। इस समय जो हड्डी तोड़ बुखार चल रहा है उसके बाद ग गाठ में दर्द को लेकर जो आम जनमानस में समस्या है उसके उपचार और बचाव के लिए क्या किया जाए इस संबंध में आपका कहना है कि चिकित्सक की सलाह पर ही दवा ले समय लग रहा है दर्द जाने में अधिक से अधिक लोग आपकी वार्ता को सुने और उसका लाभ उठाये।

### सांसद मेनका ने प्रमुख सचिव से की वार्ता



**सुल्तानपुर।** सांसद मेनका संजय गांधी ने प्रतिभावान शिक्षक सूर्य प्रकाश द्विवेदी के आत्महत्या मामले में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव व अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद से वार्ता की और मामले से अवगत कराते हुए तत्काल ही मुकदमा पंजीकृत कर दोषी के खिलाफ जांच कराते हुए प्रभावी कार्रवाई के लिए कहा।मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सांसद श्रीमती गांधी ने डीएम कृतिका ज्योत्सना से आज पुनः वार्ता की और बीईओ कुड़वार मनोजीत राव पर मुकदमा दर्ज करा कर जांच कराने के लिए कहा।शिक्षक सूर्य प्रकाश द्विवेदी की मौत से जुड़े मामले को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश व जिलाध्यक्ष से भी फोन पर वार्ता कर न्यायोचित कार्यवाही का भरोसा दिया है। सांसद मेनका संजय गांधी के पहल पर डीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### इंडिया टीम में हुआ हार्दिक का चयन



**सुल्तानपुर, जयसिंहपुर।** श्याम कुमारी बालिका इंटर कॉलेज पेमापुर रुपिनपुर जयसिंहपुर सुल्तानपुर के कक्षा 12 के छात्र हार्दिक साहू ने इंडिया टीम ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया है। हार्दिक का चयन दिल्ली के डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में 20 नवंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। हार्दिक ने 654 में 607.5अंक लाकर इंडिया टीम ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया है। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रांतो के कई खिलाड़ी शामिल हुए थे श्याम कुमारी बालिका इंटर कॉलेज के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने हार्दिक साहू को बधाई दी है।

### अवैध खनन करती हुई जे सी बी हुई बरामद

**सुल्तानपुर।** अवैध खनन करते जेसीबी और टिप्पर बरामद किया गया। मौके से दोनों वाहनों के चालक फरार हो गए। जेसीबी और टिप्पर सीज किया गया। एसडीएम लंभुआ दीपक वर्मा और खनन इंस्पेक्टर सिद्धार्थ शंकर की संयुक्त कार्यवाही से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। चांदा कोतवाली के धोरहरा गांव मे अवैध खनन किया जा रहा था।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**सुल्तानपुर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में दोमुंहा चौराहे पर गोपालपुर गांव निवासी रामकिशोर शर्मा 74वर्ष की सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी दी। जिससे मौके पर उनकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंच गए। सूचना पर पुलिस मौके पहुंच शव का पंचनामा भर पोर्टमर्टम को भेजा है।विकास क्षेत्र के गोपालपुर निवासी रामकिशोर शर्मा ( 70 वर्ष ) प्रातः साइकिल से किसी रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे कि कोतवाली देहात के पास तेज रफ्तार से जा रही कार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।ज्ञातव्य है कि मृतक हिंदू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष व पत्रकार परविन्द शर्मा के पिता जी हैं। पत्रकार परबिंद शर्मा के पिता जी की मृत्यु की सूचना से पत्रकारों में शोक व्याप्त है।

## शिक्षक की आत्महत्या के मामले में जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने परिवार को किया गुमराह

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर, धनपतगंज।** विकास क्षेत्र की ग्राम सभा केवटली की रहने वाले अध्यापक सूर्य प्रकाश द्विवेदी के आत्महत्या के मामले में खंडशिक्षा अधिकारी कुड़वार मनोजित राय द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर तीन दिन पहले जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने के मामले सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों और सुल्तानपुर जिला प्रशासन लगातार गुमराह किया गया। अध्यापक सूर्य प्रकाश द्विवेदी अध्यापक के साथ-साथ जिले वह प्रदेश के चर्चित चेहरों में से रहे। मंच संचालन की अद्भुत कला रखने वाले अध्यापक सूर्य प्रकाश द्विवेदी के परिवार को शासन और प्रशासन के अलावा सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों ने भी गुमराह किया। एक तरफ स्वर्गीय अध्यापक सूर्य प्रकाश द्विवेदी का पूरा परिवार खंड शिक्षा अधिकारी मनोजित राय पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग करता रहा। लेकिन न जाने जिला प्रशासन की ऐसी क्या मजबूरी रही की खंड शिक्षा अधिकारी कुड़वार मनोजित राय पर उत्पीड़न और आत्महत्या करने के मामले मे जिला प्रशासन विभिन्न संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने से बचता रहा। अध्यापक सूर्य प्रकाश द्विवेदी के पैतृक आवास केवटली मे प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों का भी ताँता लग रहा। 2 दिन तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद आखिरकार पूरे परिवार को गुमराह करते हुए विभिन्न हल्की 504 306 धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया द्य सूत्र बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेता सूर्य प्रकाश द्विवेदी की आत्महत्या के मामले में मुकदमा तक दर्ज नहीं करा पाए। वही जिले की वर्तमान सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका संजय गांधी के हस्तक्षेप के बाद आखिरकार हल्की धाराओं में ही सही मुकदमा दर्ज हुआ ।प्रशासन हल्की धाराओ मे मुकदमा दर्ज करके अध्यापक सूर्य प्रकाश द्विवेदी का अंतिम संस्कार करने के लिए परिवार को राजी कर लिया। लेकिन 2 दिन चले हाई वोल्टेज ड्रामे से यह साफ हो गया की जिला प्रशासन और सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से ही शिक्षा अधिकारी कुड़वार मनोजीत राय को बचाने के लिए शासन और प्रशासन के साथ-साथ सत्ताधारी कई जनप्रतिनिधि भी लगे रहे। अब देखना यह है कि जिस जिला प्रशासन पर मुकदमा न दर्ज करने के लिए इतना दबाव डाला गया क्या उसी जिला प्रशासन से सूर्य प्रकाश द्विवेदी को न्याय मिल पाएगा।

### डीएम ने प्राथमिक विद्यालय गंगापुरवा का किया निरीक्षण

**बहराइच।** परिषदीय विद्यालयों के पठन-पाठन, भवन, कक्ष-कक्षों, तथा परिसर इत्यादि की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायज़ा लने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड महसी के प्राथमिक विद्यालय गंगापुरवा द्वितीय का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने कक्षा 2 की छात्र-छात्राओं को उंगलियों के सहारे गणित पढ़ाकर शिक्षा के साथ-साथ नेत्रों के स्वास्थ्य का भी जायजा लिया। डीएम ने शिक्षको को निर्देश दिया कि बच्चों का होमवर्क नियमित जांच की जाय। साथ ही बच्चों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाय, किसी भी दशा में 65 प्रतिशत से कम उपस्थिति बच्चों की न होनी पाये। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि राशन कार्ड में 05 से अधिक परिवार वाले बच्चों का आयुष्मान कार्ड भी बनवाये। इसके अलावा अवशेष बच्चों का आधार कार्ड भी बनवाये।

## पूर्व विधायक स्व. सूर्यभान की स्मृति में बना प्रवेश द्वार

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** क्षेत्र पंचायत दुबेपुर का एक सपना था इसी विधानसभा क्षेत्र को अपनी कर्मभूमि बनाकर विकास की गंगा बहने वाले जनप्रिय, लोकप्रिय जनता के हृदय में निवास करने वाले हम सबके प्रिय आदर्श और अभिभावक स्मृति शेष पूर्व विधायक श्री सूर्यभान सिंह की स्मृति में एक तोरण द्वार बने वह सपना आज साकार स्वरूप ले ही लिया।

आज इस तोरण द्वार का उद्घाटन कार्यक्रम क्षेत्र पंचायत बैठक की उपरांत सैकड़ो की तादाद में उपस्थित विकासखंड दुबे पुर की सम्मानित प्रधान ,क्षेत्र पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत प्रमुख शिल्पा सिंह, आदरणीय पूर्व विधायक जी के सुपुत्र इंजीनियर रूपेश सिंह जी, स्थानीय विधायक प्रतिनिधि पुलकित सिंह जी सुल्तानपुर अमेठी स्थानीय प्राधिकारी क्षेत्र के सदस्य विधान परिषद श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह जी एवं सैकड़ो सम्मानित क्षेत्र वासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी होती है कि अपने पूर्वजों द्वारा दी गई जिम्मेदारियां को भली भांति समझे उनके आदर्शों उनके मूल्य को अपनाकर उनकी विरासत को समेट कर उनके द्वारा बनाए गए संबंध को मजबूती से निर्वहन करते हुए उनके द्वारा खींची गई लकीर से भी बड़ी लकीर खींचने का प्रयास करें।

### डा. आंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ ने मनाया परिनिर्वाण दिवस



**ललितपुर।** डा.आंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ एवं जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में संविधान के निर्माता डा.अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस की अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसोशियेशन अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह यादव ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन रामकृष्ण कुशवाहा एड.ने किया। इस अवसर पर जिला संयोजक रामगोपाल अहिरवार एड. ने अपने विचार व्यक्त करते हुई सभी से बाबा साहब के सिद्धांत पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि दलितों की आवाज बन कर हम सभी पर उपकार किया है। इस मौके केहर सिंह एड., निधि सिंह, महेंद्र कुमार जैन एड., पर्वत लाल अहिरवार, चेतराम निरंकारी एड., मनसुख जाटव एड., कैलाश नारायण एड., दिनेश रजक, कृपाल सिंह, लोकेश कुमार निषाद, संजय कुमार, बहादुर अहिरवार, राहुल कुमार, पहलवान सिंह, हीरालाल अहिरवार, अनिल गौतम, विक्रम अहिरवार एड. आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

## उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को चूल्हे के धुयें से दिलायी मुक्ति: प्रभारी मंत्री

अवधनामा संवाददाता



- प्रत्येक छूटे हुये पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता
- सरकार की मंशानुसार केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ
- शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को दिलाना सुनिश्चित करें

**ललितपुर।** आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करते हुए प्रमुख योजनाओं के संतृप्तीकरण एवं योजनाओं के लाभ की कहानी लाभार्थियों की जुवानी जानने के उद्देश्य से जल शक्ति विभाग राज्यमंत्री रामकेश निषाद की अध्यक्षता में जखौरा ब्लॉक के ग्राम रोड़ा एवं बख्तर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, राज्यमंत्री, प्रदीप चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। प्रभारी/राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा अंतिम पायदान तक योजनाओं के आच्छादन हेतु यह संकल्प यात्रा चलायी जा रही है, जिसके माध्यम से गांव-गांव, घर-घर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद से ही ललितपुर जैसे पिछड़े जिले का विकास होना शुरु हो गया था, इस जिले के लिए एयरपोर्ट, बल्क ड्रग पार्क जैसी बड़ी परियोजनाओं की सौगात मिली हैं, जिससे पूरे जनपद का सम्पूर्ण विकास हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा देश की माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना का उपहार देकर उन्हें चूल्हे के धुयें से मुक्ति दिलायी है, आज हर पात्र व्यक्ति के पास अपनी पक्की छत है, हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है और पेंशन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। किसानों को किसान सम्मान निधि की धनराशि उनके स्वयं के बैंक खातों में पहुंच रही है। आयुष्मान योजनान्तर्गत 05 लाख तक का उपचार पाकर लोगों को इलाज के खर्च से मुक्ति मिली है, बच्चों एवं महिलाओं को नियमित रुप से पोषाहार दिया जा रहा है। इन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लाभार्थियों तक बिना किसी बिचौलियों के पहुंच रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भेजी गई एलईडी वैन के माध्यम से उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री का उद्बोधन दिखाया गया तथा लाभार्थियों ने सरकार की योजनाओं के लाभ से अपने जीवन में आये बदलाव की कहानी सुनाई व अन्य लोगों को प्रेरित भी किया। मौके पर ग्राम रोड़ा व बख्तर में केन्द्र/प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के आच्छादन की स्थिति और लक्ष्य के सापेक्ष लाभान्वित व्यक्तियों की जानकारी दी गई।


**पूर्वोत्तर रेलवे** — ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से लखनऊ मण्डल के स्टेशन से प्रारम्भ होने वाली मेल एक्सप्रैस के 4/3.9 टन क्षमता वाले एसएलआर को 02 वर्ष के लिए इस मण्डल द्वारा निम्न गाडी को पट्टे पर देने के लिए ई–आक्शन सूचना के माध्यम से आमंत्रित की जा रही है। आक्शन सूचना संख्या, गाडी की सूची एवं उपलब्ध स्थान का विवरण निम्नवत है–

| क्र. सं. | ई-Auction लाट स0 | गाड़ी सं0 | कहाँ से | कहाँ तक | गाड़ी की आवृत्ति (सप्ताह में) | ऑक्शन/लाट बन्द होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 20922-SLR-F1-LJN-BDTS-23-1 (PARCEL-SLR) | 20922 | लखनऊ | बान्द्रा टर्मिनल | 01 दिन (रविवार) | 4.12.2023, 15:30 |
| 2. | 15043-SLR-F1-LJN-KGM-22-1 (PARCEL-SLR) | 15043 | लखनऊ | काठगोदाम | 05 दिन (रवि., (सोम., बुद्ध., बृहस्पत., शुक्र.) | 14.12.2023, 15:40 |
| 3 | 11080-SLR-F1-GKP-LTT-22-1 (PARCEL-SLR) | 11080 | गोरखपुर | लोकमान्य तिलक टर्मिनल | 01 दिन (शनिवार) | 14.12.2023, 15:50 |
| 4. | 12555-SLR-F1-GKP-BTI-23-1 (PARCEL-SLR) | 12555 | गोरखपुर | भटिण्डा | 01 दिन (बृहस्पत., शनि.) | 14.12.2023, 16:00 |
| 5. | 18202.-SLR-F1-NTV-DURG-22-1 (PARCEL-SLR) | 18202 | नौतनवा | दुर्ग | 02 दिन (रविवार, शुक्र.) | 14.12.2023, 16:10 |
| 6. | 20104-SLR-F1-GKP-LTT-23-1 (PARCEL-SLR) | 20104 | गोरखपुर | लोकमान्य तिलक टर्मिनल | 02 दिन (सोम., बुद्ध., शुक्र.) | 14.12.2023, 16:20 |
| 7. | 11056-SLR-F1-GKP-LTT-22-2 (PARCEL-SLR) | 11056 | गोरखपुर | लोकमान्य तिलक टर्मिनल | 04 दिन (रवि., मंगल., बुद्ध., शुक्रवार) | 14.12.2023 16:30 |
| 8. | 18206-SLR-F1-NTV-DURG-22-1 (PARCEL-SLR) | 18206 | नौतनवा | दुर्ग | 01 दिन (शनिवार) | 14.12.2023, 16:40 |
| 9. | 19716-SLR-F1-GTNR-JP-22-1 (PARCEL-SLR) | 19716 | गोमतीनगर | जयपुर | 03 दिन (सोम., बुद्ध., शनिवार) | 14.12.2023, 16:50 |
| 10. | 12595-SLR-F1-GKP-ANVT-22-1 (PARCEL-SLR) | 12595 | गोरखपुर | आनन्द विहार | 03 दिन (सोम., मंगल, बृहस्पतवार) | 14.12.2023, 17:00 |
| 11. | 15054-SLR-F1-LJN-CPR-22-1 (PARCEL-SLR) | 15054 | लखनऊ जं. | छपरा | प्रतिदिन | 14.12.2023, 17:10 |
| 12. | 12533-SLR-F1-LJN-CSTM-22-1 (PARCEL-SLR) | 12533 | लखनऊ जं. | छत्रपति शिवाजी टर्मिनस | प्रतिदिन | 14.12.2023, 17:20 |
| 13. | 13508-SLR-F13-GKP-ASN-22-1 (PARCEL-SLR) | 13508 | गोरखपुर | आसनसोल जं. | 01 दिन (शनिवार) | 14.12.2023, 17:30 |
| 14. | 15204-SLR-F1-LJN-BJU-22-1 (PARCEL-SLR) | 15204 | लखनऊ जं. | बरौनी जं. | 02 दिन (मंगल, रविवार) | 14.12.2023, 17:40 |
| 15. | 12583-SLR-F1-LJN-ANVT-22-1 (PARCEL-SLR) | 12583 | लखनऊ जं. | आनन्द विहार टर्मिनस | 04 दिन (रविवार, मंगल., बृहस्पत., शुक्रवार) | 14.12.2023, 17:40 |
| 16. | 11038-SLR-F1-GKP-PUNE-22-1 (PARCEL-SLR) | 11038 | गोरखपुर | पुणे | 01 दिन (शनिवार) | 14.12.2023, 18:00 |
| 17. | 22200-SLR-F1-BPL-GWL-23-1 (PARCEL-SLR) | 22200 | बलरामपुर | ग्वालियर | 01 दिन (बृहस्पतवार) | 15.12.2023 10:30 |
| 18. | 19092-SLR-F1-GKP-BDTS-22-1 (PARCEL-SLR) | 19092 | गोरखपुर | बान्द्रा टर्मिनल | 01 दिन (मंगलवार) | 15.12.2023, 10:40 |
| 19. | 22922-SLR-F1-GKP-BDTS-22-1 (PARCEL SLR) | 22922 | गोरखपुर | बान्द्रा टर्मिनल | 01 दिन (मंगलवार) | 15.12.2023, 10:50 |
| 20 | 15048-SLR-F1-GKP-KOAA-22-1 (PARCEL-SLR) | 15048 | गोरखपुर | कोलकाता | 04 दिन (रवि., सोम., मंगल. शुक्रवार) | 15.12.2023, 11:00 |
| 21. | 12571-SLR-F1-GKP-ANVT-22-1 (PARCEL-SLR) | 12571 | गोरखपुर | आनन्द विहार | 04 दिन (रवि., बुद्ध., शुक्र. शनिवार) | 15.12.2023, 11:10 |

ठेके की अवधि : 02 वर्ष ऑक्शन/लॉट खुलने की तिथि व समय : 14.12.2023 को समय 15.00 बजे से उपलब्ध कम्पार्टमेन्ट की संख्या (4/3.9 टन) एसएलआर : 01 कम्पार्टमेन्ट टेण्डर से सम्बन्धित अन्य जानकारी वेबसाईट : www.ireps.gov.in (E AUCTION MODULE)

मुजाधि/वा0–201

मंडल रेल प्रबन्धक (वा0) लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


## पल्स पोलियो अभियान की तर्ज पर घर-घर खोजे जाएंगे कुष्ट रोगी: सीएमओ

- 21 दिसंबर से 4 जनवरी तक जिले में चलेगा कुष्ट रोगी खोज अभियान



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 21 दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो 4 जनवरी तक चलाया जाएगा। जिसको लेकर शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद की अध्यक्षता में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएमओ ने बताया कि इस अभियान में पल्स पोलियो अभियान की तर्ज पर घर-घर कुष्ठ रोगियों की खोज की जाएगी। इस कुष्ठ रोगी खोज अभियान को सफल बनाने के लिए माइक्रोप्लान के आधार पर कार्य करे। जिले में संभावित मरीजों के चिन्हीकरण के लिए कुल 470 टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में एक महिला और एक पुरुष को रखा गया है। सभी ब्लॉकों में आशा कार्यकर्ताओं को संभावित मरीजों के चिन्हीकरण को जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। इसके अलावा 94 सुपरवाइजर बनाए गए हैं जो सर्वे टीम पर नजर रखेंगे। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डा.आशीष अग्निहोत्री ने बताया कि कुष्ठ रोगी खोजी अभियान में कुष्ठ रोगियों की पहचान और पहचान करने के बाद उनके इलाज पर जोर दिया जा रहा है। यह अभियान 14 दिन तक चलेगा। उप जिला कुष्ठ अधिकारी डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के दौरान कोई कुष्ठ रोगी चिन्हीकरण में छूट न जाए, यह इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। अभियान के दौरान 2 वर्ष के छोटे बच्चों का परीक्षण नहीं करना है क्योंकि वह बीमारी के संबंध में कुछ बता नहीं सकते हैं।


**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी मिठवल सिद्धार्थनगर**

पत्रांक : 799-804/2023-24 दिनाँक : 06/12/2023

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के कार्यालयी पत्रांक/समग्र शि0/ नि0का0/7179-82/2023- 24 दिनांक 5 दिसंबर 2023 के क्रम में प्राथमिक विद्यालय सेमरहना विकास खण्ड मिठवल का मूल भवन जर्जर घोषित किया जा चुका है जिसकी मूल्यांकित वैल्यू 32968 रुपए है। जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 14 दिसंबर 2023 को दोपहर 2:00 बजे बीआरसी मिठवल पर होगी। जिसमें इच्छुक व्यक्ति/संस्था मूल्यांकित वैल्यू की 25 प्रतिशत धनराशि नीलामी से पूर्व नगद जमा कर नीलामी प्रक्रिया में बोली लगा सकते है। सबसे अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था के पक्ष में नीलामी की जाएगी। जिसे 7 दिनों के अंदर अवशेष धनराशि जमा करने के उपरांत मलवा हटाना अनिवार्य होगा।

**रामकुमार सिंह**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**मिठवल सिद्धार्थनगर**



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय हजरतगज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 1050–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ–चतुर्थ कॉल दिनांक 06.12.2023 |
| 2 | कार्य का नाम: लखनऊ मंडल के अंतर्गत सभी वॉशिंग लाइनो पर पिट लाइट्स और अंडर कैटवॉक लाइट्स के प्रावधान द्वारा वॉशिंग लाइनों की रोशनी में सुधार। | |
| 3 | अनुमानित लागत | रु0 69,06,209.57/– (उनहत्तर लाख छः हजार दो सौ नौ रूपये एवं सत्तावन पैसा मात्र) |
| 4 | ई निविदा की कीमत | शून्य |
| 5 | बयाना राशि | रु0 1,38,200/– (एक लाख अड़तीस हजार दो सौ रूपये मात्र) |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7 | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 02.01.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिश्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में |
| 8 | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं0 1050–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ–चतुर्थ कॉल दिनांक 06.12.2023 3840/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अखिल भारतीय क्षत्रिय के राष्ट्रीय अध्यक्ष हत्याकांड मामले में प्रदर्शन

- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा
- साजिशकर्ताओ को फांसी की सजा देने की मांग

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जनपद के जिलाध्यक्ष व अन्य एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन कर जनपद मुख्यालय स्थित राष्ट्रपति से संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा है।सौपे गए ज्ञापन में करनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष हत्या मामले में आरोपियों व साजिशकर्ताओ के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही व फाँसी की सजा देने की मांग की है।

आपको बता दे कि विगत दो दिवस पूर्व राजस्थान प्रदेश के जयपुर में राजपूत करनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेवसिंह गोगामेड़ी की स्कूटर सवार हत्यारो ने गोली मार कर हत्या कर दी थी जिसको लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गौतम व उनके एक दर्जन से अधिक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन करते हुए जनपद मुख्यालय स्थित राष्ट्रपति से संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौप हत्या के आरोपियों व साजिश कर्ताओ के विरुद्ध कड़ी कार्य वाही करते हुए फाँसी की सजा दिलाये जाने की मांग की है।ज्ञापन में उल्लेख करते हुए कहा कि 5 दिसंबर 2023 के रोज देश के राजस्थान प्रदेश के जयपुर में राजपूत करनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या कर दी गयी है।कहा कि इस प्रकरण से सर्व समाज मे भारी आक्रोश है।उन्होने कहा कि सर्व समाज की मांग है कि हत्यारो तथा सभी साजिशकर्ताओ के विरुद्ध कार्यवाही और फाँसी की सजा दिलाई जाय।कहा कि अन्यथा की स्थित में सर्व समाज मे आक्रोश फैलेगा तथा लोगो की भावनाओ को सम्हालना भारी हो जाएगा।कहा कि इससे सर्व समाज का आंदोलन उग्र हो सकता है। कहा कि समाज मे शांति व्यवस्था बनाये रखने और सर्व समाज की मांग को ध्यान में रखते हुए हत्यारो व साजिशकर्ताओ को फांसी की सजा दिलायी जाय। इस दौरान जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गौतम, क्षत्रिय समाज सेवा समिति के अध्यक्ष व संस्थापक उदयभान सिंह, सचिन सेंगर , संग्राम सिंह राजावत, सन्दीप सिंह भदौरिया, अशोक भदौरिया, अमन सिंह, अभी सिंह, लक्ष्मी सिंह चन्देल, नगर पालिका अध्यक्ष सदर कुलदीप सिंह निषाद आदि एक दर्जनों कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा लोग अधिक लोग उपस्थित रहे।




# बिना जानकारी के गायब ग्राम पंचायत विकास अधिकारी का वेतन रोकने की संस्तुति

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** एक सप्ताह से बिना किसी जानकारी के गायब ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को प्रभारी खंड विकास अधिकारी ने एक माह का वेतन रोके जाने की संस्तुति की है। इनके लगातार अनुपस्थिति के कारण इनका आवंटित ग्राम पंचायत में आवास योजना के लाभार्थियों के जियो टैग नही हो पा रहे हैं। कुरारा के खंड विकास अधिकारी गरिमा सोनकिया ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारी धर्मजीत सिंह एक सप्ताह से बिना पूर्व अनुमति के कुरारा विकास खंड कार्यालय से अनुपस्थित चल रहे हैं। तथा दूरभाष पर भी बात नहीं कर रहे हैं।उन्होंने गोहांड सीएससी में इलाज कराने का संदेश भेजा था। लेकिन वहां के प्रभारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि कोई इलाज नहीं चल रहा है। ग्राम पंचायत अधिकारी के अनुपस्थित रहने से मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के जियो टैग नही हो पा रहे हैं।तथा विकास कार्य अवरुद्ध हो रहे हैं। खंड विकास अधिकारी ने भ्रमित करने के लिए नोटिस जारी कर दिसंबर माह के वेतन भुगतान पर रोक लगाए जाने की संस्तुति की है। तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेज दिया है। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी धर्मजीत सिंह विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरसई, कुतुबपुर, खरौंज, बचरौली, बिलौटा,शंकरपुर का कार्य देख रहे हैं। इनके लगातार अनुपस्थिति रहने से ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि आवास योजना के लाभार्थी दिसंबर माह में अपने आवास का निर्माण कार्य पूरा कर ले। तथा गांवों की सफाई व्यवस्था के लिए सफाई कर्मचारियों को गांवों जाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# सम्पर्क मार्ग की मरम्मत शुरू होते ही लोगों ने जताई खुशी

अवधानामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** पिछले कई वर्षो से खराब पड़े बांक पलरा मार्ग की मरम्मत शुरू होते ही लोगों ने राहत की सांस ली है। उधर टेण्डर होने के बाद इंगोहटा छानी मार्ग की मरम्मत शुरू न होने से लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

बांक पलरा मार्ग कई वर्षो से ध्वस्त पड़ा था। यह मार्ग सुमेरपुर इंगोहटा छानी मार्ग को सीधे जोड़ता है। यह मार्ग कई वर्षो से बांक पलरा के मध्य बुरी तरह से ध्वस्त था। इसको बनवाने के लिए पलरा, बिदोखर पुरई, बिदोखर मेंदनी सहित आसपास के गांवों के प्रधान सांसद विधायक से कई बार मांग कर चुके थे लेकिन सड़क नहीं बन पा रही थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद इस सड़क को मरम्मत में शामिल करके निर्माण शुरू कराया गया निर्माण शुरू होते ही इस मार्ग से जुड़े गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली है। प्रतिदिन सुमेरपुर की यात्रा करने वाले इंद्रपाल यादव, सुंदरलाल प्रजापति, लालाराम यादव, रामखिलावन श्रीवास, नवीन यादव आदि ने बताया कि सड़क बन जाने से खूनी हाईवे से आवागमन करने से छुटकारा मिलेगा। उधर टेंडर होने के बाद अभी तक इंगोहटा छानी मार्ग के मरम्मत कार्य नहीं शुरू हुआ है। इससे लोगों में आक्रोश पनप रहा है। मवईजार के पूर्व प्रधान महेशचंद्र शिवहरे, बण्डा के पूर्व प्रधान संजय सिंह, धनपुरा के मयंक निगम आदि का कहना है कि इस मार्ग की मरम्मत न होने से आवागमन में बहुत कठिनाइयां हो रही है। लोगों को सड़क खराब होने से कई किलोमीटर के अतिरिक्त चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है।

## सर्दी में स्वेटर पहन कर स्कूल आए बच्चे: बीएसए

**हमीरपुर।** सर्दी में बिना स्वेटर स्कूल आने वाले विद्यार्थियों को स्वेटर पहनकर आने के संबंध में आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व परिषदीय स्कूलों के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को जारी कर दिए गए हैं। ताकि कोई भी विद्यार्थी सर्दी की चपेट में न आए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि सभी विद्यालयों में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सर्दी के मौसम को देखते हुए कोई भी बच्चा बिना स्वेटर के विद्यालय न आए। उन्होंने प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि जिन बच्चों के अभिभावकों के खातों में स्वेटर,ड्रेस,जूता और मोजा का पैसा पहुंच गया है उन छात्रों को ड्रेस के साथ-साथ स्वेटर व जूता मोजा पहनकर आने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके साथ ही जिनके खाते में रुपए नहीं आए हैं वह बच्चे भी स्वेटर में बुलवाए जाए।

# बेमौसम बरसात ने लोगों की बढ़ाई मुश्किलें तैयार हो चुकी फसलों को भारी नुक्सान

- शादी व्याह के मौसम में हो रही बरसात से मांगलिक कार्यक्रम प्रभावित

अवधानामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** नगर सहित आसपास के इलाकों में बिते दो तीन दिनों से हो रही बेमौसम बरसात ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है जहां एक तरफ खेतों में तैयार धान की फसलें चौपट हो रहीं हैं जिससे किसान बेहद चिंतित हैं तो वहीं दूसरी तरफ शादी व्याह के सीजन में लड़की पक्ष और लड़का पक्ष दोनों को मांगलिक कार्यक्रम करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सारी तैयारियों पर बेमौसम बरसात ने पानी फेर दिया है।

गौरतलब है कि मौजूदा समय में धान की फसलें पक कर तैयार हो चुकी है कुछ किसान तो समय रहते अपने अनाज को सुरक्षित करने में सफल हो गये परन्तु ज्यादा तर किसानो के धान अभी भी खेत में है या खलिहान में पड़ा हुआ है ऐसे में इस बरसात ने किसानों की कमर तोड़ दिया है क्योंकि धान जैसी महत्वपूर्ण फसल पर ही निर्भर रहता है और पूरा एक वर्ष का खर्च निकाला जाता है जिससे कि परिवार का भरण-पोषण हो सके वहीं धान के पुआल भीगने की वजह से पशुओं को भी चारा में समस्या हो रही है क्योंकि धान के पुआल को ही काटकर भूसा बनाया जाता है जिससे पशुपालकों को अपने पशुओं के लिए सरलता से चारा उपलब्ध हो जाता है ऐसे में बरसात लगातार हो रही है जिससे पशुओं को भी काफी परेशानी हो रही है वहीं सब्जियों पर भी इस बरसात का खासा असर देखने को मिल रहा है सबसे ज्यादा नुक्सान हरी सब्जियों को हो रहा बरसात की वजह से आलू, पालक, धनिया मटर,गोभी आदि सब्जियां बर्बाद हो रहीं हैं लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन किसानों के बर्बाद हो चुकी फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दे ताकि किसानों को राहत मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



**हमीरपुर।** मिशन शक्ति अभियान के क्रम में जनपद पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत जाकर बालिकाओं व महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच एवं बैड टच व उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इसी क्रम में डायल 112 का उपयोग करने के बारे में बताया गया, बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 102, 108, 1098 आदि से अवगत कराया गया। साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के सबन्ध में भी जानकारी दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं, बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व महिलाओं व बालिकाओं से सम्बंधित योजनाओं के पैम्फलेट वितरित किये गए।

### दो दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का हुआ समापन



**राठ।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान के अंतर्गत गोहांड ब्लॉक में दो दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस दौरान ग्राम प्रधान व गांव की सक्रिय महिला सदस्य मौजूद रहीं। कार्यक्रम में उपनिदेशक पंचायत बांदा परवेज आलम ने उपस्थित ग्राम प्रधान व समूह की महिलाओं को बताया कि वह ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उपाय बताएं।इस दौरान वरिष्ठ फैकल्टी प्रबंधक प्राची गुप्ता,प्रशिक्षक रामप्रकाश दीक्षित व नरेंद्र कुमार,सहायक विकास अधिकारी अनूप कुमार शर्मा, एडीओ मेहरबान सिंह सहित ग्राम प्रधान व ग्रामों की सक्रिय महिलाएं मौजूद रही।

### साईबर ठगों ने उड़ाए ग्यारह हजार रुपये

**राठ हमीरपुर।** कस्बे के लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी नारायणदास कुशवाहा ने बताया कि गुरुवार सुबह 7:30 बजे मोबाइल फोन पर अनजान कॉल आई और कालर ने अपनी बातों में उलझा कर पत्नी से ओटीपी पूछ ली और खाते से 11 हजार रुपए निकालकर ठगी कर ली है। खाते से रुपए निकल जाने का एहसास होने पर उसके होश हो गए । पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### चोरों ने जेवरात व डीजे का सामान किया पार


**राठ हमीरपुर।** कोतवाली के बहपुर गांव में चोरों ने घर में घुसकर जेवरात सहित डीजे का सामान पार कर दिया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। निवासी हरिपाल अनुरागी पुत्र भागीरथ ने बताया कि मंगलवार की देर रात चोर उसके घर में घुस आए। चोर घर से सोने की झुमकी, अंगूठी, बैंदी, पायलें, साउंड सर्विस में एक अहुजा की मशीन, पांच यूनिट माइक चोरी करके ले गए हैं। बताया कि वह व उसका परिवार ईट भट्ठों में है। ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई है। बताया कि गुरुवार को कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाल विनोद कुमार सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के समापन के बाद भंडारे का किया गया आयोजन



**हमीरपुर।** कुरारा विकास खंड क्षेत्र के पारा गांव में एक सप्ताह से चल रही श्री मद भागवत कथा महापुराण के समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। गांव सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने प्रसादग्रहण किया। क्षेत्र के पारा गांव में गांव निवासी राजेंद्र सिंह,सुरेंद्र सिंह,द्वारा तीस नवम्बर से अपने आवास पर श्री मद भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया गया था। इसका समापन अवसर पर आयोजक द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे गांव सहित कंडौर, पारा, जल्ला,कुरारा आदि गांव के लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शैलेंद्र सिंह, शिवबदन सिंह, मोहन सिंह भदौरिया, डा अमित दीक्षित, छोटू मिश्रा, के के मिश्रा,कल्लू तिवारी, अंकित सिंह,जितेंद्र सिंह आदि ने मौजूद रहकर सहयोग किया। वही मंदिर के महंत प्रकाश भारती मौजूद रहे।

### मीडिया मंच के सम्पादक ने सीडीओ को किया सम्मानित



**शाहजहांपुर।** यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं मीडिया मंच के संपादक तेज बहादुर सिंह ने सोमवार को जनपद शाहजहांपुर के सीडीओ श्याम बहादुर सिंह को मीडिया मंच के रजत सम्मान से किया सम्मानित।

### जल्द ही नगर के विस्तारित क्षेत्रो में पेयजल की समस्या से मिलेगी निजात: देवहुति पाण्डेय



**सोनभद्र/चोपन।** नगर के विस्तारित क्षेत्रो सहित नगर के अन्य वार्डो में हर घर तक जलापूर्ति के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। जिसके लिए अधिशासी अधिकारी देवहुति पाण्डेय ने जल निगम के अवर अभियंता के साथ विभिन्न वार्डो में पाइप पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निरीक्षण किया। इसके तहत जल निगम के सहयोग से कार्य योजना तैयार की जा रही है। इस बीच सीमा विस्तार में आस-पास के गांवों को भी नगर पंचायत क्षेत्र में शामिल कर लिया गया है, जिससे लगभग 2 हजार आबादी बढ़ गई है। इस आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने अब नए सिरे से प्रयास शुरू किए हैं। जिसके तहत नगर में चार नए नलकूप स्थापित किए जाएंगे। साथ ही लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इस परियोजना के लगाने के बाद नगर में पेयजल की समस्या से लोगों को निजात मिल जाएगी।

# ब्लड डोनेट कार्य है पुनीत कार्य: भूपेश चौबे

- एचडीएफसी बैंक कर्मचारियों ने किया ब्लड डोनेट
- नगर के सिविल लाइन रोड पर वन में हुआ डोनेट कैंप

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** एचडीएफसी बैंक के सी एस आर के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुवार को बैंक के रॉबर्ट्सगंज शाखा में किया गया । शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा किया गया। वही श्री चौबे ने बताया कि ब्लड डोनेट कर आम जनमानस का सेवा करना परोपकार करना महापर्व के समान होता है किसी भी गरीब मजदूरम व्यक्ति को जब ब्लड की आवश्यकता पड़ती है तो डोनेट ना होने पर उसकी काफी दिखतों का सामना करना पड़ता है जैसे में हम आप लोग द्वारा कैंप लगाकर डोनेट कर दिया जाता है तो आसानी पूर्वक उसे व्यक्ति को ब्लड उपलब्ध हो जाता है जिससे कि उसके घर परिवार या किसी सदस्य की जिंदगी बस जाती है यह पुनीत कार्य करने के लिए आप सभी बैंक कर्मचारियों का हृदय से आभार और भी बढ़-चढ़कर लोगों को प्रेरित करें और लोग ब्लड डोनेट करें। इस अवसर पर डा. अशोक कुमार प्रभारी ब्लड बैंक एवं टीम, सन्तोष कुमार, शाखा प्रबंधक मोहम्मद तौफीक़, यूनिट हेड आशुतोष श्रीवास्तव, मनीष सिंह, रमाशंकर पाण्डेय, जावेद अख्तर, नवाज अली, उत्कर्ष उपाध्याय, हिमांशु द्विवेदी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## ट्यूबवेल में युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**बांदा।** ट्यूबवेल में रहने वाले एक युवक ने बुधवार की दोपहर लकड़ी की सीढ़ी में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बटाईदार ने देखा तो हड़कम्प मच गया। उसने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बदौसा थाना क्षेत्र के तुर्रा गांव निवासी लवकेश (45) पुत्र राजकुमार ट्यूबवेल मे रहकर खेतों की देखभाल करता था। बुधवार की दोपहर को उसने रस्सी से ट्यूबवेल में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बटाईदार अच्छेलाल मौके पर पहुंचा तो शव फंदे पर लटका देखकर चीख पडा। उसने मृतक के परिजनों को सूचना दी। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भतीजे भानु सिंह ने बताया कि लवकेश के बड़े भाई अशोक की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए परिवार के सभी लोग सतना गये थे।

# आश्रय स्थलों पर सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रखें: डीएम

- सर्दी के मद्देनजर डीएम ने आश्रय स्थलों (शेल्टर होम) का किया निरीक्षण



अवधानामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने टाउनहाल स्थित आश्रय स्थल(शेल्टर होम) तथा अजीजगंज स्थित 50 व्यक्तियों की क्षमता वाले आश्रय गृह का निरीक्षण किया। सर्दी के मौसम में बेसहारा लोगो को रात्री के समय ठहरने हेतु किसी प्रकार की असुविधा न हो, जिस हेतु बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी ने जनपद के आश्रय स्थलों को निरीक्षण कर अवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने टाउनहाल स्थित आश्रय स्थल के निरीक्षण के दौरान गद्दे बदलवाने तथा रजाई, कम्बल इत्यादि की व्यवस्था करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होने कहा कि आश्रय स्थल पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रखी जाये। प्रतिदिन रात्री की समय अलाव का प्रबन्ध भी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने आश्रय स्थल के मुख्य मार्ग पर इंटरलॉकिंग कराये जाने के निर्देश नगर आयुक्त को दिये। उन्होने आश्रय स्थल में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पानी आदि का समुचित प्रबन्धत करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।

# एक-एक बोरी खाद के लिए परेशान किसान

- कांग्रेसियों ने डीएम के जरिए राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

अवधानामा संवाददाता

**बांदा।** किसान एक-एक बोरी खाद के लिए परेशान है। कांग्रेसियों ने किसान की समस्या को गंभीरता से लेते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इसके साथ ही राज्यपाल से मांग की है कि सरकार को निर्देशित करें कि वह किसानों की खाद समस्या का समाधान करे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार दुबे लालू की अगुवाई में कांग्रेसियों ने गुरुवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि इस समय किसानों को सबसे बड़ी जरूरत है खाद, लेकिन खाद किसानों को उपलब्ध कराने में उत्तर प्रदेश सरकार कोई रुचि नहीं दिखा रही है। किसान परेशान हाल भटक रहा है। डीएपी खाद का मूल्य बढ़ा दिया गया है और बोरी छोटी करने के साथ ही खाद भी कम कर दी गई है। इसके बावजूद खाद की अनुपलब्धता से किसान चिन्तित परेशान हाल है। अन्नदाता किसान की इस समस्या को लेकर हम जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करा चुके हैं। किसान खाद न मिलने से परेशान है। कांग्रेसियों ने राज्यपाल से सरकार को निर्देशित करने की मांग की है कि वह खाद की समस्या का समाधान करें।

# किसानों के हित में नहीं सोचती यह सरकार: कांग्रेस

- डीएपी किसानों को आसानी से उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन
- बढ़ी डीएपी के मूल्यों को भी वापस करने की किया मांग

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष /पूर्व- कैबिनेट मंत्री/ पूर्व- विधायक माननीय अजय राज जी के निर्देश पर महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ,को द्वारा- जिलाधिकारी नामित, लिखित ज्ञापन , अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा को जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी सोनभद्र रामराज सिंह गोंड के अध्यक्षता में दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों को वर्तमान समय में हो रही परेशानियों में अगर देखा जाय तो सरकार द्वारा किसानों को डी0ए0पी0 खाद उपलब्ध नहीं करवाई जा पा रही है वही दूसरी ओर खाद का मूल्य भी बढ़ा दिया गया है इसको लेकर ये मांग की गई है कि किसानों को प्रचुर मात्रा में डी0ए0पी0 खाद उपलब्ध कराई जाए और हुई मूल्य वृद्धि वापस लिया जाए।शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने कहा कि किसान कड़ी मेहनत से अनाज पैदा करता है और वर्तमान स्थिति में महंगाई को देखते हुए बढ़ी कीमत वापस लेना चाहिए, पीसीसी सदस्य फ़रीद खान ने कहा कि किसानों को प्रचुर मात्रा में डी0ए0पी0 खाद उपलब्ध करानी चाहिए था ताकि उन्हें किसानी में परेशानी ना हो।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य आशुतोष कुमार दुबे( आशु ) ने कहा कि किसान हम सबका अन्नदाता है और हम सभी लोग उन पर आश्रित हैं अगर देश का किसान ही खुशहाल/ संतुष्ट नहीं रहेगा, साथ ही इस महंगाई में अगर वह खेती नहीं कर पाएगा तो इसका प्रभाव हम सभी पर पड़ेगा। मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में कैलाश गोड़, श्रीकांत मिश्रा, अजीत कुमार, परमेश्वर, राम नारायण, सत्युंजय मिश्रा, अजय कुमार रहे।

# केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस पर बच्चों को किया गया पुरस्कृत

अवधानामा संवाददाता




**सोनभद्र/चोपन।** स्थानीय केन्द्रीय विद्यालय में गुरुवार को वार्षिक खेलकूद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली रहे। अतिथियों के स्वागत और मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्रीगणेश हुआ। इस अवसर पर चारों सदनों के बच्चों ने मार्च पास्ट का प्रदर्शन कर अतिथियों को सलामी दी। तत्पश्चात अतिथियों की उपस्थिति की शोभा बढ़ाने के लिए छात्रों द्वारा एक मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया और विद्यालय की खेल गतिविधियों और छात्रों की उपलब्धियों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तथा खुशी और उल्लास की अभिव्यक्ति को चिह्नित करने के लिए गुब्बारे छोड़े गए। विद्यालय के बच्चों ने समूह नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति, योगाभ्यास, कराटे का प्रदर्शन के माध्यम से बच्चों और उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। इसके बाद अतिथियों ने छात्रों को शपथ दिलाई। ट्रैक इवेंट में 4 प्राथमिक विंग की दौड़, मध्य विंग और सीनियर विंग की 4 दौड़ शामिल थे। इसके बाद पुरस्कार वितरण में विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पदक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि उस्मान अली ने कहा कि खेलकूद हमारे जीवन में आवश्यक है और स्वस्थ जीवन के लिए खेलना और व्यायाम अति आवश्यक है। बिना खेल के जीवन में उन्नति नहीं हो सकती। विद्यालय के प्राचार्य अमरनाथ ने अपने स्वागत भाषण के दौरान अतिथियों का स्वागत और बच्चों के कुशल भविष्य की कामना करते हुए खेलकूद और व्यायाम का महत्व बताया।

# आठ लोगों ने अधेड़ को लाठी और कुल्हाड़ी से किया मरणासन्न

अवधानामा संवाददाता



- पैलानी थाना क्षेत्र के निवाइच गांव में हुई घटना


**बांदा।** खेत की रखवाली कर रहे अधेड़ को आठ लोगों ने घेर लिया। लाठी और कुल्हाड़ी मारकर मरणासन्न कर दिया। हमलावर मौके से भाग निकले। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची, इसके बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां उसका उपचार किया जा रहा है। पैलानी थाना क्षेत्र के निवाइच गांव निवासी पवन द्विवेदी (50) गुरुवार की सुबह खेतों की रखवाली करने गया था। वहां पर आठ लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी व कुल्हाड़ी से वार कर मरणासन्न कर दिया। इसके बाद हमलावर वहां से भाग निकले। खबर पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और खप्टिहा पुलिस चौकी को सूचना दी। लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद 112 को सूचना दी गई। लेकिन पुलिस भी मौके पर नहीं पहुंची। बाद में परिजनों ने पवन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसका उपचार किया जा रहा है। बताया गया कि पवन के फुफेरे भाई श्रवण ने हमलावर दशरथ यादव के भाई छुटकू यादव से खेत लिया था। पवन उस खेत पर जोताई बुवाई करता है। इस मामले का मुकदमा भी 14 वर्षों से चल रहा है। पवन ने बताया कि दो बार इसके पूर्व भी उस पर हमला किया जा चुका है।

# ऊर्जा मंत्री ने थर्मल पॉवर प्लांट का किया निरीक्षण

**एके शर्मा ने प्लांट में कार्य कर रहे 4000 कार्मिकों व विद्युत अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा गुरूवार को एटा जनपद के मलावन गांव में स्थित जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने थर्मल पावर प्लांट के संचालन की प्रक्रिया को समझाया और प्लांट में किये गये कार्यों का भी अवलोकन कराया। ऊर्जा मंत्री ने इस दौरान पावर प्लांट के पूर्ण क्षमता के साथ विद्युत उत्पादन सम्बंधी कमियों व तैयारियों को परखा, मशीनों के रख-रखाव, सुरक्षा मानकों, उत्पादन इकाई, व्यायलर, टरबाइन संचालन, स्टीम जनरेशन की प्रक्रिया एवं चार्ट, चिमनी, कम्प्यूटराइज्ड कन्ट्रोल रूम को भी देखा। उन्होंने सभी व्यवस्था को दुरूस्त पाया। उन्होंने अधिकारियों के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि कार्य दायित्वों के प्रति समर्पित अधिकारियों की बदौलत जल्द ही प्रदेश विद्युत उत्पादन के मामले में



**सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी आधारित यह पावर प्लांट पर्यावरण मानक के अनुरूप होगाः मंत्री एके शर्मा**

आत्मनिर्भर बन जायेगा। जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट की 660 मेगावाट क्षमता की प्रथम यूनिट से इसी महीने कामर्शियल विद्युत उत्पादन शुरू हो जायेगा। 12320.43 करोड़ की लागत से बनायी जा रही इस परियोजना में बिना किसी समस्या व दुर्घटना के वर्तमान प्लांट के कार्यों को पूरा किया गया है। इसके लिए यहां लगे 4000 कार्मिकों और विद्युत विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट के 660 मेगावाट क्षमता की दोनों यूनिटों से कुल 31.68 मि0यू0 विद्युत उत्पादन प्रतिदिन होगा। 660 मेगावाट की प्रथम यूनिट से इसी महीने कामर्शिलय प्रोडक्शन शुरू हो जायेगा तथा 660 मेगावाट की दूसरी यूनिट से भी फरवरी, 2024 से कामर्शियल प्रोडक्शन की शुरूआत हो जायेगी। ओबरा-सी 660 मेगावाट से भी जल्द ही विद्युत का कामर्शियल उत्पादन शुरू हो जायेगा। इस प्रकार प्रदेश को जल्द ही कुल 1920 मेगावाट क्षमता की विद्युत मिलने लगेगी।

उन्होंने बताया कि यहां आकर मैंने इन दोनों यूनिटों के आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर को जाकर देखा। ऐशडक्ट देखा, जहां पर ऐश जमा होगी। रेलवे सायडिंग देखा और कोल आपूर्ति हेतु रेलवे की 24 किमी0 लम्बी रेल लाइन, कन्वेयर वेल्ट, कूलिंग टावर, जनरेटर को देखा है।

# मतदाता जागरूकता से संबंधित स्टॉल एवं सेल्फी पॉइन्ट बनेंगे

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2024 के राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों के संबंध में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गुरूवार को कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सभागार कक्ष में सहभागी संस्थाओं व विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में विभागों को कार्यक्रम से सम्बंधित तैयारियां करने हेतु जिम्मेदारी भी दी गई। 25 जनवरी 2024 को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन राज्य स्तर पर इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह का मुख्य अतिथि के रूप में माननीया राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा उद्घाटन प्रस्तावित है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम बार बन रहे युवा मतदाताओं को वोटर आई कार्ड देकर सम्मानित किया जायेगा तथा निर्वाचन के क्षेत्र से संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को भी सम्मानित किया जायेगा। समारोह स्थल पर निर्वाचन के गौरवशाली इतिहास से संबंधित प्रदर्शनी लगायी जायेगी तथा ईवीएम/वीवीपैट तथा पंजीकरण/समावेशन या अन्य जागरूकता इत्यादि से संबंधित फिल्में दिखाई जायेगी।

## प्रोफेसर डा. अब्दुल कवि को मिला कार्यवाहक प्रिंसिपल व अधीक्षक का प्रभार



**लखनऊ।** स्टेट तकमील उततिब् कालेज एवं चिकित्सालय के प्रोफेसर डा. अब्दुल कवि को जारी शासनादेश द्वारा स्टेट तकमील उततिब् तिब्बिया कालेज एवं चिकित्सालय के कार्यवाहक प्रिंसिपल और अधीक्षक का प्रभार सौंपा गया। डा. अब्दुल कवि एक प्रख्यात और अनुभवी विशेषज्ञ है। वह यूनानी पद्धति से इलाज करने के लिए पहचाने जाते हैं। साथ ही उन्हें हिजामा द्वारा दर्द व अन्य रोगों का कुशलतापूर्वक उपचार करने में महारत हासिल है।

## अवधी गीतों संग देश भक्ति नृत्य ने मंत्र मुग्ध किया



**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान में अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना शहीद पथ लखनऊ में चल रहे 5वें लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव की द्वितीय सांस्कृतिक संध्या में अवधी गीतों संग देश भक्ति नृत्य ने मंत्र मुग्ध किया। इसके पूर्व लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव की द्वितीय सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और एन.बी. सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पवन पाल, हेमा खत्री, शालिनी श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विघ्न विनाशक भगवान गणेश जी के चरणों में समर्पित इस प्रस्तुति के उपरान्त बाल नृत्यांगना रिद्धिमा कौशल ने हिंडोला कुँज वन डालो झूलन आई राधिका प्यारी पर भाव पूर्ण अभिनय युक्त अवधी लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

# बाबा साहब को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।**ऑल इंडिया एससी / एस टी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का 67वां महापरिनिर्वाण दिवस अश्रुपूरित श्रद्धांजलि देते हुए डीजल लॉबी चारबाग लखनऊ जंक्शन एंव ऑल इंडिया एससी/एसटी, रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन शाखा लखनऊ जंक्शन एवं स्टेशन निदेशक कार्यालय लखनऊ जंक्शन पर एवं ऐशबाग जंक्शन और मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन कार्यालय पर भी बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में एम एल अहिरवार जोनल कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि के रूप में एसआरी डीएफएम राकेश भारतीएवं विशिष्टअतिथि के रूप मे डीके वर्माउपस्थित हुए जिसमें संगठन के अपर मंडल मंत्रीःविजय कुमार,जितेंद्र सिंह ,उज्जवल कुमार ,संजय कुमार, विमलेश जी, पुखराज मीणा , रामसरन ,विक्रम सिंह मीना, एम के दिनकर, जितेंद्र मीणा , प्रदीप कुमार ,प्रशांत कुमार ,अनूप कुमार ,भारद्वाज मीणा , सुवोध कुमार , संजय यादव, विनय कुमार, अशोक कुमार,विजय मीणा ,राजेन्द्र कुमार, मुकेश मीणा , वी. के. आजाद , किरन रॉय, कमलेश देवी, प्रियंका, श्री राम चौधरी ,अंजलि कक्कड़ अरविंद कुमार ,ज्ञानेंद्र दिक्षित सुरेश कुमार ,आई एस सर्वही ,अरुण कुमार सोनकर रामप्रसाद , लोकेश कुमार मीणा सहित सभी एससी /एसटी एंव अन्य कर्मचारीयों के द्वारा बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का की शपथ ली गई

## भारत के विनिर्माण विकास पर एमआर पीसी

**लखनऊ।** औपचारिक रोजगार जो पहले लगभग 6 लाख प्रति माह (लगभग 70 लाख प्रति वर्ष) हुआ करता था, आज घटकर औसतन 14-15 लाख प्रति माह (लगभग 1 करोड़ 80 लाख प्रति वर्ष) हो गया है। अगर हम 10-12-15 साल पहले की बात करते तो सबसे ज्यादा निर्यात पेट्रोलियम का होता, बाद में नाम चावल का आता। पिछले साल मोबाइल फोन निर्यात 11 अरब डॉलर (करीब 90,000 करोड़ रुपये) था। इस साल मोबाइल फोन की मैन्युफैक्चरिंग करीब 50 अरब डॉलर (करीब 4,00,000 करोड़ रुपये) होने वाली है। निर्यात 15 अरब डॉलर (1,25,000 करोड़ रुपये) से अधिक होगा। खिलौने केवल और केवल आयात किये जाते थे। आज खिलौनों का निर्यात 4,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

# 370 के प्रावधान की वजह से ही कश्मीर भारत का हिस्सा बनाः शहनवाज़

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने गृहमंत्री अमित शाह के पंडित नेहरू पर दिये बयान को देश को गुमराह करने और अपनी नाकामी छिपाने का प्रयास बताया है। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू और सरदार पटेल के लाए 370 के प्रावधान की वजह से ही कश्मीर भारत का हिस्सा बन पाया था। नेहरू की यह इतनी बड़ी उपलब्धि थी कि सारे सदन ने इसका समर्थन किया, जिसमें जनसंघ के नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी शामिल थे। श्री आलम ने अपने बयान में कहा कि कश्मीर से धारा 370 खत्म करने का वैध तरीका यह था कि पहले राज्य विधानसभा इसके लिए एक तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पास करती और



उसे लोकसभा भेजती। क्योंकि आर्टिकल 3 भी संसद को यह शक्ति नहीं देता कि वह किसी संघात्मक और लोकतांत्रिक राज्य को केन्द्र शासित राज्य जैसे कम प्रतिनिधित्व वाली इकाई जैसी व्यवस्था में बदल सके। इसलिए 370 की समाप्ति असंवैधानिक है। श्री आलम ने कहा कि इसीलिए हम पाते हैं कि सत्ता पक्ष संसद और उसके बाहर तो 370 पर बहुत सक्रिय दिखता है लेकिन आश्यर्चजनक रूप से 370 के मुद्दे पर 2019 में दायर याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय हद से अधिक सुस्ती से सुनवाई कर रहा है। उसके इस रुख से मोदी सरकार के कश्मीर में किये गये ब्लंडर को समझा जा सकता है। ऐसा करके भाजपा जम्मू के 6 में से 3 मुस्लिम बहुल जिलों डोडा, पुंछ और राजौरी में फिर से 1947 जैसे जनसंहार का माहौल बनाना चाहती है, जब डोगरा शासन समर्थित प्रजा परिषद और आरएसएस ने मुस्लिमों का जनसंहार कर जम्मू की डेमोग्राफी को बदला था। उन्होंने कहा कि यह कश्मीर का दुर्भाग्य होगा कि 1947 में तो उसने धर्म के आधार पर हुए बंटवारे को नकार दिया, लेकिन 75 साल बाद उसे साम्प्रदायिक आधार पर दिल्ली की सरकार ही बांटने पर उतारू है।

## डॉ. राजेश्वर सिंह ने दी पी. चिदंबरम को सलाह

# महंगाई पर बोलने से पहले कर लेना चाहिए होमवर्क

**कांग्रेस के कार्यकाल में जून 2008 में, मुद्रास्फीति दर 11.05 प्रतिशत तक बढ़ गई थी, जो दोहरे अंकों में सबसे अधिक थी**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हाल ही में राज्यसभा में मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों पर हुई चर्चा में कांग्रेस सदस्य पी. चिदंबरम ने बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरने का प्रयास किया।

हालाँकि, प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त निदेशक और भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कांग्रेस शासन के दौरान देश की बिगड़ती स्थितियों पर प्रकाश डालते हुए, विभिन्न आंकड़ों के माध्यम से आर्थिक मंदी, गरीबी और बेरोजगारी के स्तर पर प्रकाश डालते हुए इन आरोपों का खंडन किया। उन्होंने भाजपा के कार्यकाल के दौरान अर्थव्यवस्था में बदलाव, वृद्धि और विकास भी किया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने चिदम्बरम के दावों का खंडन करने के लिए जो आंकड़े पेश किए वो हैरान कर देने वाले हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान, जून 2008 में, मुद्रास्फीति दर 11.05 प्रतिशत तक बढ़ गई थी, जो दोहरे अंकों में सबसे अधिक थी। भारत वैश्विक स्तर पर नाज़ुक पाँच अर्थव्यवस्थाओं में से एक था। वैश्विक स्तर पर चालू खाता घाटा 6.8 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर था। राजकोषीय घाटा 5.9 प्रतिशत था, जो अब घटकर 4



प्रतिशत से भी कम हो गया है। जीडीपी विकास दर महज 5.3 प्रतिशत थी, जो अब 6.5 प्रतिशत से अधिक हो गई है। इन आंकड़ों के साथ डॉ. राजेश्वर सिंह ने सुझाव दिया कि महंगाई पर बोलने से पहले चिदंबरम को अपना होमवर्क कर लेना चाहिए। इसके अलावा, डॉ. राजेश्वर सिंह ने पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की फ्रैजाइल फाइव में से एक होने से लेकर वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था हासिल करने तक की उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला। विधायक ने बताया कि, एफवाई 2023 में, अर्थव्यवस्था सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज़ है। आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2024 में भारत के लिए 6.3 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की भविष्यवाणी की है, जो फिर से प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज़ है। नौ साल पहले की तुलना में अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में भारत की अर्थव्यवस्था में 87 प्रतिशत से अधिक का विस्तार हुआ है। देश की जीडीपी 2014 में 2 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2023 में लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर हो गई है।

## मख्लूक की खिदमत बहुत बड़ी इबादतः खालिद रशीद



**लखनऊ।** मख्लूक की खिदमत बहुत बड़ी इबादत है। सारी मख्लूक खुदा का कुन्बा है और उसके कुन्बे के साथ जो अच्छा सुलूक करेगा उनकी परेशानियां दूर करेगा और जरूरत के वक्त उनके काम आएगा, वह बहुत बड़े सवाब का हकदार होगा। यह बात इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन और इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने गुरुवार को कही। वे ऐशबाग ईदगाह स्थित इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया फरंगी महल में गरीबों और जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव के लिए कम्बल बांट रहे थे। मौलाना ने कहा कि हदीस में है कि तुम जमीन वालों पर मेहरबानी करो तो आसमान वाला तुम पर मेहरबानी करेगा। खुदा के कितने बन्दे ऐसे हैं जिनके पास सर्दी से बचाव के मुनासिब कपड़े नहीं हैं। ऐसे लोगों की सख्त मदद की जरूरत है। मानवता की सेवा के लिए हम सबको आगे आना चाहिए। इस मौके पर समाजसेवी फखरुद् दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के पूर्र्व चेयरमैन सलाहुद्दीन मुस्सन ने मौलाना के समाजसेवा के जज्बे की प्रशंसा करते हुए कहा कि मौलाना की संस्था समाज सेवा के मैदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही है। उसी तरह दूसरे संस्थानों को भी समाज सेवा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

## समाज सेवा के लिये तीन दर्जन से अधिक महिलाओं को किया सम्मानित

**लखनऊ।** मां गायत्री जनसेवा संस्थान और नीशू वेलफेयर फाउण्डेशन की ओर से हिन्दुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में गुरुवार को समाज सेवा में उत्कृष्ट काम करने वाली तीन दर्जन से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि व महोत्सव समिति के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा उपस्थित थे। सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ इंडो अमेरिकन चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन मुकेश बहादुर सिंह और महोत्सव समिति के आयोजकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में आशियाना स्थित एस.एन. मांटेसरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मां तुझे सलाम और वो देश मेरे जैसे देशभक्ति गीतों पर नृत्य पेश कर दर्शकों में जोश भर दिया। कार्यक्रम में श्रेया सिंह ने शिव तांडव स्रोतम पर नृत्य कर तालियां बटोरीं। संस्था के संरक्ष्क समीर शेख व महोत्सव समिति के मनोज सिंह चौहान, हेमू चौरसिया, सचिन गुप्ता, नीरज यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। महोत्सव के आठवें दिन रंगमंच का संचालन प्रदीप शुक्ला और रॉकी गिल ने किया, जबकि सांस्कृतिक संध्या प्रभारी विजय गुप्ता ने रंगमंच संभाला।

# डीआरएम ने किया गोण्डा बढ़नी रेल खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम आदित्य कुमार ने शाखाधिकारियों की मौजूदगी में गुरुवार को गोण्डा बढ़नी रेल खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड के मध्य स्टेशन भवन, रेलवे ट्रैक, स्टेशन यार्ड, प्वाइंट्स एवं क्रॉसिंग, सिग्नल, कर्व तथा पुलों का संरक्षा निरीक्षण किया। निरीक्षण के आरम्भ में इटियाथोक स्टेशन पहुंचने पर मण्डल रेल प्रबंधक ने स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रूम, स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम, प्वाइंट्सएवं क्रॉसिंग तथा स्टेशन पर अग्निशमन उपकरणों का निरीक्षण और समीक्षा की। आदित्य कुमार ने इटियाथोक बलरामपुर के मध्य समपार व मेजर ब्रिज का गहन संरक्षा निरीक्षण किया। अगले चरण में बलरामपुर स्टेशन पर मण्डल रेल प्रबंधक ने स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रूम, स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम, प्वाइंट्स एवं क्रासिंग तथा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा सुशासन एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे यात्रियों से वार्ता की। गैंजहवा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायज़ा लिया तथा ऑन ड्यूटी प्वाइंट्स मैन से परिचालन के दौरान पटाखा सिग्नल लगाने की कार्य विधि



की संरक्षा सम्बंधी जांच की। मंडल रेल प्रबंधक ने गैंजहवा कौआपुर स्टेशनों के मध्य इंटरलॉक गेट संख्या 138बी के संरक्षा निरीक्षण के दौरान उपलब्ध संरक्षा उपकरणों बूम लॉकिंग, प्राइवेट नम्बर, स्थानान्तरण रजिस्टर, सेफ्टी चेन, पटाखा संकेत एवं हैण्ड टॉर्च की जांच की तथा कार्यरत गेट मैन से फाटक टूटने अथवा फेल होने की दशा में बरती जाने वाली संरक्षा सावधानियां एवं कार्यप्रणाली पर संरक्षा सम्बंधी जानकारी प्राप्त की। मण्डल रेल प्रबंधक ने कौआपुर स्टेशन और तुलसीपुर स्टेशन पहुंचने पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रूम, स्टेशन वर्किंग रूल, रिले रूम, प्वाइंट्स एवं क्रासिंग, रेलवे कॉलोनी तथा अमृत भारत योजना के अन्तर्गत हो रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया।

## ट्रेनों को निरस्त एवं मार्ग परिवर्तन कर चलाया जायेगा

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता के लिए उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बाराबंकी, अयोध्या कैण्ट, शाहगंज व जफराबाद रेल खण्ड पर स्थित शाहगंज, बिलवाई व तुलसीनगर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के सम्बंध में नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण ट्रेनों को निरस्त एवं मार्ग परिवर्तन कर चलाया जायेगा। यह ट्रेनें रहेंगी निरस्त छपरा से 8, 9, 12 एवं 15 दिसम्बर को चलने वाली 15083 छपरा फर्रुखाबाद एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। फर्रुखाबाद से 9, 10, 13 एवं 16 दिसम्बर को चलने वाली 15084 फर्रुखाबाद छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा से 10, 11, 14 एवं 17 दिसम्बर को चलने वाली



15053 छपरा लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जंक्शन से 7, 8, 11 एवं 14 दिसम्बर को चलने वाली 15054 लखनऊ जंक्शन छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। **मार्ग परिवर्तनः** आजमगढ़ से 6, 8, 9, 11, 12, 13 एवं 15 दिसम्बर को चलने वाली 12225 आजमगढ़ दिल्ली कैफियात एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग शाहगंज, जौनपुर जंक्शन, जौनपुर सिटी, सुल्तानपुर, लखनऊ, उन्नाव व कानपुर सेण्ट्रल के रास्ते चलाई जायेगी। इस गाड़ी का ठहराव मालीपुर, अकबरपुर, अयोध्या, अयोध्या कैण्ट, रुदौली, बाराबंकी, बादशाहनगर, ऐशबाग स्टेशनों पर नहीं रहेगा। दिल्ली से 7, 8, 10, 11, 12, 14 एवं 15 दिसम्बर को चलने वाली 12226 दिल्ली, आजमगढ़ कैफियात एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कानपुर सेण्ट्रल, उन्नाव, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी, जौनपुर जंक्शन व शाहगंज के रास्ते चलाई जायेगी। इस गाड़ी का ठहराव ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, रुदौली, अयोध्या कैण्ट, अयोध्या, अकबरपुर व मालीपुर स्टेशनों पर नहीं रहेगा। **दून और फरक्का एक्सप्रेस बदले रूट से चलेंगीः** दून एक्सप्रेस, अमृतसर न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस, कोटा पटना एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, गुवाहाटी ओखा द्वारका एक्सप्रेस, कामाख्या गांधीधाम एक्सप्रेस, इंदौर पटना एक्सप्रेस, मुम्बई लोकमान्य तिलक टर्मिनस अयोध्या कैण्ट, सरयू यमुना एक्सप्रेस, गरीब नवाज एक्सप्रेस, मुजफ्फरपुर सूरत एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी।

## नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की 240वीं स्थाई वार्ता तंत्र की हुई बैठक

**लखनऊ।** गुरुवार को उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की 240वीं स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक हुई। इस बैठक का शुभारम्भ मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे डॉ.मनीष थपलियाल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल की उपलब्धियों एवं वर्तमान में कार्यान्वित की जानेवाली योजनाओं तथा कार्यप्रणाली से यूनियन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों के हितों के लिए रेल प्रशासन की ओर से उठाये गये कदमों के विषय में भी जानकारी दी। बैठक में यूनियन और प्रशासन की तरफ से मंडलीय स्थाई वार्ता तंत्र में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें प्रमुख रूप से मण्डल के स्वास्थ्य केंद्रों में महिला चिकित्सकों की नियुक्ति, रेल कार्यालयों एवं स्थलों पर स्थित प्रसाधन कक्षों की नियमित सफाई, मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर महिला प्रसाधन कक्षों की समुचित उपलब्धता, निर्धारित समय पर कर्मचारियों की पदोन्नति, अनुकम्पा सम्बंधी नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया का यथाशीघ्र निपटान, चिकित्सा के आधार पर विकोटिकृत कर्मचारियों को उनकी स्वास्थ्य की दशा को ध्यान में रखते हुए समायोजित किया जाना। संरक्षा कोटि के कर्मचारियों के लिए आवास उपलब्ध कराये जाने के सम्बंध में तथा दिव्यांग कर्मचारियों के हितों का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य कराएयेजाने सहित अन्य अनेक प्रकार के कर्मचारी हित एवं कल्याण सम्बंधी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया

# सहारा हॉस्पिटल में बच्ची को गम्भीर जन्मजात विकृति से दिलायी निजात

अवधनामा ब्यूरो

**चार वर्षीय बच्ची जन्मजात विकृति 'कोलेडोकल सिस्ट' की समस्या से ग्रसित थी**

**लखनऊ।** चार वर्षीय, लखनऊ की रहने वाली बच्ची निरंतर पेट दर्द व उल्टियों की समस्या से ग्रसित थी। स्थानीय हॉस्पिटलों एवं डॉक्टरों द्वारा जांचों में पित्त की नली में गम्भीर जन्मजात विकृति पायी गयी। चिकित्सा विज्ञान में इसे 'कोलेडोकल सिस्ट' कहा जाता है। जानकारी होने पर मरीज बच्ची को ऑपरेशन की सलाह दी गयी। बच्ची के परिवारजन उसको सहारा अस्पताल में डॉक्टर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मोनिका कार के पास लेकर आए। सारी रिपोर्ट देखने के बाद उन्होंने डॉ गौरव सिंह जो कि सहारा हॉस्पिटल के प्रतिष्ठित व अनुभवी पीडियाट्रिक सर्जन है, से सर्जरी करवाने की सलाह दी।

बच्ची को प्राथमिक रूप से स्थिर करने के पश्चात ऑपरेशन की तैयारी की गयी। इस ऑपरेशन में विकृति पित्त की नली को निकाल कर छोटी आंत से नयी पित्त की नली को सफलतापूर्वक बनाया गया। सर्जरी के कुछ ही दिन के पश्चात बच्ची की हालत में सुधार हो गया और वह सामान्य तरीके से खाने-पीने लगी। डॉक्टर गौरव ने बताया कि इस सर्जरी



की सफलता में सहारा हॉस्पिटल के एनस्थीसियोलाजिस्ट डॉक्टर आदेश श्रीवास्तव, कर्नल डॉ. आर पी रामा और ओ टी टैक्नीशियन शिव प्रसाद का भी अमूल्य योगदान रहा।

बच्ची के माता-पिता बेहद सन्तुष्ट थे और सहारा हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. गौरव सिंह एवं डॉक्टर मोनिका कार सहित सभी टीम का धन्यवाद तो किया ही अस्पताल की सुविधाओं व सेवाओं की प्रशंसा भी की। सहारा इंडिया परिवार के वरिष्ठ सलाहकार अनिल विक्रम सिंहजी ने बताया कि हमारे अभिभावक सहाराश्रीजी की प्रेरणा से और उनके विजन से निर्मित हॉस्पिटल में नित जटिल सर्जरी कर उपकरणों व अनुभवी टीम से लैस है, जहां 24 घंटे डॉक्टरों की बेहतर टीम मरीजों को लाभान्वित कर रही है।

श्री सिंह ने कहा कि हम उन्हीं की सोच पर चलते हुए अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ते हुए हास्पिटल को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने की तरफ अग्रसर हैं और सहारा हॉस्पिटल का पीडियाट्रिक विभाग अत्याधुनिक इलाज देने में प्रयासरत हैं।

# केनरा बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ में हिंदी स्मृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केनरा बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) लखनऊ के तत्वावधान में और भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ के संयोजन में लखनऊ में स्थित सभी सरकारी बैंकों , वित्तीय संस्थानों और बीमा कंपनियों के स्टाफ सदस्यों के लिए हिंदी स्मृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता केनरा बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ के उप महाप्रबंधक संजय कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर केनरा बैंक के



राजभाषा के पर्यवेक्षी कार्यपालक संजय कुमार त्रिवेदी, सहायक महाप्रबंधक भी उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री संजय कुमार, उप महाप्रबंधक ने भारतीय रिजर्व बैंक और नगर राजभाषा कार्यावयन समिति बैंक लखनऊ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि हमारे केनरा बैंक अंचल कार्य लखनऊ को इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन की व्यवस्था करने का जिम्मा दिया गया उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इसके बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।